सूर्योदय 5:28 सूर्यास्त 7:25

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17 न्यू | 23 अधि |
| धर्मशाला | 21 न्यू | 29 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82,253 |
| निफ्टी | 25,082 |
| सोना | 98,303 |
| चांदी | 1,13,867 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



साइना नेहवाल ने पति पारुपल्ली कश्यप से लिया तलाक

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | मंगलवार, 15 जुलाई 2025 | 31 आषाढ़, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 197, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### बांग्लादेश ने पीएम मोदी को भेजे 1000 किलो आम



**एजेंसी, ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख प्रो. मुहम्मद यूनुस ने 'हरिभंगा' किस्म के 1000 किलोग्राम आम भारत भेजे हैं। ये पीएम मोदी, भारत के राजनयिकों को दिए जाएंगे। बांग्लादेश की इस पहल को 'मैंगो डिप्लोमेसी' कहा जा रहा है। इसके तहत अंतरिम सरकार ने न सिर्फ केंद्र सरकार को, बल्कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा को भी आम भेजे हैं। (अनंत ज्ञान)

### तरलोक सिंह झारखंड के मुख्य न्यायाधीश नियुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान को झारखंड हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश के बाद केंद्र सरकार ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। न्यायाधीश चौहान दो बार हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के रूप में भी कार्य कर चुके हैं, जिससे उनके व्यापक अनुभव और कानूनी विशेषज्ञता का पता चलता है।

### पंजाब कैबिनेट में बेअदबी बिल को मिली मंजूरी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पंजाब कैबिनेट में बेअदबी बिल को मंजूरी दे दी गई है। मंजूरी मिलने के बाद बिल को विधानसभा में पेश किया जा सकता है। पंजाब में बेअदबी करने वालों को सजा दिलाने के लिए अभी कोई सख्त कानून नहीं है। इस कानून से धार्मिक ग्रंथों और स्थलों की बेअदबी करने वालों को उम्रकैद मिलेगी। पंजाब में लंबे समय से बेअदबी कानून की मांग चली आ रही है। अब बेअदबी के मामलों में विशेष अदालतें गठित की जा सकेंगी और बेअदबी के दोषियों को पैरोल नहीं मिलेगा। (अनंत ज्ञान)

### सिमी पर से प्रतिबंध हटाने की याचिका खारिज

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उस याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जिसमें सिमी के प्रतिबंध को और पांच साल बढ़ाने के आदेश को चुनौती दी गई थी। दरअसल न्यायाधिकरण ने अपने एक फैसले में स्टूडेंट इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) पर और पांच साल तक और प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया था। कोर्ट की पीठ ने न्यायाधिकरण के 24 जुलाई 2024 को दिए गए आदेश को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- भटेड़ गांव को मिलेगा एंबुलेंस रोड, सामुदायिक भवन -पेज 2
- प्रदेश की हरी-भरी वादियों में आरी का निर्मम प्रहार जारी -पेज 3
- चतुर्थ श्रेणी कर्मी के हवाले आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी -पेज 6
- एसटीईएम शिक्षा से मिला तकनीकी ज्ञान का अनूठा अनुभव -पेज 9
- सरकार रद्द करे बिजली महादेव रोपवे प्रोजेक्टः नेगी -पेज 11

# हिमाचल को विशेष सहायता दे केंद्र

## मुख्यमंत्री सुक्खू ने दिल्ली में वित्त मंत्री सीतारमण से ऋण सीमा बढ़ाने का भी किया आग्रह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोमवार को नई दिल्ली में केंद्र सरकार से हिमाचल प्रदेश के लिए विशेष वित्तीय सहायता और हवाई संपर्क में सुधार की पुरजोर अपील की। उन्होंने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात कर राज्य की वित्तीय स्थिति से अवगत कराया और ऋण सीमा बढ़ाने का आग्रह किया, विशेषकर हाल ही में हुई भारी बारिश से हुए व्यापक नुकसान को देखते हुए। मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार से राज्य को अतिरिक्त सहायता प्रदान करने और वित्त मंत्रालय में लंबित विभिन्न मामलों को शीघ्र निपटाने का भी अनुरोध किया।

**नागरिक उड्डयन मंत्री से हवाई उड़ानों का नियमित रूप से संचालन करने का अनुरोध**

मुख्यमंत्री सुक्खू ने नई दिल्ली में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू से भी भेंट की और प्रदेश में हवाई संपर्क को मजबूत करने पर विस्तृत चर्चा की। सीएम ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री से दिल्ली–शिमला–धर्मशाला और धर्मशाला–शिमला–दिल्ली हवाई उड़ानों का संचालन नियमित रूप से करने का आग्रह किया। वर्तमान में केवल 3 दिन ही ये उड़ानें संचालित हो रही हैं। मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि नियमित तौर उड़ानों से प्रदेश आने वाले पर्यटकों को सुविधा मिलेगी।



नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात कर मानसून के दौरान हुई तबाही की जानकारी देते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू।

### शाम तक शाह से नहीं हो सकी मुलाकात

**मुख्यमंत्री** सुक्खू की केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से भी मुलाकात करनी थी, लेकिन सोमवार देर शाम तक अमित शाह से मीटिंग को समय नहीं मिल पाया। संभव है कि सीएम सुक्खू आज (मंगलवार को) अमित शाह से मुलाकात करेंगे। इस दौरान वह गृहमंत्री को मंडी व अन्य क्षेत्रों में बादल फटने से भारी जान–माल के नुकसान से अवगत कराएंगे और नुकसान की भरपाई के लिए स्पेशल पैकेज की मांग करेंगे।

### कांगड़ा एयरपोर्ट पर नाइट लैंडिंग शुरू कराने का आग्रह

**सीएम** ने कांगड़ा एयरपोर्ट पर नाइट लैंडिंग की सुविधा शुरू करवाने का भी आग्रह किया। उन्होंने मंत्री को कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया और भूमि अधिग्रहण की उच्च लागत को देखते हुए विशेष केंद्रीय सहायता की मांग की, जिस पर उन्होंने पहले प्रधानमंत्री के साथ भी चर्चा की थी। उनका मानना है कि इस हवाई अड्डे का विस्तार क्षेत्र के विकास को नई गति प्रदान करेगा।

### हिमाचल प्रदेश में चार नए हेलिपोर्ट बनाने की अपील

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने प्रदेश में हवाई संपर्क और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए चार नए हेलिपोर्ट के निर्माण का भी अनुरोध किया। उन्होंने शिमला हवाई अड्डे के विस्तार पर भी चर्चा की और वहां की उड़ान संचालन की समय सीमा (वॉच आवर) को दोपहर एक बजे से आगे बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने पूर्वोत्तर राज्यों की तर्ज पर शिमला में छोटे डॉर्नियर प्रकार के विमानों के संचालन का भी प्रस्ताव रखा और शिमला के लिए अतिरिक्त एयरलाइन ऑपरेटरों की सेवाओं को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

## कुछ जिलों में आज भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार, 15 जुलाई के लिए हिमाचल प्रदेश के कुछ जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जबकि बाकी दिनों के लिए येलो अलर्ट है। 18 और 19 जुलाई को कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है, जबकि 16, 17 और 20 जुलाई को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होगी। वहीं, हिमाचल प्रदेश में इस मानसून सीजन में अब तक 98 लोगों की दुखद मृत्यु हुई है, जबकि 178 लोग घायल हुए हैं और 34 लोग अभी भी लापता हैं। जानकारी के अनुसार भूस्खलन के कारण राज्यभर में 209 सड़कें अभी भी बाधित हैं। इसके अलावा, 139 बिजली ट्रांसफार्मर और 745 जल आपूर्ति योजनाएं प्रभावित हुई हैं, जिससे कई क्षेत्रों में बिजली और पानी की आपूर्ति बाधित है। मंडी जिला, जो आपदा से सबसे ज्यादा प्रभावित है, में 13 दिनों बाद भी 157 सड़कें और 133 जल आपूर्ति स्कीमें ठप हैं। कांगड़ा जिले के धर्मशाला, नूरपुर और देहरा उपमंडल में भी 612 जल आपूर्ति योजनाएं प्रभावित हुई हैं। मंडी–कुल्लू नेशनल हाईवे 4 मील के पास बार–बार भूस्खलन के कारण बाधित हो रहा है, जिससे कुल्लू और मनाली जाने वाले यात्रियों और पर्यटकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। पूरे प्रदेश में हुए नुकसान का आंकड़ा 77,096.37 लाख रुपए तक पहुंच गया है।



**मानसून में अब तक 98 लोगों की मौत**

# प्रदेश में साहसिक गतिविधियों पर दो महीने के लिए प्रतिबंध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में दो महीने तक साहसिक गतिविधियों पर प्रतिबंध रहेगा। हालांकि, आपदा के चलते कुछ स्थानों पर पहले से ही साहसिक गतिविधियों को बंद कर दिया गया है। प्रदेश में 15 जुलाई से 15 सितंबर तक साहसिक गतिविधियों पर प्रतिबंध रहेगा। विभाग की ओर से इसके लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। विभाग की ओर से उपमंडल अधिकारियों को भी इस बारे में पत्र लिखा गया है, ताकि सभी क्षेत्रों पर निगरानी की जा सके। प्रतिबंध के दौरान यदि कोई साहसिक गतिविधियों का संचालन करता है तो विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उल्लंघनकर्ताओं को जुर्माना और उनका लाइसेंस रद्द करना इसमें शामिल होता है। साथ ही सभी प्रकार की सामग्री जो गतिविधियों में प्रयोग होती है, उसको जब्त किया जा सकता है। बिलासपुर, मंडी, कुल्लू, कांगड़ा के मेक्लोडगंज व बीड़ बिलिंग घाटी व चंबा सहित अन्य जिलों में अब पर्यटकों को साहसिक गतिविधियों के लिए दो माह का इंतजार करना पड़ेगा। जिला पर्यटन अधिकारी बिलासपुर रितेश पटियाल ने बताया कि प्रदेश में 15 जुलाई से 15 सितंबर तक साहसिक गतिविधियों पर रोक रहेगी। उल्लंघन करने पर विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**उल्लंघन करने पर होगी कार्रवाई**

## हिमाचल प्रदेश में सामाजिक सुरक्षा पेंशनार्थियों को बड़ी राहत

# अब खाते में हर माह आएगी पेंशन

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्राप्त करने वाले लाखों लाभार्थियों के लिए खुशखबरी है। अब जल्द ही उन्हें अपनी पेंशन हर महीने उनके बैंक खातों में मिलेगी। यह उन वृद्धजनों, विधवाओं, दिव्यांगों और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए एक बड़ी राहत है, जो अब तक त्रैमासिक आधार पर पेंशन प्राप्त कर रहे थे। खासकर उन लोगों के लिए जो वृद्धावस्था, विकलांगता या आर्थिक निर्बलता के कारण अपनी आजीविका चलाने में असमर्थ हैं। इस मासिक पेंशन से उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और उन्हें सामाजिक सुरक्षा भी मिलेगी। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश के 8 लाख से अधिक सामाजिक सुरक्षा पेंशन लाभार्थियों को अक्तूबर महीने से मासिक आधार पर पेंशन मिलनी शुरू हो जाए। अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक और विशेष रूप से सक्षम सशक्तिकरण विभाग द्वारा इसके लिए एक विशेष सॉफ्टवेयर तैयार किया जा रहा है, जिसके सितंबर तक पूरा होने की उम्मीद है। सॉफ्टवेयर तैयार होने के बाद, जुलाई, अगस्त और सितंबर की पेंशन त्रैमासिक आधार पर ही मिलेगी, लेकिन उसके बाद से हर महीने पेंशन सीधे लाभार्थियों के खातों में डाली जाएगी।





**अक्तूबर से मासिक पेंशन देने का लक्ष्य**

### 8,14,683 लाभार्थी ले रहे सामाजिक सुरक्षा पेंशन

**हिमाचल** में वर्तमान में 8,14,683 लाभार्थी सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ उठा रहे हैं, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं 4,76,149 और पुरुष 3,38,520 शामिल हैं। महिलाओं को 1500 रुपए मासिक पेंशन मिल रही है, जबकि पुरुषों और अन्य श्रेणियों के लिए अलग-अलग राशि निर्धारित है।

# शुभांशु शुक्ला आईएसएस से धरती के लिए रवाना

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला द्वारा 18 दिन अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर बिताने के बाद उनकी धरती के लिए वापसी की यात्रा शुरू हो गई है। एक्सिओम–4 मिशन के तहत उनकी वापसी हो रही है। आईएसएस से उनका स्पेसक्राफ्ट अनडॉक हो चुका हुआ है। यह मिशन भारत समेत हंगरी और पोलैंड के लिए भी अंतरिक्ष में वापसी का प्रतीक है, क्योंकि इन देशों ने चार दशकों बाद फिर से अंतरिक्ष में भागीदारी की है। शुभांशु शुक्ला और उनकी टीम ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट में सवार हैं । उनका अंतरिक्ष स्टेशन से अनडॉकिंग सोमवार शाम करीब 4:50 बजे (भारतीय समयानुसार) हुआ है। इसके बाद स्पेसक्राफ्ट 22.5 घंटे की यात्रा के बाद मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे आईएसटी पर कैलिफोर्निया के तट के पास समुद्र में स्प्लैशडाउन करेगा। यह पूरी प्रक्रिया स्वचालित होगी और उसमें किसी मैनुअल हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं होगी। स्पेसक्राफ्ट की अनडॉकिंग पर केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'शुभांशु, आपका स्वागत है।' (अनंत ज्ञान)




# अशोक गोवा, असीम हरियाणा के राज्यपाल

## कविंदर गुप्ता को लद्दाख का एलजी किया नियुक्त

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पूर्व नागरिक उड्डयन मंत्री पुसापति अशोक गजपति राजू को सोमवार को गोवा का राज्यपाल और प्रोफेसर असीम कुमार घोष को हरियाणा का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया। वहीं, जम्मू–कश्मीर के पूर्व उपमुख्यमंत्री कविंदर गुप्ता को लद्दाख का नया उपराज्यपाल (एलजी) नियुक्त किया गया। ये नियुक्तियां उनके संबंधित पदों का कार्यभार संभालने की तिथि से प्रभावी होंगी। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के उपराज्यपाल पद से ब्रिगेडियर बीडी मिश्रा का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। (अनंत ज्ञान)



अशोक गजपति राजू



असीम कुमार



कविंदर गुप्ता

## सीजेआई बीआर गवई अस्पताल में दाखिल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई को हाल ही में तेलंगाना दौरे के दौरान गंभीर संक्रमण होने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूत्रों ने बताया कि उन पर इलाज का अच्छा असर हो रहा है और एक–दो दिन में उनके आधिकारिक कामकाज पर लौटने की उम्मीद है। मुख्य न्यायाधीश ने सोमवार को अदालत में सुनवाई नहीं की है। भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई को हाल ही में हैदराबाद की आधिकारिक यात्रा के दौरान एक गंभीर संक्रमण का पता चला था। इसके बाद दिल्ली के एक अस्पताल में उन्हें इलाज के लिए भर्ती किया गया है। इलाज का उन पर अच्छा असर हो रहा है। उनकी हालत में सुधार हो रहा है। सूत्रों ने बताया कि मुख्य न्यायाधीश की हालत में सुधार हो रहा है और उम्मीद है कि एक–दो दिन में उन्हें छुट्टी मिल जाएगी और वह अपना काम फिर से शुरू करेंगे। (अनंत ज्ञान)



# मानसून सत्र में पेश होगा राष्ट्रीय खेल शासन विधेयक : मांडविया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को कहा कि लंबे समय से प्रतीक्षित राष्ट्रीय खेल शासन विधेयक संसद के मानसून सत्र में पेश किया जाएगा, जो 21 जुलाई से शुरू हो रहा है। मांडविया ने यह जानकारी उस समय दी, जब वह नशा मुक्ति के खिलाफ युवा कार्य विभाग के एक कार्यक्रम के दौरान मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने यह भी दोहराया कि पाकिस्तान के खिलाड़ियों को भारत में बहुपक्षीय खेल आयोजनों में भाग लेने से नहीं रोका जाएगा। उन्होंने कहा, विधेयक को आगामी सत्र में संसद में पेश किया जाएगा। मैं कुछ दिनों में और जानकारी दूंगा। यह विधेयक देश के खेल प्रशासकों के लिए अधिक जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में एक कदम है। इसके तहत एक नियामक बोर्ड का गठन किया जाएगा, जिसे राष्ट्रीय खेल महासंघों को मान्यता देने और उन्हें फंडिंग प्रदान करने का अधिकार होगा। बोर्ड यह भी सुनिश्चित करेगा कि खेल महासंघ उच्चतम शासन, वित्तीय और नैतिक मानकों का पालन करें। यह सब इस बात पर निर्भर करेगा कि वह सुशासन से जुड़ी शर्तों का कितना पालन करते हैं। (अनंत ज्ञान)



**21 जुलाई से शुरू हो मानसून सत्र**

## संजीव गांधी की अपील पर सुनवाई 25 अगस्त को

**पुष्पेंद्र, अनंत ज्ञान, शिमला।** प्रदेश हाईकोर्ट में विमल नेगी की मौत से जुड़े मामले में एसपी शिमला संजीव गांधी द्वारा दायर अपील दायर करने की अनुमति से जुड़े आवेदन पर अब 25 अगस्त को सुनवाई होगी। हाईकोर्ट ने इस मामले में सीमित मुद्दे पर राज्य सरकार सहित सीबीआई और रिट याचिकाकर्ता किरण नेगी को नोटिस जारी किया था। प्रतिवादियों सीबीआई और राज्य सरकार की ओर से आवेदन का जवाब दायर करने के लिए 3 सप्ताह के अतिरिक्त समय की मांग की गई थी, जिसे स्वीकारते हुए न्यायाधीश विवेक सिंह ठाकुर और न्यायाधीश रंजन शर्मा की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई 25 अगस्त को निर्धारित की।

**फैसला** अगर रिश्ता जासूसी तक पहुंचा तो समझो यह टूट चुका : सुप्रीम कोर्ट

# तलाक मामले में पत्नी की कॉल रिकॉर्डिंग सबूत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को वैवाहिक मामलों को लेकर अहम टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि ऐसे मामलों में पति या पत्नी की बातचीत की गुप्त रिकॉर्डिंग को बतौर साक्ष्य कोर्ट में स्वीकार्य किया जा सकता है। पंजाब–हरियाणा हाईकोर्ट के फैसले को खारिज करते हुए न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि पति–पत्नी द्वारा एक–दूसरे की बातचीत रिकॉर्ड करना अपने आप में इस बात का सबूत है कि उनका विवाह मजबूत नहीं चल रहा है, इसलिए इसका इस्तेमाल न्यायिक कार्यवाही में किया जा सकता है। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना ने कहा कि अगर शादी इस मुकाम पर पहुंच गई है कि पति–पत्नी एक–दूसरे पर सक्रिय रूप से नजर रख रहे हैं, तो यह अपने आप में टूटे हुए रिश्ते का लक्षण है और उनके बीच विश्वास की कमी को दर्शाता है।

पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा था कि पति–पत्नी के बीच गुप्त बातचीत साक्ष्य अधिनियम की धारा 122 के तहत संरक्षित है और इसका इस्तेमाल न्यायिक कार्यवाही में नहीं किया जा सकता। (अनंत ज्ञान)



### यह है पूरा मामला

**पंजाब** के बठिंडा की एक पारिवारिक अदालत ने अपने फैसले में पति को क्रूरता के दावों के समर्थन में अपनी पत्नी के साथ हुई फोन कॉल की रिकॉर्डिंग वाली एक कॉम्पैक्ट डिस्क का इस्तेमाल करने की अनुमति दी थी। पत्नी ने इसे पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में चुनौती दी और तर्क दिया था कि रिकॉर्डिंग उसकी जानकारी या सहमति के बिना की गई थी और यह उसकी निजता के मौलिक अधिकार का उल्लंघन है। उच्च न्यायलय ने फैसला सुनाया था कि इसका इस्तेमाल न्यायिक कार्यवाही में नहीं किया जा सकता।

### 'पीएम मोदी का आपत्तिजनक कार्टून बनाना अभिव्यक्ति की आजादी का गलत इस्तेमाल'

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी और संघ का आपत्तिजनक कार्टून सोशल मीडिया पर साझा करने के मामले में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अभिव्यक्ति की आजादी का गलत इस्तेमाल हुआ है। सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी कार्टूनिस्ट हेमंत मालवीय की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। हेमंत मालवीय ने अग्रिम जमानत के लिए याचिका दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस सुधांशु धुलिया और जस्टिस अरविंद कुमार की पीठ ने याचिकाकर्ता से पूछा कि आपने ये सब क्यों किया? मालवीय की तरफ से वरिष्ठ वकील वृंदा ग्रोवर सुप्रीम कोर्ट में पेश हुईं। वृंदा ग्रोवर ने कहा कि यह मामला बेशक अरुचिकर और खराब है, लेकिन यह अपराध नहीं है? यह निंदनीय हो सकता है, लेकिन यह अपराध नहीं है। इस पर पीठ ने कहा कि यह बेशक अभिव्यक्ति की आजादी का उल्लंघन है। हेमंत ग्रोवर ने साल 2021 में कोरोना महामारी के दौरान ये आपत्तिजनक कार्टून सोशल मीडिया पर पोस्ट किए थे।



## न्यूज ब्रीफ

### वर्कमैन के 10 पदों के लिए साक्षात्कार 18 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बद्दी की प्रसिद्ध कंपनी इंडोरमा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड वर्कमैन के 10 पदों को भरने के लिए 18 जुलाई को सुबह साढ़े दस बजे से दोपहर 2 बजे तक जिला रोजगार कार्यालय हमीरपुर में साक्षात्कार लेगी। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता दसवीं, बारहवीं, आईटीआई फिटर, प्लंबर और मशीनिस्ट रखी गई है। इन पदों के लिए 18 से 25 वर्ष तक के पुरुष आवेदक ही पात्र होंगे। चयनित आवेदकों को 16,375 रुपए तक मासिक वेतन मिलेगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अगर कोई युवा उपरोक्त योग्यता रखता है और उसका नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है तो वह अपने मूल प्रमाण पत्रों तथा हिमाचली प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार में भाग लें।

### राजेश वनयाल ने पौधा लगाकर मनाया जन्मदिन



**अनंत ज्ञान, बड़सर।** अगर सादगी किसी में है तो वह है कांग्रेस नेता इंजीनियर राजेश वनयाल कभी कोई अपना जन्मदिवस सगे संबंधियों के साथ केक काटकर मनाते हैं। बड़सर विधानसभा क्षेत्र से संबंध रखने वाले वरिष्ठ कांग्रेसी नेता इंजीनियर राजेश बनयाल ने अपना 53वां जन्म दिवस तूखानी गांव में बनी पचवटी में पेंसिल पाईन पौधा लगाकर मनाया है, तथा एक मिशाल पेश की है। उनका कहना है आज जन्म दिवस से ज्यादा पर्यावरण बचाने की जरूरत है, इसलिए केक न काटकर सादगी के साथ बणी पंचायत में लोगों के साथ पौधरोपण कर जन्म दिवस मनाया है। वनयाल की पत्नी वर्तमान में बणी ग्राम पंचायत प्रधान पद पर कार्यरत हैं, जो कि हमेशा जन सेवा में लगी रहती हैं। पंचवटी का सौंदर्यीकरण करने के लिए उनकी मेहनत को लोग याद करते हैं। 15 कनाल भूमि में पंचवटी स्थापित है, वहां पर डेढ़ सौ के करीब औषधीय पौधे लगाए गए हैं, ओपन जिम स्थापित किया गया है, बच्चों के खेलने के लिए झूले स्थापित किए गए हैं। आम लोगों को मॉर्निंग वॉक करने के बाद आराम फरमाने के लिए हट बनाए गए हैं।सकता है।

### भलवानी वासियों को बांटे विभिन्न प्रजाति के 800 पौधे

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उप भोरंज की भलवनी पंचायत में सोमवार को चौधरी सरवन कुमार विश्वविद्यालय पालमपुर से विभिन्न प्रजातियों के 1456 पौधों की पहली खेप पहुंची। पंचायत प्रधान अमनदीप की अध्यक्षता में ग्रामीणों को पहले दिन करीब 800 से अधिक विभिन्न प्रजातियों के पौधे बांटे गए। पंचायत प्रधान अमनदीप ने बताया कि समस्त पौधे हाईब्रीड व उच्च क्वलिटी के हैं।, इसलिए पौधों को अच्छी तरह से लगाएं और उनकी नियमित देखभाल करें। पंचायत के परिक्षेत्र में काफी भूमि खाली पड़ी है, जिसे हरा भरा बनाने के प्रयोग करें और पर्यावरण संरक्षण के देश व प्रदेश को अपना सहयोग दें। उन्होंने कहा कि पंचायत की करीब पांच कनाल भूमि पर पौधरोपण करने का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर पंचायत उपप्रधान मोहिंद्र ठाकुर, पंचायत सचिव हेमराज, पंचायत प्रतिनिधि सुरेश कुमार, राकेश कुमार, शकुंतला देवी व अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

### एबीवीपी बड़सर इकाई ने मंडी भेजी राहत सामग्री

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) बड़सर इकाई ने सेवा कार्यों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए मंडी जिले में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए एक गाड़ी राहत सामग्री भेजी। इस राहत सामग्री में आटा, चावल, दाल, तेल, नमक, मसाले, बिस्किट, पानी की बोतलें, साबुन, सैनिटरी पैड, कंबल, कपड़े व अन्य आवश्यक वस्तुएं शामिल थीं। परिषद के कार्यकर्ताओं ने अपने स्तर पर यह सामग्री एकत्र की और जनसहयोग से उसे पीड़ित परिवारों तक पहुंचाने का संकल्प लिया। बड़सर इकाई के कार्यकर्ताओं ने बीते कुछ दिनों से स्थानीय स्तर पर लोगों से संपर्क कर सामग्री एकत्र की और स्वयं उसे पैक कर एकत्रित किया। इसके बाद आज सुबह यह गाड़ी मंडी के लिए रवाना की गई। बड़सर इकाई के सक्रिय कार्यकर्ता पारस, संजीव, अंशुल, रोहित, शुभम, अमित, प्रदीप, साहिल, गौरव, निखिल, अर्जुन, विवेक, सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सभी ने सेवा कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यकर्ताओं ने बताया कि यदि जरूरत पड़ी तो आगे और भी राहत सामग्री भेजी जाएगी।

### बटाहली में शिव महापुराण कथा कल से

**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान, बड़ा।** उपमंडल नादौन के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बिल्कलेश्वर महादेव मंदिर बटाहली में 16 से 24 जुलाई तक शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन के संदर्भ में मंदिर परिसर में बिल्कलेश्वर महादेव सुधार सभा के प्रधान कृष्ण प्रसाद कौंडल की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पंचायत पस्टे के प्रधान तिलक राज के अतिरिक्त सभा के सदस्य करतार चंद, दौलत राम, रमन कुमार, सुरेश कुमार, जोगिंदर सिंह, किशोरी लाल, देश राज, सीमा देवी, आशा देवी, रामप्यारी, के अतिरिक्त क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। बैठक में सभा के सचिव हंस राज ने बताया कि शिव महापुराण कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा निकाल कर किया जाएगा। 24 जुलाई को कथा विश्राम के बाद विश्व शांति के लिए विशाल भंडारा आयोजित होगा एवं उसी दिन विशाल भंडारा भी किया जाएगा, सभा ने सभी क्षेत्र वासियों से इस आयोजन के लिए जनसहयोग की अपील की है।

### लुथान कमेटी ने महिलाओं को इलाज के लिए दी सहायता

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** इलाके की प्रतिष्ठित संस्था लोक कल्याण कमेटी लुथान की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। इसमें कमेटी पदाधिकारी सरोज कुमारी, सुरेंद्र ठाकुर, परमजीत सिंह, अश्वनी ठाकुर, राजपाल शर्मा, सतीश शर्मा, सुरेश कुमार, प्रताप सिंह मौजूद रहे। पंचायत की कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में शानदार अंक प्राप्त करने पर 7 छात्राओं को सम्मानित किया गया। लोक कल्याण कमेटी के संकल्प बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ के अंतर्गत प्रत्येक मेधावी छात्रा को एक-एक हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि बतौर ईनाम प्रदान की। इस के अलावा सीमा देवी को 3 हजार रुपए व मंजू रानी को ईलाज के लिए 5 हजार रुपए की आर्थिक मदद प्रदान की गई।

### लाडली फाउंडेशन ने थुनाग पहुंचाई राहत सामग्री



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रदेश के जिला मंडी के सराज क्षेत्र में पिछले दिनों बादल फटने व बाढ़ से प्रभावित लोगों को लाडली फाउंडेशन हमीरपुर ने राहत सामग्री थुनाग पहुंचाई है। रविवार को लाडली फाउंडेशन हमीरपुर की अध्यक्ष संतोष बन्याल व अन्य सदस्य थुनाग गए थे। उन्होंने बताया कि राहत सामग्री में राशन, कपड़े, कम्बल, रजाईयां व बर्तन आदि बीडीओ सराज को सौंपी है। इस अवसर पर विवेक शर्मा ने अहम भूमिका निभाई।

### किसानों को बताए खेतीबाड़ी करने के तरीके

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, वनस्पति संरक्षण संगरोध एवं संग्रह निदेशालय के अंतर्गत केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र सोलन द्वारा सोमवार को उप भोरंज के बडैहर पंचायत में मक्की की फसल पर खेत पाठशाला का शुभारंभ किया गया। इसमें करीब 35 किसानों का प्रशिक्षण के लिए पंजीकरण किया गया। इस अवसर पर किसान खेत दिवस का उद्घाटन राजीव लखनपाल कृषि विकास अधिकारी ने किया। उन्होंने किसानों को जागरूक करते हुए कहा कि फसलों के लिए मित्र कीट और शत्रु कीट दोनों महत्वपूर्ण हैं। इसके अलावा किसानों को जैविक खेती के लाभ और कृषि उपादकता के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी ईदू ने किया। इस अवसर पर पंचायत प्रधान वीरेंद्र महलवाल, उपप्रधान हुकम सिंह, किसान मलकीयत सिंह, पुरुषी राम, मनोज कुमार, कांता देवी, निशांत कुमार, अमरी देवी, उत्तम चंद, जीतो देवी, भाग सिंह, संसार चंद, रूमा देवी, रजनी देवी, नीलम देवी, आशा देवी, निर्मला देवी, संध्या देवी, मीरां देवी, धर्म चंद, रतन सिंह, पिंगला देवी व अन्य उपस्थित रहे।

### समिति गोवंश के गले में डालेगी रेडियम के पट्टे

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल गोसेवा समिति जिला हमीरपुर की त्रैमासिक बैठक जिला अध्यक्ष केशव शर्मा की अध्यक्षता में हुई जिसमें प्रदेश अध्यक्ष रसील सिंह मनकोटिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में निम्न प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किए। आपदा के कारण जिला मंडी में मारे गए लोगों की शांति हेतु मौन रखा गया व निर्णय लिया कि प्रभावित लोगों की शीघ्र सहायता की जाएगी। गोशाला जाहू का रास्ता कुछ लोगों ने बंद कर दिया है जिसे खुलवाने के लिए जिलाधीश से अनुरोध किया कि रास्ते को शीघ्र खुलवाया जाए और दोषी लोगों पर कार्रवाई की जाए। गोशालों को मनरेगा से जोड़ा जाए। सड़कों पर घूम रहे गोवंश की रक्षा एवं वाहन चालकों की सुरक्षा के लिए गोवंश के गले में एक रेडियम पट्टा डालने का निर्णय लिया ताकि दुर्घटना से राहत मिल सके। उन्होंने जिलाधीश से अनुरोध किया है कि गोशाला बल्यूट के पास तालाब को मिट्टी से भरने की कृपा करें। बैठक में गोशाला जमली धाम, बल्यूट, सौंटा, जाहू, बुमाणा, परनाली, खौरी, समीना, रोपड़ी कमलाह, सुकड्याह, जलाड़ी, वसारल, कांगू एवं भड़ोली के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# नगर निगम हमीरपुर की हाउस टैक्स रिकवरी पहली मर्तबा हुई 1.28 करोड़

## दुकानों के किराये की 28 लाख की पेंडेंसी; रेहड़ी-फड़ी की संख्या कितनी, सर्वे शुरू

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



नगर निगम का मुख्यालय। (फाइल फोटो)

**हमीरपुर।** नगर निगम का 'चाबुक' चुभने वाला होता है, इसीलिए हमीरपुर के शहरी क्षेत्र में पहली मर्तबा हाउस टैक्स की रिकवरी 1.28 करोड़ तक पहुंच गई है। इससे पहले यह आंकड़ा एक करोड़ से नीचे ही रहा करता था। प्रभावशाली लोग और नगर परिषद के कार-कारिंदे इसमें हमेशा ही बाधा रहे हैं। शहर में तकरीबन 3400 हाउस होल्डर हैं। नगर परिषद के पुराने आंकड़ों के मुताबिक इनकी रिकवरी 90 लाख के आसपास तक होती रही है, लेकिन अब क्योंकि नगर निगम बन चुका है, इसलिए व्यवस्थाएं भी बदल गई हैं। नियम और कायदे भी अलग तरह के हो चुके हैं।

राजनीतिक प्रभाव भी बदल गया है। पार्षद फिलहाल नाम के ही हैं। इसलिए अलग परिस्थितियों ने इसकी भीतरी व्यवस्था का माहौल भी बदला है। हाउस टैक्स की रिकवरी हमेशा ही गले की फांस बनती रही है। कभी डिस्काउंट का लालच दिया जाता रहा तो कभी इतनी तारीख तक जमा करवाए तो इतना फायदा होगा, ऐसे प्रलोभन भी यहां ज्यादा कारगर साबित नहीं हुए लेकिन अब नए नियमों का डर भी सता रहा है, इसीलिए सुधार की दिशा में निगम की व्यवस्था चलने लगी है।

**रेहड़ी-फड़ी सर्वे शुरू :** किराये में 10 फीसदी की बढ़ौतरी के साथ ही हमीरपुर शहर में रेहड़ी-फड़ी वालों की संख्या आखिर कितनी है? इसका सर्वे शुरू हो गया है। अब वास्तविकता सामने आएगी कि लफड़ा कहां है?

नंबरिंग के हिसाब से इस काम को मुकम्मल किया जाएगा। इनमें सच्चाई सामने आएगी कि स्थाई तौर पर कितनी रेहड़ी-फड़ी से वसूली होती है और अस्थायी तौर पर जिन्हें परमिट दिए गए हैं, उनसे कितनी आमदनी, नगर निगम को होगी। बीच में कहीं कोई गोलमोल स्थिति तो नहीं थी? इसका भी भंडाफोड़ होगा।

### लाखों की रिकवरी पेंडिंग

शहर में दो दर्जन से ज्यादा ऐसी दुकानें हैं, जिनका किराया तकरीबन 28 लाख रुपए पेंडिंग चल रहा है। नगर परिषद के समय से ही इसकी पेंडेंसी जारी है। अब संबंधितों को नोटिस जारी किया गए हैं, लेकिन अभी तक किराया देने वालों पर ज्यादा फर्क नहीं पड़ रहा, कुछ एक ने ही जमा करवाया है। ज्यादातर लोग इस पर कुंडली मारे बैठे हैं।

### सर्वे के बाद होगी स्थिति स्पष्ट : राम प्रसाद

नगर निगम के एडिशनल आयुक्त राम प्रसाद शर्मा का कहना है कि सर्वे शुरू कर दिया गया है और हाउस टैक्स की पेंडिंग रिकवरी तकरीबन 1.28 करोड़ रुपए हुई है। उनका कहना है कि अब क्योंकि नगर निगम का दायरा बढ़ गया है, लिहाजा हाउस होल्डर्स कितने होंगे? इसका भी सर्वे के बाद ही पता चलेगा।

# महिला के साथ अवांछित यौन संबंध बनाने को लेकर दोषी को एक वर्ष का कठोर कारावास

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

- 9 हजार रुपए का जुर्माना भी किया

जिला सत्र न्यायालय हमीरपुर एलडी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम क्लास कोर्ट नंबर 3 टीना मल्होत्रा ने दोषी आशीष उर्फ रिशु, निवासी तहसील नादौन को भारतीय दंड संहिता की धारा 354, 354 ए, 506 के तहत दोषी ठहराया है। मामले के संक्षिप्त तथ्य के अनुसार 17.02.2020 को, मध्य रात्रि लगभग 12.30 बजे आरोपी ने शिकायतकर्ता के साथ शारीरिक संबंध बनाने को लेकर अवांछित प्रयास किए, उसके साथ बहुत गंदी हरकतें कीं और शिकायतकर्ता को जान से मारने की धमकी दी।

यह मामला महिला पुलिस थाना हमीरपुर में एफआईआर संख्या 07-2020 दिनांक 19.02.2020 के तहत धारा 35, 354ए, 506 भारतीय दंड संहिता के तहत दर्ज किया गया था। जांच पूरी होने के बाद पुलिस ने एलडी मजीस्ट्रेट के समक्ष आरोप पत्र प्रस्तुत किया गया। मामले की सुनवाई एलडी सहायक लोक न्यायवादी रितिका तेजता द्वारा की गई। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध आरोप सिद्ध करने के लिए 11 गवाहों से पूछताछ की गई। मामले की सुनवाई पूरी होने और अभियोजन एवं बचाव पक्ष को सुनने के बाद, निचली अदालत ने अभियुक्तों को धारा 354, 354 ए, 506 आईपीसी के तहत दोषी ठहराया और निम्नलिखित सजा सुनाई है। आईपीसी धारा 354 के तहत 1 वर्ष का कठोर कारावास और 1000 रुपए का जुर्माना, जुर्माना अदा न करने पर 10 दिन का साधारण कारावास।

आईपीसी की धारा 354 ए के तहत 1 वर्ष का कठोर कारावास और 4000 रुपए का जुर्माना। जुर्माना अदा न करने पर 20 दिन का साधारण कारावास। आईपीसी की धारा 506 के तहत 1 वर्ष का साधारण कारावास और 4000 रुपए का जुर्माना न भरने पर 10 दिन का साधारण कारावास भुगतने की सजा सुनाई है। ये सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी।

# धूल फांक रही विकास खंड अधिकारी बिझड़ी की गाड़ी

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**



- 8 दिसंबर, 2023 को खत्म है रजिस्ट्रेशन
- साइट विजिट करने के लिए करनी पड़ती है निजी गाड़ी

**बड़सर।** जिला हमीरपुर स्थित विकास खंड कार्यालय बिझड़ी में बीडीओ की गाड़ी कार्यालय के गेराज में धूल फांक रही है। खंड विकास अधिकारी को विकासात्मक कार्यों की समीक्षा करने के लिए निजी गाड़ी का प्रयोग करना पड़ता है, जिस कारण कई बार गाड़ी समय पर उपलब्ध न होने के चलते विजिट कार्य भी प्रभावित हो जाते हैं।

सीएम का गृह जिला होने के चलते भी आम जनता विपक्ष भी कई तरह के क्यास लगाते रहते हैं, अगर मुख्यमंत्री के अपने जिले में ही अधिकारियों के लिए गाड़ी व्यवस्था ठीक से नहीं है तो फिर अन्य जिलों में कैसी व्यवस्थाएं होंगी। बीडीओ कार्यालय में 8 दिसंबर 2003 को नई गाड़ी उपलब्ध करवाई गई थी। इस गाड़ी की रजिस्ट्रेशन 8 दिसंबर, 2023 को खत्म हो गई है। अब यह बोलेरो गाड़ी खंड कार्यालय के सामने खड़ी है और धूल फांक रही है। 2 वर्ष का लंबा समय इस गाड़ी की रजिस्ट्रेशन खत्म हुए को हो गया है। आज दिन तक न तो सरकारी अमलीजा ने इस गाड़ी की कोई नीलामी नहीं की है, न ही इसकी रि रजिस्ट्रेशन करवाई है तथा खड़ी-खड़ी यह गाड़ी कबाड़ होती जा रही है।

**बीडीओ ने क्या कहा :** बीडीओ राजेश कुमार ने कहा कि गाड़ी की 15 साल की अवधि पूर्ण हो चुकी है। इसके कागजात नीलामी करने या फिर स्क्रैप करने के लिए उच्च अधिकारियों को भेज दिए गए हैं। गाड़ी का क्या करना है, यह सब कुछ अधिकारियों के ही कार्य क्षेत्र में आता है।

# राहत सामग्री लेकर थुनाग पहुंचा प्रेस क्लब हमीरपुर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



प्रेस क्लब के पदाधिकारी व सदस्य मंडी जिला के थुनाग में पूर्व मुख्यमंत्री को आपदा प्रभावितों के लिए राहत सामग्री भेंट करते हुए।

- पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने जताया आभार

प्रेस क्लब हमीरपुर ने हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के थुनाग में आपदा पीड़ितों की मदद के लिए हाथ बढ़ाया है। गौरतलब है कि सेराज विधानसभा क्षेत्र की जंजैहली घाटी में 30 जून को भीषण बादल फटने से न केवल भारी बाढ़ आई थी, बल्कि कई भूस्खलन भी हुए थे। यह बेहद दुखद है कि इस विनाशकारी प्राकृतिक आपदा में 11 से ज्यादा लोगों की जान चली गई और लगभग 27 लोग अभी भी लापता हैं, जबकि अनगिनत लोग घायल हैं।

इस बीच प्रेस क्लब हमीरपुर के आह्वान पर विभिन्न गांवों के लोग क्लब की आपदा राहत पहल में योगदान देने के लिए आगे आए। बमसन क्षेत्र, भोरंज क्षेत्र के गांवों के लोगों और हमीरपुर शहर के दुकानदारों ने प्रभावित क्षेत्र में आवश्यक विभिन्न वस्तुएं दान कीं, जिनमें दवाइयां, राशन किटें, कपड़े, बर्तन, कंबल, तिरपाल, टॉर्च और बैटरी, यहां तक कि टूथपेस्ट और टूथब्रश भी शामिल हैं। क्लब के सदस्यों ने कल थुनाग स्थित विश्रामगृह में पूर्व मुख्यमंत्री एवं सिराज के विधायक जयराम ठाकुर को राहत सामग्री भेंट की। प्रेस क्लब हमीरपुर का आभार व्यक्त करते हुए जयराम ठाकुर ने कहा कि यह मायने नहीं रखता कि क्या सामग्री लाई गई है और कितनी मात्रा में, बल्कि मायने रखता है हमीरपुर प्रेस क्लब द्वारा दिखाई गई चिंता।

उन्होंने कहा कि सिराज में आपदा से प्रभावित लोग इस सहयोग के लिए आभारी हैं। इससे पहले, पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने हमीरपुर से राहत सामग्री ले जा रहे वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि प्रेस क्लब के प्रयास अन्य लोगों को भी संकटग्रस्त लोगों की मदद के लिए प्रेरित करेंगे। वाहन को सुबह 7.30 बजे हमीरपुर स्थित उपायुक्त कार्यालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया और यह दोपहर 1 बजे थुनाग पहुंचा।

प्रेस क्लब हमीरपुर के अध्यक्ष दिनेश कंवर ने कहा कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों में मुसीबत में फंसे लोगों की मदद के लिए सभी को आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि क्लब उन दानदाताओं का आभारी है, जिन्होंने राहत सामग्री एकत्रित करने के लिए खुले दिल से योगदान दिया।

उन्होंने कहा कि क्लब भविष्य में भी अपने प्रयास जारी रखेगा। क्लब के सचिव अशोक कटोच और सदस्य रविन्द्र ठाकुर, अनिल धीमान, राजकुमार सूद, शिल्पा शर्मा, पवन कुमार और रजनीश शर्मा ने थुनाग में राहत सामग्री वितरित की।

# आपदा में अवसर क्यों तलाशती हैं सरकारें : 'आप'

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



- आरोप : भाजपा और कांग्रेस दोनों दल हिमाचल की तबाही के साझेदार

आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता धनीराम शुक्ला ने कहा है कि हर साल हिमाचल प्रदेश प्राकृतिक आपदाओं से जूझता है। कभी बादल फटना, कभी भूस्खलन, कभी बाढ़। लेकिन सवाल यह है कि यह केवल कुदरत का कहर है या राजनीतिक और प्रशासनिक लापरवाही की सजा? हकीकत यह है कि भाजपा और कांग्रेस की सरकारें हर आपदा में राहत और सहयोग की जगह 'मुनाफा और ठेका' ढूंढती हैं। चाहे वह कोरोना काल हो, बाढ़ हो या नेशनल हाईवे निर्माण। इन दोनों दलों ने मिलकर हिमाचल की आत्मा को लूटा है।

शुक्ला ने कहा है कि भ्रष्टाचार की आपदा में डूबी सरकारें कोरोना में राहत के नाम पर घोटाले, उपकरणों की खरीद से लेकर राशन वितरण तक सब में गड़बड़ी रहती है। पंडोह डैम में बहती लकड़ियां बताती हैं कि किस तरह हिमाचल के जंगलों से अवैध कटाई कर, लकड़ी तस्करों को संरक्षण दिया गया।

**विकास के नाम पर विनाश :** एनएचएआई द्वारा की गई 90 डिग्री की कटाई ने पहाड़ों को कमजोर कर दिया। शिमला के बत्तकुफर में इमारतें गिरीं, कांगड़ा में घर खतरे में। मंडी, कुल्लू, सोलन, शिमला हर जिले में हाईवे के नाम पर भूस्खलन। विकास के नाम पर सिर्फ ठेके पूरे करने की होड़, स्थानीय सुरक्षा और भू-वैज्ञानिक सलाह को पूरी तरह नजरअंदाज किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि वनों की बेरोकटोक कटाई और संसाधनों की लूट की वजह से हजारों पेड़ काटे गए। दोनों दलों ने मिलकर हिमाचल की हरियाली, पहाड़ और स्वाभिमान को नीलाम किया। अब हिमाचल चुप नहीं रहेगा। बीजेपी और कांग्रेस दोनों दलों को जवाब देना पड़ेगा और यह भी बताना पड़ेगा कि यह बर्बादी किसकी वजह से है।

आम आदमी पार्टी की 5 ठोस मांगों में एनएचएआई की पहाड़ी कटाई नीति पर तत्काल रोक और उसका वैज्ञानिक मूल्यांकन किया जाए, भू-वैज्ञानिकों की निगरानी अनिवार्य की जाए सभी कटाई/निर्माण कार्यों में, पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन और जनसुनवाई को अनिवार्य किया जाए हर निर्माण कार्य से पहले और ज़ आपदा प्रभावित लोगों को न्यायपूर्ण मुआवज़ा और पुनर्वास सुनिश्चित किया जाए।

# वर्षों से लंबित केसों का मध्यस्थता से करवाएं त्वरित निपटारा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

- जिले में भी 30 सितंबर तक चलेगा 'मध्यस्थता राष्ट्र के लिए' अभियान

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कुलदीप शर्मा ने बताया कि अदालतों में लंबे समय से लंबित मामलों का मध्यस्थता के माध्यम से त्वरित निपटारा सुनिश्चित करने के लिए देश भर में एक जुलाई से 30 सितंबर तक चलाए जा रहे 'मध्यस्थता राष्ट्र के लिए' अभियान के तहत हमीरपुर जिले में भी कई केसों का निपटारा किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि हमीरपुर जिले की सभी अदालतों में चलाए जा रहे इस 90 दिवसीय अभियान के दौरान मध्यस्थता और आपसी सहमति के साथ केसों का निपटारा किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य विवाह संबंधित पारिवारिक विवाद, मोटर वाहन चालान के मामले, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, वाणिज्यिक विवाद, सेवा मामले, समझौता योग्य आपराधिक मामले, उपभोक्ता विवाद, श्रम वसूली के मामले, विभाजन व बेदखली के मुकदमे, भूमि अधिग्रहण मामले और अन्य उपयुक्त नागरिक मामलों का निपटारा करना है। उन्होंने कहा कि लोगों को विभिन्न केसों एवं विवादों के वैकल्पिक समाधान के लिए प्रेरित करने की दिशा में यह अभियान काफी महत्वपूर्ण साबित होगा।

उन्होंने बताया कि मध्यस्थता एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें पक्षकारों के मध्य एक प्रशिक्षित मध्यस्थ की सहायता से आपसी सहमति से विवाद को सुलझाया जाता है। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया गोपनीय, लचीली और कम खर्चीली होती है। उन्होंने जिला वासियों से इस अभियान का लाभ उठाते हुए मध्यस्थता के माध्यम से अपने केसों का निपटारा करवाने की अपील की है।

# लेखराज ने विवि की टॉप टेन सूची में बनाई जगह

**अनंत ज्ञान, नादौन।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की बीए द्वितीय वर्ष की परीक्षा में सिद्धार्थ गवर्नमेंट कॉलेज नादौन के लेख राज ने मेरिट में 6वां स्थान प्राप्त करके कॉलेज का नाम रोशन किया है। लेख राज की उत्कृष्ट उपलब्धि पर कॉलेज में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्रिंसीपल डॉ. अनिल कुमार गौतम ने न केवल छात्र लेखराज बल्कि उनके अभिभावक और बीए संकायों को भी इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी। इस उपलब्धि पर उप प्राचार्य प्रो. कल्पना चड्ढा, डॉ. नितिका, प्रोफेसर रविकांत, प्रो. रीतिका जामवाल, प्रो. अनित शर्मा, प्रो. योगेश कौंडल, प्रो. अमृत लाल, प्रो. नवीन शर्मा, प्रो. अंजू शर्मा, प्रो. आदिका एवं प्रो. अशोक ने विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा कहा कि कॉलेज नादौन को विद्यार्थी की इस उपलब्धि पर गर्व है।

**संवाद** मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार बिट्टू ने लोगों की सुनी समस्याएं, दिया आश्वासन

# भटेड़ गांव को मिलेगा एंबुलेंस रोड, सामुदायिक भवन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



भटेड गांव में लोगों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील कुमार बिट्टू।

मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने हमीरपुर के निकटवर्ती गांव भटेड़ का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने स्थानीय निवासियों से मुलाकात कर उनकी व्यक्तिगत, सामाजिक और विकास संबंधी समस्याओं को सुना। गांववासियों ने सुनील शर्मा बिट्टू के समक्ष एंबुलेंस रोड, सामुदायिक भवन, श्मशानघाट के रास्ते और कई अन्य समस्याएं एवं मांगें रखीं।

सुनील शर्मा बिट्टू ने मौके पर ही अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर गांव के लिए एंबुलेंस सड़क का निर्माण करने के निर्देश दिए। उन्होंने गांव में सामुदायिक भवन के निर्माण और श्मशानघाट के लिए उचित रास्ता बनाने के लिए भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन कार्यों को शीघ्र ही शुरू कर, समयसीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। अपने संबोधन में सुनील कुमार बिट्टू ने कहा कि लोकतंत्र जनता की सहभागिता से ही मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि आज कुछ नेता पैसे की ताकत के बल पर लोगों को गुमराह करने की कोशिश करते हैं, लेकिन जनता को ऐसे प्रलोभनों में नहीं आना चाहिए।

उन्होंने कहा कि हमें निजी स्वार्थ से ऊपर उठकर देश, प्रदेश और अपने गांव के हित में निर्णय लेने चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू जनता के नेता हैं और जनता की हर छोटी-बड़ी समस्या को गंभीरता से लेते हुए उसका समाधान सुनिश्चित कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भटेड़ गांव समेत पूरे क्षेत्र के विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है और वह स्वयं हर समस्या का समाधान सुनिश्चित करने के लिए जनता के बीच पहुंच रहे हैं। बिट्टू ने लोगों से आह्वान किया कि यदि उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या हो तो वे बेहिचक उनसे संपर्क करें, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ सही लोगों तक पहुंच सके और गांव तरक्की की ओर बढ़े। इस अवसर पर गांववासियों ने मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने वर्षों से चली आ रही समस्याओं को समझा और मौके पर ही उनके समाधान के लिए कदम उठाए। इस दौरान सुनील कुमार बिट्टू ने ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।

**ये रहे मौजूद :** इस दौरान उनके साथ एपीएमसी के चेयरमैन अजय शर्मा, निवर्तमान जिला कांग्रेस के अध्यक्ष सुमन भारती, राजेश आनंद, राजेश चौधरी, देवीदास शहंशाह अध्यक्ष शहरी कांग्रेस, राकेश वर्मा, प्रेम चंद, मरोड़ी गांव के लोगों में प्यार चंद, रमेश, राकेश कुमार, विनोद, राजेश कुमार, हंसराज, शशि, पुरषोत्तम, दीपो देवी, आशा देवी, सिमरो देवी, कुंता देवी, नीलमा देवी समेत अन्य गांववासी भी मौजूद रहे।

# भोरंज के बूथ लेवल अधिकारियों को तकनीकी और व्यावहारिक प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

- बीएलओ को फोटोयुक्त मतदाता सूची के सत्यापन के संबंध में दी जानकारी


भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर फोटो युक्त मतदाता सूची के सत्यापन की पूर्व तैयारियों के अंतर्गत आज उपमंडल भोरंज में एकदिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता कार्यकारी उपमंडल अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी शशि पाल शर्मा ने की।

कार्यशाला में भोरंज विधानसभा क्षेत्र के समस्त बूथ लेवल अधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर शशि पाल शर्मा ने बीएलओ को घर-घर जाकर मतदाता विवरण का सत्यापन, नाम जोड़ना, हटाना, संशोधन एवं मतदान केन्द्रों के युक्तिकरण के संबंध में तकनीकी और व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। शशि पाल शर्मा ने उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा सटीक, नवीनतम और त्रुटिरहित मतदाता सूची लोकतंत्र की नींव है। इसकी जिम्मेदारी बीएलओ के कंधों पर होती है, जिन्हें निष्पक्षता, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय-सीमा और दिशा-निर्देशों का पूर्णतः पालन करते हुए सभी कार्यों को गंभीरता, ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ सम्पन्न किया जाए।

प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान उपमंडल निर्वाचन कार्यालय भोरंज की इलेक्शन कानूनगो ट्विंकल ठाकुर ने बीएलओ को विभिन्न फॉर्म भरने की प्रक्रिया, मोबाइल ऐप के उपयोग तथा नवीनतम डिजिटल प्रक्रियाओं से अवगत करवाया। कार्यशाला के समापन पर अधिकारियों ने लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने तथा निष्पक्ष व त्रुटिरहित पुनरीक्षण कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए संकल्प लिया। इस मौके पर निर्वाचन कार्यालय भोरंज के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थे ।

## न्यूज ब्रीफ

### राज्य में अर्ध सैनिक कल्याण बोर्ड पर सीएम से चर्चा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने राज्य में अर्धसैनिक कल्याण बोर्ड के गठन को लेकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खु के साथ चर्चा की तथा हिमाचल प्रदेश राज्य सेवानिवृत अर्ध सैनिक समन्वय समिति एवं कल्याण संघ की ओर से मांग पत्र भी सौंपा। उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि भारतीय सेना, नौ सेना तथा वायु सेना के लिए सैनिक कल्याण बोर्ड का गठन किया गया है जबकि सेवानिवृत अर्ध सैनिक बल के जवान भी इसी तरह के अर्धसैनिक कल्याण बोर्ड के गठन की मांग 30 वर्ष से कर रहे हैं। देश की सुरक्षा के परिपेक्ष्य में सैनिकों तथा अर्ध सैनिकों की अहम भूमिका है तथा दोनों ही विंग अपने कर्तव्यों का ईमानदारी के साथ निर्वहन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बल अधिनियम के तहत अर्ध सैनिक कल्याण बोर्ड के गठन को लेकर मुख्यमंत्री सुक्खू के साथ विस्तार से चर्चा की गई तथा मुख्यमंत्री ने भी इस मामले में उपयुक्त कदम उठाने के लिए कहा है। अर्ध सैनिक बलों में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, सीमा सुरक्षा बल, भारतीय तिब्बत सीमा बल, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, असम राइफल्स इत्यादि अर्ध सैनिक शामिल हैं। हिमाचल प्रदेश राज्य अर्ध सैनिक समन्वय एवं कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री तथा उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया का आभार व्यक्त करते अर्ध सैनिक कल्याण बोर्ड के गठन के लिए तत्परता के साथ कार्य करने का आग्रह किया है ताकि अर्ध सैनिक बलों को सुविधाएं मिल सकें।

### कार पलटने से चालक घायल, चार युवा बाल-बाल बचे

**एके शर्मा, अनंत ज्ञान, गलोड़।** कांगू से गलोड़ सड़क पर जियाना सरेड़ी के बीच सोमवार सुबह 7.40 पर एक बड़ा हादसा होने से टल गया जब एक कार एचपी-51-2111 अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। इस जगह पर लोक निर्माण विभाग ने एक ओर ढंगा भी लगाया है मगर डंगे के साथ मिट्टी नहीं उठाने की बजह से यहां पानी भरा रहता है, ऐसे में इस जगह पर आए दिन हादसे हो रहे हैं। लोगों ने इस मामले पर लोक निर्माण विभाग को भी अवगत करवाया मगर विभाग अभी तक इस पर कोई भी कार्रवाई नहीं कर पाया है। वहीं जानकारी अनुसार आज हुए हादसे में पांच युवा जो कालेज में पढ़ाई करते थे वह गाड़ी में सवार थे। इनमें चार लड़के और एक लड़की शामिल थी और गाड़ी पलटने के बाद सभी घबरा गए थे। इसमें एक युवक को चोट लगी है और अन्य चार सुरक्षित हैं। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने इन युवाओं की मदद की। यह गाड़ी नादौन ब्लाक की पिछड़ी पंचायत कश्मीर पंचायत की बताई जा रही है। इस बारे में पुलिस चैकी गलोड़ में तैनात मुंशी ने बताया कि इस तरह का कोई भी मामला उनके पास नहीं पहुंचा है। वहीं लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता अमन कुमार धनेटा ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है तुरंत प्रभाव से उन्होंने मिट्टी उठाने के आदेश संबंधित एरिया के जेई को दे दिए हैं ताकि भविष्य में कोई हादसा न हो।

### नदी में बहे बच्चे का 48 घंटे बाद भी कोई सुराग नहीं

**सपना सूद, अनंत ज्ञान, चौपाल, नेरवा।** सड़क हादसे में लापता बच्चा का 48 घंटें बीत जाने के बाद भी कोई सुराग नहीं लगा है। एसडीएम चौपाल हेमचंद वर्मा और डीएसपी सुशांत शर्मा की अगुवाई में अग्नि शमन विभाग चौपाल व गृह रक्षक और पुलिस के जवान के अतिरिक्त राधास्वामी सत्संग ब्यास के स्वंयसेवक लापता बच्चे की तलाश अलग-अलग समूहों में शालवी नदी के किनारे कर रहे हैं। पानी से उफनती नदी और फिसलन भरी चट्टानें खोज अभियान में बड़ी चुनौती बनी हुई हैं। गौर रहे शनिवार नेरूवा फेडजपुल मुख्य मार्ग पर टंडोरी व बथाल के बीच एक स्कार्पियो गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी जिसमें चार लोग व एक 8 से 10 साल का लड़का सवार था। इस दुर्घटना मे दो व्यक्तियों की मौत और दो घायल हो गए थे। इसके अलावा बलविंद्र कौर का एक दस वर्षीय लड़का नदी में बह गया था। डीएसपी चौपाल सुशांत शर्मा ने कहा कि गोताखोर और ड्रोन केमरे की भी मदद ली जाएगी

# प्रदेश की हरी-भरी वादियों में आरी का निर्मम प्रहार जारी

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की सुरम्य वादियों में, जहां सेब के बागान खुशहाली और जीवन का प्रतीक थे, आज चेनसॉ की क्रूर गर्जना के साए में कराह रहे हैं। ये महज वृक्षों का कटान नहीं, बल्कि दशकों से जमा हुई प्रशासनिक निकम्मेपन और राजनीतिक उदासीनता का कड़वा फल है, जिसे अब आम जनता चुका रहा है। प्रकृति की उदारता से सराबोर इन पहाड़ों में आज भी, भारी वर्षा के बावजूद, सेब और नाशपाती के उन हजारों पेड़ों को काटा जा रहा है, जो पीढ़ियों से स्थानीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ रहे हैं। चैंथला, बड़ागांव, कुमारसैन और सराहन जैसे इलाकों में यह अभियान पूरी निर्ममता से जारी है, और इस कार्रवाई के पीछे केवल न्यायिक आदेश नहीं, बल्कि उन अनेक सरकारों और अकर्मण्य अधिकारियों की सामूहिक विफलता का बोझ है, जिन्होंने अपनी आंखों के सामने इस अवैध कब्जे की महामारी को पनपने दिया।

यह विडंबना ही है कि हिमाचल प्रदेश में वन भूमि पर अवैध कब्जे की समस्या रातों-रात पैदा नहीं हुई। इसकी जड़ें दशकों पुरानी हैं, और

### दशकों की लापरवाही का दंड, सेब के सैकड़ों पेड़ अब हो रहे हैं जमींदोज

इसके लिए सीधे तौर पर सत्तासीन सरकारों की दूरदृष्टि की कमी और संबंधित विभागों के अधिकारियों की घोर लापरवाही जिम्मेदार है। 1975 के आपातकाल के दौरान, और उसके बाद भी, भूमिहीन गरीबों को बसाने के नाम पर अस्थायी या अनौपचारिक रूप से जमीनें आवंटित की गईं। यह जानते हुए भी कि इनमें से वन भूमि भी थीं, न तो तब कोई स्पष्ट नीति बनाई गई और न ही बाद की सरकारों ने इस जटिल मुद्दे को सुलझाने का कोई सार्थक प्रयास किया।

जानकारी के अनुसार राजस्व और वन विभाग के अधिकारी, जिनकी जिम्मेदारी इन भूमियों की सुरक्षा करना था, अक्सर मूकदर्शक बने रहे और कई मामलों में तो प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से इन कब्जों को बढ़ावा भी मिला। भू-माफियाओं और कुछ स्थानीय प्रभावशाली लोगों ने इस निष्क्रियता का फायदा उठाया और देखते ही देखते छोटे-मोटे कब्जे विशाल बागानों में तब्दील हो गए।

### 2002 में हुई अतिक्रमित भूमि की पहचान

2002 में जब तत्कालीन सरकार ने इन कब्जों को नियमित करने की योजना शुरू की, तो 57,000 से अधिक मामलों में 1.23 लाख बीघा से ज्यादा अतिक्रमित भूमि की पहचान हुई। यह आंकड़ा स्वयं अधिकारियों की पिछली नालायकी और अनदेखी का जीता-जागता प्रमाण था, लेकिन यह योजना भी राजनीतिक खींचतान और अदालती पेचीदगियों में उलझकर दम तोड़ गई, जिससे समस्या और भी विकट हो गई।



अवैध रूप से लगाए गए सेब के वृक्षों को काटते वन विभाग के कर्मचारी।

### हजारों परिवार गंवा रहे मेहनत का फल

**न्यायिक** आदेश का कठोर सत्य और वन अधिकार अधिनियम की उपेक्षा आज जो कटान अभियान चल रहा है, वह हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के कठोर निर्देशों का सीधा परिणाम है। अदालत ने न केवल अवैध कब्जादारों को हटाने का आदेश दिया है, बल्कि पेड़ों की कटाई और उससे जुड़े खर्चों की वसूली भी उन्हीं से करने का फरमान सुनाया है। इसमें कोई संदेह नहीं कि न्यायपालिका ने अपनी भूमिका निभाई है, लेकिन यह भी कटु सत्य है कि उसे यह हस्तक्षेप राज्य सरकार की निरंतर अनिर्णय की स्थिति और संबंधित विभागों की उदासीनता के कारण करना पड़ा। विडंबना यह है कि 2006 का वन अधिकार अधिनियम पारंपरिक वनवासियों को उन भूमियों पर कानूनी अधिकार प्रदान करता है जिन पर वे पीढ़ियों से निर्भर रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि ऐसे अधिकारों के सत्यापन के बिना कोई भी बेदखली नहीं की जानी चाहिए। फिर भी, हिमाचल प्रदेश में इस महत्वपूर्ण कानून का क्रियान्वयन अत्यंत धीमी गति से हुआ है। अधिकार सत्यापन की प्रक्रिया, जो लाखों परिवारों को राहत दे सकती थी, केवल कागजी खानापूर्ति बनकर रह गई है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक द्वारा हाल ही में दिए गए हलफनामे के अनुसार लगभग 5,700 हेक्टेयर वन भूमि पर 80,000 से अधिक अतिक्रमण के मामले मौजूद हैं, जिनमें से केवल 10,000 के आसपास ही अनुमोदित किए गए हैं। लेकिन अब आज हजारों परिवार अपनी पीढ़ियों की मेहनत का फल गंवा रहे हैं।

### बारिश के बीच मुहिम जारी

**आज** भी, जब हिमाचल प्रदेश के कई इलाकों में भारी बारिश जारी है, कोटखाई के चैंथला, बड़ागांव, कुमारसैन और सराहन में अवैध कब्जे हटाने की मुहिम बदस्तूर जारी है। स्थानीय प्रशासन, राजस्व विभाग और वन विभाग के अधिकारी पूरी मुस्तैदी से पुलिस बल के साथ इस अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं। यह स्थिति न केवल प्रभावित परिवारों के लिए भयंकर मानवीय पीड़ा का कारण बन रही है।

अनंत ज्ञान खास खबर

### अतिक्रमण पर प्रशासन का ऑपरेशन क्लीन : मोहनलाल

**शिमला** जिला में कोटखाई के एसडीएम मोहनलाल ने कहा है कि वन भूमि पर अवैध कब्जों को हटाने का अभियान तेजी से जारी है, यह अभियान पूरी तरह से कानून का पालन करते हुए चलाया जा रहा है, जिसमें स्थानीय लोगों क पूरा सहयोग मिल रहा है। उनके मुताबिक आज भी, कोटखाई के चैंथला में अवैध कब्जे छुड़ाने और पेड़ों को काटने का काम जारी रहा। इस अभियान में राजस्व, वन विभाग और स्थानीय प्रशासन कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रहे हैं, और मौके पर पुलिस बल भी मौजूद है ताकि शांति व्यवस्था बनी रहे।

## विधायी समितियां लोकतंत्र की रीढ़ : पठानिया

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित पीठासीन अधिकारियों की समिति की बैठक में विधायी समितियों को हमारी विधायिकाओं की रीढ़ बताया। उन्होंने जोर देकर कहा कि ये समितियां गहन जांच-पड़ताल, द्विदलीय विचार-विमर्श और प्रभावी निगरानी को संभव बनाती हैं।

पठानिया ने बताया कि उन्होंने इन समितियों की पूर्ण क्षमता को बाधित करने वाली कई चुनौतियों का सामना किया है। वे दिल्ली से वायुमार्ग द्वारा भोपाल पहुंचे थे ताकि लोकसभा अध्यक्ष द्वारा गठित पीठासीन अधिकारियों की समिति प्रणाली के सुदृढ़ीकरण विषय पर समीक्षा बैठक में भाग ले सकें।



भोपाल में अधिकारियों की बैठक में पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया।

### बैठक की मुख्य बातें और महत्वपूर्ण सुझाव

**बैठक** की शुरुआत मध्य प्रदेश विधानसभा परिसर में सभी पीठासीन अधिकारियों द्वारा किए गए पौधरोपण से हुई। मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने उपस्थित अधिकारियों को सम्मानित किया। बैठक को उत्तर प्रदेश विधानसभा के सतीश महाना, राजस्थान के वासुदेव , ओडिशा की सूरमा, सिक्किम के मिम्मा नोरबू शेरपा ने भी संबोधित किया।

### किसी भी कार्य को हल्के में न लिया जाए : पठानिया

**पठानिया** ने कहा कि अब समय आ गया है कि किसी भी कार्य को हल्के में न लिया जाए। उन्होंने कहा, जनता और समाज अब जागृत हो चुका है, और हमें जवाबदेही सुनिश्चित करनी होगी। आज डिजिटल और टेक्नोलॉजी का जमाना है, जहां सोशल मीडिया के माध्यम से खबर आग की तरह फैलती है, वहीं जनता ही परोक्ष रूप से जवाब देना शुरू करती है।

## आपदाग्रस्त क्षेत्रों में पुनर्वास पहली प्राथमिकता : अनुराग

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदा से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करते हुए हमीरपुर लोकसभा सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि आपदा प्रभावित परिवारों के पुनर्वास को प्राथमिकता दी जा रही है।

सराज विधानसभा के बगस्याड़, थुनाग और सराज बाजार में उन्होंने आपदा पीड़ितों से मिलकर उनका हाल जाना, ढांढस बंधाया और राहत सामग्री का वितरण किया। उन्होंने बताया कि उनके निजी प्रयासों से स्कूली बच्चों को 1000 स्कूल बैग, 2000 कॉपियां, 2000 पेंसिलें, 1000 पेन-बॉक्स, 5000 बिस्किट पैकेट, 5000 प्रोटीन बॉक्स तथा 1000 क्लिप बोर्ड वितरित किए गए, ताकि उनकी पढ़ाई प्रभावित न हो।



पठन पाठन सामग्री के साथ छात्र व अनुराग ठाकुर, जयराम ठाकुर और अन्य।


### बच्चों को राहत सामग्री, 2000 से अधिक लोगों को मिला स्वास्थ्य लाभ

अनुराग ठाकुर ने कहा कि शिक्षा में बाधा न आए, इसलिए यह प्रयास विशेष रूप से किया गया है।

सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा के माध्यम से अब तक 2000 से अधिक लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिल चुका है, जिनमें जांच, दवाइयां, उपचार और सेनिटरी पैड वितरण शामिल हैं। सोमवार को ही 338 लोगों ने इस सेवा का लाभ लिया। केंद्र सरकार पहले भी हर आपदा में साथ खड़ी रही है और भविष्य में भी हरसंभव सहायता दी जाएगी।

## अवैध पेड़ काटने से पहले जवाबदेह कर्मचारियों पर हो कार्रवाई : शांता

**अनंत ज्ञान, शिमला।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने एक भावुक बयान में सुप्रीम कोर्ट और हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के उस निर्णय पर सवाल उठाया है जिसमें राज्य की वन भूमि पर अवैध रूप से लगाए गए सेब के बगीचों को काटने के आदेश दिए गए हैं। शांता ने कहा कि हिमाचल के एक गांव में करीब 300 बीघा वन भूमि पर गैरकानूनी कब्जा कर 4000 सेब के पौधे लगाए गए थे। आज वहां लहलहाता बगीचा है और पेड़ों पर सेब लगे हैं, लेकिन अब अदालती आदेशों के तहत इन्हें काटा जा रहा है। शांता ने कहा कि यह देखकर उनका मन अत्यंत दुखी हुआ क्योंकि यह केवल एक गांव की नहीं, पूरे प्रदेश की कहानी है। राज्य भर में लाखों-करोड़ों की वन भूमि पर अवैध कब्जे वर्षों से हो रहे हैं।



यह कब्जा एक दिन में नहीं हुआ। 4000 पौधे लगने और फल आने में सालों लगते हैं। जब शुरुआत में ये गैरकानूनी बगीचा लगाया गया, तब सरकार और उसके कर्मचारी कहां थे ? उन्होंने आरोप लगाया कि यह सब भ्रष्टाचार की वजह से हुआ, जहां कुछ चांदी के सिक्कों ने ईमानदारी को खरीद लिया। शांता ने अदालतों से निवेदन करते हुए पूछा कि जब पेड़ काटने का आदेश दिया गया, तो यह आदेश क्यों नहीं दिया गया कि उस समय के जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई हो ? उन्होंने न्यायपालिका से अपील की कि ऐसे मामलों में केवल परिणाम नहीं, बल्कि कारणों के मूल में जाकर कार्रवाई की जाए।

## शांडिल ने सराज के आपदा प्रभावितों का जाना हाल

अनंत ज्ञान, मंडी

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता व सैनिक कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनीराम शांडिल ने सोमवार को मंडी जिला के सराज में आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर यहां हुए नुकसान तथा राहत एवं पुनर्वास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि सराज विधानसभा क्षेत्र में राहत एवं पुनर्वास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू के संवेदनशील नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने प्रभावी कदम उठाए हैं।

राज्य सरकार की ओर से सराज क्षेत्र को सात करोड़ रुपए तुरंत प्रभाव से जारी किए गए हैं। आपदा में बेघर हुए परिवारों को गृह निर्माण के लिए सात लाख रुपए तथा छह माह तक मकान किराए के रूप में पांच हजार रुपए प्रतिमाह प्रदान किए जाएंगे। क्षतिग्रस्त घरों के सामान और पशुधन का मुआवजा भी प्रदेश सरकार देगी।

उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारियों को सभी प्रकार के नुकसान का आकलन करने के निर्देश दिए गए हैं। फूलों की खेती और सेब बागवानी को हुए नुकसान का आकलन किया जाएगा।



प्रभावित क्षेत्रों में जायजा लेने के दौरान लोगों से बातचीत करते हुए डॉ. धनीराम शांडिल।

### 13,353 से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच

**अभी** तक सराज के आपदा प्रभावित थुनाग व जंजैहली क्षेत्रों में 13,353 से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित की गई है। इसके अतिरिक्त 5527 रोगियों को घर-गांव में आवश्यक दवाइयां उपलब्ध करवाई गई हैं। उन्होंने कहा कि आपातकालीन एवं गंभीर बीमारी से ग्रस्त रोगियों के लिए प्रचुर मात्रा में दवाइयों का भंडारण किया गया है। चिकित्सा अधिकारी जंजैहली, बगस्याड व करसोग के लिए तीन आपातकालीन चिकित्सा किट, 62 बॉक्स दवाइयों व इंजेक्शन के भेजे गए हैं। ओआरएस के पैकेट भी बांटे जा रहे हैं।

### 167 पेयजल योजनाएं चालू

**विभाग** की ओर से बगस्याड़ क्षेत्र में जन्म प्रतिक्षा गृह स्थापित किया गया है जो कि प्रसव पूर्व मातृत्व संबंधी मामलों तथा सुरक्षित प्रसव में उपयोगी भूमिका निभा रहा है। जरूरतमंद रोगियों एवं गर्भवती महिलाओं को मेडिकल कॉलेज नेरचौक तथा क्षेत्रीय अस्पताल मंडी तक सुरक्षित पहुंचाया गया है। उन्होंने कहा कि सड़क, बिजली, पेयजल सहित सभी आवश्यक सेवाएं बहाल करने के लिए भी युद्ध स्तर पर कार्य जारी है। थुनाग मंडल के अंतर्गत जल शक्ति विभाग की बुरी तरह से क्षतिग्रत 241 पेयजल योजनाओं में से 167 पेयजल योजनाओं को अस्थायी तौर पर चालू कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त 339 हैंडपंप क्रियाशील कर लोगों को पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

## 21 साल बाद कनिष्ठ सहायक ओंकार सिंह को मिला न्याय

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** माननीय उच्च न्यायालय द्वारा ओंकार सिंह कनिष्ठ सहायक की सेवाएं बहाल करने के आदेश जारी कर दिए हैं। यौन उत्पीड़न के केस में वर्ष 2004 में कनिष्ठ सहायक की एमडी वन निगम ने प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन कर सेवाएं समाप्त की थी। उच्च न्यायालय ने प्रबंध निदेशक हिमाचल प्रदेश राज्य वन विकास समिति शिमला को ओंकार सिंह कनिष्ठ सहायक की सेवाएं, सेवा से हटाए जाने की तिथि से 31 मार्च 2004 से बहाल करने के आदेश दिए हैं।

न्यायालय ने सुनवाई में कहा कि याचिकाकर्ता वन निगम के सेवा नियमों और सीसीएस नियमों द्वारा शासित था, इसलिए सीसीएस रूल 1965 के नियम-14 के अंतर्गत जांच अनिवार्य थी। ऐसी जांच का न होना प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का गंभीर उलंघन है। न्यायालय ने कहा कि इस स्थिती में द्वितीय प्रतिवादी द्वारा पारित 31 मार्च, 2004 व चतुर्थ प्रतिवादी द्वारा जारी 4 अप्रैल, 2004 के आदेश को कायम नहीं रखा जा सकता है तथा निरस्त किया जाना चाहिए।

मामले के अनुसार ओंकार सिंह वर्ष 2002-03 में वन निगम के मंडलीय प्रबंधक हमीरपुर के कार्यालय में कनिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत था। इसी दौरान मंडलीय कार्यालय की 4 महिला सहकर्मियों ने ओंकार सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायत की थी। शिकायतों को जांच के लिए मुख्यालय में गठित योन उत्पीड़न कमेटी को एमडी वन निगम के कार्यालय भेजा गया। उच्च न्यायालय द्वारा 21 वर्षों के बाद ओंकार सिंह को सेवा से हटाने की तिथि से पुन: बहाल करने व सभी लाभ दिए जाने के आदेश जारी किए हैं।

## हारे हुए नेता अब सत्ता की दलाली में जुटे हैं : बिक्रम ठाकुर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

पूर्व उद्योग मंत्री एवं जसवां प्रागपुर के विधायक बिक्रम ठाकुर ने कहा है कि क्षेत्र में माफिया को बढ़ावा देने के लिए कांग्रेस पार्टी ने एक ऐसे नेता को आगे कर रखा है जिसे जनता दो बार नकार चुकी है। उन्होंने कहा कि अब यह हारा हुआ नेता खुद को मुख्यमंत्री का साला बताकर राजनीतिक प्रभाव जमाने की कोशिश कर रहा है, जो न केवल हास्यास्पद है, बल्कि क्षेत्र की जनता का अपमान भी है।



बिक्रम ठाकुर ने तीखे शब्दों में कहा कि अब कांग्रेस में जनसेवा की जगह पारिवारिक रिश्ते राजनीति का आधार बन चुके हैं। चुनाव हारने के बाद भी यदि कोई केवल मुख्यमंत्री से संबंध दिखाकर ठेके और ट्रांसफर बांट रहा हो, तो यह सीधे तौर पर भ्रष्टाचार और सत्ता की दलाली है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के संरक्षण में जसवां प्रागपुर में ट्रांसफर माफिया और ठेकेदार लॉबी को खुली छूट दी जा रही है। यहां अब योग्यता नहीं, नजदीकियों का बोलबाला है। और जो खुद को सत्ता का रिश्तेदार बताकर ठेके दिलवा रहा है, वो असल में क्षेत्र का सौदा कर रहा है। पूर्व मंत्री ने कहा कि जब वे सरकार में थे, तब जसवां प्रागपुर जैसे पिछड़े क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया गया।

बिक्रम ठाकुर ने कहा कि उन पर बार-बार बेबुनियाद आरोप लगाने वाले खुद को पहले जनता की अदालत में साबित करें। जो व्यक्ति चुनाव हारकर घर बैठना चाहिए, वो अब सरकारी गलियारों में माफिया राज चला रहा है। मुख्यमंत्री से संबंध होना क्या अब कांग्रेस में अघोषित योग्यता बन गया है ? उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व से पूछा कि आखिर क्या कारण है कि जसवां प्रागपुर में हारने वाले नेताओं को जबरन थोपने की कोशिश हो रही है ?

## संजीव खन्ना एचपीएनएलयू शिमला में बने विशिष्ट प्रोफेसर

**अनंत ज्ञान, शिमला।** भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने हिमाचल प्रदेश राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, शिमला में विशिष्ट प्रोफेसर के रूप में कार्यभार स्वीकार कर लिया है। एचपीएनएलयू के जनसंपर्क अधिकारी ने आज इसकी पुष्टि की। न्यायमूर्ति खन्ना, जो इसी वर्ष 13 मई को भारत के 51वें मुख्य न्यायाधीश के पद से सेवानिवृत्त हुए थे, का एचपीएनएलयू के साथ पुराना और मजबूत संबंध रहा है। इस नई अकादमिक भूमिका को स्वीकार करना, विधि शिक्षा के क्षेत्र में विश्वविद्यालय के बढ़ते कद को एक महत्वपूर्ण बल प्रदान करेगा। इस अवसर पर, कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रीति सक्सेना ने कहा कि न्यायमूर्ति खन्ना का जुड़ना न केवल एक महान सम्मान है।



**विमल नेगी मौत मामला** | सीबीआई को जांच पूरी करने का समय, रिपोर्ट की दाखिल

# आईएएस मीणा को मिली चार हफ्ते की अंतरिम जमानत

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने सोमवार को आईएएस अधिकारी हरिकेश मीणा को एक महत्वपूर्ण राहत दी है। एचपीसीएल के मुख्य अभियंता विमल नेगी की आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में उन्हें मिली गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा को चार सप्ताह के लिए बढ़ा दिया गया है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में आया है जब केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई), जो अब इस मामले की जांच कर रही है, ने अभी तक आरोपी अधिकारियों की हिरासत की मांग नहीं की है।

एचपीसीएल के मुख्य अभियंता विमल नेगी 10 मार्च को न्यू शिमला स्थित अपने कार्यालय से लापता हो गए थे। उनका शव 18 मार्च को भाखड़ा बांध से बरामद किया गया था। नेगी के परिवार ने वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा उत्पीड़न का

### सीबीआई ने अभी तक नहीं की आरोपी अधिकारियों की हिरासत की मांग

आरोप लगाया, जिसके बाद आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया गया। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने जांच की जिम्मेदारी सीबीआई को सौंप दी थी।

न्यायमूर्ति वीरेंद्र सिंह की अदालत में हुई सुनवाई के दौरान, सीबीआई के पूर्व वकील ने एक सीलबंद लिफाफे में स्थिति रिपोर्ट दाखिल की। सीबीआई के वकील जनेश महाजन ने अदालत को बताया कि एजेंसी अभी भी विभिन्न राज्य एजेंसियों से प्राप्त सामग्री का विश्लेषण कर रही है और मीणा की जमानत याचिका पर अपना अंतिम रुख प्रस्तुत करने के लिए अतिरिक्त समय चाहती है।

### बहस के लिए चार सप्ताह का दिया समय

**मीणा,** जो व्यक्तिगत रूप से अदालत में मौजूद थे, ने सुबह की सुनवाई में अनुपस्थित रहने के लिए माफी मांगी। उनके वकील भी उपस्थित थे। कोर्ट ने अब दोनों पक्षों को जमानत मामले पर बहस के लिए चार हफ्ते का समय दिया है और अगली सुनवाई तक मीणा को अंतरिम संरक्षण प्रदान किया है।

### एजेंसी सावधानीपूर्वक जांच को बढ़ा रही आगे

**यह** ध्यान देने योग्य है कि सीबीआई ने जांच का जिम्मा संभालने के बाद से, आरोपी अधिकारियों की पुलिस हिरासत मांगने के लिए कोई आवेदन नहीं किया है। इस तथ्य से संकेत मिलता है कि एजेंसी अपनी जांच को सावधानीपूर्वक आगे बढ़ा रही है। एजेंसी द्वारा हर तथ्य को सावधानी से जांचा जा रहा है।

### अगली सुनवाई में महत्वपूर्ण मोड़ आने की उम्मीद

**सीबीआई** से अपेक्षा की जा रही है कि वह आखिरकार आईएएस अधिकारी हरिकेश मीणा और एचपीपीसीएल के निदेशक (विद्युत) देश राज के खिलाफ लगे आरोपों पर अपनी स्थिति स्पष्ट करे। ऐसे में अब अगली सुनवाई में महत्वपूर्ण मोड़ आने की उम्मीद है। इसमें अब एजेंसी की जांच महत्वपूर्ण रहेगी।

## अनरजिस्टर्ड साइट से पैराग्लाइडिंग करवाने पर आपरेटर व पायलट को नोटिस

अनंत ज्ञान, धर्मशाला

अनरजिस्टर्ड साइट में पैराग्लाइडिंग करवाने पर पर्यटन विभाग की ओर से आपरेटर व पायलट को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। यही नहीं एयरो स्पोर्ट्स रूल्स के तहत पायलट का लाइसेंस रद्द होने के साथ जुर्माना का भी प्रावधान है।

पर्यटन विभाग से मामले को लेकर साइट और पायलट के पंजीकरण सहित अन्य बिंदुओं पर रिपोर्ट मांगी है। गौरतलब है कि रविवार को इंद्रूनाग से ऊपर बनगोटू में विकसित की जा रही पैराग्लाइडिंग साइट, जोकि अभी रजिस्टर्ड नहीं है, से उड़ान भरते ही पैराग्लाइडर के क्रैश होने से अहमदाबाद के सतीश (25) पुत्र राजेश भाई निवासी रोहित बास्स गिरमाथा अहमदाबाद (गुजरात) को लेकर पायलट सूरज निवासी टऊ धर्मशाला ने उड़ान भरी थी। उड़ान भरते ही दोनों नीचे सड़क पर जा गिरे थे, जिसमें सतीश को गंभीर चोट आई थी, जिसकी टांडा अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। उधर, जिला पर्यटन अधिकारी विनय धीमान ने बताया कि बनगोटू साइट अभी तक पंजीकृत नहीं है और गैर कानूनी तौर पर भरी गई उड़ान से पर्यटक की मौत हुई है।

पैराग्लाइडिंग गतिविधियां 15 जुलाई से 15 सितंबर तक प्रतिबंधित रहती हैं, लेकिन धर्मशाला में हुए हादसे के चलते सोमवार से ही जिला में पैराग्लाइडिंग गतिविधियों को बंद कर दिया गया है, जो कि 15 सितंबर तक बंद रहेंगी। एसडीएम धर्मशाला मोहित रत्न ने कहा कि रविवार को घटित पैराग्लाइडिंग हादसे की जांच के आदेश जारी कर दिए गए हैं।

## बागवानों को राहत दे प्रदेश सरकार : जयराम

**अनंत ज्ञान, मंडी।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि आपदा की वजह से बागवानी कृषि और फूलों को खेती से जुड़े तमाम ढांचे पूरी तरीके से नष्ट हो गए हैं। कृषि, बागवानी और फूलों की खेती ही यहां के लोगों के आजीविका का मुख्य आधार से जो पूरी तरीके से नष्ट हो गए हैं। बहुत सारी किसानों ने किसान क्रेडिट कार्ड से लोन लेकर ही यह काम कर रहे थे। आपदा की वजह से सब कुछ पूरी तरीके से नष्ट हो गया है और लोगों के कर्ज वैसे के वैसे हैं। इसलिए मैं सरकार से आग्रह करता हूं कि वह आपदा प्रभावित लोगों के किसान क्रेडिट कार्ड के कर्ज को भी माफ करने का प्रबंध करें, जिससे प्रभावित लोग प्राकृतिक आपदा के साथ बैंक के ब्याज की दोहरी मार से बच सकें।



जयराम ने कहा कि आपदा की वजह से 600 से ज्यादा पूरी तरीके से नष्ट हो गए हैं। 1000 से ज्यादा घर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त है, लेकिन वह रहने लायक नहीं है। मेरी मुख्यमंत्री से गुजारिश है कि जो घर रहने लायक नहीं है उन्हें भी सरकार पूर्णत: क्षतिग्रस्त की कैटेगरी में रखें और उसके अनुसार मुआवजा दे।

दोषैरेतैः कुलघ्नानां वर्णसङ्करकारकैः। उत्साद्यन्ते जातिधर्माः कुलधर्माश्च शाश्वताः॥

इन वर्ण संकरकारक दोषों से कुल घातियों के सनातन कुल-धर्म और जाति-धर्म नष्ट हो जाते हैं॥

अनंत ज्ञान
www.anantgyaan.in
कांगड़ा | मंगलवार, 15 जुलाई 2025

शिवजी से बड़ी शिवभक्त की महिमा

# भोलेनाथ ने स्कंद जी को स्वयं बताया रहस्य

**शिवजी बोले, मैं अधिक तपस्या से, दान से कभी प्रसन्न नहीं होता हूं। मैं तो केवल भक्ति के लेशमात्र से ही संतुष्ट हो जाया करता हूं और उस अपने भक्त को शीघ्र ही परम पद प्रदान कर देता हूं...**



## शिव महिमा

का व्याख्यान तो बड़े से बड़ा योगी तपस्वी भी नहीं कर सकता, तो हम सांसारिक मानव अनेक दोषों से युक्त कैसे कर सकते हैं। शिव महिमा तो अपरंपार है, जिसका गुणगान तो संत महात्मा ही कर सकते हैं। शिव लीला तो अनंत है, लेकिन शिव भक्त की महिमा भी महासागर है। शिव भक्त उसी महासमुद्र में गोता लगाकर शिव और शिव भक्त की महिमा का अमृत पान करना चाहते हैं, जो भविष्य में उन्हें मोक्ष और भक्ति प्राप्ति के लिए प्रभु धाम में गुरु कृपा से ले जाने में सहायक है। सूर्य पुराण में शिव भक्त की इस महिमा का बड़ा ही अद्भुत वर्णन कर समस्त शिव भक्तों पर अनुग्रह किया है। श्री सूत जी ने कहा कि हे मुनिश्रेष्ठो। मैं एक अन्य महाव्रत के विषय में बतलाऊंगा। आप लोग इसका सावधान होकर श्रवण करिए। श्री स्कंद के पूछने पर स्वयं भगवान शिव ने इसका वर्णन किया था। स्कंद जी ने कहा कि हे देवों के देव। आप तो महान देव हैं और आपने चंद्रमा को अपने मस्तक पर धारण कर लिया है। हे देवाधिदेव! आप समस्त ब्रह्मांड के ईश्वर हैं तथा करुण रूपी अमृत के महासागर हैं। आप कृपा कर यह बतलाइए कि आप क्या करने से बहुत शीघ्र प्रसन्न होते हैं और किस तरह आपका ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है। आपके विषय का योग क्या है और आपसे संबंध रखने वाला ज्ञान क्या है। हे महादेव! यही सब आप मुझे अपना पुत्र समझकर स्नेहपूर्वक बताने की कृपा कीजिए। स्वयं महादेव बोले, हे स्कंद! मेरा भक्त सर्वदा मेरा हृदय है। कोई गुणों में अधिक हो वह मेरा प्रिय नहीं होता है। चाहे सर्वज्ञानी हो, सभी आचार्यों का विलोम ही क्यों न करने वाला हो, परंतु मन वाणी और शरीर से मुझमें ही परायण रहने वाला हो, तो वह निश्चय ही मुक्त हो जाया करता है इसमें कुछ भी संशय नहीं है। मैं अधिक तपस्या से, दान से कभी प्रसन्न नहीं होता हूं। मैं तो केवल भक्ति के लेशमात्र से ही संतुष्ट हो जाया करता हूं और उस अपने भक्त को शीघ्र ही परम पद प्रदान कर देता हूं, जो त्रिपुंड को धारण करने वाला हो, अभक्ष्य पदार्थों से दूर रहता हो, धूम्रपान न करता हो, निरंतर शांत रहता हो और रुद्राक्ष को धारण करने वाला, दंभ से सहित और सत्य संकल्प हो, वही मेरा उत्तम भक्त होता है।

**-अनिल शर्मा, नौबाही, मंडी।**



## श्रावण संक्रांति

से भगवान शिव के पार्थिव शिवलिंग का पूजन आरंभ हो जाएगा। हालांकि, श्रावण कृष्ण पक्ष का आरंभ हो चुका है, लेकिन श्रावण संक्रांति 16 जुलाई को होगी, तदोपरांत पूरा माह जन समुदाय शिव की भक्ति में लीन हो जाएगा। श्रावण मास में पार्थिव शिवलिंग पूजन का बड़ा महत्व है, लेकिन सोशल मीडिया के युग में बहुत से लोग घरों में मिट्टी का शिवलिंग न बनाकर मंदिर में ही जलाभिषेक का आते हैं, लेकिन मिट्टी का शिवलिंग बनाकर उसका विविध उपचारों से पूजन करने से अनंत गुणा फल की प्राप्ति होती है। सूर्य के कर्क राशि में प्रवेश करने से श्रावण संक्रांति आती है और सूर्य दक्षिणायन की ओर प्रवेश करेंगे। श्रावण से पौष मास तक सूर्य का उत्तरी छोर से दक्षिणी छोर तक जाना दक्षिणायन होता है। इस मास में प्रतिदिन श्री शिवमहापुराण व शिव स्तोत्रों का विधिपूर्वक पाठ करके दूध, गंगा-जल, बिल्बपत्र, फल इत्यादि सहित शिवलिंग का पूजन करना चाहिए। इसके साथ ही इस मास में नमः शिवायः मंत्र का जाप करते हुए शिव पूजन करना लाभकारी रहता है। इस मास के प्रत्येक मंगलवार को श्री मंगलागौरी का व्रत, पूजन इत्यादि विधिपूर्वक करने से स्त्रियों को विवाह, संतान व सौभाग्य में वृद्धि होती है।

# श्रावण में करें पार्थिव शिवलिंग पूजन

## पात्रतानुसार ही करें मंत्र जाप

पूजनकर्ता इस बात का ध्यान रखे कि नमःशिवायःमंत्र का जाप करे, अर्थात प्रणव का उच्चारण न करे, क्योंकि इसके उच्चारण अथाह शक्ति का प्रवाह होता है, जिसे संभालना सबके वश में नहीं होता और सबकी पात्रता भी नहीं होती है। जैसे डिलीवरी रूम में पुरुष डाक्टर तो जा सकता है, लेकिन पुरुष पति नहीं जा सकता है, उसी प्रकार मंत्रों से खिलवाड़ धीरे-धीरे सबकुछ नष्ट कर देता है, इस हेतु पात्रता के अनुसार ही मंत्र जप करना चाहिए, तभी सिद्धि प्राप्त होती है, अन्यथा अपराधों का ढेर लग जाता है। करुणा के सागर ईश्वर तो साधारण से साधारण स्तुति से भी प्रसन्न हो जाते हैं, उसमें कोई अपराध भी नहीं बनता है।



# उत्तर दिशा में कुबेर का वास



**कहते** हैं घर की उत्तर दिशा में भगवान कुबेर का वास होता है। अगर इस दिशा को वास्तु के अनुरूप रखा जाए, तो अपार धन और संपत्ति के मालिक हो सकते हैं। उत्तर दिशा में क्या करें और क्या न करें। घर की उत्तर दिशा में पानी का नल न लगाएं। इससे धन की हानि हो सकती है। घर की शांति के लिए उत्तर दिशा घर के मध्य भाग से नीचा होना चाहिए। घर में सुख-शांति के लिए उत्तर दिशा में किचन न बनवाएं। घर की उत्तर दिशा में पूजा स्थान और गेस्ट रूम शुभ होता है। घर के सदस्यों में प्यार बना रहे, इसलिए उत्तर दिशा में कोई भी दीवार टूटी हुई या किसी भी दीवार में दरार नहीं होनी चाहिए।

# आस्था और भक्ति का संगम अंजनी महादेव

**हिमाचल के पहाड़ों में भी बाबा अमरनाथ की भक्ति भोलेनाथ बाबा बर्फानी प्रकट हुए हैं। मनाली में यह वह जगह है, जहां भगवान शंकर अपने भक्तों को ठीक अमरनाथ की तरह बर्फ से बने प्राकृतिक शिवलिंग के रूप में दर्शन देते हैं। मनाली के पास स्थित यह मंदिर काफी प्रसिद्ध है। यहां भक्तों को शिवलिंग का झरने के जल से जलाभिषेक करने का अद्भुत नजारा देखने को मिलता है। शिवलिंग के दर्शन करने के लिए भक्तों की भारी भीड़ रहती है। मनाली के सोलांग घाटी में स्थित अंजनी महादेव दुनिया का सबसे बड़ा और आकर्षक प्राकृतिक शिवलिंग बनता है। मनाली से 15 किलोमीटर की दूरी पर है। यह प्राकृतिक शिवलिंग साढ़े ग्यारह हजार फुट की ऊंचाई पर बनता है। यह शिवलिंग अप्रैल, मई और जून में देश-विदेश से आए हुए सैलानियों के लिए आकर्षण और धार्मिक आस्था का केंद्र है। इस शिवलिंग का आकार 35 से 40 फुट तक ऊंचा हो जाता है। यह शिवलिंग अंजनी महादेव में बह रहे झरने के पानी से खुद व खुद बनता है। पारा कम होते ही शिवलिंग का आकार बनना शुरू हो जाता है। शीतकाल में इसका आकार लगभग 35 से 40 फुट ऊंचा हो जाता है।**



## मान्यताः माता अंजनी ने की थी साधना

**पुराणिक** मान्यता के अनुसार, त्रेतायुग में माता अंजनी ने इसी स्थान पर भगवान शिव की कठोर साधना की थी, ताकि उन्हें एक महान पुत्र की प्राप्ति हो। उनकी साधना से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें दर्शन दिए और पुत्र प्राप्ति का वरदान दिया, जिसके फलस्वरूप हनुमानजी का जन्म हुआ। इसलिए, इस स्थान को अंजनी महादेव के नाम से जाना जाता है और यह भक्तों के लिए एक पवित्र स्थान बन गया है। कहा जाता है कि माता अंजनी ने साठ हजार वर्षों तक सोलांग घाटी के ऊंचे क्षेत्र में भगवान शिव की आराधना की। भगवान शिव के दर्शन के कारण इस स्थान का नाम अंजनी महादेव पड़ा। यह मंदिर न केवल धार्मिक महत्ता रखता है, बल्कि प्राकृतिक सौंदर्य और शान्ति के लिए भी प्रसिद्ध है।

## दर्शन करने से होती हर मनोकामना पूरी

**मान्यता** है कि इस शिवलिंग के दर्शन करने से हर मनोकामना पूरी होती है। बर्फ में सौ मीटर नंगे पांव चलना होता है। अंजनी महादेव के दर्शन नंगे पांव चलकर किए जाते हैं। ऐसी मान्यता है कि धरती पर बर्फ से बनने वाला यह दूसरा शिवलिंग है । मनाली से सोलंग वैली पहुंचने के बाद श्रद्धालुओं को 2 किलोमीटर पैदल चलना पड़ता है। इसके अलावा वे घोड़े की सहायता से यहां पहुंच सकते हैं। अंजनी महादेव में तापमान शून्य से नीचे ही शिवलिंग का आकार बहुत तेजी से बढ़ने लगता है।



शिवालिका ठाकुर, हमीरपुर

# हाटू माता मंदिर शिमला

**जहां प्रकृति रचती है अध्यात्म का अनुपम श्रृंगार**

**इतिहास की परतों में लिपटा हाटू माता मंदिर**

**पौराणिक कथाएं और जनश्रुतियां का विचित्र संगम**



*"देवभूमि हिमाचल की गोद में जहां हिमालय की विराटता अपने सर्वोच्च शिखर पर दिखती है। जहां हर सांस में देवत्व का अनुभव होता है और जहां प्रकृति स्वयं अनवरत आराधना में लीन प्रतीत होती है, उसी पावन धरा पर शिमला से कुछ ही दूरी पर हाटू पर्वत की चोटी पर स्थित है हाटू माता मंदिर। यह केवल लकड़ी और पत्थरों से बनी एक संरचना नहीं, बल्कि यह आस्था और अलौकिकता का एक ऐसा पुंज है, जो हर हृदय को अपनी ओर खींच लेता है। यहां आकर लगता है मानो धरती और अंबर सदियों के बाद मिले हों और चारों दिशाओं से बहती बर्फीली हवाएं नहीं, बल्कि स्वयं देवी हाटू माता की स्तुति में मधुर भजन गूंज रहे हों। हर सांस के साथ एक दिव्य ऊर्जा का संचार होता है और जहां प्रकृति का सौंदर्य अपनी पराकाष्ठा पर पहुंचकर भक्तों और यात्रियों को एकटक निहारने पर विवश कर देता है। यह एक ऐसी आध्यात्मिक यात्रा है, जो आत्मा को शुद्ध करती है और मन को नवजीवन देती है। हाटू माता मंदिर का इतिहास सदियों पुराना है और यह लोक कथाओं, मान्यताओं और गहरी आस्थाओं के धागों से बुना हुआ है। यह मंदिर शक्ति की देवी दुर्गा के एक रूप, हाटू माता को समर्पित है।*

### दैवीय उत्पत्ति और राक्षसों का संहार

**स्थानीय** किंवदंतियों के अनुसार, यह वही पवित्र स्थान है, जहां देवी हाटू माता ने दुष्ट राक्षसों का संहार कर धर्म की स्थापना की थी। उन्होंने अपनी प्रचंड शक्ति से अंधकार पर विजय प्राप्त की और लोक-कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया। उनकी विजय और लोक-कल्याण के बाद भक्तों ने यहीं उनकी दिव्य शक्ति को चिरस्थायी रूप देने के लिए इस मंदिर का निर्माण किया, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी उनकी महिमा का अनुभव कर सकें।

### पांडवों का अज्ञातवास व मंदिर निर्माण

**कुछ** प्रचलित कहानियां महाभारत काल से भी इस मंदिर का संबंध जोड़ती हैं। ऐसा माना जाता है कि अपने अज्ञातवास के दौरान, धर्मनिष्ठ पांडवों ने इस सुरम्य और शांत क्षेत्र में कुछ समय बिताया था। उन्हीं के द्वारा इस प्राचीन मंदिर की नींव रखी गई थी, जो उनकी भक्ति और उस काल की वास्तुकला का प्रमाण है।

### बादलों से ऊंची आस्था, विहंगम दृश्यों का स्वर्ग और दिव्य अनुभव


**लगभग** 11,152 फुट (लगभग 3400 मीटर) की अविश्वसनीय ऊंचाई पर स्थित यह मंदिर हिमाचल प्रदेश के सबसे ऊंचे धार्मिक स्थलों में से एक है। इस ऊंचाई से चारों ओर फैले बर्फ से ढके हिमालय की चोटियों का विहंगम और अद्भुत दृश्य आंखों को मंत्रमुग्ध कर देता है। यहां खड़े होकर ऐसा लगता है मानो आप बादलों के बीच आ गए हों, धरती और आकाश के मिलन बिंदु पर खड़े हों, और पकृति की विशालता को अपनी आंखों से देख रहे हों। यह अनुभव केवल दृश्यगत नहीं, बल्कि आत्मिक भी होता है।

### प्रकृति का अनुपम आलिंगन, हरी-भरी वादियां

**मंदिर** तक पहुंचने का पथ घने देवदार और बलूत (ओक) के प्राचीन जंगलों से होकर गुजरता है। इन जंगलों की हरियाली, पक्षियों का मधुर कलरव और ताजी, स्फूर्तिदायक हवा मन को एक अलग ही शांति प्रदान करती है। सर्दियों में जब यह पूरा क्षेत्र बर्फ की सफेद चादर ओढ़ लेता है, तब यहां का नजारा किसी परीलोक से कम नहीं लगता। यह दृश्यावली किसी भी पकृति प्रेमी के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव होती है, जहां प्रकृति अपने सर्वाधिक शुद्ध रूप में उपस्थित है।

### हाटू पीक से सूर्योदय और सूर्यास्त का स्वर्णिम दृश्य

**मंदिर** के बिल्कुल पास ही हाटू पीक है, जहां से उगते सूरज की स्वर्णिम किरणें और ढलते सूरज की नारंगी आभा का नजारा अविस्मरणीय होता है। यह चोटी विशेष रूप से ट्रेकिंग और साहसिक गतिविधियों के शौकीनों के लिए एक लोकप्रिय गंतव्य है। यहां से दूर-दूर तक फैले पहाड़ों और घाटियों का नजारा अद्भुत होता है, जो फोटोग्राफरों और प्रकृति प्रेमियों को अपनी ओर आकर्षित करता है।



### सड़क मार्ग से पहुंच पहाड़ी रास्तों का अनुभव

**नारकंडा** से हाटू पीक तक का रास्ता थोड़ा कच्चा और खड़ी चढ़ाई वाला है। जिसके लिए अकसर एसयूवी या जीप जैसे वाहनों का उपयोग किया जाता है। सड़क की स्थिति मौसम के अनुसार बदल सकती है, खासकर बर्फबारी के दिनों में यह बंद भी हो सकती है, इसलिए यात्रा से पहले स्थानीय जानकारी लेना अत्यंत आवश्यक है। यह यात्रा स्वयं में एक साहसिक अभियान का अनुभव कराती है।

### रोमांचक प्राकृतिक अनुभव प्रकृति के करीब एक कदम

**जो** लोग रोमांच और प्रकृति के करीब रहना पसंद करते हैं, वे नारकंडा से हाटू मंदिर तक लगभग 7-8 किलोमीटर की रोमांचक ट्रेकिंग का विकल्प भी चुन सकते हैं। यह ट्रेक घने जंगलों और सुरम्य रास्तों से होकर गुजरता है, जो यात्रियों को प्रकृति के अनछुए सौंदर्य का अनुभव कराता है। हाटू माता मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि एक ऐसा अनुभव है, जो आपको प्रकृति की भव्यता, आध्यात्मिकता की गहराई और हिमाचल की समृद्ध संस्कृति से जोड़ता है।

**प्रस्तुतिः सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।**

## न्यूज ब्रीफ

### 7 दिन में क्षतिग्रस्त ढाटी पुल का डंगा लगाया



**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** पिछले दिनों भारी बारिश के कारण मौल खड्ड पर ढाटी-घैरा को जोड़ने वाले पुल का डंगा क्षतिग्रस्त हो गया था। लोक निर्माण विभाग ने सात दिन में डंगा लगा दिया है। सोमवार को प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन संजय सिंह चौहान ने निरीक्षण कर पुल को जनता को समर्पित कर दिया। पुल का डंगा पिछले दिनों भारी बरसात के कारण मौल खड्ड में आई बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हो गया था। इससे लोगों को आने जाने में दिक्कत आ रही थी। उन्होंने जनता से आग्रह किया कि जो लोग अवैध खनन कर रहे हैं, उनके नाम और गाड़ी नंबर बताए जाएं, ताकि उचित कार्रवाई की जा सके।

### थुरल कॉलेज में राष्ट्रीय शिक्षा नीति की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, डरोह।** महाराजा संसार चंद मेमोरियल राजकीय कॉलेज थुरल में बीए, बीएससी, बीकॉम व बीसीए प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए इंडक्शन कम ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य राका शर्मा ने कहा कि छात्र ही हमारे कल का भविष्य हैं, उन्हें सही रास्ता दिखाना एक अच्छे प्राध्यापक और महाविद्यालय का प्रथम उद्देश्य होता है। प्रो. रवि सिंह पालसरा ने खेल, अनुशासन, केंद्रीय छात्र परिषद के गठन की प्रक्रिया के बारे में मार्गदर्शन किया। प्रो. लेखा राम ने रोड सेफ्टी के बारे में जानकारी दी। डॉ. अमित कुमार शर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में जानकारी दी।

### शाहपुर में संत समागम में उमड़ी भारी भीड़

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** संत निरंकारी सत्संग भवन शाहपुर (सारनू) में संयोजक स्तरीय इंग्लिश मीडियम संत समागम का आयोजन किया गया। इसमें कांगड़ा, शाहपुर, नगरोटा बगवां, पंजपुली और सुनही ब्रांच से आए लगभग 400 भक्तों ने भाग लिया। शाहपुर के प्रभारी महात्मा अश्वनी वर्मा ने बताया कि समागम में धर्मशाला से आए महात्मा प्रो केवल ने संगत को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बेशक परमात्मा हमारे अंग-संग है, लेकिन पूर्ण सद्गुरु से ब्रह्मज्ञान प्राप्त करके ही इसे जाना जा सकता है। इस से पहले सुबह सेवा दल ने रैली निकाली, जिसमें करीब 200 भाई बहनों ने भाग लिया। सत्संग के बाद सभी ने लंगर प्रसाद ग्रहण किया।

### डेडलिफ्ट स्पर्धा में पलक, आदर्श ने झटके गोल्ड मेडल



**अनंत ज्ञान, डरोह।** राज्य स्तरीय बैंच प्रेस प्रतियोगिता में परौर के चार खिलाड़ियों ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। पालमपुर के घिंबलहार में आयोजित राज्य स्तरीय बैंच प्रेस एवं डेडलिफ्ट प्रतियोगिता में पलक चौधरी (19) ने दो स्वर्ण, आदर्श कुमार (17) ने दो स्वर्ण पदक तथा इसके साथ ही स्ट्रांग मैन का खिताब भी अपने नाम किया है। यशव धीमान (17) ने एक स्वर्ण व एक कांस्य पदक तथा अंशुल (17) ने एक कांस्य पदक अपने नाम किया है।

### श्रीकालीनाथ महादेव मंदिर धीरा की कमेटी गठित

**अनंत ज्ञान, डरोह।** श्री कालीनाथ महादेव मंदिर कमेटी धीरा की बैठक श्री काली दास मंदिर में हुई। बैठक में कमेटी का पुनर्गठन किया गया। राजेश कुमार अध्यक्ष, ध्रुव सिंह उपाध्यक्ष, महासचिव राजिंद्र सिंह काकू, राजकुमार सचिव, अजय महाजन को कोषाध्यक्ष, अमर चंद सूद मुख्य सलाहकार, अशोक कुमार सलाहकार, इनके साथ-साथ संजीव कुमार, श्याम पाल शम्मू, नरेश कुमार, हरनाम सिंह, शिखर महता, अमन सूद, कुलदीप सिंह, विक्रम जीत को सदस्य चुना गया। बैठक में निर्णय लिया कि हर तीसरे साल नव कमेटी गठित की जाएगी। प्रत्येक तीसरे माह के पहले रविवार को आयोजित की जाएगी। इसमें सभी पहलुओं और धार्मिक यह सामाजिक पर्वों को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

### अवैध खनन जोरों पर, विभाग व सरकार सोई: राकेश

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री राकेश पठानिया ने मंड क्षेत्र में अवैध खनन पर कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए सरकार व प्रशासन को घेरा है। मंडवासियों ने अवैध खनन पर हाईकोर्ट से याचिका दायर की थी, जिस पर कोर्ट का फैसला आया कि ब्यास नदी के मंड क्षेत्र में अवैध खनन पर रोक लगाई जाए। पठानिया ने कहा कि मंड क्षेत्र में अवैध खनन जोरों पर है, जबकि विभाग और सरकार सोए हुए हैं। क्या सरकार बयान देने के काबिल है। अब कोर्ट से अधिकारी को फटकार लगी है और उसे जिले के बाहर तैनात करने के आदेश दिए हैं।

### शिब्बोथान मंदिर में 20 से मेलों का आगाज

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** कांगड़ा जिले के अधीन भरमाड़ में स्थित सिद्धपीठ शिब्बोथान मंदिर हजारों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। मंदिर में हर वर्ष सावन-भादों माह में मेले लगते हैं तथा इस दौरान दूरदराज से श्रद्धालु माथा टेकने आते हैं। मंदिर का भगारा यानी मिट्टी व जलामृत पीने से ही जहर विकारों से मुक्ति मिल जाती है। अब 20 जुलाई से शिब्बोथान मंदिर में मेलों का आगाज होगा, जबकि 15 सितंबर को मेलों का समापन होगा।

### पंचायतों को जवाबदेह बनाने के रखे सुझाव

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की ब्लॉक स्तरीय बैठक ढलियारा में संपन्न हुई। ब्लॉक चेयरमैन सुनील चौहान की अध्यक्षता में हुई बैठक में अशोक कुमार, ब्रह्मा दास, मोहित शर्मा, अयुष गर्ग, सुरेश बाला, सुखदेव, मोहन लाल शर्मा, राहुल शर्मा और बंटू पंडित ने पंचायतों को जन केंद्रित और जवाबदेह बनाने के लिए सुझाव रखे। सुनील चौहान ने कहा कि आज की पंचायतों को केवल निर्माण कार्यों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और डिजिटल पारदर्शिता जैसे क्षेत्रों में भी आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि संगठन युवाओं को आगे लाकर पंचायतों में नई सोच और ऊर्जा भरना चाहता है।

# फायर सीजन में मौसम रहा मेहरबान

## कम रही आग की घटनाएं, प्रभावित एरिया भी रहा कम, पिछले वर्ष हुआ था 1.6 करोड़ का नुकसान

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** चालू वर्ष में फायर सीजन में वन विभाग पर मौसम मेहरबान रहा है। यही वजह है कि इस वर्ष फायर सीजन में जंगलों में आग लगने की घटनाओं में कमी आई है। साथ ही आग से प्रभावित होने वाले जंगली क्षेत्र में भी कमी आई है।

अनंत ज्ञान खास खबर

इस वर्ष वन वृत्त धर्मशाला के अंतर्गत आते तीन वन मंडलों के तहत फायर सीजन के दौरान 730 हेक्टेयर एरिया आग लगने से प्रभावित हुआ है, जबकि पिछले वर्ष 3250 हेक्टेयर एरिया जंगलों में आग से प्रभावित हुआ है। विभाग की मानें तो इस वर्ष फायर सीजन के दौरान बारिश का क्रम भी जारी रहा, जिससे फायर सीजन में पिछले वर्ष के मुकाबले काफी कम एरिया प्रभावित हुआ है। ऐसे में यह कहना गलत न होगा कि फायर सीजन में वन विभाग पर मौसम मेहरबान रहा है।

### हर साल जंगलों में आग से होता है भारी नुकसान

**विभागीय** जानकारी के अनुसार, पिछले वर्ष जंगलों में आग से विभाग को 1.6 करोड़ रुपए के नुकसान का आकलन किया गया था, जबकि इस वर्ष हुए नुकसान का आकलन बरसात के उपरांत किया जाएगा। गौरतलब है कि हर वर्ष फायर सीजन के दौरान जिले के कई जंगलों में आग की घटनाएं घटित होती हैं। विशेषज्ञों के अनुसार कई बार लोगों द्वारा खेतों की सफाई के दौरान सूखे घास को जलाया जाता है और आग फैलते हुए आसपास के जंगलों तक पहुंच जाती है। वहीं, मानवीय चूक का भी कई बार कारण रहता है, जैसे कि धूम्रपान सामग्री को बिना बुझाए फेंकना भी कई बार जंगलों में आग का कारण बन जाता है।

> इस वर्ष फायर सीजन में पिछले वर्ष की अपेक्षा कम एरिया प्रभावित हुआ है। इस वर्ष जंगलों में आग से हुए नुकसान का आकलन बरसात उपरांत किया जाएगा, जबकि पिछले वर्ष 1.6 करोड़ नुकसान का आकलन किया गया था।
> **-बासु कौशल, चीफ कंजरवेटर ऑफ फॉरेस्ट सर्किल, धर्मशाला।**

# हटली जंवाला में खड्ड में मिला युवती का शव

**भूषण शर्मा, अनंत ज्ञान, नूरपुर।** नूरपुर विधानसभा की हटली जंवाला के मुर्दाली माता मंदिर के पास एक युवती का शव मिला है। पंचायत प्रधान सुभाष चंद ने बताया कि युवती दो दिनों से लापता थी। युवती की माता सिविल अस्पताल नूरपुर में जब दवाई लेने गई थी, तो वापस आने पर 22 वर्षीय युवती घर पर नहीं थी। घरवालों के अनुसार वह कई बार मुर्दाली माता जाने की बात कहती थी। जब वहां जाकर तलाश की तो उसका शव मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल नूरपुर भेज दिया है।

## हैप्पी बर्थडे



कुसाण रनीता (बंगाणा) के प्रीतम सिंह राणा को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

**बर्थडे** हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सएप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### फॉल आर्मी वर्म पहुंचा रहा मक्की की फसल को व्यापक नुकसान

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** मक्की की फसल को व्यापक नुकसान पहुंचाने वाला घातक कीट फॉल आर्मी वर्म (स्पॉडॉप्टेरा फ्रूगिपरडा) इस वर्ष पुन: कांगड़ा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय हो गया है। इस कीट के कारण किसानों को लगातार आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ता रहा है। राज्य जैव नियंत्रण प्रयोगशाला, पालमपुर की तकनीकी टीम तथा विभागीय अधिकारियों की संयुक्त टीम ने विकास खंड रैत के अंतर्गत आने वाले गांव थंबा, दुर्गेला, थरू, भाच्छ तथा डढंब का दौरा किया। इस विजिट का उद्देश्य फॉल आर्मी वर्म की उपस्थिति की निगरानी करना, किसानों को कीट की पहचान, उसके लक्षण एवं समुचित जैविक तथा रासायनिक प्रबंधन उपायों के प्रति जागरूक करना रहा।

**जैव नियंत्रण प्रयोगशाला पालमपुर की टीम ने किया गांवों का दौरा**

# ढगवार में 235 करोड़ से बन रहा नया मिल्क प्लांट: मोंगरा



कछियारी में एपीएमसी के चेयरमैन निशु मोंगरा का स्वागत करते ग्रामीण।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

कांगड़ा जिले के तहत ढगवार गांव में 235 करोड़ की लागत से बन रहा नया मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट कांग्रेस सरकार का मास्टर स्ट्रोक साबित होने लगा है। नए प्लांट के कार्य के बीच ही कांगड़ा, ऊना व पालमपुर से प्रतिदिन 18 हजार लीटर दूध की आवक में इजाफा हुआ है।

यह जानकारी एपीएमसी के जिला व हिमाचल कांग्रेस ओबीसी विभाग के प्रदेश चेयरमैन निशु मोंगरा ने सोमवार को कांगड़ा शहर के निकट कछियारी गांव में एक कार्यक्रम में दी। मोंगरा कछियारी गांव में पशुपालकों को दूध उत्पादन के प्रति जागरूक करने के लिए पहुंचे थे। को-ऑपरेटिव सोसायटी के इंस्पेक्टर दीप कुमार, इच्छी को-ऑपरेटिव सभा के फाउंडर हरीश धनोटिया ने पशुपालकों को डेयरी का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि भले ही सरकार ने भैंस का दूध 60 और गाय का दूध 52 रुपए लीटर तय किया है, लेकिन फैट की अधिकता होने पर पशुपालकों को इसके ज्यादा दाम मिल सकते हैं। निशु मोंगरा ने बताया कि ढगवार संयंत्र की प्रारंभिक प्रसंस्करण क्षमता 1.50 एलएलपीडी है, जिसे भविष्य में तीन एलएलपीडी तक बढ़ाया जा सकता है। इस संयंत्र के क्रियाशील होने के बाद कांगड़ा, मंडी, हमीरपुर, चंबा और ऊना जिलों के किसानों की आर्थिकी सुदृढ़ होगी।

### उद्घोषित अपराधी को मिली जमानत

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** पुलिस थाना धर्मशाला के तहत स्थानीय लोगों को एक बीमा कंपनी का प्रमुख बताकर ठगी करने वाले उद्घोषित अपराधी सोमवार को धर्मशाला कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जमानत दे दी गई है। जानकारी के अनुसार उद्घोषित अपराधी के खिलाफ 28 अक्टूबर 2024 में मामला दर्ज किया गया था।

मामले के तहत आरोपी उद्घोषित अपराधी ने खुद को एक बीमा कंपनी का प्रमुख बताकर लोगों से लाखों रुपए की ठगी की थी। इसी माह 11 जुलाई को दिल्ली से गिरफ्तार कर 12 जुलाई को इसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे तीन दिन की न्यायिक हिरासत पर भेजा गया था। सोमवार को कोर्ट में पेश होने के बाद उपरोक्त अपराधी को जमानत दे दी गई। एएसपी कांगड़ा हितेष लखनपाल ने पुष्टि की है।

### शाइनिंग स्कूल ने राहत कोष में दिए 11 हजार



**रीतिका कठियाल, अनंत ज्ञान, सुलह।** शाइनिंग स्टार ग्लोबल स्कूल साई थुरल ने मंडी में आई प्राकृतिक त्रासदी के प्रभावितों के लिए मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष में 11 हजार रुपए का आर्थिक योगदान दिया है। सोमवार को स्कूल प्रबंधन ने यह राहत चेक कृषि विकास एवं विकास बैंक के चेयरमैन संजय चौहान को सौंपा। प्रधानाचार्य तिलक राज ने छात्रों, कर्मचारियों और अभिभावकों के सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि यह दान न केवल पीड़ितों के लिए सहायता प्रदान करेगा, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

### अरनी विश्वविद्यालय ने पहुंचाई राहत सामग्री



**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, इंदौरा।** अरनी विश्वविद्यालय इंदौरा की ओर से आपदा प्रभावितों लोगों के लिए राहत सामग्री देने के लिए वाइस चांसलर डॉ. विवेक सिंह तथा अन्य समाजसेवी रात-दिन जुटे हुए हैं। अरनी विश्वविद्यालय द्वारा आपदा प्रभावित परिवारों के लिए बिस्तर, चारपाई, कंबल, बर्तन, तिरपाल सहित अन्य राहत सामग्री पहुंचाने के लिए वाइस चांसलर डॉ. विवेक सिंह तथा यूनिवर्सिटी के समाजसेवी स्टूडेंट्स बाढ़ प्रभावित इलाकों में जाकर सेवा करने में जुटे हुए हैं। कुछ दिन पहले विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर विवेक तथा अन्य यूनिवर्सिटी के समाजसेवी छात्रों का दल करीब 5 लाख रुपए की राहत सामग्री लेकर बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में गए थे। यहां पर लगातार रात-दिन लोगों को राहत पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं।

### बतबाड़ गांव में क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** बीसीसीआई क्लब बतबाड़ की ओर से बतबाड़ गांव में आयोजित क्रिकेट क्रेजी ट्रॉफी का आगाज हो गया। व्यवसायी रितेश शर्मा ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की। उन्होंने युवाओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि ऐसे टूर्नामेंट होते रहने चाहिए, जिससे हमारा यूथ स्पोर्ट्स की ओर ज्यादा ध्यान दे। क्लब के प्रबंधक विवेक सपेहिया ने बताया यह टूर्नामेंट 3 दिन तक चलेगा। विजेता टीम को इनाम 8888 रुपए व रनर टीम को 4444 हजार रुपए दिए जाएंगे।

### जागरूकता बढ़ाने को करवाई मॉकड्रिल

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** जिला प्रशासन और एनडीआरएफ ने उझ नदी पर बाढ़ के दौरान किए जाने वाले बचाव कार्यों पर एक मॉकड्रिल का आयोजन किया। यह मॉकड्रिल पठानकोट के उपायुक्त आदित्य उप्पल की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें पठानकोट जिले के सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। डीसी ने कहा कि इस तरह की मॉकड्रिल के माध्यम से जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के बीच आपसी समन्वय मजबूत होता है और सभी को बचाव कार्यों का प्रशिक्षण मिलता है। उन्होंने कहा कि पठानकोट जिले से कई नदियाँ और नहरें गुजरती हैं और पठानकोट जिले के अधिकांश क्षेत्र नदी से सटे हुए हैं, इसलिए यहां बाढ़ का खतरा बना रहता है। औज नदी में अचानक बाढ़ आ जाती है, इसलिए मॉकड्रिल करवाई गई है। इससे लोगों में बचाव कार्यों के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।

### पूर्व सैनिक सतर्कता एवं समाज कल्याण सभा हटवास ने मनाया स्थापना दिवस



सैनिक भवन हटवास में मनाया स्थापना दिवस।

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

**पूर्व** सैनिक सतर्कता एवं समाज कल्याण सभा हटवास का 15वां स्थापना दिवस सैनिक भवन हटवास (नगरोटा बगवां) में मनाया गया। इसमें कर्नल रमेश वालिया ने अपनी पत्नी सहित भाग लिया।

कर्नल वालिया ने संस्था के लिए उत्कृष्ट और सराहनीय सेवाएं अर्जित करने के लिए अपनी ओर से कैप्टन कर्म सिंह धीमान, कैप्टन अमर सिंह कटोच, कैप्टन मस्त राम धीमान, कैप्टन स्वर्ण कटोच, कैप्टन राजिंदर कटोच, सूबेदार मेजर परस राम कपूर, सूबेदार मेजर लेख राज पठानिया, सूबेदार मेजर मदन कटोच, सूबेदार मेजर सिकंदर ठाकुर, हवलदार बिक्रम राणा, हवलदार करम सिंह और सीपीओ निक्कू राम को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कर्नल वालिया, कैप्टन निर्मल सिंह और लूहना आर्मी कोचिंग अकादमी के पवन डोगरा ने संस्था के बारे में अपने विचार रखे। अध्यक्ष कैप्टन कर्म सिंह धीमान ने संस्था के कार्यालय द्वारा विगत में किए फेमली-पेंशन, पेंशन व सैनिक परिवारों के कल्याण संबंधी अनगिनत कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# कोर्ट के आदेश के बाद विभाग ने बंद किया शाहनहर में अवैध खनन का रास्ता



विधायक भवानी सिंह पठानिया ने सोशल मीडिया पर शेयर की जानकारी।

**रविंद्र चौधरी, अनंत ज्ञान**

**फतेहपुर।** विधानसभा क्षेत्र फतेहपुर के अधीन पड़ते मंड क्षेत्र में शाहनहर परियोजना के नीचे से अवैध खनन माफिया द्वारा बार-बार खोले जा रहे रास्ते को कोर्ट के आदेशों बाद जल शक्ति विभाग ने आरसीसी की दीवार लगाकर बंद करना शुरू कर दिया है।

यह जानकारी फतेहपुर के विधायक एवं राज्य योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष भवानी सिंह पठानिया ने सोशल मीडिया हैंडल पर फोटो शेयर कर दी। पठानिया ने लिखा कि शाह नहर के नीचे से चोर रास्ता, जिसे खनन माफिया इस्तेमाल करते थे, अब पक्के तौर पर जलशक्ति विभाग द्वारा बंद कर दिया है। इस रास्ते को अब किसी ने खोलने की कोशिश की तो उसके खिलाफ विभिन्न आपराधिक धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील है कि अपनी जमीन पर पैसे लेकर खनन न होने दें, कहीं आप अगली कानूनी कार्रवाई के चपेट में न आ जाएं।

प्रदेश हाईकोर्ट ने कांगड़ा जिले के फतेहपुर और इंदौरा विधानसभा की पंजाब सीमा पर निचले मंड क्षेत्र में अवैध खनन से शाहनहर और जमीनों को हो रहे नुकसान पर सख्त रुख अपनाया था। न्यायाधीश अजय मोहन गोयल ने शाह नहर प्रोजेक्ट परियोजना संख्या-1 संसारपुर टैरेस में कार्यरत अधिशाषी अभियंता (एक्सईएन) को जिले से हटाकर किसी अन्य जिले में स्थानांतरित करने के आदेश दिए हैं। अदालत ने जल शक्ति विभाग से आदेशों की अनुपालना रिपोर्ट भी मांगी है। मामले की अगली सुनवाई 23 जुलाई को होगी।

### डीएवी ने ओवरऑल आठ ट्राफियां कब्जाई




**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल नगरोटा सूरियां में आयोजित स्पोर्ट्स कलस्टर लेवल 6 की विभिन्न प्रतियोगिताओं में बच्चों ने रोलर स्केटिंग और योग में ओवरऑल आठ ट्रॉफियां अपने नाम की हैं। स्कूल प्रधानाचार्य शेखर मोदगिल, चेयरमैन आरसी जीवन, एआरओ डॉ. बिक्रम सिंह, मैनेजर डॉ. विपिन जिष्टू ने सभी विजेता विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### बटवाल फाउंडेशन ने रोपे देवदार, आंवला के पौधे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** बटवाल फाउंडेशन खनियारा ने खनियारा के लाल धार के पास वन विभाग के साथ मिलकर ख्वाड़ा की पहाड़ी पर पौधरोपण किया। इस मौके पर देवदार, आंवला आदि के पौधे रोपे गए। फाउंडेशन के अध्यक्ष नीरज कुमार ने इस वर्ष भी पूरे सावन माह में पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पौधरोपण के साथ-साथ पौधा संरक्षण भी जरूरी है।

### कांगड़ा शहर और चंगर क्षेत्र में लगेंगे 18 नए ट्रांसफार्मर: अजय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** एचआरटीसी के उपाध्यक्ष अजय वर्मा ने कहा कि सुक्खू सरकार ने कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र की बिजली समस्या के स्थायी समाधान के लिए 22 करोड़ 67 लाख रुपए की योजना को मंजूरी दी है। इस योजना से शहर और ग्रामीण इलाकों की बिजली व्यवस्था सुधरेगी।

योजना के तहत कांगड़ा शहर और चंगर क्षेत्र में 18 नए ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे। 13 पुराने ट्रांसफार्मर अपग्रेड होंगे। दौलतपुर में 11 करोड़ रुपए की लागत से 33 केवी का नया बिजली सबस्टेशन बनेगा। कांगड़ा के छेब स्थित 33 केवी सबस्टेशन को 90 लाख रुपए से अपग्रेड कर दौलतपुर से जोड़ा जाएगा। कांगड़ा शहर में बिजली की तारों के जंजाल को हटाकर एक करोड़ 75 लाख रुपए की लागत से सिंगल केबल बिछाई जाएगी। पुराना कांगड़ा में तारों की मरम्मत और नए खंभे लगाने पर 73 लाख रुपए खर्च होंगे। बीरता से कांगड़ा शहर के विभिन्न वार्डों में करीब 10 किलोमीटर तारों को बदलकर सिंगल केबल डाली जाएगी। शहर को चार जोन में बांटा गया है। पहले पूरा शहर घुरकड़ी फीडर पर निर्भर था। अब चारों जोन इंटरकनेक्टेड होंगे। एक जोन बंद होने पर दूसरे से सप्लाई जारी रहेगी। स्ट्रीट लाइट के सौंदर्यीकरण पर भी पांच लाख रुपए खर्च किए जा रहे हैं। मुख्य बाजार और गलियों में नए आकर्षक खंभे लगाकर स्ट्रीट लाइट लगाई जाएंगी। वर्मा ने विद्युत योजना को मंजूरी देने पर मुख्यमंत्री सुक्खू का आभार जताया।

# आशीष ने पदरा गांव में किया महिला मंडल भवन का लोकार्पण




पदरा गांव में 5 लाख रुपए से निर्मित जागृति महिला मंडल भवन का लोकार्पण करते आशीष।

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** विधायक आशीष बुटेल ने सोमवार को हंगलोह पंचायत के पदरा गांव में लगभग 5 लाख रुपए से निर्मित जागृति महिला मंडल भवन का लोकार्पण किया।

विधायक ने कहा कि महिला मंडल महिलाओं के सामाजिक, सांस्कृतिक व रचनात्मक कार्यों को मजबूती देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने पंचायत द्वारा रखी गई जायज मांगों को चरणबद्ध तरीके से पूर्ण करने का आश्वासन दिया। उन्होंने महिला मंडल को आवश्यक सामान खरीदने के लिए 20 हजार देने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि सड़क सुविधा किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। गजरेड़ा से डाढ गांव के लिए सड़क निर्माण कार्य पर 3.75 करोड़, जबकि अपर बगोड़ा से गुग्गा मंदिर सड़क निर्माण के लिए लगभग 4 करोड़ रुपए व्यय किए जाएंगे, जिसका प्राक्कलन तैयार कर स्वीकृति के लिए भेजा गया है। इस दौरान विधायक ने जन समस्याओं को भी सुना और अधिकतर का मौके पर समाधान किया और शेष समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभाग को निर्देश दिए। इस मौके पर वूल फेडरेशन निदेशक मंडल सदस्य त्रिलोक चंद, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग विनीत शर्मा, सहायक अभियंता अभय कोहली, सहायक अभियंता जल शक्ति प्रकाश चंद, महिला मंडल प्रधान सरला देवी आदि मौजूद रहे।

### डिक्केश्वर महादेव मंदिर में लगा भक्तों का तांता



**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** नूरपुर के डिक्केश्वर महादेव शिव गुफा सुलयाली में सावन माह के पहले सोमवार को भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की। डिक्केश्वर शिव मंदिर हजारों साल पुराना मंदिर है। यहां पर भगवान शिव स्वयं शंभू पिंडी स्वरूप में विराजमान हैं और सदियों पहले इस शिव गुफा में दूध की धाराएं निकलती थीं, जिसके परिणाम आज भी मौजूद हैं। मंदिर के पुजारी दिनेश गिरि ने कहा कि शिव का यह माह अति प्रिय माह होता है। इस माह पूजा-अर्चना करना बहुत ही महत्वपूर्ण होती है। मंदिर कमेटी प्रधान राजेश भारद्वाज ने कहा कि श्रावण का शुभारंभ हो चुका है।

### कुठमां में लगाया खीर का लंगर




**धर्मशाला।** सावन माह के पहले सोमवार को जिलेभर के शिवालयों में भक्तों ने शिव शंकर के जयकारे लगाते हुए पूजा-अर्चना की। वहीं, वीवीए फाउंडेशन ने राजोल के स्थानीय युवाओं के सहयोग से कुठमां स्थित शिव देव मंदिर के बाहर खीर का लंगर लगाया। इस दौरान कई लोगों ने खीर का प्रसाद ग्रहण किया।

# हिसार घटना पर फूटा वाल्मीकि समाज का गुस्सा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**प्रदेश** अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा द्वारा कांगड़ा जिले में एक विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया गया। महासभा ने प्रदेश अध्यक्ष दीपक लहोरवी की अध्यक्षता में डीसी के माध्यम से हरियाणा के मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन हरियाणा के हिसार जिले के 12 क्वार्टर क्षेत्र में वाल्मीकि परिवार पर हुई बर्बर पुलिस कार्रवाई और एक मासूम बच्चे की मौत के विरोध में दिया गया। प्रदेश अध्यक्ष दीपक लहोरवी ने कहा कि यह घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और अमानवीय है। राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुदेश सहोत्रा और राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव राकेश गिल ने में कहा कि घटना के कई दिन बीत जाने के बाद भी दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ अब तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। उल्टा प्रशासन पीड़ित परिवार को ही दोषी ठहराने में जुटा है, जिसे वाल्मीकि समाज कभी स्वीकार नहीं करेगा। नेताओं ने मांग की कि शराबी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### रोहडू की नव्या चीन में करेगी देश का प्रतिनिधित्व



**अनंत ज्ञान, रोहडू।** कोर्फबाल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोहडू के समोली गांव की बेटी नव्या मंहत भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेगी। यह रोहडू क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। नव्या मंहत के पिता नरोत्तम दास मंहत व माता रेनू मंहत ने बेटी की इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त की है और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। उन्होंने विनोद कुमार ठाकुर को अंडर -19 भारतीय टीम का अंतराष्ट्रीय कोर्फबाल कोच बनने पर बधाई दी है। यह प्रतियोगिता चीन में 15 से 20 जुलाई तक आयोजित हो रही है।

### शिव मंदिरों में लगा भक्तों का तांता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** सावन के पावन महीने के पहले सोमवार को शिव मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव को जल, दूध, बेलपत्र और फूल अर्पित कर पूजा-अर्चना की। इस दौरान भक्तों ने अपने और अपने परिवार की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। शहर के विभिन्न शिव मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ देखने को मिली। शिमला के मिडल बाजार स्थित शिव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया। इसी तरह, कालीबाड़ी स्थित शिव मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जहाँ भक्तिमय माहौल में लोगों ने भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया। सावन के पहले सोमवार को लेकर भक्तों में खासा उत्साह देखने को मिला।

### छात्रों को कॉलेज के नियमों की दी जानकारी

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान, रोहडू।** लाल बहादुर शास्त्री राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सरस्वतीनगर में सोमवार को प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए प्रधानाचार्य एड्रेस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हर वर्ष नए विद्यार्थियों का स्वागत करने के साथ-साथ उनको महाविद्यालय के नियमों व कार्यप्रणाली से अवगत करवाने के लिए आयोजित किया जाता है। इस कार्यक्रम को डॉ. मोनिका रैना की अध्यक्षता में एकेडमिक कमेटी ने आयोजित किया। इसमें डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ. सुमित्रा चौहान, डीन ऑफ स्टडीज डॉ. मोनिका रैना व डीन स्टूडेंट्स एडमिशन डॉ. लोक राज चौहान ने प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को सभी नियमों के बारे में अवगत किया। उसके बाद एनसीसी प्रभारी कैप्टन डॉ. रोहित मोक्टा ने एनसीसी व एनएसएस प्रभारी प्रो. प्रीति पांटा ने एनएसएस, एंटी रैगिंग कमेटी की प्रभारी डॉ. योगिता बंद्टा ने एंटी रैगिंग कमेटी व रोवर्स एवं रेंजर्स के प्रभारी प्रो. प्रियंका ने रोवर्स व रेंजर्स की कार्यप्रणाली से छात्रों को अवगत करवाया।

### एनसीसी कैडेट सीखेंगे हथियार चलाना

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** शिमला ग्रामीण के तहत सुन्नी में एन सी सी के दुआ दिवसीय शिविर का आयोजन सोमवार से आरंभ हुआ। पीएमश्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुन्नी के प्रांगण आयोजित इस कैंप का संचालन जेडएचपी कंपनी शिमला द्वारा किया जा रहा है। 14 जुलाई से आरंभ हुए इस शिविर का सम्मान 28 जुलाई को होगा। शिविर में विभिन्न स्कूलों व कॉलेजों के लगभग 237 कैडेट्स हिस्सा ले रहे हैं। सुन्नी कॉलेज की एनसीसी प्रभारी कविता सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर के दौरान कैडेट्स को अनेक प्रकार का प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिसमें विशेष रूप से ट्रेनिंग ड्रिल,वेपन प्रशिक्षण और थ्योरी बारे विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

### पेंशनर्स वेलफेयर एसो. ने की बयानबाजी की निंदा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** सोमवार को शिमला में पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन हिमाचल के महासचिव भूपराम शर्मा की अध्यक्षता में एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस दौरान उन्होंने दूसरे गुट के एक नेता द्वारा प्रेस को दिए गए बयान की कड़ी निंदा की। शर्मा ने स्पष्ट किया कि ऐसे बयान एसोसिएशन की छवि और उद्देश्यों के विपरीत हैं। इसके साथ ही, उन्होंने सभी पेंशनभोगियों के खाते से एक दिन की पेंशन काटने की मांग उठाई है। यह राशि आपदा राहत कोष में जमा की जाएगी, ताकि प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों की मदद की जा सके। पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन मंडी जिले में आपदा प्रभावितों के लिए राहत सामग्री भेजेगा। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन सामाजिक दायित्वों के प्रति हमेशा सजग रहा है और इस कठिन समय में प्रभावित परिवारों के साथ खड़ा है।

# प्राकृतिक आपदा के बीच हिमाचल में सेब उत्पादकों पर बेदखली की मार

## आक्रोश में हिमाचल सेब उत्पादक संघ व माकपा, बगानों में बरपे कहर की निंदा की

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** एक ओर प्रदेश भयावह प्राकृतिक आपदाओं से जूझ रहा है, वहीं दूसरी ओर राज्य के सेब उत्पादक बेदखली और उनके पेड़ों की निर्मम कटाई की दोहरी मार झेल रहे हैं। इस अमानवीय कार्रवाई ने हिमाचल सेब उत्पादक संघ और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी को गहरा आक्रोशित कर दिया है, जिन्होंने इसे न्याय और मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन बताया है।

हिमाचल सेब उत्पादक संघ ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 166 के दुरुपयोग से हो रही सेब के पेड़ों की निर्मम, अवैज्ञानिक कटाई पर गहरा दुख व्यक्त किया। संघ ने इस स्थिति के लिए उच्च न्यायालय के विरोधाभासी आदेशों और राज्य सरकार की अस्पष्ट नीतियों को जिम्मेदार ठहराया, और कहा कि ये कदम सीधे तौर पर संविधान के अनुच्छेद 21 जीवन के अधिकार का उल्लंघन करते हैं। संघ के अध्यक्ष सोहन ठाकुर ने जोर देकर कहा, सेब का पेड़ कोई वन प्रजाति नहीं है। यह क्रैब एप्पल से विकसित हुआ है और 50 से अधिक वर्षों से इसकी खेती की जा रही है। इस आधार पर बेदखली और पेड़ों की कटाई अन्यायपूर्ण है और अदालत के अंतरिम आदेशों का दुरुपयोग है। उन्होंने अवैध बेदखली के खिलाफ विरोध प्रदर्शन की रणनीति बनाने के लिए हटिकोटी जुब्बल में एक आपात बैठक की घोषणा भी की।

किसानों के समर्थन में उतरते हुए, पूर्व विधायक और माकपा नेता राकेश सिंघा ने बेदखली रोकने में सरकार की विफलता की कड़ी आलोचना की। उन्होंने पूनम गुप्ता की 2002 में दायर रिट याचिका का हवाला दिया, जिसका अंतिम फैसला अभी भी लंबित है। सिंघा ने आरोप लगाया, उच्च न्यायालय अंतरिम आदेशों पर काम कर रहा है जो कानूनी रूप से संदिग्ध हैं।



### गरीब किसानों की पीड़ा न करें नजरअंदाज: सिंघा

राकेश सिंघा ने सेब को वन प्रजाति बताने के दावे को गलत बताया और बाबू राम बनाम हिमाचल प्रदेश सरकार मामले में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का उल्लेख किया, जिसमें बिना उचित प्रक्रिया के सामूहिक बेदखली की कड़ी निंदा की गई थी। सिंघा ने न्यायपालिका से गरीब किसानों की पीड़ा को नजरअंदाज न करने की अपील की।

### हजारों लोगों की बेदखली करना अन्याय

**माकपा** के राज्य सचिव संजय चौहान ने भी वन संरक्षण अधिनियम, 1980 में संशोधन की मांग करते हुए कहा कि आदिवासियों और वनवासियों को वन अधिकार अधिनियम के तहत वैध अधिकार प्राप्त है। चौहान ने कहा, केवल कांगड़ा में 33,000 अनाधिकृत झुग्गियों और 40,000 अतिक्रमणों की अनदेखी करते हुए, बिना पुनर्वास नीति के हजारों लोगों को बेदखल करना घोर अन्याय है।

# मजदूर यूनियन ने अपनी मांगों को लेकर किया धरना-प्रदर्शन



नगर परिषद कार्यालय में धरना-प्रदर्शन करते ठेका मजदूर यूनियन कर्मचारी।

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**

**रामपुर बुशहर।** रामपुर नगर परिषद कमेटी ठेका मजदूर यूनियन ने नगर परिषद कार्यालय रामपुर कार्यालय पर आज धरना प्रदर्शन किया। ठेका मजदूर यूनियन संबंधित सीटू ने ठेकेदार से समय पर वेतन न देने की मांग कर रहे है। यूनियन के अध्यक्ष मिलाप नेगी ने कहा कि आज जुलाई माह की 14 तारीख बीत चुकी है लेकिन मजदूरों को ठेकेदार द्वारा अभी तक वेतन नहीं है दिया गया है। जबकि 7 तारीख से पहले हर महीने वेतन मिलना चाहिए।

इसके अलावा ठेका मजदूर को 2 साल से रविवार की छुट्टी भी नहीं दी गई है और ना ही इसे एडजेस्ट किया गया है। ठेकेदार द्वारा मजदूरों का शोषण किया जा रहा है। यहां तक की मजदूरों को जूता, वर्दी भी नहीं दी जा रही है। मजदूरों को असुरक्षा में काम करना पड़ रहा है। खुले हाथों से गंदगी उठानी पड़ती है। किसी भी प्रकार के सुरक्षा उपकरण या मास्क, ग्लव्स आदि मजदूरों को नहीं दिए गए हैं।

इसके अलावा नगर परिषद की ओर से पहचान पत्र तक नहीं बनाये गए हैं। मिलाप नेगी ने कहा कि ठेकेदार द्वारा श्रम कानून की खुलेआम उल्लंघना की जा रही है जिसे रोकने वाला कोई नहीं है। समय पर वेतन न मिलने से मजदूर वर्ग काफी परेशान है। इस को लेकर आज नगर परिषद नगर परिषद कार्यालय के बाहर करीब 71 ठेका मजदूरों में नारेबाजी व प्रदर्शन किया। मजदूरों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि नगर परिषद ने ठेकेदार को तुरंत वेतन देने के लिए बाध्य नहीं किया तो सफाई कर्मचारी काम बंद कर देंगे।

# चेबड़ी में शराब ठेका खुलने के विरोध में प्रधान उपप्रधान सहित वार्ड सदस्यों ने दिया इस्तीफा

**महेंद्र कुमार, अनंत ज्ञान**

**सुन्नी।** उपमंडल सुन्नी की तहत ग्राम पंचायत चेबड़ी में ठेका खुलने के विरोध में पंचायत प्रधान, उपप्रधान, वार्ड सदस्यों सहित सात महिला मंडलों की सदस्यों ने अपने पद से इस्तीफा दिया है।

प्रधान छविंद्र पाल ने बताया कि पिछले लगभग डेढ़ महीने से चेबड़ी में ठेका खुलने के विरोध में पंचायत की जनता द्वारा विरोध-प्रदर्शन किया जा रहा है, लेकिन प्रशासन द्वारा लगातार उनकी मांगों को लेकर अनदेखी की गई है जिस कारण से पंचायत पदाधिकारियों सहित समस्त वार्ड सदस्यों तथा महिला मंडल की सदस्यों ने सामूहिक इस्तीफे का फैसला लिया है और इस्तीफों को संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया गया है। बता दें कि पंचायत प्रतिनिधियों, महिला मंडलंकी सदस्यों तथा स्थानीय ग्रामीण चेबड़ी के खैरा में शराब ठेका खुलने का विरोध किया तथा ठेके को किसी और जगह पर स्थानांतरित करने की मांग करते रहे। इस बीच विरोध कर रही महिलाओं पर ठेकेदार द्वारा मुकदमा भी दर्ज करवाया गया, लेकिन लोग अपनी मांग पर अड़े रहे और बीते वीरवार को समस्त विरोध कर रहे पंचायत प्रतिनिधियों और महिला मंडल की महिलाओं ने मांगे न मानने पर सामूहिक इस्तीफे का फैसला ले लिया। पंचायत ने यह निर्णय आबकारी एवं कराधान विभाग के मनमाने रवैये के खिलाफ लिया है।

बहरहाल सोमवार को प्रधान छविंद्र पाल, उपप्रधान देश राज, सदस्य नरेश, ज्योति, कविता, ओम प्रकाश और अचला द्वारा जिलापंचायत अधिकारी को इस्तीफे सौंप दिए गए हैं व सात महिला मंडल की समस्त सदस्यों ने सामूहिक तौर पर एसडीएम सुन्नी को अपने इस्तीफे सौंपे।



चेबड़ी पंचायत के प्रतिनिधि अपने इस्तीफे देने के बाद जिला पंचायत अधिकारी कार्यालय के साथ।

# चतुर्थ श्रेणी कर्मी के हवाले आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी

## पीरन में स्टॉफ के अभाव में छह दशक पुरानी डिस्पेंसरी हो सकती है बंद

**अनंत ज्ञान, जुन्गा**

**वर्ष** 1962 से पीरन पंचायत में कार्यरत आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी स्टाफ के अभाव में बंद होने के कागार पर आ गई है। इस डिस्पेंसरी का संचालन चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी द्वारा किया जा रहा है।

बता दें कि करीब चार माह पहले सरकार ने इस डिस्पेंसरी में कार्यरत चिकित्सक का तबादला बिलासपुर कर दिया गया है। फार्मासिस्ट का पद बीते तीन वर्षों से रिक्त पड़ा है। इसी प्रकार प्रशिक्षित दाई का पद करीब तीन दशक से सरकार द्वारा नहीं भरा गया है। 70 के दशक में इस आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी में चिकित्सक सहित चार कर्मचारी कार्यरत हुआ करते थे।

गौर रहे कि वर्तमान सरकार द्वारा बिना स्टाफ के चल रहे आयुर्वेदिक संस्थानों को बंद करने की कवायद शुरू कर दी गई है। हाल ही में 56 आयुर्वेदिक संस्थानों को डिनोटिफाई करने की अधिसूचना जारी दी गई है। जिसे फिलहाल सरकार ने रोक लगा दी है। पीरन पंचायत के लोगों को यह भी डर सताने लगा है कि स्टाफ के अभाव में डिस्पेंसरी भी बंद न हो जाए। बता दें अतीत में इस डिस्पेंसरी में पीरन पंचायत के अलावा सतलाई, बलोग और सीमा पर लगती सिरमौर की कोटला बांगी पंचायत के लोग उपचार करवाने आते थे।

पीरन पंचायत के पूर्व प्रधान दयाराम वर्मा व अतर सिंह, दौलत राम मेहता, पूर्व प्रधान कमलेश ठाकुर सहित अनेक लोगों से सरकार से इस डिस्पेंसरी में चिकित्सक व फार्मासिस्ट के पद को भरने की गुंहार लगाई गई है ताकि लोगों को इस डिस्पेंसरी के माध्ध्यम से उपचार करने की सुविधा मिल सके। इनका कहना है कि स्टाफ के अभाव में यदि इस आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी को बंद की गई तो पीरन पंचायत के लोग आंदोलन करने से भी गुरेज नहीं करेंगे। डिस्पेंसरी के कर्मचारी कमल वर्मा ने बताया कि इस डिस्पेंसरी में महीने में औसतन करीब अढाई सौ रोगी की ओपीडी होती है।



### क्या कहते हैं डीएओ

जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. अश्विन शर्मा ने बताया कि चिकित्सक का पद भरने बारे उच्चाधिकारियों के साथ उठाया गया है और फिलहाल इस डिस्पेंसरी को बंद करने बारे सरकार का कोई विचार नहीं है।

# श्रावण अष्टमी मेला: टोवा से नयना देवी तक भारी वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**श्री** नयना देवी जी मंदिर में 25 जुलाई से 3 अगस्त तक आयोजित होने वाले श्रावण अष्टमी मेले को लेकर प्रशासन ने श्रद्धालुओं की भीड़ को ध्यान में रखते हुए आदेश जारी किए हैं। जिला दंडाधिकारी राहुल कुमार ने मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 115 के तहत आदेश जारी करते हुए मेला क्षेत्र की ओर जाने वाले भारी वाहनों की आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। आदेशों के अनुसार, टोवा से श्री नयना देवी जी मंदिर तक केवल बसों और छोटे यात्री वाहनों (जैसे टैक्सियों) को ही चलने की अनुमति होगी। ट्रक, ट्रैक्टर, टैंपू, कैंटर जैसे भारी वाणिज्यिक वाहनों को इस दौरान मार्ग पर चलने की इजाजत नहीं होगी।

प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यदि कोई ट्रक, ट्रैक्टर या टैम्पू सवारियों से लदे हुए पाए जाते हैं, तो उन्हें हिमाचल प्रदेश की सीमा, विशेषकर गड़ामोड़ा और ग्वालथाई (भाखड़ा) से आगे बढ़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी। श्रद्धालुओं को इन स्थानों से केवल बसों या टैक्सियों में ही आगे यात्रा करनी होगी। जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों से अपील की है कि वे सुरक्षा और सुव्यवस्था बनाए रखने के लिए जारी दिशानिर्देशों का पूरी तरह से पालन करें, ताकि श्रावण अष्टमी मेला शांतिपूर्ण और भक्ति भाव से संपन्न हो सके।

### कोट कहलूर क्षेत्र में हथियार लेकर चलने पर प्रतिबंध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** श्री नयना देवी जी मंदिर में 25 जुलाई से 3 अगस्त तक आयोजित होने वाले श्रावण अष्टमी मेले के दृष्टिगत श्रद्धालुओं की अधिक संख्या, कानून एवं व्यवस्था तथा मानव सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए डीसी राहुल कुमार ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 163 के तहत प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक निषेधाज्ञा जारी की है। पुलिस थाना कोट कहलूर के अधिकार क्षेत्र में 25 जुलाई से 3 अगस्त तक किसी भी व्यक्ति द्वारा अस्त्र-शस्त्र, गोला-बारूद, दूर से मार करने वाले हथियार, तेजधार हथियार आदि उठाकर चलने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। यह आदेश आम नागरिकों पर लागू होगा तथा इसमें पुलिस बल को छूट प्रदान की गई है। उपायुक्त ने कहा कि उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### बाल कृष्ण को चुना राष्ट्रीय कोर्फबाल प्रतियोगिता के लिए रेफरी



**अनंत ज्ञान, भराड़ी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला करलोटी में कॉमर्स प्राध्यापक पद पर कार्यरत बाल कृष्ण शर्मा को कोर्फबाल फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से 24 जुलाई से 27 जुलाई तक होने वाली 21वीं सब जूनियर और 30वीं जूनियर राष्ट्रीय स्तर कोर्फबाल प्रतियोगिता के लिए रेफरी चुना है। यह प्रतियोगिता तमिलनाडु के वराह इंस्टिट्यूट आफ हाइर एजुकेशन एंड रिसर्च सेंटर तंबरम चीनई मे आयोजित होगी। बाल कृष्ण शर्मा विधानसभा घुमारवीं के तहत पड़यालग पंचायत के भगरवान गांव से संबंध रखते हैं। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गालियां के प्रधानाचार्य राज पाल शर्मा ने कहा कि बाल कृष्ण शर्मा का राष्ट्रीय स्तर का कोच चुने जाना हमारी पाठशाला के लिए बहुत ही गर्व की बात है, इससे बच्चों मे खेलो के प्रति रुचि बढ़ेगी।

## कोठी पंचायत में तकनीकी शिक्षा मंत्री धर्माणी ने किया पौधरोपण

# 250 किसानों को वितरित की पशु स्वास्थ्य किट



मंत्री धर्माणी ने घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र की कोठी पंचायत में आयोजित जिला स्तरीय वन महोत्सव में भाग लिया।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

नगर नियोजन आवास तकनीकी शिक्षा व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने सोमवार को घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र की कोठी पंचायत में आयोजित जिला स्तरीय वन महोत्सव में भाग लिया। इस अवसर पर 'एक बूटा मां के नाम' की विशेष थीम के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के औषधीय और फलदार पौधे रोपे गए। वन महोत्सव के दौरान हरड़, आंवला, बेहड़ा, बटवृक्ष, जामुन, दाड़ू जैसे बहुउपयोगी पौधों का रोपण किया गया, जो न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक होंगे, बल्कि ग्रामवासियों के लिए औषधीय और आर्थिक रूप से भी उपयोगी सिद्ध होंगे। धर्माणी ने कहा कि 'प्रकृति से जुड़ाव और पारिवारिक मूल्यों को एक सूत्र में पिरोने का यह प्रयास है।'

उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मां के सम्मान में एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने किसानों को पशुपालन विभाग की ओर से पशु स्वास्थ्य किट वितरित की गई। इस किट में मिनरल मिक्सचर, पेट के कीड़ों की दवाई, और आयरन की गोलियां शामिल थीं। विभाग द्वारा 250 से अधिक किसानों को यह किट नि:शुल्क वितरित की गईं, ताकि वे अपने पशुओं की सेहत का बेहतर ध्यान रख सकें। मंत्री धर्माणी ने बताया कि राज्य सरकार किसानों की आय में वृद्धि और पशुधन की उत्पादकता बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी दिशा में पशुपालन विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर और नि:शुल्क किट वितरण जैसे कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। कार्यक्रम में वन विभाग, पंचायत प्रतिनिधि, किसान, महिला मंडल, युवक मंडल व अन्य स्थानीय जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### टनल नंबर-17 से विस्थापितों का संघर्ष जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर से होकर बन रहे रेल लाइन प्रोजेक्ट में टनल नंबर-17 नोग से विस्थापित परिवारों का आंदोलन अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है। 44 दिप से लगातार धरने पर बैठे ये लोग प्रशासन से न्याय की गुहार लगा रहे हैं, लेकिन अब तक उन्हें कोई लिखित आश्वासन नहीं मिला है। आंदोलनरत लोगों ने क्रमिक भूख हड़ताल का भी सहारा लिया है, जिसे आज 31 दिन हो गए हैं। अजय कुमार ने बताया कि प्रशासनिक अधिकारियों से कई बार मुलाकात की गई, लेकिन हर बार सिर्फ मौखिक आश्वासन देकर टाल दिया गया। उन्होंने कहा कि हम तब तक धरना जारी रखेंगे, जब तक हमें लिखित में हमारी मांगों को पूरा करने का आश्वासन नहीं मिल जाता।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बांटी राहत सामग्री

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** मंडी जिले में हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा के बाद राहत और बचाव कार्यों में जुटे विभिन्न संगठनों के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के पैरा लीगल वालिंटियर मुकेश कुमार अपनी टीम सहित कोटधार से प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचे। उन्होंने थुनाग और जंजैहली में आपदा से पीड़ित लोगों को आवश्यक राहत सामग्री वितरित की। इस राहत कार्य में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर से सुप्रिया शर्मा, सपना और धनी पखर क्षेत्र सहित जिले के लोगों का अमूल्य सहयोग रहा। राहत सामग्री में आटा, चावल, दालें, तेल, नमक, हल्दी, बेसन, आलू, प्याज, चीनी सहित दैनिक जरूरत की तमाम वस्तुएं शामिल थीं। साथ ही बच्चों व बड़ों के रेडीमेड कपड़े, रजाइयां, तलाई, कंबल, तकिए, जूते-चप्पल, तवा, थाली, गिलास, पुरात आदि सामग्री भी वितरित की गईं।

### बलजीत सिंह ने हासिल किया गोल्ड मेडल




**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** उपमंडल घुमारवीं की बैहना जट्टा पंचायत के रपैड़ गांव के बलजीत सिंह ने पंजाब विश्वविद्यालय में टूरिज्म एंड ट्रैवल मैनेजमेंट स्नातक की पढ़ाई में गोल्ड मेडल हासिल कर परिवार व इलाके का नाम रोशन किया है। मिनर्वा स्कूल से 12वीं कक्षा की पढ़ाई करने के बाद पीएटीएचएटी की परीक्षा पास करके पंजाब यूनिवर्सिटी में दाखिला लिया, जिसमें बैचलर्स आफ टूरिज्म एंड ट्रैवल मैनेजमेंट का कोर्स चुना। 4 साल के इस कोर्स में बलजीत ने हर सेमेस्टर में पहला स्थान प्राप्त किया। बलजीत सिंह ओवरऑल डिग्री में टॉपर रहा। इसके परिणाम स्वरूप बलजीत को गोल्ड मेडल की उपलब्धि हासिल हुई।

# बिलासपुर जिले में बना घटता लिंगानुपात चिंता का विषय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**बिलासपुर** जिले में लिंगानुपात को लेकर एक बार फिर चिंताजनक तस्वीर सामने आई है। ताजा आंकड़ों के अनुसार, जिले में प्रति 1000 पुरुषों पर महिलाओं की संख्या लगातार घट रही है, जो न केवल सामाजिक असंतुलन को दर्शाता है बल्कि आने वाले समय में गंभीर सामाजिक चुनौतियों को भी जन्म दे सकता है। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, बिलासपुर जिले में लिंगानुपात वर्तमान में 960 है। जिले के कुछ शहरी व अर्ध शहरी क्षेत्रों में यह आंकड़ा और भी चिंताजनक है।

> **जिले में प्रति 1000 पुरुषों पर महिलाओं की संख्या 960**

विशेषज्ञों का मानना है कि इसके पीछे प्रमुख कारणों में कन्या भ्रूण हत्या, लिंग के आधार पर भेदभाव, और सामाजिक कुरीतियां शामिल हैं। स्वास्थ्य और महिला बाल विकास विभाग कई वर्षों से 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसी योजनाओं के माध्यम से जागरूकता फैलाने का प्रयास कर रहा है, लेकिन अपेक्षित सुधार अभी भी दूर हैं। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता रीता शर्मा का कहना है कि जब तक समाज में बेटा-बेटी के बीच सोच नहीं बदलेगी, तब तक सरकारी योजनाएं भी सीमित असर डालेंगी। यह समय है जब पूरे समुदाय को मिलकर मानसिकता में बदलाव लाना होगा। शिक्षाविदों और प्रशासनिक अधिकारियों ने भी इस मुद्दे पर चिंता जताते हुए कहा कि अगर समय रहते इस गिरते अनुपात को नहीं सुधारा गया, तो समाज में विवाह, जनसंख्या संतुलन और महिलाओं की सुरक्षा जैसे कई सवाल खड़े हो सकते हैं। समाधान के तौर पर विशेषज्ञों ने शिक्षा, आर्थिक सशक्तिकरण, और बालिकाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया है। बिलासपुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शशी दत्त शर्मा के अनुसार, हमने जिले के अल्ट्रासाउंड सेंटर्स पर निगरानी बढ़ा दी है और भ्रूण लिंग परीक्षण की घटनाओं को रोकने के लिए नियमित जांच की जा रही है। इसके साथ ही पंचायत स्तर पर जागरूकता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसके अलावा विभाग की होने वाली हर बैठकों में भी इसकी चर्चा की जाती है और इसके साथ ही सोशल मीडिया पर भी हम पूरी तरह से नजर रखे हुए हैं कहीं से भी कोई ऐसी सूचना मिले तो उस पर तुरंत कार्रवाई की जाती है

### माई डीड पोर्टल से जनता को मिलेगी राहत: संदीप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मीडिया को-ऑर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने कहा कि प्रदेश सरकार जनता की सुविधा के लिए पारदर्शी और आधुनिक व्यवस्थाएं लागू कर रही है। इसी दिशा में शुरू किया गया 'माई डीड' वेब पोर्टल अब जमीन और संपत्ति की खरीद-फरोख्त के लिए पेपरलेस रजिस्ट्रेशन की सुविधा देगा। सांख्यान ने बताया कि यह सेवा पायलट प्रोजेक्ट के रूप में राज्य के 10 उपमंडलों में शुरू की गई है, जिसमें बिलासपुर सदर भी शामिल है। इस प्रणाली के तहत नागरिक वेबसाइट पर आवेदन कर, दस्तावेज अपलोड कर, शुल्क का भुगतान कर अपना स्लॉट बुक कर सकते हैं और निर्धारित समय पर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं।

उन्होंने मुख्यमंत्री सुक्खू और राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी का आभार जताते हुए कहा कि यह योजना प्रदेश को डिजिटल और पारदर्शी शासन की ओर ले जाने में मील का पत्थर साबित होगी। इससे जनता को सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने से राहत मिलेगी और समय तथा पैसे की भी बचत होगी।

# बिलासपुर भाजपा ने आपदा पीड़ितों को भेजी राहत सामग्री



आपदा प्रभावितों के लिए राहत सामग्री भेजते विधायक त्रिलोक जम्वाल तथा अन्य भाजपा नेता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**मंडी** जिले की सराज वैली में आपदा पीड़ितों की मदद के लिए बिलासपुर भाजपा ने राहत सामग्री भेजी है। सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल की अगुवाई में राहत सामग्री लेकर दो और वाहन थुनाग के लिए रवाना हुए।

पिछले सप्ताह राशन, बर्तन तथा गद्दे व कंबल जैसी राहत सामग्री कई वाहनों के माध्यम से आपदा प्रभावित इलाकों में भेजी गई थी। सोमवार को दो और वाहन थुनाग के लिए रवाना हुए। इन वाहनों में गद्दे, रजाइयां, चादरें व तकिए, 21 तिरपाल, 106 जेंट्स ट्रैक सूट तथा 100 लेडीज सूट जैसी राहत सामग्री भेजी गई है। त्रिलोक जमवाल ने कहा कि मंडी जिले में बड़े पैमाने पर तबाही हुई है। संकट की इस घड़ी में भाजपा का हर कार्यकर्ता पीड़ित और प्रभावित परिवारों के साथ चट्टान की तरह खड़ा है। इस मौके पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष स्वतंत्र सांख्यान, नगर परिषद अध्यक्ष कमल गौतम, औहर पंचायत के पूर्व प्रधान देशराज शर्मा, चांदपुर के पूर्व प्रधान दिवेश चंदेल, रघुनाथपुरा के पूर्व प्रधान प्यारेलाल चैधरी आदि मौजूद थे।

### स्वास्थ्य निदेशक की नहीं हुई नियुक्ति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रदेश मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन की बैठक क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में प्रदेश चिकित्सा अधिकारी संघ के अध्यक्ष डॉ. राजेश राणा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बिलासपुर से डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. निशांत, हमीरपुर से डॉ. सुरेंद्र डोगरा, डॉ. वेंकटेश, डॉ. ऋषभ, शिमला से डॉ. दीपक केंथला, मंडी से डॉ. अमित ठाकुर, डॉ. नवीन परमार, डॉ. अंकित, ऊना से डॉ. महेश्वर राय, डॉ. चेतन ने भाग लिया, जबकि अन्य चिकित्सक ऑनलाइन माध्यम से जुड़े, जिसमें प्रदेश इकाई से डॉ. अनुपम बधन वरिष्ठ उपाध्यक्ष, डॉ. विकास ठाकुर महासचिव, डॉ. विजय राय प्रेस सचिव शामिल हुए। सभी खेद जताया कि मख्यमंत्री के आश्वासन के बावजूद अब तक स्वास्थ्य निदेशक की नियुक्ति नहीं की गई। उन्होंने बताया कि 25 वर्षों के इंतजार के बाद चिकित्सकों की पहली पदोन्नति खंड चिकित्सा अधिकरी के रूप में होती है। वहीं, लगभग 30 वर्षों के सेवाकाल के बाद स्वास्थ्य निदेशक के पद पर पदोन्नति होती है। संघ ने सीएम से आग्रह किया कि शीघ्र स्वास्थ्य निदेशक की नियुक्ति की जाए।

### प्रो. प्यारे लाल को बनाया जिला कन्वीनर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर जिले के बचत भवन में जिला इंटर एजेंसी ग्रुप की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त ओम कांत ठाकुर ने की। बैठक में जिले की 15 सामाजिक संस्थाओं के 30 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य आपदा की स्थिति में सामाजिक संगठनों के समन्वित प्रयासों से राहत कार्यों को त्वरित और प्रभावी बनाना रहा। अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी संगठनों से आग्रह किया कि किसी भी दुर्घटना या आपदा की स्थिति में जिला आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ को तत्काल सूचना दी जाए, ताकि आवश्यक कार्रवाई शीघ्र की जा सके। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से प्रो. प्यारे लाल जनेऊ (सत्य साईं सेवा समिति) को जिला इंटर एजेंसी ग्रुप का कन्वीनर नामित किया गया, जबकि सुशील पुंडीर ने वालंटियर के रूप में अपनी सेवाएं देने का प्रस्ताव रखा। बैठक की मंडी में आई आपदा में दिवंगत लोगों की स्मृति में दो मिनट का मौन भी रखा गया।

# एक युवक ने एडीएम भरमौर के साथ की गाली-गलौज, दुर्व्यवहार व धक्का-मुक्की

ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान

**एडीएम** भरमौर कुलबीर सिंह राणा से एक युवक पर गाली-गलौज, दुर्व्यवहार व धक्का-मुक्की करने की शिकायत पुलिस थाना में करवाई है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मामला दर्ज करके आरोपी युवक को डिटेन कर लिया है। पुलिस आगामी कार्रवाई कर रही है।

जानकारी के मुताबिक रविवार देर शाम जब एडीएम भरमौर कुलबीर सिंह राणा मणिमहेश यात्रा की तैयारियों को लेकर मीटिंग के बाद अपने रेजिडेंस वापस जा रहे थे, इस दौरान भरमौर साडा परिसर के पास नशे में धुत युवक ने उनके साथ गाली-गलौज, दुर्व्यवहार व धक्का मुक्की की है। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और आरोपी युवक को ढूंढने का प्रयास किया। लेकिन देर शाम तक आरोपी युवक का कोई भी सुराग नहीं लगा। लिहाजा सोमवार को आरोपी युवक को पुलिस ने डिटेन करके थाने में रखा। भरमौर के अधिकारियों ने इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है और आरोपी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने की बात कही है। घटना के तुरंत बाद हालांकि यहां के तमाम अधिकारियों ने सोमवार को कार्यालय में घटना के विरोध में कामकाज बंद करने का निर्णय लिया, लेकिन लोगों की सहूलियत को देखते हुए यह निर्णय वापस ले लिया।

### उक्त युवक पहले भी कर चुका है दुर्व्यवहार

**जानकारी** के मुताबिक आरोपी युवक करीब 1 साल पहले भी एडीएम के साथ उसके कार्यालय में दुर्व्यवहार व बदतमीजी कर चुका है। जिसको लेकर पुलिस प्रशासन को भी सूचित किया गया था।

### आरोपी युवक किया डिटेन: एसएचओ

इस विषय पर एसएचओ बाबूराम ने कहा है कि आरोपी युवक को डिटेन कर लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। वहीं एसडीएम भरमौर अभिषेक मित्तल ने उक्त युवक के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

# कॉफी विद डीसी: जब विज्ञान के नन्हे सितारे बने चंबा प्रशासन के हमसफर

## राज्य स्तरीय बाल विज्ञान सम्मेलन के विजेताओं के साथ जिलाधीश का प्रेरणादायक संवाद

आरके सहगल, अनंत ज्ञान

**चंबा।** जिले की शैक्षणिक प्रतिभाएं एक बार फिर प्रदेश स्तर पर चमकीं, जब राज्य स्तरीय बाल विज्ञान सम्मेलन में जिले के होनहार विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का मान बढ़ाया। इस उपलब्धि को और भी विशेष बनाने के लिए, चंबा प्रशासन द्वारा 'कॉफी विद डीसी' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एक ऐसा मंच जहां बाल वैज्ञानिकों को प्रशासन से सीधे जुड़ने और संवाद स्थापित करने का अवसर मिला।

इस प्रेरणादायक संवाद कार्यक्रम में डिप्टी कमिश्नर चंबा, एडीएम, एसपी चंबा, एसी टू डीसी, डिप्टी डायरेक्टर (हायर एवं एलीमेंटरी एजुकेशन), ओएसडी उमाकांत, तथा साइंस सुपरवाइज़र गौरव वेद की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। गौरव वेद, जो जिले में विज्ञान शिक्षा के मार्गदर्शक स्तंभ हैं, का आयोजन में योगदान विशेष रूप से सराहनीय रहा। उनके सतत प्रयासों और मार्गदर्शन ने चंबा के छात्रों को विज्ञान में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है। बाल विज्ञान सम्मेलन की सफलता में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि छात्रों को न केवल सम्मानित किया गया, बल्कि उन्हें 'डिप्टी कमिश्नर' की भूमिका में स्वयं को महसूस करने का अवसर भी मिला।

बच्चों ने विभिन्न प्रशासनिक विषयों पर खुलकर अपने विचार रखे, सुझाव दिए और समाधान सुझाए। यह अनुभव उनके लिए न केवल शैक्षणिक बल्कि आत्मविकास की दृष्टि से भी अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ।

डिप्टी कमिश्नर चंबा की यह अभिनव पहल शिक्षा, नवाचार और नेतृत्व को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक उत्कृष्ट कदम है। चंबा जिले का यह प्रयास निश्चित ही अन्य जिलों के लिए एक प्रेरणास्रोत बनेगा और शिक्षा को लेकर प्रशासन की सकारात्मक सोच को दर्शाता है।

इस आयोजन से बच्चों में नई ऊर्जा, आत्मविश्वास और उत्तरदायित्व की भावना का संचार हुआ है। यह स्पष्ट संकेत है कि चंबा न केवल प्राकृतिक सौंदर्य में समृद्ध है, बल्कि शिक्षा और नवाचार के क्षेत्र में भी एक चमकता हुआ सितारा बनकर उभर रहा है।



'कॉफी विद डीसी' कार्यक्रम के दौरान डीसी चंबा के साथ राज्य स्तरीय बाल विज्ञान सम्मेलन के विजेता छात्र।

# श्री मणिमहेश लंगर सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट मुकेरियां 9 से कुराहं में लगाया भंडारा



श्री मणिमहेश लंगर सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट मुकेरियां के सदस्य हवन करते हुए।

अनंत ज्ञान, चंबा

**बाबा** भोलेनाथ की असीम कृपा और जनसेवा की भावना को समर्पित, श्री मणिमहेश लंगर सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट मुकेरियां, पंजाब इस वर्ष अपना सातवां भंडारा आयोजित करने जा रहा है। यह पवित्र लंगर सेवा 9 अगस्त से कुराहं, मैहला पुल के समीप आरंभ होगी।

ट्रस्ट के सदस्य कुलवंत कुमार 'रम्मा' ने जानकारी देते हुए बताया कि यह भंडारा भोलेनाथ को समर्पित एक विनम्र सेवा प्रयास है। उन्होंने कहा कि यह हमारा सातवां लंगर है और हम पूर्ण श्रद्धा व समर्पण के साथ इसे आयोजित करते हैं। जो कुछ भी है, वह सब बाबा की ही कृपा है, और जब तक जीवन रहेगा, हम लोक कल्याण के लिए बाबा भोलेनाथ की सेवा करते रहेंगे।

ट्रस्ट द्वारा लगाए जाने वाले इस लंगर में हर वर्ष हजारों श्रद्धालु भोजन ग्रहण करते हैं। श्रद्धालुजन मणिमहेश यात्रा के दौरान यहां विश्राम कर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। साल दर साल यह ट्रस्ट, सेवा, श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक बनता जा रहा है, और समाज में एक प्रेरणास्रोत के रूप में अपनी पहचान बना चुका है।

# कॉलेज परिसर में बाहरी लोगों के प्रवेश पर रोक लगाने को लेकर एनएसयूआई ने उठाई आवाज



एनएसयूआई चंबा इकाई के सदस्य ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंपते हुए छात्रों की सुरक्षा और अनुशासन को सर्वोपरि बताया।

अनंत ज्ञान, चंबा

**भारतीय** राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) की जिला चंबा इकाई ने राजकीय महाविद्यालय चंबा के प्राचार्य को एक औपचारिक ज्ञापन सौंपते हुए कॉलेज परिसर में बाहरी व्यक्तियों के अनियंत्रित प्रवेश पर गहरी चिंता व्यक्त की है।

ज्ञापन में कहा कि हाल के दिनों में कुछ बाहरी लोग नियमित रूप से कॉलेज कैंपस में देखे जा रहे हैं, जिससे शैक्षणिक वातावरण और विद्यार्थियों की सुरक्षा पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। इस मौके पर एनएसयूआई चंबा इकाई के अध्यक्ष आर्यन भारद्वाज ने कहा कि कॉलेज एक शिक्षण संस्थान है, जहां अनुशासन और सुरक्षा का माहौल सबसे अहम होता है। यदि बाहरी व्यक्तियों की बेरोकटोक आवाजाही जारी रही, तो इससे न केवल पढ़ाई का माहौल बिगड़ेगा बल्कि छात्र-छात्राओं में असुरक्षा की भावना भी उत्पन्न होगी।

एनएसयूआई ने प्राचार्य से अनुरोध किया है कि कॉलेज गेट पर सख्त निगरानी रखी जाए और बिना वैध अनुमति के किसी भी बाहरी व्यक्ति को कॉलेज परिसर में प्रवेश न दिया जाए। विशेष परिस्थितियों में ही संबंधित प्रशासनिक अधिकारी की लिखित अनुमति के बाद ही प्रवेश की अनुमति दी जाए।

इस अवसर पर एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष अभिनंदन ठाकुर और राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी के दिशा-निर्देशों का भी उल्लेख करते हुए बताया गया कि संगठन हमेशा छात्रों की भलाई, सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

# मैहला में आधी रात को पूर्व सैनिक की बहादुरी से तेल चोर गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, चंबा

**मैहला** पंचायत में बीती रात लगभग 12 बजे से 3 बजे के बीच मोटरसाइकिल से तेल चुराने वाले चोरों ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया। चोर जिस बाइक से आए थे, उसका साइलेंसर फटा हुआ था, जिससे क्षेत्र में तेज़ और कर्कश ध्वनि गूंजने लगी। यह शोर सुनकर गांव के लोगों की नींद टूट गई और स्थानीय निवासी परेशान हो उठे।



पूर्व सैनिक रमेश कुमार, जिन्होंने 21 वर्षों तक सीमा सुरक्षा बल (एसएसबी) में देश की सेवा की है, अपने चचेरे भाई के साथ स्थिति का जायजा लेने पहुंचे। घटनास्थल पर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि कुछ युवक मोटरसाइकिलों से तेल चुरा रहे थे और कुछ बाइक पर बैठकर निगरानी कर रहे थे। जैसे ही चोरों ने उन्हें देखा, उनमें अफरा-तफरी मच गई और वे भागने लगे।

भागते हुए एक चोर ने ऊंची दीवार से छलांग लगा दी लेकिन नीचे गिरते ही रमेश कुमार ने साहसिक कदम उठाते हुए उसे दबोच लिया। जबकि अन्य चोर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। पकड़े गए चोर के पास से लगभग 300 मिलीलीटर पेट्रोल बरामद किया गया।

रमेश कुमार ने तत्परता दिखाते हुए सदर थाना चंबा को फोन पर सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा आगे की जांच जारी है। ग्रामीणों ने रमेश कुमार की बहादुरी और तत्परता की सराहना की है। इस घटना से क्षेत्रवासियों में सुरक्षा को लेकर सजगता बढ़ी है और पुलिस की सक्रियता पर भी भरोसा बढ़ा है।

# 14 वर्षों से बिस्तर पर जीवन जी रहे रमेश के लिए फरिश्ता बनकर सामने आए समाजसेवी चमन शर्मा

अनंत ज्ञान, चंबा

**बसोधन** पंचायत के तलाई गांव निवासी रमेश कुमार की जिंदगी 14 साल पहले एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना के बाद पूरी तरह बदल गई। रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट आने के बाद वह आज तक बिस्तर और व्हीलचेयर पर ही जीवन यापन कर रहे हैं। हादसे के तुरंत बाद उनका इलाज क्षेत्रीय अस्पताल चंबा से लेकर मेडिकल कॉलेज टांडा और अंततः आईजीएमसी शिमला तक चला। शिमला में ऑपरेशन भी हुआ लेकिन दुर्भाग्यवश वह सफल नहीं हो सका।

रमेश कुमार ही परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। आज उनके साथ केवल उनकी पत्नी और छह बेटियां हैं। परिवार फिलहाल केवल 'सहारा पेंशन योजना' पर निर्भर है, जो गुजारे के लिए नाकाफी है।

इस कठिन परिस्थिति में एक उम्मीद की किरण बनकर सामने आए ग्राम पंचायत रठियार के दियोली गांव निवासी समाजसेवी चमन शर्मा, जो वर्तमान में भाजपा खज्जियार मंडल के सोशल मीडिया संयोजक भी हैं। चमन शर्मा ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए रमेश कुमार के लिए मदद की एक मुहिम चलाई। उन्होंने अपने व्हाट्सएप ग्रुप और फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से लोगों से सहयोग की अपील की। इस अभियान के माध्यम से 55,000 की सहायता राशि रमेश कुमार के परिवार को प्रदान की जा चुकी है।



### अब तक जुटा चुके हैं 55 हजार की सहायता राशि


इस सहयोग में विशेष योगदान ग्राम पंचायत रठियार के डुगली गांव निवासी त्रिलोक का भी रहा, जो वर्तमान में न्यूजीलैंड में कार्यरत हैं। उन्होंने इस परिवार के लिए 40,000 की राशि भेजकर अपने मानवीय संवेदनाओं का परिचय दिया।

चमन शर्मा पहले भी कई बार इस तरह की जनसेवी मुहिमों के माध्यम से ज़रूरतमंदों की मदद कर चुके हैं। उन्होंने सभी समाजसेवियों, युवाओं और बुद्धिजीवियों से अपील की है कि आगे भी इस पीड़ित परिवार की मदद के लिए आगे आएं ताकि रमेश कुमार को जीवन जीने के लिए बेहतर सुविधाएं और सम्मानजनक सहारा मिल सके।

# 1995 में बना चूड़ी पुल क्षतिग्रस्त कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

अनंत ज्ञान, धरवाला

**वर्ष** 1995 में बना चूड़ी पुल जो राडी, प्रीणा, कुनेड, किलोड व गांण जैसी विभिन्न पंचायत को जोड़ता है। स्थानीय लोग अनित शर्मा, राजेश शर्मा, आत्माराम भारद्वाज, दीपक कश्यप, सोनू ठाकुर, बालकृष्ण, अजय व राडी पंचायत की प्रधान दीपा कुमारी का कहना है कि वर्ष 2005-6 में एनएचपीसी चरण 3 धरवाला की तरफ से यहां एक पावर प्रोजेक्ट का निर्माण करवाया गया जो लगभग वर्ष 2011 में खत्म हुआ। इस दौरान भारी भरकम गाड़ियों तथा दूसरे वाहनों की आवाजाही लगातार इस पुल पर बनी रही, जिसकी वजह से इस पुल को भारी नुकसान हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि 5 से 6 पंचायतों को जोड़ता यह एकमात्र पुल है, अगर समय रहते



### 6 पंचायतों को जोड़ता पुल सरकार जल्द ले निर्णय

इसकी मरम्मत नहीं की गई तो कभी भी यह पुल टूट सकता है। जिससे जान माल का भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकार जल्द से जल्द इस विषय पर गंभीर निर्णय ले ताकि भविष्य में ऐसी कोई अनहोनी यहां ना हो।

## पांगी में बूथ लेवल अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

# निर्वाचन प्रक्रिया में सुधार-पारदर्शिता की दी जानकारी

ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान

**भरमौर।** पांगी मुख्यालय किलाड़ के पुस्तकालय भवन में बूथ लेवल अधिकारियों एवं सुपरवाइजर्स की राष्ट्रीय स्तर की प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रमन घरसंगी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रेशन अधिकारी पांगी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। प्रशिक्षण सत्र का संचालन मास्टर ट्रेनर केदार नाथ प्रधानाचार्य राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, रेइ एवं सुरेंद्र ठाकुर द्वारा किया गया।

इस प्रशिक्षण में पांगी उपमंडल के सभी बूथ लेवल अधिकारियों एवं सुपरवाइजर्स ने सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारु, पारदर्शी एवं सटीक रूप से संपन्न कराने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश एवं जानकारी प्रदान करना था।



किलाड़ में बूथ लेवल अधिकारियों एवं सुपरवाइजरों की राष्ट्रीय स्तर की प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

# मिशन वात्सल्य के तहत चंबा जिले में 76 बच्चों को किया जा रहा लाभान्वित: डीसी

अनंत ज्ञान, चंबा

**उपायुक्त** मुकेश रेपसवाल ने कहा कि मिशन वात्सल्य के तहत वर्तमान में जिलाभर में 76 बच्चों को लाभान्वित किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत बच्चों की पढ़ाई के लिए संबंधित परिवार को प्रतिमाह 4 हज़ार रुपए प्रदान किये जा रहे हैं। उपायुक्त आज प्रयोजन एवं पालन-पोषण स्वीकृति समिति व अपराधिक क्षति, राहत एवं पुनर्वास बोर्ड की जिला स्तरीय बैठक में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि चुंकि ज़िला भर में 100 बच्चों को मिशन वात्सल्य के तहत लाभान्वित करने का लक्ष्य है। ऐसे में सभी संबंधित अधिकारी निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने के लिए आवश्यक कदम उठाना सुनिश्चित बनाएं । उपायुक्त ने जिला में अनाथ, विधवा महिलाओं के बच्चों तथा अन्य जरूरतमंद बच्चों को अधिक से अधिक संख्या में मिशन वात्सल्य के अंतर्गत प्रयोजन से लाभान्वित करने को लेकर अधिकारियों को प्रभावी कदम उठाने के निर्देश भी दिए।

बैठक में उपायुक्त ने जिला बाल संरक्षण इकाई चंबा और बाल कल्याण समिति द्वारा अनुमोदित 13 नए बच्चों को योजना के अंतर्गत लाभान्वित करने के लिए अंतिम स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में उप पुलिस अधीक्षक जितेंद्र चौधरी व तहसील कल्याण अधिकारी अक्षय कुमार सहित जिला बाल संरक्षण इकाई चंबा और बाल कल्याण समिति चंबा के विभिन्न सदस्य मौजूद रहे।



उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल प्रयोजन एवं पालन पोषण स्वीकृति समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

### सूडोकु नवताल- 7491 (★★★ मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | | | | 6 |
| 7 | | 2 | | 5 | | | | 9 |
| | | 4 | | | 2 | 7 | 5 | |
| 5 | 7 | | | | 9 | | 1 | 8 |
| | | | | 6 | | | | |
| 6 | 1 | | 3 | | | | 2 | 4 |
| | 5 | 1 | 9 | | | 8 | | |
| 2 | | | | 8 | | 9 | | 1 |
| 9 | | | | | 3 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7490 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 8 | 7 |
| 4 | 7 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 | 6 | 9 |
| 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 8 | 9 | 4 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 2 | 4 | 7 | 6 | 9 | 3 | 8 | 1 | 5 |
| 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 2 | 4 | 9 | 3 |
| 8 | 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 3 | 2 | 4 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 3 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 4 | 2 |

# शिमला में छठी कक्षा की छात्रा से छेड़छाड़, शिक्षक पर एफआईआर

अनंत ज्ञान, शिमला

**राजधानी** शिमला के बालूगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत एक सरकारी स्कूल में छठी कक्षा की छात्रा से छेड़छाड़ का मामला सामने आया। चौंकाने वाली बात यह है कि इस कृत्य का आरोप उसी स्कूल के एक शिक्षक पर लगा है। पीड़िता के माता-पिता की शिकायत पर पुलिस ने बालूगंज थाने में आरोपित शिक्षक के खिलाफ पॉक्सो अधिनियम और छेड़खानी की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपित को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

यह मामला सोमवार को तब तूल पकड़ा, जब महिला समिति को इसकी भनक लगी और समिति ने इस घटना पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए स्कूल में हंगामा करते हुए आरोपित अध्यापक का घेराव किया। महिला समिति की सचिव सोनिया शबरवाल ने इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि आज स्कूलों में बच्चियों के साथ इस तरह की वारदातें सामने आना बेहद चिंताजनक है। उन्होंने जोर देकर कहा कि 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का नारा अब बिल्कुल खोखला हो गया है। शबरवाल ने बताया कि स्कूल का शास्त्री पिछले कई दिनों से छठी कक्षा की छात्रा को गलत तरीके से छू रहा था, जिसके कारण बच्ची काफी दिनों से स्कूल नहीं जा रही थी। काफी पूछने पर बच्ची ने अपनी बहन को बताया कि शिक्षक उसके साथ बदतमीजी कर रहा है, जिसके डर से वह स्कूल जाने से कतरा रही थी। महिला समिति ने इस मुद्दे पर प्रशासन से भी मिलने और ऐसे जघन्य अपराधों को अंजाम देने वाले लोगों को नौकरी से बर्खास्त करने की अपील करने की बात कही है। उधर, बालूगंज पुलिस मामले की गहनता से जांच में जुट गई है और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## अनंत ज्ञान — आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

मंगलवार, 15 जुलाई 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत आषाढ़, **तिथि** पंचमी (10:41) **: नक्षत्र** शतभिषा (06:27), **पक्षः** कृष्ण, **योग :** सोभाग्य (02:12), **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:59-12:54)। **राहुकाल** (03:53-05:37)।

### विशेष दिन

- 15 जुलाईः मरुस्थल में नागपंचमी आज।
- 15 जुलाईः मौना पंचमी आज।
- 15 जुलाईः मंगला गौरी पूजा आज।

**मेषः** कार्यस्थल पर कुछ लोग आपकी आलोचना करेंगे। सामाजिक कार्यों में आप का सहयोग रहेगा। आज समय का सदुपयोग होगा। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

**वृषः** बोलते कुछ हैं, करते कुछ हैं। पहले खुद समझें करना क्या है। नवीन कारोबार में सफल होंगे। कार्यस्थल पर विवाद संभव है। पेट संबंधित रोग से पीड़ित रहेंगे।

**मिथुनः** आज किसी पर भी पैसों से संबंधित विश्वास न करें। धोखा होने के पूरे योग हैं। संपत्ति के निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें। व्यापार-व्यवसाय में अनुकूल अवसर मिलेंगे।

**कर्कः** अपने करियर पर ध्यान दें। अपनी वस्तुओं को संभालकर नहीं रखने से नुकसान की उम्मीद है। व्यापारिक नवीन योजनाओं से लाभ होगा। परिवार में मेल-जोल बढ़ेगा।

**सिंहः** नया कारोबार स्थापित करने के लिए कर्ज की व्यवस्था करने में जुटे रहेंगे। कार्यस्थल पर अधिकारी वर्ग में महत्व बढ़ेगा। विवाद के कारण घर का त्याग करना पड़ सकता है।

**कन्याः** दिन की महत्वता को समझें और अपने भविष्य के लिए निर्णय लें। क्रोध पर संयम रखें। खर्च की अधिकता रहेगी। कर्मियों की न समझी से मुश्किलों का सामना हो सकता है।

**तुलाः** अपनी जीवनशैली को बदलें। व्यापार-व्यवसाय में लाभ होगा। किसी कला जगत के प्रसिद्ध व्यक्ति से मेलजोल बढ़ेगा। मकान, वाहन के क्रय-विक्रय में धन निवेश करेंगे।

**वृश्चिकः** अपनों का साथ मिलने से काम पूरा होगा। संतान की उन्नती से मन प्रसन्न रहेगा। झूठ बोलने वालों से सावधान रहें। घर परिवार में भौतिक सुख-साधनों की प्राप्ति होगी।

**धनुः** आज का दिन शुभ है। व्यापार में नई योजनाओं का लाभ मिलेगा। अपनों से लेन-देन में सावधानी रखें। दाम्पत्य जीवन अनुकूल रहेगा। कार्यक्षेत्र में उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे।

**मकरः** निजी जीवन में चल रहे मनमुटाव दुरिया बढ़ा सकते हैं। फालतू विवादों से दूर रहना चाहिए। समाज, परिवार में आपको महत्व मिलेगा। धर्म ग्रंथों के अध्ययन में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभः** सामाजिक समारोह में शामिल होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। आप क्यों दूसरों के मामलों में पड़ते हैं, नुकसान आप का ही होगा। बिना मांगे अपनी राय न दें।

**मीनः** अपने विवेक से काम करें, आप चाहकर भी अपने मन माफिक काम नहीं कर पा रहे हैं। न्यायालय के मामलों में लापरवाही न करें। सफलता हासिल करने का समय है।

## जानकारी — मक्की की फसल में फॉल आर्मी वर्म की रोकथाम को लेकर एडवाइजरी जारी

# प्रारंभिक लक्षणों पर ध्यान देने की आवश्यकता

अनंत ज्ञान, चंबा

**कृषि** विज्ञान केंद्र चंबा द्वारा जिले के किसानों की सुविधा के दृष्टिगत मक्की की फसल में फॉल आर्मी वर्म की रोकथाम एवं प्रबंधन को लेकर एडवाइजरी जारी की है।

कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि इस कीट के लार्वा मक्की की फसल को भारी क्षति पहुंचा सकते हैं और इसके प्रारंभिक लक्षण पौधों की पत्तियों पर अनियमित छेद तथा बड़ी मात्रा में अपशिष्ट निकलता है। इससे मक्की की पत्तियों पर गोल और आयताकार छेद बन जाते हैं। उन्होंने बताया कि इनके अंडों का रंगभ धूसरा-भूरा तथा ये बालों से ढके होते हैं। किसान इनकी पहचान आसानी से कर सकते हैं। साथ में उन्होंने यह भी बताया कि किसानों की सुविधा के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स का गठन किया गया है, जिसमें कृषि विज्ञान केंद्र चम्बा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रभारी डॉ. धर्मेंद्र कुमार, उपनिदेशक कृषि चंबा डॉ. भूपेंद्र सिंह, डॉ. जया चौधरी वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र तथा कृषि विभाग के विषय वास्तु विशेषज्ञ शामिल है। टास्क फोर्स प्रभावी प्रबंधन के लिए ज़िले के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर किसानों को आवश्यक जानकारी प्रदान कर रही है।

### इनका करें छिड़काव

**क्लोरेंट्रानिलिप्रोएल** 18.5 एससी (कोराजेन) 0.4 मिलीलीटर प्रति लीटर या स्पिनटोरम 11.7 एससी (डेलीगेट) 0.5 मिलीलीटर प्रति लीटर या एमामेक्टिन बेंजोएट 5 एसजी (मिसाइल) 0.4 ग्राम प्रति लीटर, स्प्रे की मात्राः 20 दिन तक पुरानी फसल के लिए 120 लीटर पानी प्रति एकड़ तथा उससे ज्यादा दिन की फसल के लिए 200 लीटर पानी प्रति एकड़।

### जिला स्तरीय टास्क फोर्स का किया गठन

### ऐसे करें प्रबंधन

**फसल** की बुवाई केवल निर्धारित समय में ही करें, बीज को छिड़काव के बजाय कतारों में ही बुवाई विधि अपनाएं। मक्की की पत्तियों से फॉल आर्मी वर्म के अंडों को इकट्ठा करके नष्ट करने के लिए नियमित रूप से खेत की निगरानी करें।

### मृदा कीटनाशक मिश्रण

**जब** फसल 40 दिन से अधिक पुरानी हो जाती है और छिड़काव करना कठिन हो जाता है ऐसी अवस्था में संक्रमित पौधों में मृदा-कीटनाशक या जैवकीटनाशक लगभग 0.5 ग्राम तक मिश्रण का उपयोग किया जा सकता है। ऊपर बताए गए किसी भी कीटनाशक की 5 मिलीलीटर मात्रा को 10 मिलीलीटर पानी में मिलाकर एक किलोग्राम मिट्टी में अच्छी तरह मिलाएं तथा पौधों की जड़ों पर डाल दें।

**In the court of Sh. Maneesh Chaudhary (H.A.S.) Marriage officer cum-Sub Divisional Magistrate, Joginder Nagar District Mandi (H.P.)**

**In the matter of :-** 1. Sh. Shokat Ali aged about 24 years (DOB 26-07-2001) S/O Sh. Talav Khan R/o Village Kahmarnu, Tehsil Lad Bharol, Distt. Mandi H.P. 2. Smt. Sonika Kumari aged about 23 years (DOB 28-12-2001) D/O Sh. Kartar Singh R/O Village Greyoh, P.O. Kango Ka Gehra, Tehsil Tihra, Distt. Mandi, H.P.

....Applicants.

**Versus**
**General Public**

....Respondents

**Subject: Proclamation for the registration of Marriage under section 15 of special Marriage Act, 1954.**

In the above noted Sh. Shokat Ali and Smt. Sonika Kumari have filed an application on dated 10-07-2025 along with affidavits in the court of undersigned under section 15 of special marriage Act, 1954 that they have solemnized their marriage on dated 20-06-2024 according to the custom & ritual of Hindu religion since from the date of marriage they are living together as Husband & wife, hence their marriage may be registered under special marriage Act, 1954.

Therefore, the general public & the parents of the applicants are hereby informed through this notice that any person who has any objection regarding this marriage can file the objection personally in writing or through their legal advisor before this court on or before dated 12/08/2025 The objection received after 12/08/2025 will not be entertained and marriage will be registered accordingly.

Issued today on 10/07/2025 under my hand and seal of this court.

**Marriage Officer-cum,**
**Sub Divisional Magistrate Joginder Nagar, District Mandi (H.P.)**

पहली और सबसे बड़ी जीत अपने आप को जीतना है, भविष्य आपको जीत ले यह सभी चीजों में सबसे शर्मनाक और घिनौना है। -प्लेटो

## संपादकीय

# मतदाता सूची का फर्जीवाड़ा

बिहार एक बार फिर चुनावी रणभूमि बनने को तैयार है। इस साल के अंत में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव को लेकर भले ही चुनाव आयोग ने अब तक आधिकारिक तिथियों की घोषणा नहीं की है, लेकिन सूबे की सियासी सरगर्मियों ने पहले ही चुनावी रंग पकड़ लिया है। हाल ही में सोशल मीडिया पर एक फर्जी सूचना वायरल हुई, जिसमें दावा किया गया कि बिहार विधानसभा चुनाव छह चरणों में 21 अक्तूबर से लेकर 20 नवंबर तक कराए जाएंगे और मतगणना 24 नवंबर को होगी। यह खबर इतनी तेजी से फैली थी कि कई मीडिया संस्थानों को भी भ्रमित कर गई। हालांकि, चुनाव आयोग ने समय रहते इस खबर को झूठा बताते हुए स्पष्ट किया था कि ऐसी अफवाहों से बचा जाए और केवल आधिकारिक स्रोतों से ही सूचना ली जाए, लेकिन इस बार का चुनावी माहौल सिर्फ तिथियों या प्रचार की बात तक सीमित नहीं है। बिहार में एक बेहद गंभीर और चिंताजनक मामला सामने आया है, जिसने न केवल राज्य, बल्कि देशभर में लोकतंत्र की पवित्रता को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

बिहार की मतदाता सूची में घुसपैठियों के नाम दर्ज होना अपने आप में बड़ा ही गंभीर मामला है। चुनाव आयोग की ओर से चलाए गए विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान चौंकाने वाली सच्चाई सामने आई कि बड़ी संख्या में बांग्लादेश, नेपाल और म्यांमार से आए अवैध प्रवासियों के नाम मतदाता सूची में दर्ज हैं। यह न केवल प्रशासनिक लापरवाही का नमूना है, बल्कि इससे यह भी संकेत मिलता है कि कहीं न कहीं इस फर्जीवाड़े में साजिशन तत्वों की भूमिका रही है। चुनाव आयोग का कहना है कि जिन लोगों के नाम मतदाता सूची में शामिल हुए, उनके पास वोटर आईडी, आधार कार्ड, राशन कार्ड जैसे पहचान दस्तावेज थे। ऐसे में संदेहास्पद व्यक्तियों की पहचान कर पाना मुश्किल हो गया था। हालांकि, आयोग ने 30 सितंबर को जारी होने वाली अंतिम मतदाता सूची से इन अवैध नामों को हटाने का आश्वासन दिया है, लेकिन सवाल उठता है कि आखिर ऐसे फर्जी नाम सूची में आए कैसे? यह समझना जरूरी है कि कोई भी व्यक्ति अचानक मतदाता सूची में नहीं जुड़ सकता। इसके लिए एक प्रक्रिया होती है-फार्म भरना, दस्तावेज प्रस्तुत करना, सत्यापन और फिर नाम दर्ज होना।

ऐसे में अगर हजारों की संख्या में अवैध प्रवासियों के नाम सूची में शामिल हुए हैं, तो यह केवल अनजाने में हुई गलती नहीं हो सकती। यह एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा प्रतीत होता है, जिसके पीछे चुनावी लाभ लेने की मंशा हो सकती है। यह घटनाक्रम लोकतंत्र के लिए बेहद खतरनाक है। मतदाता सूची किसी भी लोकतंत्र की रीढ़ होती है और यदि उसमें फर्जी या अवैध नाम आ जाएं तो इससे चुनाव की निष्पक्षता पर प्रश्नचिन्ह लगना स्वाभाविक है। क्या ये लोग चुनाव के दिन वोट भी डालते? क्या इनके वोटों से किसी विशेष पार्टी को फायदा पहुंचाया जाता? यदि हां, तो यह चुनावी प्रक्रिया को दूषित करने का कृत्य होगा। ऐसे लोग इन अवैध वोटों के सहारे सत्ता पाने की कोशिश करते हैं, वे सत्ता में आने के बाद आम जनता के हितों की रक्षा नहीं कर सकते। यहां सवाल भी उठता है कि क्या स्थानीय प्रशासन या राजनीतिक दलों की भूमिका इस साजिश में रही है? यदि किसी ने जानबूझकर या लालच देकर इन घुसपैठियों को दस्तावेज दिलवाए और उन्हें वोटर लिस्ट में शामिल करवाया, तो वह न केवल कानून का उल्लंघन है बल्कि राष्ट्र के साथ धोखा भी है।

इस पूरे मामले की निष्पक्ष और गहन जांच होनी चाहिए। केवल नाम हटाना पर्याप्त नहीं है, दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए, चाहे वे किसी भी पद या पार्टी से ताल्लुक रखते हों। यह तो अच्छा हुआ कि बिहार चुनाव से पहले इस फर्जीवाड़े का पर्दाफाश हो गया। कल्पना कीजिए यदि यह खेल मतदान के बाद सामने आता, तो पूरे चुनाव की वैधता पर प्रश्नचिन्ह लग जाता और लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता को गहरी चोट पहुंचती। इस घटना ने यह स्पष्ट कर दिया है कि देश के चुनावी तंत्र को और अधिक सतर्क, पारदर्शी और मजबूत बनाने की जरूरत है। इसके साथ ही, यह भी जरूरी हो गया है कि देश के बाकी राज्यों में भी मतदाता सूचियों की गंभीरता से जांच की जाए।

यह केवल बिहार की समस्या नहीं है। सीमावर्ती राज्यों में अवैध प्रवासियों की उपस्थिति वर्षों से एक चुनौती रही है। यदि उन्हें पहचान पत्र और मतदाता अधिकार मिलते रहे तो भविष्य में इससे भी बड़े फर्जीवाड़े हो सकते हैं। हमें यह समझना होगा कि लोकतंत्र को केवल चुनाव करवाकर नहीं, बल्कि उसे ईमानदारी और निष्पक्षता से संचालित करके ही बचाया जा सकता है। बिहार का यह मामला हमें समय रहते चेतावनी दे गया है कि लोकतंत्र की जड़ें कितनी आसानी से खोखली की जा सकती हैं। हमें केवल चुनाव के दिन वोट डालकर अपने कर्तव्यों की इतिश्री नहीं माननी चाहिए, बल्कि पूरी चुनावी प्रक्रिया पर नजर रखनी चाहिए। यही लोकतंत्र की असली ताकत है। फिर भी उम्मीद की जानी चाहिए कि बिहार विधानसभा चुनाव पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी और विवादरहित हों। इससे ही मतदाताओं का विश्वास कायम रहेगा और सशक्त लोकतंत्र की नींव मजबूत होगी।

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# आंध्र प्रदेश की प्रथम महिला नेता

**दुर्गाबाई** देशमुख आंध्र प्रदेश की प्रथम महिला नेता जिनका जन्म राजामुंद्री में एक मध्यम स्तर के परिवार में हुआ था। उनके पिता का बाल्यकाल में ही देहांत हो गया। उनकी मां राजनीति में भाग लेती थीं और कांग्रेस कमेटी की सचिव थीं। इसका प्रभाव दुर्गाबाई पर भी पड़ा। दुर्गाबाई के बाल्यकाल के दिनों में बालिकाओं को विद्यालय नहीं भेजा जाता था। पर दुर्गाबाई में पढ़ने की लगन थी। उन्होंने अपने पड़ोसी एक अध्यापक से हिंदी पढ़ना आरंभ किया। दुर्गाबाई ने शीघ्र ही हिंदी में इतनी योग्यता अर्जित कर ली कि 1923 में उन्होंने बालिकाओं के लिए एक विद्यालय खोल लिया। गांधी जी ने इस प्रयत्न की सराहना करके दुर्गाबाई को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया था। नमक सत्याग्रह में उन्होंने प्रसिद्ध नेता टी. प्रकाशम के साथ भाग लिया। 25 मई, 1930 को वे गिरफ्तार कर लीं और एक वर्ष की सजा हुई।



दुर्गाबाई देशमुख
जन्म : 15 जुलाई, 1909
मृत्यु : 9 अप्रैल, 1981

## कविता



# बेटियां देवभूमि की शान

अशोक सिंह गुलेरिया, नगरोटा सूरियां, कांगड़ा

*देवभूमि की इस धरती पर, जहां हर कोना है पूज्य पवित्र,*
*जहां नारी है को माना देवी, ममता-सी निर्मल, शक्ति-सहित।*
*फिर क्यों ऐसी घड़ियां आईं, जब बेटियां डर में सिमटी पाईं?*
*यह भूमि जहां नारी पूजी जाती,*
*क्यों सोच हमारी बदलती जाती?*
*जो बेटी सफर पर निकली अकेली,*
*वो भी है किसी की आंखों की लाली।*
*मत देखो उसे गलत इरादों की नजर से,*
*वो भी है मान-सम्मान किसी घर से।*
*हर राहगीर को बनना होगा प्रहरी, बेटी की रक्षा हो प्रथम जिम्मेदारी।*
*न बनो तमाशबीन या मौन, गलत के खिलाफ उठेगा कौन?*
*हर गली, नुक्कड़, हर एक मोड़, बेटियां चलें निर्भय होकर,*
*सम्मान दो उसे, जो हक है उसका, वो भार नहीं,*
*वो भविष्य है सबका।*
*बनो भाई, पिता या संरक्षक समान,*
*बेटियों में ही बसती है यह भूमि महान।*
*देवभूमि तभी कहलाएगी महान,*
*जब हर नारी को मिले सुरक्षा और सम्मान।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री editoranantgyaan@gmail.com पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# शिक्षा में सहयोग व समर्पण का हिमाचल मॉडल प्रेरणादायी



सिकंदर बंसल
शिक्षाविद्, रामपुर बुशहर

हिमाचल प्रदेश ने शिक्षा के क्षेत्र में हाल के वर्षों में जो प्रगति की है, वह न केवल राज्य के भीतर, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी प्रेरणा का स्रोत बनी है। यह सुधार केवल नगरों या कस्बों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्रों तक पहुंचा है, जहां कभी एक ही शिक्षक पूरे विद्यालय को संभालता था।

अब वही राज्य राष्ट्रीय सर्वेक्षणों में लगातार आगे बढ़ रहा है। यह परिवर्तन अचानक नहीं हुआ, इसके पीछे योजनाबद्ध प्रयास, शिक्षकों की भागीदारी, सरकार की नीति, जन सहयोग और सतत निगरानी की ठोस नींव रही है। समग्र शिक्षा अभियान, जिसे केंद्र और राज्य सरकार मिलकर संचालित कर रही हैं, हिमाचल प्रदेश में शैक्षणिक सुधारों की रीढ़ बना है। इस योजना के अंतर्गत आधारभूत ढांचा मजबूत करने के साथ-साथ शिक्षक प्रशिक्षण, बालिकाओं की पढ़ाई, विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की समावेशी शिक्षा और तकनीकी शिक्षा को प्राथमिकता दी गई है। विद्यालयों में शौचालय, पुस्तकालय, खेल परिसर और तकनीकी कक्षाओं जैसी सुविधाओं को बेहतर बनाया गया है। दृष्टिबाधित और अन्य दिव्यांग बच्चों के लिए ब्रेल पुस्तकें, विशेष शिक्षक, सहायक उपकरण तथा घर-आधारित शिक्षा की व्यवस्था की गई है।

राज्य सरकार ने राजीव गांधी आदर्श आवासीय विद्यालयों की स्थापना कर आधुनिक सुविधाओं से युक्त शिक्षा की दिशा में ठोस कदम उठाया है। इन विद्यालयों में तकनीकी कक्षाएं, विज्ञान प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, खेल परिसर, छात्रावास तथा पौष्टिक भोजन की सुविधा उपलब्ध है। विद्यार्थियों को सप्ताह में निश्चित दिन अंडे और केले भी दिए जा रहे हैं, जिससे उन्हें प्रोटीन और ऊर्जा मिलती है। इससे उनकी उपस्थिति, एकाग्रता और स्वास्थ्य में सुधार आया है। शिक्षा की गुणवत्ता को केवल परीक्षा परिणामों से नहीं, बल्कि समग्र विकास से आंका जा रहा है। राष्ट्रीय मूल्यांकन संस्था के सहयोग से प्रगति मूल्यांकन पद्धति अपनाई गई है, जिसमें बच्चों के



मानसिक, शारीरिक, भावनात्मक और बौद्धिक विकास को मापा जाता है। वर्ष 2024 की वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट में हिमाचल प्रदेश देश के शीर्ष तीन राज्यों में रहा, जहां आठवीं कक्षा के बच्चों की पढ़ने-लिखने और गणना की क्षमता राष्ट्रीय औसत से अधिक दर्ज की गई। शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और नीति सुधार को मजबूती देने के लिए राज्यों में विद्यालयी शिक्षा को रूपांतरित करने की सहायता नामक योजना लागू की गई है। यह योजना भारत सरकार और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं के सहयोग से चलाई जा रही है, जिसमें हिमाचल प्रदेश एक अग्रणी राज्य बनकर उभरा है।

इस योजना के तहत शिक्षक प्रशिक्षण, तकनीकी सामग्री, पूर्व बाल्यावस्था शिक्षा और आंकड़ों पर आधारित योजना निर्माण को प्राथमिकता दी गई है। शिक्षा के क्षेत्र में वित्तीय सहायता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत केंद्र सरकार से हर वर्ष करोड़ों रुपए का सहयोग राज्य को प्राप्त होता है। वहीं प्रदेश सरकार भी शिक्षा के लिए अपने बजट में पर्याप्त प्रावधान करती है। वर्ष 2023-24 में आदर्श विद्यालयों की स्थापना के लिए पच्चीस करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए।

इसके अतिरिक्त बच्चों की वर्दी, पुस्तकों, खेल सामग्री, परीक्षा शुल्क और परिवहन के लिए भी अलग-अलग योजनाओं के अंतर्गत व्यय किया गया। इन सरकारी स्रोतों के अतिरिक्त सामाजिक दायित्व के अंतर्गत कई बैंक, कंपनियां और सार्वजनिक संस्थाएं भी विद्यालयों को सहायता दे रही हैं। भारत स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, एचडीएफसी, और अन्य राष्ट्रीयकृत बैंकों ने कई विद्यालयों में तकनीकी यंत्र, संगणक, फलक, विज्ञान किट और पुस्तकालय की सामग्री प्रदान की है। दूरसंचार कंपनियों ने इंटरनेट सुविधा उपलब्ध करवाई है, जिससे अब सुदूरवर्ती विद्यालय भी तकनीकी रूप से सशक्त हो रहे हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयां जैसे ताप विद्युत निगम, जल विद्युत निगम और सतलुज विद्युत निगम ने अपने कार्यक्षेत्रों में स्थित विद्यालयों में भवन निर्माण, विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति, स्टेशनरी, फर्नीचर और परिवहन की सुविधा में सहयोग दिया है। टाटा ट्रस्ट, अजीम प्रेमजी न्यास और इन्फोसिस जैसे निजी संगठन शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, प्रशिक्षण और सामग्री विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

राज्य शिक्षा विभाग ने 'अपना विद्यालय' नामक योजना के माध्यम से समाज को विद्यालयों से जोड़ने का प्रयास किया है। इस योजना में पंचायतें, भूतपूर्व विद्यार्थी, सामाजिक संगठन और सामान्य नागरिक विद्यालयों को गोद लेकर उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति कर रहे हैं। 'स्वर्ण जयंती सुपर सौ' योजना के तहत एक सौ मेधावी विद्यार्थियों को एक लाख रुपए की छात्रवृत्ति दी जा रही है, जबकि 'स्वर्ण जयंती विद्यार्थी प्रशिक्षण योजना' के तहत प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग दी जा रही है। इसके अतिरिक्त राज्य के बारह सौ से अधिक विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा प्रदान की जा रही है। इनमें हस्तकला, भोजन प्रसंस्करण, पर्यटन, सौंदर्य सेवाएं, बिजली कार्य, संगणक संचालन जैसे विषयों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि विद्यार्थी भविष्य में रोजगार के लिए तैयार हो सकें। इन प्रयासों के बावजूद कुछ चुनौतियां बनी हुई हैं। जनजातीय और दूरस्थ क्षेत्रों में शिक्षकों की कमी, कुछ विद्यालयों में विद्यार्थियों की घटती संख्या तथा संसाधनों का असमान वितरण जैसी समस्याओं को दूर करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। भविष्य में शिक्षा को और व्यावहारिक, स्थानीय, रोजगारोन्मुख और समावेशी बनाने के लिए पाठ्यक्रम में क्षेत्रीय ज्ञान, संस्कृति, भाषा और पारंपरिक जीवनशैली को स्थान देना होगा। यदि राज्य सरकार, समाज, संस्थाएं और नागरिक इसी तरह मिलकर कार्य करते रहें, तो हिमाचल प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में देश के लिए एक आदर्श मॉडल बनकर उभरेगा। शिक्षा में सहयोग और समर्पण का यही हिमाचल मॉडल आने वाले समय में और भी अधिक सशक्त, समावेशी और प्रेरणादायी बनेगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# भाषा का उद्देश्य विवाद नहीं, संवाद का माध्यम है



चंदन ठाकुर
बिलासपुर (हि.प्र.)

आज एक बार फिर देश में भाषा को लेकर बहस छिड़ गई है। कहीं हिंदी बनाम मराठी, तो कहीं मातृभाषा बनाम संपर्क भाषा की चर्चा हो रही है। महाराष्ट्र में हाल ही की कुछ घटनाएं सामने आई हैं।

जहां हिंदी बोलने पर विरोध किया गया। कुछ जगहों पर हिंसा भी हुई और लोगों को केवल इस वजह से टारगेट किया गया कि वे कौन-सी भाषा बोलते हैं। क्या भाषा ऐसा मुद्दा बन गई है कि उसके लिए हिंसा होने लगे? कुछ लोगों का कहना है कि हिंदी उन पर थोपी जा रही है, लेकिन सवाल यह है, क्या वाकई हिंदी थोपी जा रही है? नई शिक्षा नीति स्पष्ट रूप से कहती है कि बच्चों को तीन भाषाएं सिखाई जाएंगी, एक मातृभाषा, दूसरी हिंदी और तीसरी अंग्रेजी। यहां किसी भी भाषा को हटाया नहीं गया है, बल्कि मराठी जैसी भाषाओं को और मजबूत करने की बात कही गई है। हमें यह भी समझना होगा कि हिंदी न तो राष्ट्रभाषा है और न ही सर्वोपरि भाषा, बल्कि यह केवल राजभाषा है। एक ऐसी भाषा जिसे देश के अधिकांश हिस्सों में समझा और बोला जाता है,यह गांव से संसद तक संवाद का पुल बन चुकी है।

दुखद बात यह है कि हमारा संविधान, जिसे देश का सबसे बड़ा कानून माना जाता है, उसकी नींव ही विविधता को अपनाने पर रखी गई है। क्या यह वही भारत है जो 'विविधता में एकता' की मिसाल देता था? भारत हमेशा से भाषाई विविधता का देश रहा है। संस्कृत, तमिल, उर्दू, मराठी, हिंदी, तेलुगु, बंगाली सभी भाषाएं भारत की आत्मा का हिस्सा हैं। इन भाषाओं ने मिलकर भारत की पहचान गढ़ी है और सभी को बराबरी का सम्मान दिया जाना चाहिए। अब बात संविधान की करें, तो



भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में आज 22 भाषाओं को मान्यता प्राप्त है। संविधान का यही भाव कहता है कि भारत की हर भाषा का सम्मान होना चाहिए और अनुच्छेद 351 में यह भी कहा गया है कि हिंदी का विकास इस रूप में हो कि वह देश की संपर्क भाषा बन सके, लेकिन किसी भी अन्य भाषा के विकास को बाधित किए बिना।

इसका मतलब है कि हिंदी को बढ़ावा देने की बात जरूर है, लेकिन थोपने की अनुमति नहीं है। यह संवैधानिक दिशा है, कोई राजनीतिक दबाव नहीं। हाल ही में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने कहा कि 'देश की सभी भाषाएं राष्ट्रीय भाषाएं हैं।' कुछ लोग इसे भी गलत ठहराने लगे। पर क्या यह कथन हमारी विविधता का सम्मान नहीं है? हम अक्सर कहते हैं कि भारत विविधताओं में एकता का देश है। तो फिर जब कोई भाषा सबको जोड़ने की कोशिश करती है, तो हम उसे संदेह की निगाह से क्यों देखते हैं? यह विरोध और भी गंभीर तब हो जाता है, जब भाषा को राजनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल किया जाने लग जाता है।

हिंदी कोई जबरन थोपी गई भाषा नहीं है, यह समय के साथ विकसित हुई, जनमानस की जुबान बनी और स्वाभाविक रूप से लोगों के बीच फैलती चली गई। यह जोड़ने वाली भाषा है, तोड़ने वाली नहीं और इसी तरह मराठी, तमिल, बांग्ला, पंजाबी, तेलुगू हर भाषा भारत की सांस्कृतिक आत्मा का हिस्सा है। अगर हम सच में एक भारत बनाना चाहते हैं, तो हमें हर भाषा का सम्मान करना होगा, सम्मान का अर्थ यह नहीं कि हम किसी साझा माध्यम से डरें। एक देश के तौर पर हमें ऐसी भाषा की जरूरत है, जो संवाद का सेतु बने यह कोई प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि सहयोग और समावेश की भावना है। भाषा दीवार नहीं होती, भाषा पुल होती है, भाषा विभाजन की रेखा नहीं, भावनाओं का सेतु होती है, भाषा के आधार पर राज्यों का बनना भी इसी विविधता को मान्यता देने का उदाहरण है। यह सब दर्शाता है कि भारत ने भाषा को कभी समस्या नहीं, समाधान माना है, लेकिन अब जब भाषा को राजनीतिक हथियार बना दिया गया है, तो यह टकराव का कारण बन गई है। हम एक साझा भाषा भी स्वीकार नहीं कर पाए, तो हम एक भारत के रूप में कितने एकजुट रह पाएंगे? भाषा का उद्देश्य विवाद नहीं, संवाद है। पहचान मिटाना नहीं, पहचान को साथ लेकर चलना है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**हिमाचल** प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में सभी राज्यों से आगे है। हिमाचल प्रदेश में 95 प्रतिशत के लगभग जनसंख्या शिक्षित है 1991 की जनगणना में जहां प्रदेश की साक्षरता दर 60 फीसदी से भी कम थी, लेकिन वर्तमान में हम कई बड़े राज्यों से आगे निकल चुके हैं। तीन दशकों में स्कूल और कॉलेज की संख्या में अधिक बढ़ोतरी हुई है। सभी सरकारी स्कूल बच्चों की शिक्षा में अपना योगदान दे रहे हैं। हिमाचल प्रदेश में शिक्षा के विस्तार के लिए आधारभूत ढांचा विकसित हुआ है। पहाड़ी क्षेत्र होने के बावजूद हर गांव और पंचायत तक प्राथमिक शिक्षा का काफी विस्तार हुआ है। प्रत्येक किलोमीटर में प्राथमिक स्कूल, तीन या चार किलोमीटर में माध्यमिक स्कूल और पांच किलोमीटर में वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल हैं। अब सरकार ने कम संख्या वाले स्कूलों को बंद कर दिया है। यह सरकार का बहुत ही बढ़ियां कदम है।

**रमन सिंह, टांडा**

# प्रत्येक देश को शांति के लिए युद्ध की तैयारी बेहद जरूरी



प्रताप सिंह पटियाल
स्वतंत्र लेखक

जंग यानी तबाही का खौफनाक मंजर बयां करने वाले हथियारों के बल पर होने वाला सैन्य संघर्ष। विश्व के कई महान सेनानायकों ने युद्धों के बारे में अपने रणनीतिक विचारों को सैन्य ग्रंथों में लिपिबद्ध किया है।

विश्व के सर्वश्रेष्ठ ग्रंथ 'श्रीमद्भगवदगीता' का उद्गम कुरूक्षेत्र की युद्धभूमि में ही हुआ था। 'हतो वा प्राप्यसि स्वर्गम', जित्वा वा भोक्ष्यसे महिम्। तस्मात् उत्तिष्ठ कौन्तेय युद्धाय कृतनिश्चयय:। गीता के द्वितिय अध्याय के इस 37वें श्लोक के माध्यम से श्रीकृष्ण ने रणभूमि पर 'अर्जुन' से कहा था। 'यदि तुम वीरगति को प्राप्त होते हो तो तुम्हें स्वर्ग मिलेगा और यदि विजयी होते हो तो धरती का सुख भोगोगे। इसलिए हे अर्जुन उठो और निश्चय करके युद्ध करो। परमाणु वैज्ञानिक ओपेनहाइमर ने कहा था कि श्रीमद्भगवदगीता को परखने का मौका वास्तव में युद्ध के मैदान में ही मिल सकता है। भीष्म पितामह के अनुसार 'युद्ध एक भयानक और विनाशकारी कृत्य है, लेकिन धर्म तथा न्याय की रक्षा के लिए युद्ध आवश्यक हो जाता है'। 'सी बिस पेसम पैरा बेलम' लैटिन भाषा का ये वाक्यांश अमेरिका की '96वीं संचार यूनिट' का आदर्श वाक्य है। अर्थात् 'यदि आप शांति चाहते हैं तो युद्ध के लिए तैयार रहें। लैटिन भाषा का यही प्रसंग स्पेन की राजधानी 'मैड्रिड' में स्पैनिश सेनाओं के सांस्कृतिक केंद्र के प्रवेश द्वार पर भी दर्शाया गया है।

इस वाक्यांश को रोमन साम्राज्य के सेनानायक 'पब्लियस फ्लेवियस वेजेटियस रेनाटस' ने चौथी शताब्दी ईसा पूर्व अपने सैन्य ग्रंथ 'एपिटोमा री मिलिटेरिस' में लिखा था। वेजेटियस का मानना था कि युद्ध की तैयारी का समय तब नहीं होता जब युद्ध शेष हो, बल्कि तब होता है जब समय शेष हो तथा शांति से रहने के लिए ताकतवर सैन्य शक्ति के दम पर युद्धों की तैयारी करके युद्ध से बचा जा सकता है। इसीलिए रोमन सेनाओं की तफसील पर आधारित वेजेटियस का सैन्य ग्रंथ पश्चिमी सभ्यता में एक महत्वपूर्ण दस्तावेज तथा रोमन सैन्य संस्थानों का एकमात्र प्राचीन मैनुअल माना जाता है। वेजेटियस के विचार से प्रभावित होकर अमेरिका के प्रथम राष्ट्रपति 'जार्ज वाशिंगटन' ने 'शांति के लिए युद्ध की तैयारी' के फलसफे को अमेरिकी विदेश नीति का अहम पहलू बना लिया था। यदि खामोश तबीयत वाले मुल्क चीन का जिक्र न किया जाए तो सैन्य कूटनीति का एक अहम मजमून अधूरा रह जाएगा। पांच सौ ईसा पूर्व चीन के अजीम सिपाहसालार 'सुन त्ज़ू' ने सैन्य रणनीति पर आधारित 13 अध्यायों वाला आर्ट ऑफ वार नामक एक प्रभावशाली ग्रंथ लिखा था। सुन त्ज़ू का तर्क था कि बिना लड़े ही दुश्मन पर जीत हासिल करना युद्ध की सर्वोच्च कला है तथा अपने पड़ोसियों को हमेशा अशांत रखो। चीन के हुक्मरान तथा उसकी सेना 'पीएलए' सुन त्ज़ू के इसी नजरिए पर अमल करते आए हैं। चीन का अपने चौदह पड़ोसी मुल्कों से सरहदी तनाजा चल रहा है।



अमेरिका सहित कई देशों के सैन्य प्रशिक्षण संस्थानों में सुन त्जु के विचारों को आज भी पढ़ाया जाता है। अमेरिका तथा फ्रांस की सेनाओं को शिकस्त देने वाले छोटे से मुल्क वियतनाम के जरनैल 'वो गुयेन गियाप' भी सुन त्ज़ू को अपना आदर्श मानते थे। चेयरमैन 'माओत्से तुंग' ने कहा था कि चीनी गृह युद्ध को काबू करके चीन में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए उन्होंने सुन त्ज़ू के ग्रंथ से ही प्रेरणा ली थी। आर्ट ऑफ वार किताब का साठ से अधिक भाषाओं में अनुवाद हो चुका है। सन् 2001 में 'आर्ट ऑफ वार' वैस्ट सेलर किताब बनी जब 'ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस' को उसकी 25 हजार अतिरिक्त प्रतियां छापनी पड़ी थीं। सुन त्ज़ू का मानना था कि दुश्मन पर हमला उस समय करना चाहिए जब दुश्मन अपनी सबसे कमजोर स्थिती में हो। हाल ही में अमेरिका तथा इसराइल ने ईरान पर हमला उस वक्त किया जब ईरान समर्थित हमास, हिजबुल्ला तथा हूती जैसे आतंकी संगठनों की कमर टूट चुकी है।

इसके बावजूद ईरान ने पलटवार में जो तत्परता दिखाई वो भी काबिले तारीफ है। मगर विडंबना है कि शिक्षा क्षेत्र में अंग्रेजी तालीम के वर्चस्व से विदेशी दार्शनिकों का गुणगान ज्यादा हुआ। बोट बैंक की सियासत के चलते भारत के महान कूटनीतिज्ञ, रणनीतिकार तथा अपनी सैन्य कुशलता से हिंदोस्तान का स्वाभिमान बढ़ाने वाले कई अजीम योद्धा इतिहास में उपेक्षा का शिकार हुए। प्राचीन तक्षशिला विश्वविद्यालय के शिक्षक 'आचार्य चाणक्य' द्वारा राजनीति, अर्थतंत्र व सैन्य रणनीति पर लिखा गया 'अर्थशास्त्र' व महात्मा विदुर की 'विदुर नीति' तथा गुरु शुक्राचार्य की 'शुक्रनीति' जैसे प्रभावशाली ग्रंथों को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने में भारत की सियासी व्यवस्था नाकाम रही। किसी भी परिस्थिति से निपटने में चाणक्य की रणनीतियां साम, दाम, दंड व भेद का फलसफा आज भी प्रासंगिक है। साम दाम दंड भेद सियासत के चार स्तम्भ माने जाते हैं। चाणक्य ने कहा था कि युद्ध जीतने के लिए ताकत से ज्यादा रणनीति, धैर्य व शत्रु पर हमले के लिए सही समय का उपयोग जरूरी होता है तथा युद्ध अंतिम विकल्प होना चाहिए। चाणक्य का ये तर्क युद्ध नीति का अहम पहलु है। भारतीय दार्शनिकों द्वारा रचित ग्रंथों में कूटनीति, मनोबल तथा युद्ध क्षेत्र में नेतृत्व क्षमता के मनोवैज्ञानिक पहलुओं पर जोर दिया गया है। वर्तमान में आलमी सतह पर युद्ध की रणनीतियां लगातार विकसित हो रहीं हैं।

अत: भारत के प्राचीन योद्धाओं व कूटनीतिज्ञों के युद्ध सिद्धांत आधुनिक दौर के सैन्य संघर्षों में बेशकीमती साबित हो सकते हैं। बहरहाल भारत-पाक व रूस-यूक्रेन तथा इसराइल-ईरान के सैन्य टकराव से मैदाने जंग की तस्वीर भयानक रूप ले चुकी है। अलबत्ता शांति चाहते हो तो युद्ध की तैयारी करें वाक्यांश का फलसफा प्रासंगिक है। बेसक युद्ध बेहद खौफनाक लफ्ज है। मगर जब आत्मरक्षा, धर्मरक्षा, स्वाभिमान, संप्रभुता व राष्ट्र की सुरक्षा पर खतरा हो तो युद्ध जरूरी हो जाता है। किसी भी मुल्क का वजूद उसकी मजबूत सैन्यशक्ति पर ही निर्भर करता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# हिमाचल प्रदेश को भी चाहिए बिहार की तरह युवा आयोग



श्रेय अवस्थी
संयोजक हि.प्र अनइंप्लॉयड यूथ फेडरेशन

किसी भी देश की रीढ़ उसकी युवा शक्ति होती है। कोई भी राष्ट्र तब तक आगे नहीं बढ़ सकता, जब तक वह अपनी युवा शक्ति को संगठित और सशक्त नहीं करता। सौभाग्यवश, भारत एक युवा राष्ट्र है यहां की आबादी का एक बड़ा हिस्सा युवा है, लेकिन दुर्भाग्यवश, आज का युवा बेरोजगारी, दिशाहीनता और मानसिक दबाव जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हर राज्य एक सशक्त युवा आयोग का गठन करे, जो युवाओं की समस्याओं को समझे, समाधान दे और उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़े। हिमाचल प्रदेश भी इस दिशा में पीछे नहीं रहना चाहिए।

**क्या है युवा आयोग? :** युवा आयोग एक सरकारी स्वायत्त निकाय होता है जिसका उद्देश्य युवाओं के हितों की रक्षा करना और उनके समग्र विकास को सुनिश्चित करना है।

**यह आयोग :** शिक्षा, रोजगार, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक भागीदारी को प्रोत्साहित करता है सरकार को नीतिगत सुझाव देता है। युवा कल्याण योजनाओं और कार्यक्रमों की निगरानी करता है।

**हिमाचल में युवा आयोग क्यों आवश्यक है? :** हिमाचल के संदर्भ में एक कहावत प्रसिद्ध है -पहाड़ की जवानी और पहाड़ का पानी, पहाड़ के काम नहीं आता। अब समय आ गया है कि इस कहावत को झूठा साबित किया जाए और इसके लिए एक प्रभावी युवा आयोग का गठन जरूरी है।

**बेरोजगारी का समाधान :** हजारों हिमाचली युवा रोजगार की तलाश में अन्य राज्यों में पलायन कर रहे हैं। युवा आयोग स्थानीय स्तर पर कौशल विकास, स्टार्टअप्स और स्वरोजगार को बढ़ावा देकर इस पलायन को रोक सकता है।

**नीतियों में युवाओं की भागीदारी :** युवा आयोग के माध्यम से युवाओं की आवाज सीधे सरकार तक पहुंचेगी, जिससे शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाएं, डिजिटल ट्रेनिंग आदि पर नीतिगत निर्णय लिए जा सकेंगे।

**कौशल विकास और उद्यमिता को बढ़ावा :** यह आयोग डिजिटल और व्यावसायिक प्रशिक्षण, स्थानीय संसाधनों पर आधारित उद्यम और इनोवेशन को बढ़ावा देगा, जिससे राज्य के भीतर ही रोजगार के अवसर पैदा होंगे।



**नेतृत्व के लिए तैयार करना :** नेतृत्व कार्यक्रमों के माध्यम से युवा आयोग युवाओं को राजनीति, प्रशासन और समाजसेवा में प्रभावशाली भूमिका निभाने के लिए तैयार करेगा। अन्य राज्यों से सीख

**बिहार युवा आयोग :** युवाओं की समस्याओं की सीधी सुनवाई, रोजगार मेले, कौशल विकास शिविर 'युवा नीति 2021' इसी आयोग की सिफारिशों पर आधारित है।

**उत्तराखंड (प्रस्तावित) :** स्थानीय संसाधनों के आधार पर स्वरोजगार, पलायन रोकने के लिए योजनाबद्ध प्रयास।

**कर्नाटक और मध्य प्रदेश :** स्टार्टअप्स के लिए सब्सिडी, इनोवेशन लैब्स की स्थापना, खेल, संगीत, संस्कृति में युवाओं की भागीदारी।

**हिमाचल के लिए ठोस सुझाव :** एक समर्पित 'हिमाचल युवा नीति' बनाई जाए, पंचायत से लेकर राज्य स्तर तक युवा प्रतिनिधित्व सुनिश्चित हो, ब्लॉक स्तर पर 'युवा सलाहकार परिषदों' का गठन, स्टार्टअप हब और इनोवेशन सेंटर की स्थापना, बाहर गए युवाओं के लिए 'रिवर्स माइग्रेशन स्कीम' लागू हो।

**निष्कर्ष :** हिमाचल की असली ताकत उसके युवा हैं। उन्हें यदि सही दिशा, मंच और सहयोग मिले तो वे इस देवभूमि को विकासभूमि बना सकते हैं। बिहार जैसे राज्यों की तरह एक सशक्त युवा आयोग का गठन हिमाचली युवाओं में नया जोश, नई सोच और नए अवसर ला सकता है। आज हिमाचल प्रदेश में 10 लाख से अधिक युवा अनुमानत: रोजगार कार्यालयों में पंजीकृत हैं। अगर सरकार युवा बोर्ड बनाने की तरफ ध्यान दें, तो इस संख्या को काफी कम किया जा सकता है, इसलिए मैं चाहता हूं कि हिमाचल प्रदेश में भी युवा बोर्ड का गठन होना चाहिए और सरकार को शीघ्र इसकी अधिसूचना जारी करनी चाहिए जिससे कि हर युवा गर्व से कह सके -'हम हिमाचल से बाहर नहीं जाएंगे हम हिमाचल को यहीं से आगे बढ़ाएंगे।' जय हिंद वंदे मातरम।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# दिव्यांग पंचायत सचिव को कार्यालय में आकर दी जान से मारने की धमकी

बालक राम, अनंत ज्ञान

> इस संबंध में एफआईआर दर्ज कर ली है व सचिव को यथासंभव पुलिस प्रोटेक्शन भी दी जा रही है। -अनिल कटोच, प्रभारी पुलिस चौकी पंडोह

**पंडोह।** मंडी जिला के द्रंग विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत देवरी के दिव्यांग पंचायत सचिव गुरुदेव इन दिनों तनाव में परेशान हैं। इसका कारण नागधार पंचायत निवासी रोशन लाल रोहित है। जिसने सरकारी कर्मचारी को 10 जुलाई को पंडोह के तीन पिपल से एक अन्य पंचायत सचिव चंद्रमणि के मोबाइल से गुरुदेव को कॉल की और कहा कि मैं तुझे चार थप्पड़ मारूंगा। उस वक्त गुरुदेव अपने कार्यालय ग्राम पंचायत सयोग में था। तभी थोड़ी देर में यह रोशन रोहित नामक व्यक्ति गुरुदेव के कार्यालय में आ धमका और वहां पंचायत प्रधान, उप प्रधान के सामने उसने गुरुदेव को जमकर गाली-गलौज किया तथा धमकी देते हुए कहा कि मैं तुझे जान से मार दूंगा। इस घटना से पंचायत सचिव गुरुदेव सहमा हुआ है। गुरुदेव अब पंचायतों में जाने से घबरा रहा है। उसने उसी दिन पंडोह पुलिस को लिखित में शिकायत देते हुए एफआईआर दर्ज करने की मांग की तथा पुलिस प्रोटेक्शन भी मांगी, ताकि वह अपनी नौकरी कर सके।

बता दें कि गुरुदेव के पास नागधार पंचायत का भी कार्यभार है जहां का आरोपी स्थाई निवासी हैं। 13 जुलाई को नागधार पंचायत में ग्राम सभा होनी थी, जिसमें गुरुदेव ने बतौर पंचायत सचिव पूरी कार्रवाई लिखनी थी। डर के कारण वह वहां नहीं जा रहा था। उसने पंडोह पुलिस से प्रोटक्शन मांगी तब पुलिस संग गुरुदेव ग्राम सभा में गया व ग्राम सभा को सफल किया।

# 4 मील के पास भूस्खलन होने से बंद चंडीगढ़-मनाली एनएच 14 घंटे बाद बहाल

## यातायात बुरी तरह से हुआ प्रभावित, सड़क मार्ग पर दोनों तरफ लगी वाहनों की लंबी लाइनें

बालक राम, अनंत ज्ञान

**पंडोह।** चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग मंडी का 4 मील सबसे डेंजरस ब्लेक प्वाइंट बन चुका है, जो खुलता कम और बंद ज्यादा रहने लगा है। इससे लोग परेशान और हताश हो रहे हैं। यहां पर बार-बार पहाड़ी से चट्टाने गिरने के क्रम थमने का नाम नहीं ले रहा है।

पिछले तीन दिनों से मंडी और पंडोह के बीच 4 मील के पास सड़क मार्ग 39 घंटे बंद रहा। रविवार की शाम 4 बजे यह सड़क मार्ग 28 घंटे के बाद सुचारू हो सका था। सड़क मार्ग मात्र 6 घंटे खुलने के बाद रात 11 बजे फिर से भारी भरकम मलबा पत्थर गिरने से बंद हो गया, जो पूरी रात बंद ही रहा। सोमवार प्रातः 8 बजे फिर से भारी भूस्खलन हुआ। उसके बाद 9 बजे मलबा हटाने का कार्य शुरू हो सका व दोपहर 1.30 बजे 14 घंटे के लंबे अंतराल के बाद पुनः सड़क मार्ग बहाल हो सका। इस बंद से यातायात बुरी तरह से प्रभावित हुआ। सड़क मार्ग पर दोनों तरफ लंबी-लंबी कतारें लग गई। जो सड़क खुलने के बाद जाम का कारण बनी।



चंडीगढ़-मनाली एनएच पर चार मील के पास पहाड़ी से गिरा मलबा।

जानकारी के अनुसार फोरलेन निर्माण कंपनी केएमसी द्वारा अवैज्ञानिक तरीके से पहाड़ी को काट गया है। इसी वजह से वहां बार-बार भूस्खलन हो रहा है। पंडोह पुलिस चौकी प्रभारी अनिल कटोच ने बताया कि उनकी एक टीम देर रात से ट्रैफिक व्यवस्था बनाने में लगी रही, जिसमें कुल्लू से आने वाले छोटे वाहनों को बाया गोहर-चैलचौक भेजा जा रहा था, जबकि वे स्वयं 4 मील के पास यातायात को व्यवस्थित करने में जुटे रहे।

# धर्मपुर दौरे में राहत देने में विफल रहे सांसद अनुराग ठाकुर : विकास राही

अनंत ज्ञान, सरकाघाट



**मंडी** जिला युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष विकास राही ने धर्मपुर क्षेत्र में हाल ही में आई आपदा को लेकर सांसद अनुराग ठाकुर के दौरे पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि सांसद महोदय का यह दौरा केवल औपचारिकता तक सीमित रहा और वह एक भी आपदा प्रभावित परिवार को एक रुपए की राहत भी उपलब्ध नहीं करवा सके। विकास राही ने कहा कि धर्मपुर क्षेत्र में भारी तबाही के बाद सांसद अनुराग ठाकुर का यह दौरा पूरी तरह से निराशाजनक रहा। न तो उन्होंने किसी प्रभावित परिवार की मदद की और न ही कोई ठोस राहत योजना की घोषणा की। विकास राही ने बताया कि सीएम सुक्खू ने धर्मपुर क्षेत्र में आपदा प्रभावित परिवारों के लिए 7 लाख प्रति परिवार की राहत राशि और जब तक घर नहीं बनते तब तक 5000 प्रतिमाह किराया सहायता देने की घोषणा की है, जो कि एक संवेदनशील और जमीन से जुड़े निर्णय का परिचायक है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री राहत के लिए स्पष्ट और जिम्मेदार निर्णय ले रहे हैं, वहीं सांसद अनुराग ठाकुर सिर्फ दौरे तक सीमित रह गए हैं। यह विडंबना है कि जिनके पास केंद्र में पहुंच और संसाधन हैं, वे एक भी परिवार की सहायता सुनिश्चित नहीं कर सके विकास राही ने यह भी कहा कि वर्ष 2023 में आई आपदा के दौरान भी अनुराग द्वारा की गई घोषणाएं धरातल पर नहीं उतर सकीं और धर्मपुर की जनता आज भी उन अधूरे वादों की गवाह है।

## न्यूज ब्रीफ

### सुंदरनगर में श्रीराम कथा आज से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सुंदरनगर के अवस्थी निवास पुरानी मंडी में 15 से 23 जुलाई तक दिव्य श्रीराम कथा का भव्य आयोजन होने जा रहा है। यह आयोजन श्री राधा माधव सेवा समिति द्वारा किया जा रहा है, जिसमें कथा वाचन महंत स्वामी राजेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज द्वारा किया जाएगा। यह आध्यात्मिक आयोजन प्रतिदिन दोपहर 1:30 बजे से 4:30 बजे तक होगा। आयोजन स्थल को भक्ति एवं श्रद्धा से सजाया गया है, जहां प्रभु श्रीराम के जीवन की अमृतमयी कथा श्रवण करने का अवसर मिलेगा। इस कथा में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की जीवन यात्रा, आदर्श और धर्म की विजय की प्रेरणादायक गाथा सुनाई जाएगी। कथा स्थल पर भक्तों के लिए समुचित व्यवस्था की गई है और आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों सहित समस्त श्रद्धालुओं से समय पर पहुंचकर कथा श्रवण करने की अपील की है।

### पवन चौहान के नाम जुड़ी एक और उपलब्धि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** महादेव गांव के साहित्यकार पवन चौहान की साहित्यिक उपलब्धियों में एक और उपलब्धि जुड़ गई है। उनकी बाल कविता 'पता करो जी' को महाराष्ट्र राज्य पाठ्यपुस्तक निर्मिती व अभ्यासक्रम संशोधन मंडल, पुणे ने अपने पाठ्यक्रम में शामिल किया है। उनकी इस कविता को महाराष्ट्र राज्य के पहली कक्षा के लाखों विद्यार्थियों को 'बाल भारती' हिन्दी की पाठ्यपुस्तक में सत्र 2025-26 से पढ़ाया जा रहा है। इस कविता को सरकारी और निजी विद्यालयों के विद्यार्थी पढ़ेंगे।

### हिमाचल हैंडबाल संघ के चुनाव 20 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सुंदरनगर में आगामी 20 जुलाई को हिमाचल प्रदेश हैंडबाल संघ की वार्षिक आम बैठक एवं चुनाव आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी महासचिव नंदकिशोर शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि अब तक प्रदेश के विभिन्न जिलों में दस राष्ट्रीय स्तर की हैंडबॉल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा चुकी हैं। प्रदेश संघ द्वारा चयनित टीमों ने राष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है और कई खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत का प्रतिनिधित्व किया है। प्रदेश में वर्तमान में दस जिला हैंडबाल संघ कार्यरत हैं जो हिमाचल प्रदेश सोसायटी पंजीकरण अधिनियम-2006 के अंतर्गत पंजीकृत हैं तथा जिला युवा सेवाएं एवं खेल कार्यालय से मान्यता प्राप्त हैं। चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए मंडी बार एसोसिएशन के अधिवक्ता करणवीर को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। चुनाव में प्रत्येक जिला संघ से दो प्रतिनिधि भाग लेंगे, जिनमें से ही प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।

### रवि शर्मा अध्यक्ष, विपिन व सुहानी बने उपाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, पंडोह।** राजकीय महाविद्यालय पनारसा में राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नए स्वयंसेवियों को संगठन की मूल भावना, उद्देश्य एवं कार्यशैली से परिचित कराया गया। वरिष्ठ स्वयंसेवियों ने विशेष नियमों और विनियमों की जानकारी साझा कर 'मेरा भारत पोर्टल' पर पंजीकरण करने के लिए प्रेरित किया गया। नई कार्यकारिणी में इकाई अध्यक्ष रवि शर्मा, विपिन और सुहानी को उपाध्यक्ष, वेदिका सचिव, दिलीप सह-सचिव, कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी तमन्ना, हर्षिता और यशवंत को दी गई। इकाई कमांडर रूहानी, सहायक कमांडर सुहानी और राजेश को नियुक्त किया गया। आईटी सेल में अनिल, यशवंत, प्रदीप, साक्षी और रमन को शामिल किया गया है।




### शहीदों की बेटियों के लिए छात्रवृत्ति की घोषणा

**अनंत ज्ञान, मंडी।** अथर्व यूनिवर्सिटी ने देशभर के शहीद सैनिकों की बेटियों और जम्मू-कश्मीर तथा भारत के पूर्वोत्तर राज्यों के छात्रों के लिए यूनिवर्सिटी की सभी शाखाओं में विशेष छात्रवृत्ति की घोषणा की है। यूनिवर्सिटी के संस्थापक सुनील राणे ने कहा कि शहीदों की बेटियों के लिए 100 प्रतिशत व जम्मू-कश्मीर तथा पूर्वोत्तर भारत के राज्यों के छात्रों के लिए 75 प्रतिशत छात्रवृत्ति उपलब्ध है। यूनिवर्सिटी इंजीनियरिंग, बीबीए, एमबीए, होटल मैनेजमेंट, बीसीए व बी-डिजाइन्स में पाठ्यक्रम प्रदान करता है।

### आपदा पर राजनीति कर रहे मंत्री : चंदन

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** सराज विधानसभा क्षेत्र इन दिनों भीषण प्राकृतिक आपदा से जूझ रहा है और हजारों लोग अपने घरों से उजड़ चुके हैं। ऐसे समय में प्रदेश सरकार के राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी द्वारा दिए गए बयान- 'जूते में चुभन हुई तो दर्द महसूस हुआ'-ने राजनीतिक और जनभावनाओं को आहत कर दिया है। इस पर भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता चंदन पंडित ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बयान असंवेदनशील, अमर्यादित और आपदा से जूझ रही जनता का अपमान है। उन्होंने कहा कि सराज के विधायक व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर आपदा की प्रथम सूचना मिलते ही सबसे पहले प्रभावित क्षेत्र में पहुंचे और प्रशासन व जनता के बीच सेतु बनकर राहत कार्यों को गति दी, जबकि सत्तापक्ष के मंत्री केवल ब्यानबाज़ी तक सीमित रह गए हैं। चंदन पंडित ने कहा कि ऐसी स्थिति में जब हर हाथ मदद के लिए बढ़ना चाहिए।

# आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत व पुनर्वास कार्य तीव्र गति से जारी: डॉ. मदन कुमार

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**मंडी** जिला के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में जिला प्रशासन द्वारा राहत व पुनर्वास कार्य तीव्र गति से किए जा रहे है। यह जानकारी अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ. मदन कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि 30 जून व 1 जुलाई की मध्य रात्रि मंडी जिला के विभिन्न स्थानों पर बादल फटने व भारी बारिश के कारण बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई थी, जिस कारण कई क्षेत्रों में जनजीवन काफी प्रभावित हुआ। उन्होंने बताया कि प्रभावित क्षेत्र में फंसे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया तथा प्रभावित परिवारों को तात्कालिक राहत स्वरूप सूखा अनाज, पेयजल, तिरपाल, दवाइयां तथा अन्य जरूरी सामग्री उपलब्ध करवा दी गई। उन्होंने बताया कि जो परिवार आपदा से प्रभावित हुए हैं, उनके लिए सुरक्षित स्थानों पर अस्थाई आश्रय गृह स्थापित किए गए हैं, जहां पर उन्हें भोजन, पेयजल, चिकित्सा सेवाएं एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही हैं। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा 14 जुलाई, 2025 तक प्रभावित क्षेत्रों में



3,657 राशन किट, 6,659 तिरपाल, 1,175 कंबल, 401 गद्दे, 90 हाईजिन किट, 880 पानी की बोतलें, 73 किचन सेट व अन्य जरूरी सामान प्रभावित परिवारों को बांटा जा चुका है। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य विभाग द्वारा 3 आपातकालीन चिकित्सा किट, 62 बॉक्स विभिन्न दवाइयों व इंजेक्शन के चिकित्सा अधिकारी जंजैहली, बगस्याड व करसोग को भेजे गए हैं। उन्होंने बताया कि इस कार्य में पुलिस बल, होमगार्ड, आपदा प्रबंधन दल तथा अन्य स्वयंसेवी संस्थाएं जिला प्रशासन का सहयोग कर रही हैं।

> **मंडी जिले में अभी तक 158 मार्ग बंद**
>
> **डॉ.** मदन ने कि भारी बरसात और भूस्खलन के कारण अवरुद्ध सड़कों को खोलने के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा पर्याप्त मात्रा में मशीनरी लगाकर युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में जिला मंडी में 158 मार्ग, 88 विद्युत ट्रांसफार्मर व 133 पेयजल योजनाएं अभी भी बाधित हैं, जिन्हें सुचारू रूप से बहाल करने के लिए भी कार्य किया जा रहा है।

# स्याठी के आपदा प्रभावितों को नहीं मिल रही जमीन, केंद्र व राज्य में शुरू हुआ आरोप-प्रत्यारोप

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** धर्मपुर उपमंडल के स्याठी गांव में 30 जून को आई भारी बारिश से बेघर हुए डेढ़ दर्जन परिवारों की मूल समस्या पुनर्वास की अभी तक अनसुलझी है। मंदिर में अस्थायी रूप से शरण ले चुके इन परिवारों को अब तक तीस लाख रुपए की मदद मिली है, लेकिन घर बसाने के लिए जमीन का मुद्दा अब केंद्र और राज्य सरकार के बीच जिम्मेदारी टालने का विषय बन गया है। प्रभावितों की कमेटी ने त्रैम्बला धार स्थित नैना माता मंदिर में बैठक कर स्पष्ट किया कि वे फिलहाल मंदिर में ही रहना चाहते हैं और वहां अस्थायी कैबिन बनाने की मांग की है। साथ ही उन्होंने नाल्ड गोसदन के पास खाली जमीन पर शेड बनवाने, मुआवजे की पारदर्शी रिपोर्ट देने और सरकार की पांच हजार रुपए मासिक किराये योजना की लिखित अधिसूचना देने की मांग उठाई है।



आपदा प्रभावितों से बातचीत करते हुए पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह।

पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने कहा कि विधायक, सांसद व मुख्यमंत्री मौके पर आकर लौट गए, लेकिन जमीन आवंटन के मुख्य मुद्दे पर कोई स्पष्ट निर्णय नहीं लिया गया। उन्होंने केंद्र सरकार के अधीन वन भूमि कानून (1980) को अड़चन बताया और कहा कि इसी वजह से 2023 की आपदा में प्रभावित कई परिवार आज तक किराए के मकानों में हैं। सांसद अनुराग द्वारा जमीन के लिए राज्य सरकार से बात करने की बात को भूपेंद्र सिंह ने गोलमोल करार दिया और कहा कि असली प्रयास दिल्ली में होने चाहिए थे। प्रभावितों ने मांग की है कि भविष्य में सुरक्षित स्थान पर उन्हें बसाया जाए, जहां से वे अपने मजदूरी जैसे कार्य भी जारी रख सकें।

# मंत्री जगत सिंह नेगी भड़काऊ बयानों से बाहर निकलें व पुनर्वास पर दें ध्यान: राकेश जम्वाल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने प्रदेश सरकार के राजस्व मंत्री जगत नेगी की कार्यशैली और सोच पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश के सिराज, करसोग और नाचन जैसे क्षेत्र भीषण आपदा से जूझ रहे हैं, गांवों का नामोनिशान मिट चुका है, तब प्रदेश का राजस्व मंत्री अपनी मूल जिम्मेदारी छोड़कर टीवी और मंचों से सेना और केंद्र सरकार के खिलाफ जहर उगलने में जुटा है।



जम्वाल ने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि मंत्री ने न तो आपदा प्रभावित क्षेत्रों का गंभीरता से दौरा किया, न ही अब तक पुनर्वास के लिए कोई ठोस नीति या कार्य योजना प्रस्तुत की है, जबकि राजस्व मंत्री का पहला कर्तव्य होता है कि वह आपदा प्रभावित लोगों के राहत, पुनर्वास और पुनर्निर्माण की जिम्मेदारी निभाए, लेकिन मंत्री को इन पीड़ितों के जीवन और दर्द से ज़्यादा दिलचस्पी राजनीतिक बयानबाजी और उकसावे की राजनीति में है। राकेश जम्वाल ने यह भी कहा कि जब सिराज में आपदा आई, तो मंत्री ने नेता प्रतिपक्ष जयराम पर अभद्र टिप्पणी कर दी, उन्हें मुख्यमंत्री के साथ दिल्ली जाने से तकलीफ हो गई और जयराम का निजी हित बता दिया। मीडिया के पूछे जाने पर जब जयराम ठाकुर ने केवल इतना कहा कि 'जगत नेगी जैसे लोगों के ब्यानों पर कुछ नहीं कहना चाहता, तो मंत्री ने किन्नौर में उनका पुतला दहन करवाकर उसे क्षेत्रीय रंग देने की कोशिश की, यह दर्शाता है कि वह प्रदेश की पीड़ा को भी राजनीति का हथियार बना रहे हैं। राकेश जम्वाल ने अंत में कहा कि सीएम सुक्खू को चाहिए कि वह जगत नेगी को या तो उनकी भूमिका याद दिलाएं या बर्खास्त करें।

# जरूरतमंदों तक राहत पहुंचा रही है एनएसयूआई की टीम: अनित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** एनएसयूआई जिला मंडी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनित जसवाल ने कहा कि मंडी जिला के विभिन्न क्षेत्रों में आई प्राकृतिक आपदा में एनएसयूआई की टीम आपदा प्रभावितों तक राशन पहुंचाने में जुटी है। मंडी में पत्रकारों से बात करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि आपदा में राजनीति से हटकर इंसानियत के नाते सभी दल राहत कार्यों में जुटे हुए हैं। आपदा के लिए राहत सामग्री पहुंचाने वाली संस्थाएं उपमंडल मुख्यालयों तक राहत पहुंचा रहें। एनएसयूआई के वालंटियर नौजवान हैं इसलिए घर-घर तक राहत सामग्री पहुंचाने की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। अनित जसवाल ने कहा कि आने वाले समय में एनएसयूआई जिला भर के कालेजों में कैंपस जोड़ो अभियान शुरू करने जा रही है, जिसमें अधिक से अधिक युवाओं को एनएसयूआई से जोड़ा जाएगा। इससे पूर्व एनएसयूआई की जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी जाएगी। एनएसयूआई अध्यक्ष ने कहा कि आपदा के समय हॉर्टिकल्चर महाविद्यालय थुनाग से छात्रों को सुरक्षित निकाल कर सुंदरनगर पहुंचाया गया है। अब सीएम सुक्खू ने सुंदरनगर में ही कक्षाएं शुरू करने के निर्देश दिए हैं। सुंदरनगर में इसके लिए स्थाई रूप से कैंपस की तलाश कर कक्षाएं शुरू की जाए। जिससे छात्रों की पढ़ाई प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि एनएसयूआई का प्रतिनिधिमंडल सीएम से छात्रसंघ के चुनावों की बहाली को लेकर चर्चा करेगा।

# जंजैहली के कुडवार गांव पहुंचा स्वास्थ्य विभाग का दल, वृद्धा का किया उपचार

अनंत ज्ञान, गोहर

**स्वास्थ्य** विभाग की एक टीम ने जंजैहली क्षेत्र के दूरस्थ कुडवार गांव में पहुंचकर वृदधजनों को आवश्यक दवाइयां एवं अन्य सेवाएं प्रदान कीं। विषम परिस्थितियों के बावजूद डॉ. किरण, डॉ. शायना और महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता सीता ने गत दिवस दूरस्थ गांव कुडवार में 72 वर्षीय अत्तू देवी को चिकित्सीय सहायता प्रदान की।



वृद्धा का उपचार करते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम।

अत्तू देवी मधुमेह, पैराप्लेजिया और टांग में समस्या के कारण बिस्तर पर थीं। इस दल द्वारा उन्हें कैथेटर लगाया गया। उन्हें उपचार व आवश्यक दवाएं देने के उपरांत चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों के इस दल ने एक अन्य महिला 90 वर्षीय चंद्रा देवी को तीव्र पित्ती (एक्यूट अर्टीकेरिया) के लिए इंजेक्शन भी दिए। इसके अतिरिक्त अन्य ग्रामीणों को भी स्वास्थ्य संबंधी उपयोगी जानकारी प्रदान की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिपाली शर्मा ने बताया कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों में घर-गांव तक स्वास्थ्य कर्मी पहुंच रहे हैं। प्रभावित लोगों की स्वास्थ्य जांच के साथ ही उन्हें आवश्यक दवाएं व अन्य उपचार की सुविधा सुनिश्चित करने के हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

# पुलघराट की कोमल चौहान ने जीता इंडिया नेक्स्ट फैशन मॉडल का खिताब

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**मंडी** शहर के पुलघराट की रहने वाली कोमल चौहान ने शिमला में संपन्न हुए इंडिया फेशन मॉडल का खिताब हासिल किया है। शिमला के कालीबाड़ी में तीन दिन चले इस मुकाबले में 15 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमें कोमल चौहान विजेता बनी जबकि उतराखंड की रूबी फर्स्ट रनर अप जबकि सोलन की एकला ठाकुर द्वितीय रनर अप रही। इवेंट गुरू द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता के कई राउंड हुए जिनमें मंडी की कोमल ने अपना लोहा साबित करते हुए ग्रेंड फिनाले में जगह बनाई। सीओ एवं इवेंट आग्रेनाइजर पंडित विशाल शर्मा ने विजेताओं को पुरस्कार व प्रमाणपत्र वितरित किए। आयोजकों की ओर से कोमल को विजेता का ताज पहनाया गया। गौरतलब है कि कोमल चौहान इससे पहले भी इस तरह की सौंदर्य प्रतियोगिताओं में खिताब जीत चुकी हैं। परिजनों में उसकी इस उपलब्धि को लेकर बेहद खुशी है। उसकी बहन पायल कश्यप ने बताया कि कोमल बहुमुखी प्रतिभा की धनी है तथा उसे बचपन से इस क्षेत्र में रुचि रही है। वह स्कूली शिक्षा के दौरान भी इस तरह के आयोजन में हिस्सा लेती रही हैं व एक अच्छी डांसर है।



कोमल चौहान को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देते हुए आयोजक ।

# मदद के लिए आगे आया ब्लड टाइगर समाजसेवी संगठन

**अनंत ज्ञान, बरोट।** जिला मंडी के धर्मपुर क्षेत्र में हाल ही में हुई भारी बारिश से आई आपदा में जहां सरकारी व गैर-सरकारी संस्थाएं प्रभावित परिवारों की सहायता में जुटी हैं, वहीं बैजनाथ महाकाल स्थित हिमाचल प्रदेश ब्लड टाइगर समाजसेवी संस्था ने भी मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाया है। संस्था के वरिष्ठ सदस्य राज कुमार ने जानकारी दी कि संस्था 15 जुलाई को धर्मपुर के सियाटी गांव पहुंचकर राहत सामग्री वितरित करेगी। राज कुमार ने बताया कि संस्था की ओर से जरूरतमंद परिवारों को आवश्यक वस्तुएं जैसे राशन, बर्तन, कपड़े आदि प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने अन्य दानी सज्जनों से भी अपील की है कि इस नेक कार्य में बढ़-चढ़कर सहयोग करें, ताकि अधिक से अधिक प्रभावित परिवारों को राहत दी जा सके।

# जोगिंद्रनगर में स्वास्थ्य सुविधाएं बदहाल हिमाचल किसान सभा कल करेगी प्रदर्शन

अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान

> बंद सड़कों व आपदा पीड़ितों को राहत न मिलने के खिलाफ उठेगी आवाज

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर में चरमराती स्वास्थ्य सेवाओं, बंद पड़ी सड़कों और आपदा राहत की अनदेखी के खिलाफ हिमाचल किसान सभा 16 जुलाई को एक विशाल जनप्रदर्शन आयोजित करेगी। यह प्रदर्शन सुबह 10 बजे रामलीला मैदान, जोगिंद्रनगर से शुरू होगा। सभा के प्रतिनिधियों ने बताया कि इस दौरान मुख्यमंत्री को मांगों का ज्ञापन भी सौंपा जाएगा।

सभा ने बताया कि जोगिंद्रनगर अस्पताल में डॉक्टरों के 15 पद लंबे समय से रिक्त पड़े हैं, जबकि चौंतड़ा सीएचसी बिना गायनी विशेषज्ञ के केवल एक डॉक्टर के सहारे चल रहा है। लडभड़ोल क्षेत्र में भी स्वास्थ्य सेवाओं की हालत बदतर है। बरसात के चलते जलजनित बीमारियों में तेजी से वृद्धि हो रही है, लेकिन स्वास्थ्य संस्थानों में डॉक्टर ही नहीं हैं। अस्पताल भवन शोपीस बन गए हैं और मरीजों को केवल रेफर किया जा रहा है। जो कुछ डॉक्टर कार्यरत हैं, वे अत्यधिक कार्यभार से जूझ रहे हैं। हिमाचल किसान सभा के जिला अध्यक्ष कुशाल, ब्लॉक अध्यक्ष रविंदर, चौंतड़ा जोन अध्यक्ष नीलम, सचिव किशन चौहान, उपाध्यक्ष नरेश, मकरीड़ी जोन अध्यक्ष तिलक राज, लडभड़ोल अध्यक्ष टेक सिंह व अन्य अनेक पदाधिकारियों ने इस संदर्भ में संयुक्त बयान जारी किया है। उन्होंने बताया कि लोक निर्माण विभाग की अनदेखी के चलते कई सड़कों की हालत खस्ता है और कई सड़कें बंद पड़ी हैं, जिनमें गड्डूही, भौरा, गलमाठा-सजेहड़, मनारू, पटेहड़, बनोग, अथराह छांब, मंढोता, खरोन, बड़ोण-पट्टी, द्रुब्बल-कुनकर-नागण, मझारनू-कुफरू-घरोन-गलू, हेनघाटी-बाग, चक्का-झमेहड़-बनोण, कुड़नू-दरकोटी व भड़याड़ा सड़कें प्रमुख हैं। कुछ सड़कों को जनपक्ष की जीत के बावजूद अब तक नहीं खोला गया है। सभा ने यह भी कहा कि बरसात में आई आपदा के बाद अब तक प्रभावितों को कोई राहत या मुआवजा नहीं मिला है। कई गांव अब भी खतरे की जद में हैं और प्रशासन द्वारा कोई विशेष प्रयास नहीं किए गए हैं। सभा ने सभी किसान संगठनों, महिला मंडलों, युवाओं व आम जनता से अपील की है कि वे इस आंदोलन में भाग लें।

# एसटीईएम शिक्षा से मिला तकनीकी ज्ञान का अनूठा अनुभव

## छात्रों के बीच वैज्ञानिक जिज्ञासा को प्रोत्साहित करने वाला 'प्रयास 3.0' आईआईटी मंडी में संपन्न

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**भारतीय** प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मंडी ने अपने प्रमुख आउटरीच कार्यक्रम प्रयास 3.0 का समापन एक भव्य समापन समारोह के साथ किया। यह कार्यक्रम देशभर के स्कूल छात्रों में वैज्ञानिक जिज्ञासा और तार्किक सोच को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। इस एक महीने लंबे कार्यक्रम के दौरान छात्रों को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) के विभिन्न पहलुओं से व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिला। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों को भारत के प्रमुख तकनीकी संस्थानों में से एक, आईआईटी मंडी में रहने और सीखने का अनूठा अवसर प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने रोचक कार्यशालाओं, व्याख्यानों, प्रयोगशाला भ्रमण और टीम प्रोजेक्ट्स में भाग लिया, जिनका उद्देश्य एसटीईएम शिक्षा को सहज, दिलचस्प और प्रायोगिक बनाना था। प्रयास 3.0 के मुख्य आकर्षणों में कंप्यूटर प्रोग्रामिंग की शुरुआती कक्षाएं, सर्किट डिजाइन, मैकेनिकल प्रोटोटाइपिंग गतिविधियां और समस्याओं के समाधान की चुनौतियां शामिल रहीं। रोबो सॉकर प्रतियोगिता इस कार्यक्रम की सबसे रोचक गतिविधियों में से एक रही, जिसमें छात्रों ने अपने रोबोट डिजाइन किए, प्रोग्रामिंग की और उन्हें नियंत्रित कर रोबोट फुटबॉल मैच खेला। अधिकांश छात्रों के लिए यह रोबोटिक्स का पहला व्यावहारिक अनुभव था, जिसने उनके भीतर तकनीक के प्रति उत्साह और आत्मविश्वास को और बढ़ाया। समापन समारोह के दौरान आईआईटी मंडी के सेंटर फॉर कंटिन्यूइंग एजुकेशन के प्रमुख डॉ. तुषार जैन ने छात्रों के उत्साह की सराहना करते हुए प्रारंभिक स्तर पर एसटीईएम शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया। समापन समारोह के अंत में छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।



आईआईटी मंडी में प्रमुख आउटरीच कार्यक्रम प्रयास 3.0 के समापन के दौरान।

**आपदा** उपायुक्त ने की करसोग के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर राहत एवं पुनर्वास कार्यों की समीक्षा

# बिजली, सड़क की बहाली का युद्ध स्तर पर करें कार्य

अनंत ज्ञान, करसोग

**उपायुक्त** अपूर्व देवगन ने प्राकृतिक आपदा प्रभावित करसोग के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर राहत एवं पुनर्वास कार्यों की समीक्षा की।

इस दौरान उपायुक्त उन परिवारों से भी मिले, जिन्होंने इस आपदा में अपने परिजनों को हमेशा के लिए खो दिया है। उन्होंने प्रभावितों को ढाढस बंधाया और विश्वास दिलाया कि आपदा की इस घड़ी में राज्य सरकार और प्रशासन पूरी तरह से प्रभावितों के साथ खड़ा है। उन्होंने लोक निर्माण, जल शक्ति और विद्युत विभाग को आपदा के कारण प्रभावित हुई सड़कों को शीघ्र बहाल करने, पेयजल योजनाओं और विद्युत व्यवस्था की बहाली के लिए युद्ध स्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आपदा प्रभावितों को फौरी राहत के तौर पर करसोग में लगभग 4 लाख रुपए से अधिक की राशि प्रदान की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि आपदा के दृष्टिगत किसी भी स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग को उपचार संबंधी अतिरिक्त आवश्यक दवाईयां उपलब्ध करवाई गई है। उन्होंने कहा कि बीएमओ करसोग को विभिन्न प्रकार की आवश्यक दवाईयों की और सप्लाई भेजी जा रही है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि आपदा की इस स्थिति में पानी को उबाल कर ही पीयें ताकि किसी भी प्रकार के जलजनित रोग से बचा जा सके।



उपायुक्त अपूर्व देवगन करसोग में राहत एवं पुनर्वास कार्यों की समीक्षा करते हुए।

उन्होंने कहा कि आपदा में लापता व्यक्ति को ढूंढने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। सर्च अभियान में ड्रोन की भी मदद ली जा रही है। ड्रोन के माध्यम से सतलुज नदी में विभिन्न स्थानों पर, निहरी के पास और कोल डैम में भी नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों में खतरा बने नालों के चैनलाइजेशन का कार्य मनरेगा के अंतर्गत किया जाएगा। उन्होंने खंड विकास कार्यालय को इस संबंध में डीपीआर तैयार कर शीघ्र भेजने के भी निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम गौरव महाजन, तहसीलदार डॉ. वरुण गुलाटी सहित कई उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### ऊना में 13 पदों के लिए कल होगा साक्षात्कार

**अनंत ज्ञान, ऊना।** एसके फाइल्स और टूल्स बूरनवाला बद्दी में गुणवत्ता नियंत्रण निरीक्षक के 5 पद, टर्नर के 3 और फिटर के 5 पद नियमित आधार पर भरे जाएंगे। इन पदों के लिए साक्षात्कार 16 जुलाई को सुबह 10.30 बजे जिला रोजगार कार्यालय ऊना में आयोजित होगा। जिला रोजगार अधिकारी ऊना अक्षय शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता संबंधित ट्रेडों में डिप्लोमा और आईटीआई तथा आयु सीमा 21 से 30 वर्ष निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि योग्य व इच्छुक अभ्यर्थी अपने योग्यता प्रमाण पत्र, जन्मतिथि, रोजगार कार्यालय पंजीकरण कार्ड, आधार कार्ड, पासपोर्ट आकार की दो फोटो, बायोडाटा और अनुभव प्रमाण पत्र सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। इसके साथ ही साक्षात्कार में आने जाने का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। अधिक जानकारी के लिए 98820-36299 पर संपर्क करें।

### फ्लोर मिल्स टाहलीवाल में भरे जाएंगे हेल्पर के 10 पद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** कौशल रोलर फ्लोर मिल्स प्राइवेट लिमिटेड टाहलीवाल में हेल्पर के 10 पद नियमित आधार पर भरे जाएंगे, जिसके लिए साक्षात्कार 16 जुलाई को प्रातः 10.30 बजे जिला रोजगार कार्यालय ऊना में लिया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ऊना अक्षय शर्मा ने बताया कि हेल्पर पद के लिए शैक्षणिक योग्यता 8वीं और 10वीं पास होना अनिवार्य है, साथ ही आयु सीमा 18 से 40 वर्ष और वेतन न्यूनतम मजदूरी के आधार पर निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि योग्य व इच्छुक अभ्यर्थी प्रमाण पत्रों सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। इसके साथ ही साक्षात्कार में आने जाने का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। अधिक जानकारी के लिए 98160-67565 पर संपर्क किया जा सकता है।

### आईओसीएल ऊना ने 'टीबी' पर किया जागरूक




**अनंत ज्ञान, ऊना।** स्वच्छता पखवाड़ा 2025 और केंद्र के मिशन लाइफ (लाइफ-लाइफ स्टाइल फॉर पर्यावरण) के तहत इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ऊना की उत्तरी क्षेत्र पाइपलाइंस इकाई ने बाथड़ी गांव में एक विशेष स्वास्थ्य-जागरूकता शिविर आयोजित किया। इस शिविर का उद्देश्य तपेदिक (टीबी) जैसी गंभीर बीमारी की समय पर पहचान और रोकथाम को बढ़ावा देना था। शिविर का उद्घाटन जिला टीबी अधिकारी डॉ. विशाल ठाकुर ने किया। इस दौरान आईओसीएल ऊना के संचालन प्रबंधक अंचित गुप्ता भी मौजूद रहे। डॉ. विशाल ठाकुर ने बताया कि यह स्वास्थ्य जागरूकता शिविर क्षेत्रीय अस्पताल ऊना और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के सहयोग से निशुल्क आयोजित किया गया जिसमें 300 से अधिक ग्रामीणों की एक्स-रे जांच की गई। डॉ. ठाकुर ने कहा, 'स्वच्छता सबकी जिम्मेदारी है और इस प्रकार की पहलें टीबी जैसी बीमारियों की रोकथाम में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस अवसर पर अंचित गुप्ता ने कहा कि इंडियन ऑयल ऊना समुदाय-आधारित पहलों के माध्यम से न केवल राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशनों में योगदान दे रहा है, बल्कि पर्यावरणीय संरक्षण, सार्वजनिक कल्याण और समावेशी सतत विकास के अपने व्यापक सीएसआर दृष्टिकोण को भी सशक्त बना रहा है।

### पंचायत प्रधान ने स्कूल को भेंट किए पंखे



**नरेश सिंघा, अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** हरोली उपमंडल के तहत राजकीय माध्यमिक स्कूल सिंगा के दो स्कूलों को पंचायत प्रधान गुरदेव सिंह उर्फ ज्ञानी बाबा ने गर्मी से राहत के लिए स्कूल के बच्चों के लिए पंखे भेंट किए, वहीं स्कूल प्रधानाचार्य ने प्रधान के समक्ष एक मांग रखी कि स्कूल में लगा वाटर कूलर खराब है, जिसको ठीक करवाने के लिए ज्ञानी बाबा ने वाटर कूलर को ठीक करवाने के लिए तेरह हजार की राशि स्कूल को भेंट की। इस अवसर स्कूल अध्यापक शमशेर सिंह, कमलेश कुमारी, केशव राणा, सुरेश कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

### पेंशनर्स के लिए दान किए पंखे और एयर कंडीशनर




**अनंत ज्ञान, ऊना।** चौधरी चनण सिंह ने अपनी स्व. पत्नी और अमन चौधरी ने अपनी स्व. माता रामप्यारी मुख्य अध्यापिका की स्मृति में एक एयर कंडीशनर एवं तीन ओरिएंट सीलिंग पंखें डिस्टिक ट्रेजरी ऑफिसर वरिंद्र शर्मा को पेंशनर्स की सुख सुविधा हेतु, डिस्टिक ट्रेजरी ऑफिसर एवं ट्रेजरी स्टाफ की कार्य प्रणाली एवं निस्वार्थ भाव और लगन से बुजुर्ग पेंशनर्स की सेवा से खुश होकर दान दिए। इस मौके पर ट्रेजरी ऑफिसर भागीरथ शर्मा, राजूराम, कुलदीप चंद, यशपाल सिंह, राजन, एवं पेंशनर्स सतपाल कालिया, शांति स्वरूप, मदन सिंह ठाकुर, लेखराम शर्मा, राजेंद्र कुमार शर्मा और रोशन लाल उपस्थित थे।

### भंजाल स्कूल में चलाया साफ-सफाई अभियान

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजाल में एक दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्रिंसिपल राजन शर्मा, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मुकेश कुमार, मधु ठाकुर, सुनीता कुमारी उपस्थित रहे। इस दौरान एनएसएस इकाई ने स्कूल परिसर की साफ-सफाई की और श्रमदान किया।

### धुंदला में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** पी एम श्री राजकीय वरिष्ठ पाठशाला धुंदला मे एनएस अधिकारी राम कुमार की अध्यक्षता में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय परिसर की सफाई का कार्य किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य और स्टाफ सदस्यों ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान का शुभारंभ भी किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य किशोरी लाल, राजेश कुमार, पवना कुमरी, रंजना कुमारी, नीता कुमारी, प्यारे लाल, राम कुमार, रीता शर्मा, अन्नु वाला आदि उपस्थित रहे।

# टांडा में लगाए अधिकतर पौधे विकसित

## बीते वर्ष दस हेक्टेयर भूमि में लगाए 5,000 पौधों में से 92 प्रतिशत पौध हुई सफल

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ी पहल के तहत मुख्यमंत्री वन विस्तार योजना के अंतर्गत ऊना जिले के कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के टांडा गांव में बीते वर्ष दस हेक्टेयर भूमि में लगाए गए 5,000 पौधों में से 92 प्रतिशत पौधे सफलतापूर्वक विकसित हो गए हैं। ऊना जिले के डीएफओ सुशील राणा ने बताया कि बीते वर्ष टांडा में 10 हेक्टेयर भूमि पर बीते वर्ष पौधरोपण किया गया था, जिसमें से अधिकतर पौधे अब बड़े होकर स्थानीय पारिस्थितिकी में योगदान दे रहे हैं। 92 प्रतिशत पौधों का जीवित रहना हमारे लिए बहुत ही संतोष जनक उपलब्धि है।

उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि जनसहयोग फॉरेस्ट के कर्मचारियों की सही निगरानी का परिणाम है। सुशील राणा ने बताया कि मुख्यमंत्री वन विस्तार योजना के अगले चरण में पौधरोपण को और अधिक व्यापक बनाया जाएगा। अब यह अभियान पंचायत स्तर पर ले जाया जाएगा ताकि हर गांव में हरित क्षेत्र बढ़ाया जा सके। इसमें स्थानीय पंचायतें, स्वयं सहायता समूह और महिला मंडल सक्रिय भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि हर पंचायत में पौधे लगाने के बाद पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संदेश भी दिया जाएगा, ताकि लोगों में जागरूकता बढ़े और वे वृक्षों के महत्व को समझें।


वनों में जियो टैगिंग कार्य करती वन महकमे की टीम।

**जिले में 40 हजार आम के बड़े पेड़ उपलब्ध :** इस अभियान के लिए वन विभाग के पास पर्याप्त पौधे भी मौजूद हैं। सुशील राणा ने बताया कि ऊना जिले में 40,000 आम के बड़े पौधे उपलब्ध हैं, जो हर वर्ष फल देते है। वहीं, 50,000 के करीब पीपल और बरगद जैसे छायादार तथा पर्यावरण के लिए अत्यंत उपयोगी वृक्ष भी सहयोग दे रहे हैं। राणा ने कहा कि हमने प्रत्येक पौधे की लोकेशन को ट्रेस कर लिया है ताकि भविष्य में इनकी निगरानी और देखरेख आसानी से की जा सके। सुशील राणा ने कहा कि बिना प्रशासन की अनुमति कोई भी आम का पेड़ नहीं काट सकता है।

**रामगढ़ धार के गहरा में अवैध कटान की जांच जारी :** बंगाणा की रामगढ़ धार के गहरा क्षेत्र में हाल ही में सामने आए अवैध कटान के मामलों की जांच भी तेजी से चल रही है। डीएफओ सुशील राणा ने बताया कि इन मामलों में संबंधित फॉरेस्ट गार्ड को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जवाब आने के बाद विभागीय जांच के अनुसार अगली कार्रवाई की जाएगी।

**पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण में सामुदायिक भागीदारी आवश्यक :** डीएफओ ऊना सुशील राणा ने आम जनता से भी अपील की कि वे पौधरोपण अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें और पर्यावरण संरक्षण को अपनी सामाजिक जिम्मेदारी समझें। उन्होंने कहा कि पेड़ सिर्फपर्यावरण के लिए नहीं, हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवनदायिनी हैं।

### कुटलैहड़ में अवैध कटान पर भी सख्त निगरानी

जहां एक ओर पौधरोपण पर जोर दिया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर अवैध कटान पर सख्त कार्रवाई भी जारी है। डीएफओ सुशील राणा ने बताया कि पिछले एक वर्ष में ऊना जिले में कुल 281 गाड़ियां अवैध लकड़ी ले जाते हुए पकड़ी गई हैं। इनमें से करीब 24 गाड़ियां अवैध खैर के कटान से संबंधित थीं। इस संबंध में 18 वन अपराधियों पर कानूनी कार्रवाई की जा चुकी है।

# ट्रांसजेंडर समाजसेविका जीनत महंत ने बिन बाप की बेटी का किया कन्यादान


बिन बाप की बेटी का कन्यादान करके जीनत महंत ने समाज को एक आइना दिखाया।

**सन्नी पुरी, अनंत ज्ञान**

**गगरेट।** विवाह-शादी या फिर बेटे के जन्म की शुभ घड़ी पर बधाई लेने वाले अगर किसी की बेटी की शादी में जाकर कन्यादान करें तो यह अपने आप में बड़ी ही नहीं बल्कि अनोखी बात है। कई सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने वाली ट्रांसजेंडर समाजसेविका जीनत महंत ने उपमंडल गगरेट की ग्राम पंचायत अंबोटा की बिन बाप के बेटी की शादी पर कन्यादान करके समाज को भी आइना दिखाया है। जीनत महंत के इस कार्य की हर तरफ तारीफ हो रही है।

वैसे तो जीनत महंत का कोई पुश्तैनी कारोबार नहीं है लेकिन उसका जीवन दूसरों की खुशियों पर निर्भर है। किसी के शादी-विवाह या फिर बेटा होने जैसे खुशी के मौके पर जो शगुन उन्हें मिलता है, उसी से उनका भरण-पोषण होता है लेकिन जीनत महंत ने इसमें से भी कुछ धन संचित कर इसे नेक कार्यों पर खर्च करने की सोची। कभी वे निर्धन मेधावी विद्यार्थियों के लिए सर्दियों में गर्म कपड़ों का प्रबंध करती हैं तो कभी उनके लिए कापी किताब खरीदकर देती हैं। बेसहारा गायों के लिए चारे की व्यवस्था हो या फिर अन्य पुनीत कार्य जीनत महंत ने कभी अपनी जेब की तरफ नहीं देखा।

अब जब उन्हें अंबोटा गांव की एक बेटी के बारे में पता चला जिसके सिर से पिता का साया उठ गया है और गरीब मां बेटी के स्वाभिमान के साथ हाथ पीले करने में असमर्थ है तो जीनत महंत इस बेटी का कन्यादान करने पहुंच गईं। जीनत महंत ने उस बेटी की शादी के लिए पांच सूट, कंबल, बर्तन, पंखा, प्रेस के साथ 1100 रुपए शगुन के तौर पर भी दिए हैं। बकौल जीनत महंत अपनी कमाई का कुछ अंशदान नेक कार्यों के लिए जरूर करें क्योंकि किसी दीन दुखी के चेहरे पर मुस्कान लाना ही ईश्वर की सच्ची भक्ति है।

# भुट्टो ने भाजपा संगठन की मजबूती पर की चर्चा, केंद्र सरकार की योजनाएं बताईं



भुट्टो ने ग्राम केंद्र प्रवास कार्यक्रम के तहत हटली और जसाना में किया प्रवास।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कुटलैहड़ के पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने ग्राम केंद्र प्रवास कार्यक्रम के अंतर्गत हटली और जसाना पंचायतों में दो बूथ हटली हथलौन और जसाना का प्रवास किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम की शुरुआत हटली हथलौन बूथ से हुई, जहां कार्य कर्ताओं ने गर्मजोशी से भुट्टो का स्वागत किया।

इसके उपरांत उन्होंने बूथ स्तर पर पार्टी की स्थिति, कार्यकर्ताओं की सक्रियता और संगठनात्मक ढांचे की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि भाजपा की असली ताकत उसके कार्यकर्ता हैं और बूथ स्तर पर सशक्त संगठन ही आगामी चुनावों में जीत का मार्ग प्रशस्त करेगा।

इसके बाद दविंदर कुमार भुट्टो ने अपने संबोधन में केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़, महामंत्री नरेश कुमार, सूरम सिंह, संजीव मिंटू, होशियार सिंह, सुशील रिंकू, सोनू फौजी के अलावा दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# किसानों को प्राकृतिक खेती के बताए लाभ

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान**

**लठियाणी।** उपमंडल बंगाणा की बुधान पंचायत में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषि विभाग विकास खंड बंगाणा द्वारा एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर की अगुवाई खंड तकनीकी प्रबंधक रवि कुमार ने की, जिन्होंने किसानों को रासायनिक खेती के दुष्प्रभावों और प्राकृतिक खेती के लाभों के बारे में जानकारी दी।

रवि कुमार ने कहा कि वर्तमान में किसान फसलों की बिजाई के उपरांत खेतों और घास काटने वाली जगहों पर बड़ी मात्रा में जहरीली दवाइयों का प्रयोग कर रहे हैं, जिससे न केवल मिट्टी की उर्वरता खत्म हो रही है, बल्कि इंसानों में कई प्रकार की घातक बीमारियां भी उत्पन्न हो रही हैं। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती ही एकमात्र ऐसा विकल्प है जिससे हम स्वस्थ जीवन की ओर अग्रसर हो सकते हैं। इस दौरान किसानों को जीवामृत और अग्नि अस्त्र बनाने की जानकारी भी दी गई।



बुधान पंचायत में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्राकृतिक शिविर आयोजित किया।

**सरकार दे रही है प्राकृतिक उपज का प्रोत्साहन :** रवि कुमार ने जानकारी दी कि प्राकृतिक रूप से उगाई गई मक्की और गेहूं का मूल्य सरकार ने क्रमशः ₹4000 और ₹6000 प्रति क्विंटल तय किया है, लेकिन इसके लिए यह जांच की जाएगी कि कहीं रासायनिक दवाइयों का प्रयोग तो नहीं किया हुआ है। इससे स्पष्ट है कि सरकार भी अब प्राकृतिक खेती को प्राथमिकता दे रही है।

स्थानीय निवासी पुरुषोत्तम लाल ने कहा कि इस प्रकार के शिविरों के माध्यम से किसानों को जागरूक करने का एक उत्तम माध्यम है। पंकज कुमार ने प्राकृतिक खेती अपनाने की इच्छा जाहिर की। उन्होंने कहा कि कई बार घरेलू समस्याओं के कारण किसान इससे दूर रहते हैं, लेकिन अब उन्होंने स्वयं भी प्राकृतिक खेती को अपनाने का संकल्प लिया है और अन्य किसानों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। इस एक दिवसीय कार्यक्रम में महिलाएं और ग्रामीण उपस्थित होकर जानकारी ली। इस शिविर को सभी ने इस शिविर को ज्ञानवर्धक और जागरूकता से भरपूर बताया।

### हरोली कॉलेज में कुछ ही सीटें शेष

**अनंत ज्ञान, ऊना।** प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री राजकीय डिग्री महाविद्यालय हरोली में इस शैक्षणिक सत्र से आरंभ किए गए बीएससी (मेडिकल और नॉन-मेडिकल) तथा बीसीए और बीबीए जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को विद्यार्थियों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। प्रवेश प्रक्रिया अंतिम चरण में है और अब बीएससी में दाखिले के लिए यह अंतिम सप्ताह चल रहा है, जबकि बीसीए की अधिकांश सीटें भर चुकी हैं और सिर्फ कुछ ही सीटें शेष हैं।

कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. रणवीर डडवाल ने बताया कि नए पाठ्यक्रमों को लेकर विद्यार्थियों और अभिभावकों में गहरी रुचि है। यह प्रसन्नता की बात है कि हरोली जैसे क्षेत्र में अब विज्ञान एवं व्यवसायिक शिक्षा के बेहतरीन विकल्प उपलब्ध हैं। बीएससी और बीसीए में दाखिला लेना चाहने वाले छात्र-छात्राएं इस अंतिम मौके का लाभ जरूर उठाएं। लगभग 16 करोड़ की लागत से बन रहे कॉलेज के आधुनिक भवन में इस वर्ष से कक्षाएं आयोजित की जाएंगी। संभवतः इस हफ्ते नए भवन का एक खंड कॉलेज को हैंड ओवर कर दिया जाएगा।

### लेक्चरर संघ ने राहत अभियान किया शुरू

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** लेक्चरर संघ ने प्रदेश एवं जिला स्तर पर आपदा पीड़ितों के लिए राहत कार्य किया शुरू किया है। हिमाचल प्रदेश प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ जिला ऊना ने आपदा पीड़ितों की राहत के लिए अभियान तेज किया है। लेक्चरर संघ के जिला प्रधान शशि सैनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम कुमार, महासचिव संजीव कुमार, मुकेश सलारिया, सतीश कालिया, नीरज सैनी, अटल कुमार, संजीव बग्गा एवं पूरी टीम ने इस पुनीत कार्य को शुरू किया है जिसमें काफी संख्या में लेक्चररों का समर्थन मिल रहा है। लेक्चरर संघ के प्रांतीय मीडिया प्रभारी राजन शर्मा ने बताया कि इस पुनीत कार्य में हम सबको भागीदारी निभानी चाहिए। उधर, लेक्चरर संघ के प्रदेश प्रधान अजय नेगी के नेतृत्व में प्रदेश कार्यकारिणी की तरफ से भी इस दिशा में राहत एकत्रित की जा रही है, जिसमें भी लेक्चरर्स का भारी सहयोग मिल रहा है।

# भाजपा, सामाजिक व धार्मिक संस्थाएं मंडी की मदद के लिए आईं आगे : वशिष्ट

**अनंत ज्ञान, ऊना**

मंडी जिले में बरसात ने भारी तबाही मचाई है। कई लोग आपदा का शिकार हुए हैं। ऐसे में मंडी के लोगों की मदद के लिए भाजपा, सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं सहित आम लोग आगे आ रहे है, लेकिन कांग्रेस सरकार व कांग्रेस के नेता कहीं भी नहीं दिख रहे है। यह बात भाजपा सेवानिवृत्त कर्मचारी प्रकोष्ठ के संयोजक राजीव वशिष्ट ने कही। वशिष्ट ने कहा कि भाजपा हमेशा लोगों की मदद के लिए तत्पर रहती है, लेकिन कांग्रेस ने हमेशा वोट बैंक की ही राजनीति की है।



भाजपा के नेता जयराम ठाकुर व ऊना सदर से विधायक सतपाल सिंह सत्ती मंडी के लोगों को हरसंभव मदद पहुंचाने में जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि आपदा की घड़ी में भाजपा कंधे से कंधा मिलाकर मंडी के लोगों के साथ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू मात्र घोषणाएं ही कर रहे हैं। घोषणाओं के अलावा लोगों को कोई मदद नहीं पहुंचाई। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आपदा से हुए भारी नुकसान को देखते हुए केंद्र सरकार भी हरसंभव मदद पहुंचा रही है। इसके बावजूद कांग्रेस के लोग केंद्र से मदद नहीं मिलने की बातें कर रहे है।

वशिष्ट ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अपने अढ़ाई साल में जनता को दुख देने के अलावा कोई काम नहीं किया। ऊना में पिछले अढ़ाई वर्ष से विकास कार्य पूरी तरह से ठप पड़े हुए हैं। कांग्रेस नेता विकास के नाम पर एक ईंट तक नहीं लगा पाए। जबकि पूर्व भाजपा सरकार के समय विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने विधायक न रहते हुए भी ऊना विस क्षेत्र में 2500 करोड़ रुपए की विकास कार्य करवाएं, जिससे जिले की तस्वीर बदली है।

# प्रभावितों की मदद के लिए बाबा बाल ने बढ़ाए हाथ

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

प्रदेश के मंडी जिले में आई भीषण प्राकृतिक आपदा ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया। कई परिवार बेघर हो गए, अनेक लोगों की जान गई और संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा। इस कठिन समय में जहां सरकार और प्रशासन राहत कार्यों में जुटा है, वहीं समाज के कई धार्मिक और सामाजिक संगठन भी पीड़ितों की मदद के लिए आगे आ रहे हैं। इसी कड़ी में राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज ने भी अपनी उदारता का परिचय देते हुए मुख्यमंत्री राहत कोष में 5 लाख रुपए का सहयोग प्रदान किया।

कुटलैहड़ विस क्षेत्र के कोटलाकलां स्थित राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज के आश्रम की ओर से यह राशि मंडी आपदा से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए प्रदान की गई है। बाबा बाल जी महाराज ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। जब भी समाज पर संकट आता है, तो यह हम सभी का कर्त्तव्य बनता है कि हम पीड़ितों की मदद के लिए हाथ बढ़ाएं। यह सिर्फ एक चेक नहीं, बल्कि हमारी आत्मा से जुड़ी संवेदनाओं का प्रतीक है।

इस पुण्य कार्य के तहत कोटलाकलां आश्रम में आयोजित एक सादे लेकिन भावनात्मक समारोह में राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज ने कुटलैहड़ विस क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा को 5 लाख रुपए का चेक सौंपा।

इस अवसर पर विधायक विवेक शर्मा ने बाबा बाल जी का धन्यवाद करते हुए कहा कि आपदा की इस घड़ी में संत समाज का यह योगदान किसी अरबों की दौलत से कम नहीं है।

**विधायक विवेक के हाथों सीएम राहत कोष में 5 लाख का सौंपा चेक**

### महादेव मंदिर में सावन मास का विवेक ने किया शुभारंभ



**विधायक** विवेक शर्मा ने अपने परिवार सहित कुटलैहड़ के कोटला महादेव मंदिर पहुंचकर उन्होंने सावन मास के प्रथम सोमवार को भगवान भोलेनाथ की विशेष पूजा-अर्चना की। उन्होंने विशेष कर कुटलैहड़ क्षेत्र की समस्त जनता की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए भोलेनाथ के चरणों में नमन किया। इस धार्मिक आयोजन ने संपूर्ण वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। विवेक शर्मा ने कहा कि सावन मास जो भगवान भोलेनाथ जी का अति प्रिय महीना है, सभी के लिए सावन मास मंगलमय हो और कुटलैहड़ की समस्त जनता को खुशियां लेकर आए।

# अनुसूचित जाति वर्ग की समस्याएं उठाईं

## एससी आयोग अध्यक्ष से मांगों को लेकर मिला धार्मिक सभा का प्रतिनिधिमंडल


एससी आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार को ज्ञापन सौंपते हुए प्रतिनिधिमंडल।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार धीमान से उनके कार्यालय में श्री गुरु रविदास धार्मिक सभा संतोषगढ़ के एक प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की।

सभा के अध्यक्ष बलवंत सिंह के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमंडल ने आयोग अध्यक्ष को एक ज्ञापन सौंपते हुए अनुसूचित जाति वर्ग से जुड़ी विभिन्न महत्वपूर्ण मांगों को उनके समक्ष रखा। श्री गुरु रविदास धार्मिक सभा की मांगों में अनुसूचित जाति समाज के लोगों के कृषि प्रमाण पत्र के बगैर नई खरीद भूमि की रजिस्ट्री, नगर परिषद संतोषगढ़ में अम्बेडकर भवन का निर्माण, हिमाचल प्रदेश में एससी-एसटी सब प्लॉन जारी करने बारे, भूमिहीन या जिनके पास एक या दो कमरों का घर है, सरकार उनके लिए भूमि मुहैया करवाए तथा जिन्हें पट्टे पर वर्षों पहले जमीनें मिली थी, राजस्व रिकॉर्ड में उनके नाम दर्ज करने बारे सहित विभिन्न मांगे शामिल हैं। एससी आयोग के अध्यक्ष कुलदीप धीमान ने प्रतिनिधिमंडल की सभी मांगों को सहानुभूतिपूर्वक सुना और उन्हें राज्य में सामाजिक समरसता व समावेशी विकास के लिए अत्यंत आवश्यक करार दिया। उन्होंने आश्वस्त किया कि आयोग इन सभी विषयों को गंभीरता से लेते हुए राज्य सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाएगा। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति आयोग प्रदेश में वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा तथा उनकी सामाजिक उन्नति के लिए प्रतिबद्ध है, जिसके लिए ठोस कार्ययोजना के साथ आगे बढ़ा जा रहा है।

इस अवसर पर आयोग के सदस्य अधिवक्ता दिग्विजय मल्होत्रा एवं अधिवक्ता विजय डोगरा और सदस्य सचिव विनय मोदी उपस्थित रहे। प्रतिनिधंडल में अध्यक्ष श्री गुरु रविदास धार्मिक सभा संतोषगढ, बलवंत सिंह, प्रधान श्री गुरू रविदास धार्मिक सभा गुलविंद्र बैंस, उपाध्यक्ष वचन चंद पटेल सहित सभा के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

**तैयारी** धौमेश्वर मंदिर ट्रस्ट सावन मास के मेलों के लिए पूरी तरह तैयार, हर वर्ष आशीर्वाद लेने आते हैं सैकड़ों श्रद्धालु

# सावन मास को लेकर दुल्हन की तरह सजा ऐतिहासिक सदाशिव मंदिर

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उत्तर भारत के प्रमुख धार्मिक स्थलों में से एक गिना जाने वाला धौमेश्वर मंदिर (सदाशिव मंदिर), तलमेहड़ा सावन मास की तैयारियों को लेकर पूरी तरह तैयार है। मंदिर परिसर को दुल्हन की तरह सजाया गया है और यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए चाक-चौबंद प्रबंध किए गए हैं। हर साल की तरह इस बार भी सावन मास के दौरान मंदिर में भव्य मेले और धार्मिक आयोजनों का आयोजन किया जाएगा। सावन मास में प्रत्येक सोमवार को मंदिर में लाखों श्रद्धालु भगवान सदाशिव के दिव्य शिवलिंग (शिव पिंडी) के दर्शन के लिए पहुंचते हैं।



श्रद्धालु गंगाजल और बेलपत्र अर्पित करते हुए भोलेनाथ से अपने जीवन की सुख-शांति और मंगल की कामना करते हैं। खास बात यह है कि यह मंदिर द्वापर युग से जुड़ा हुआ माना जाता है और मान्यता है कि यहां सच्चे मन से प्रार्थना करने से हर मनोकामना पूर्ण होती है।


धौमेश्वर मंदिर जो सैकड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है।

मंदिर ट्रस्ट के अनुसार सावन मास के हर रविवार को मंदिर परिसर में धार्मिक संध्या का आयोजन होगा, जिसमें भजन संध्या, शिव पुराण कथा और आरती शामिल रहेगी। देश के प्रसिद्ध भजन गायक और संत भी इस आयोजन में सम्मिलित होंगे। इसके अलावा हर सोमवार को विशेष पूजा-पाठ, रुद्राभिषेक और श्रावण महा आरती आयोजित की जाएगी। धौमेश्वर मंदिर ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं के लिए खाने, पीने, ठहरने, चिकित्सा, शौचालय और विश्रामगृह जैसी बुनियादी सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा है। जगह-जगह शीतल जल वितरण केंद्र, प्राथमिक चिकित्सा शिविर और मार्गदर्शन केंद्र स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस और स्वयंसेवकों की विशेष तैनाती की गई है।

**सावन मास मेलों में मंदिर में स्वच्छता और सुरक्षा पर विशेष जोर :** सदाशिव मंदिर ट्रस्ट के चेयरमैन प्रवीण शर्मा ने बताया कि मंदिर परिसर और आस-पास के क्षेत्रों में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा गया है। प्लास्टिक और पॉलीथिन के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। श्रद्धालुओं से अनुरोध किया गया है कि वे स्वच्छता बनाए रखें और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी दिखाएं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मंदिर के मुख्य द्वार पर प्रत्येक आगंतुक की गहन चैकिंग की जाएगी। ट्रस्ट द्वारा स्पष्ट किया गया है कि नशीले पदार्थों का सेवन करने वाले श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन्स के माध्यम से पूरे परिसर की निगरानी की जा रही है।

चेयरमैन प्रवीण शर्मा ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे आस्था के साथ-साथ नियमों का पालन करते हुए मंदिर में प्रवेश करें। उन्होंने कहा कि यह स्थल महाभारत काल से जुड़ा हुआ है। यहां आने वाला हर व्यक्ति सच्चे मन से आए और भोलेनाथ की कृपा प्राप्त करे। हमारी कोशिश है कि श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो और वे शांति व श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना कर सकें।

**सदाशिव मंदिर तलमेहड़ा से जुड़ी है लाखों भक्तों की आस्था :** धौमेश्वर मंदिर, तलमेहड़ा न केवल धार्मिक दृष्टि से बल्कि सांस्कृतिक और ऐतिहासिक रूप से भी अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल है। सावन मास, शिवरात्रि श्री कृष्ण जन्माष्मी में यहां का वातावरण भक्तिभाव से सराबोर हो जाता है। मंदिर ट्रस्ट की तैयारियों और व्यवस्थाओं को देखकर यह स्पष्ट है कि श्रद्धालुओं को हर संभव सुविधा देने का प्रयास किया गया है। ऐसे में अगर आप भी भोलेनाथ के दरबार में हाजिरी लगाने का मन बना रहे हैं, तो सावन का यह पावन महीना एक सुनहरा अवसर है। आस्था के साथ आइए, नियमों का पालन कीजिए और भगवान सदाशिव की कृपा प्राप्त कीजिए।

# सरकार रद्द करे बिजली महादेव रोपवे प्रोजेक्ट : नेगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



बिजली महादेव रोपवे निर्माण संघर्ष समिति के पदाधिकारी पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए।

केंद्र व प्रदेश सरकार बिजली महादेव रोपवे प्रोजेक्ट को रद्द करे। यह बात बिजली महादेव रोपवे संघर्ष समिति के अध्यक्ष सुरेश नेगी ने सोमवार को कुल्लू में पत्रकार वार्ता में कही।

उन्होंने कहा कि देववाणी में बिजली महादेव ने इस रोपवे निर्माण के लिए इंकार किया है। बावजूद इसके फिर भी रोपवे निर्माण करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पहले जहां खराहल घाटी की जनता रोपवे का विरोध कर रही थी। वहीं, अब प्रदेशभर की जनता भी इसका विरोध कर रहे है। उन्होंने कहा कि विरोध के बावजूद भी निर्माण कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि हमारी देव आस्था के साथ खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगा। रोपवे निर्माण के लिए सैकड़ों पेड़ों को काटा जाना गलत है। ऐसे में अब रोपवे के विरोध में 25 जुलाई को ढालपुर में एक विशाल प्रदर्शन का भी निर्णय लिया गया है। इसके लिए बिजली महादेव रोपवे विरोध समिति के द्वारा गांव-गांव जाकर लोगों से भी समर्थन मांगने का निर्णय लिया गया है।

सुरेश नेगी ने बताया कि इसके लिए खराहल घाटी के लोगों का उन्हें समर्थन मिल रहा है। वहीं, देव समाज से जुड़े लोगों से भी इस प्रदर्शन में भाग लेने का आह्वान किया जा रहा है। सरकार को बार-बार चेताया जा रहा है कि रोपवे निर्माण बंद किया जाए, फिर भी केंद्र व प्रदेश सरकार नहीं मान रही है, ऐसे में अब 25 जुलाई को कुल्लू में उग्र आंदोलन होगा। इसकी जिम्मेदारी दोनों सरकारों की होगी। वहीं, इस अवसर पर समिति के सदस्य ने कहा कि हम बिजली महादेव रोपवे किसी भी सूरत में नहीं लगने देंगे, इसके लिए चाहे हमें अपनी जान ही क्यों न देनी पड़े।

# युवक ने नेहरू कुंड में लगाई छलांग

**अनंत ज्ञान, मनाली**

यूपी के 19 वर्षीय युवक ने मनाली से पांच किमी दूर नेहरुकुंड से नदी में छलांग लगा दी। पुलिस ने घटना से एक किलोमीटर दूर शव बरामद कर लिया है। शव की पहचान नीरज कुमार पुत्र कृपा राम उम्र 19 वर्ष आरओ गांव परसिया डाकघर चंदन तहसील पलियाकलां जिला लखीमपुर खीरी यूपी के रूप में हुई है। शव की शिनाख्त मृतक के भाई आशीष राणा ने की है। मृतक नीरज के भाई आशीष ने रविवार को पुलिस को सूचना दी कि उसके 19 वर्षीय भाई ने नेहरुकुंड पुल से छलांग लगा दी है। सूचना मिलते ही पुलिस ने सर्च अभियान शुरू किया, लेकिन कोई पता नहीं लग पाया। सोमवार को पुलिस ने शव की तलाश की। शव खतरनाक जगह फंसे होने के कारण निकालना बहुत ही जोखिम भरा था। पुलिस टीम ने जान जोखिम में डालते हुए शव को ब्यास नदी से बाहर निकाला। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि मृतक के भाई आशीष ने शव की शिनाख्त कर ली है। शव पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंपा दिया है।

## अस्थायी पुल पार करते हुए मां की गोद से छिटककर नदी में गिरी बच्ची

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

- दूसरी बेटी रस्सी पकड़कर दस मिनट तक पुल पर झूलती रही
- पुलिस हादसे के कारणों की कर रही जांच : एसपी

जिला कुल्लू के भुंतर में एक बच्ची के झूला पुल से गिरने से मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार उफनती ब्यास नदी के ऊपर अस्थायी झूला पुल को पार करते समय झटका लगने से पांच साल की बच्ची मां की गोद से छिटककर नीचे गिर गई, जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं, दूसरी बेटी रस्सी पकड़कर दस मिनट तक पुल पर झूलती रही, जबकि मां भी इस अस्थायी पुलिया पर फंसी हुई थी। घटना की चीख-पुकार सुनकर लोग घटना स्थल पर पहुंचे और पुल पर फंसी मां और बेटी को कड़ी मशक्कत कर नीचे उतारा। घटना बीते दिन की है। वहीं, नदी में गिरी छोटी बच्ची का शव दोनों ने घटनास्थल से करीब एक किलोमीटर आगे पानी से बाहर निकाला। सनद रहे कि रजनी अपनी दो बेटियों परी (5) और वंशिका (14) के साथ जिया से अपने घर शमशी वर्कशॉप की तरफ जाने के लिए अस्थायी पुल से ब्यास नदी को पार कर रही थी। इस बीच पुलिया का जोरदार झटका लगा, जिससे उनका संतुलन बिगड़ गया। परी रजनी की गोद में थी। वह छिटककर सीधे नदी में गिर गई। वंशिका को भी संभलने का मौका नहीं मिला, लेकिन गिरते हुए वंशिका के हाथ में पुलिया की रस्सी आ गई। वंशिका ने रस्सी को कसकर पकड़ लिया और करीब दस मिनट तक नदी से 20 फुट ऊपर बनी इस पुलिया से झूलती रही। रजनी भी बुरी तरह से फंसी हुई थी वह चाहकर भी वंशिका की मदद नहीं कर पा रही थी। दोनों की चीखने की आवाजें सुनकर आसपास के लोग वहां पहुंचे। लोगों ने मां-बेटी को सुरक्षित नीचे उतारा। बताया जा रहा है कि इस पुल से कम ही लोग आवाजाही करते हैं। जिया पंचायत के प्रधान संजू पंडित ने कहा कि हादसा बेहद दुखद है। वहीं, घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची। कुल्लू के पुलिस अधीक्षक डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने बताया कि पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। पुल सही स्थिति में था या नहीं, इसकी भी जांच की जाएगी, अगर पुल की स्थिति ठीक नहीं होगी, तो आगे के लिए इस पुल से नदी पार करना वर्जित किया जाएगा।

# भुवनेश्वर के 51वें जन्मदिवस पर 51 ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**



विधायक भुवनेश्वर गौड़ के 51वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में यूथ कांग्रेस मनाली ब्लॉक की ओर से अध्यक्ष मनीष ठाकुर के नेतृत्व में पतलीकूहल सीएचसी (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में 51 युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर विधायक के जन्मदिन को सामाजिक सरोकार से जोड़ा। शिविर का संचालन सीएचसी प्रभारी डॉ. मोहित शर्मा और बीएमओ डॉ. करण की निगरानी में हुआ। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर विधायक भुवनेश्वर गौड़ और यूथ कांग्रेस के पदाधिकारियों ने अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए। विधायक ने अस्पताल परिसर में केक काटकर अपना जन्मदिन सादगीपूर्ण ढंग से मनाया। जन्मदिन की शुभकामनाएं देने के लिए बड़ी संख्या में लोग सीएचसी परिसर में पहुंचे। इस अवसर पर मनाली के एसडीएम रमण शर्मा और राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष विद्या नेगी भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। विधायक और एसडीएम को एक साथ देख स्थानीय लोग अपनी समस्याएं साझा करने के लिए भी वहां पहुंचने रहे। कार्यक्रम के दौरान नवीन तनवर, देवेंद्र नेगी, प्रेम शर्मा, गंगा सिंह, अमन शर्मा, तारू नेगी, विक्की, डोला, सुनील, मोनिका, धनी देवी, खेखराम, ऋषि किशोर सहित कई गणमान्य नागरिक और यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### सराज आपदा के लिए जारी की मदद राशि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** बीते दिनों आई आपदा से सराज क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित हुआ है। ऐसे में बहुत से लोग सराज आपदा प्रभावितों की मदद करने के लिए आगे आ रहे हैं। इसी कड़ी में ढालपुर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ओपन माइक इवेंट में जहां युवा कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं, अपने विचारों को माइक के माध्यम से संबोधित किया। इवेंट के दौरान कलाकारों ने आपदा प्रभवितों के लिए राशि भी एकत्रित की। इसमें 4000 से अधिक रुपए इकट्ठे किए गए। इस दौरान द स्पॉट लाइट संस्था से सौरभ और अनकही अनसुनी आबरू से ओजस्विनी सचदेवा ने री इमेजिन जिंदगी के अध्यक्ष कृष ठाकुर के पास यह राशि जमा करवाई और सराज आपदा प्रभावितों के लिए उसे भेंट किया।

### रॉक क्लाइंबिंग तकनीकों का दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** शिमला समूह के तत्वावधान में 1 एचपी एयर स्क्वाड्रन एनसीसी, कुल्लू ने बबेली के मनोरम और चुनौतीपूर्ण प्रशिक्षण स्थल पर दो रॉक क्लाइंबिंग शिविरों का सफलतापूर्वक आयोजन किया। ये शिविर दो बैचों में आयोजित किए गए, पहला 28 जून से 4 जुलाई और दूसरा 7 जुलाई से 13 जुलाई तक शिविरों में कुल 60 एनसीसी कैडेटों ने भाग लिया, जो शिमला, पटियाला, जालंधर, अमृतसर, लुधियाना, अंबाला, रोहतक और चंडीगढ़ सहित विभिन्न एनसीसी समूहों का प्रतिनिधित्व करते थे। ये शिविर भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की द्वितीय बटालियन, बबेली की पेशेवर देखरेख में आयोजित किए गए, जिनके प्रशिक्षकों ने तकनीकी चढ़ाई और सुरक्षा प्रक्रियाओं में विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान किया। शिविरों का नेतृत्व विंग कमांडर कुणाल शर्मा, 1 एचपी एयर स्क्वाड्रन एनसीसी, कुल्लू के कमांडिंग ऑफिसर, जिन्होंने कैंप कमांडेंट के रूप में कार्य किया। उनके नेतृत्व में, कैडेटों को रॉक क्लाइंबिंग तकनीकों जैसे गांठ बांधना, बेलेइंग, रैपलिंग और पर्वतीय नेविगेशन का व्यापक प्रशिक्षण दिया गया।

## रोटरी आई हॉस्पिटल का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** रोटरी क्लब के गवर्नर सुरेश ओबेरॉय ने कुल्लू में आंखों के अस्पताल का निरीक्षण किया। रोटरी आई हॉस्पिटल के अध्यक्ष इंदीवर मेहता ने उनको पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस मौके पर कुल्लू रोटरी क्लब के सभी रोटेरियन ने उन्हें बिजली महादेव का चित्र भेंट किया। उनके साथ आए सभी मेहमानों का अभिनंदन किया गया। इसमें पैटर्न रोटेरियन डॉक्टर पीडी लाल, रोटेरियन बीके कपूर, फाइनेंस रोटेरियन अमन भल्ला, रोटेरियन क्लब की प्रधान रोटेरियन पूजा मलिक, रोटेरियन अंशुल पाराशर, रोटेरियन राजीव व अनुमलिक अस्पताल के डॉक्टर और सभी स्टाफ ने अभिनंदन समारोह के उपरांत सुरेश ओबेरॉय को तमाम मशीनरी के बारे में अवगत करवाया गया। साथ ही भविष्य में जो भी रोटरी क्लब कुल्लू को आवश्यकता और प्रोजेक्ट्स बनाने व कई मुद्दों पर बिस्तार से चर्चा की गई।

# मनाली में 7.140 ग्राम चिट्टे के साथ दंपती गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, मनाली**



चिट्टा तस्करी के खिलाफ छेड़े अभियान के तहत मनाली पुलिस को एक और कामयाबी मिली है। पुलिस ने नवीन पार्किंग के समीप किराये पर रह रहे पति-पत्नी को चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। कमरे में तलाशी लेने पर 7.140 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ।

पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मनाली की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर नवीन पार्किंग (गोंपा रोड मनाली) के समीप एक रिहायशी मकान की तीसरी मंजिल में रह रहे किरायेदार विक्रम सिंह विक्की (26 वर्ष) पुत्र सुरेश चंद निवासी उमरी विजर्ग डाकघर रेरिया तहसील डेरापुर जिला कानपुर देहात (उत्तर प्रदेश) और उसकी पत्नी शिवानी निवासी टिक्कावनी डाकघर योल कैंट जिला कांगड़ा के कमरे में दबिश दी। कमरे की विधिवत तलाशी के दौरान 7.140 ग्राम चिट्टा बरामद किया। दोनों आरोपियों के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम की धारा 21 के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि नियमानुसार कार्रवाई करने के उपरांत बरामद नशा की खरीद फरोख्त का पता लगाया जा रहा है। आरोपियों को अदालत में पेश करने की प्रक्रिया चल रही है।

# लाहौल में 5 से 7 अगस्त तक नेत्र जांच शिविर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जनजातीय क्षेत्र लाहौल में 5 से 7 अगस्त तक महा नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा।

यह शिविर लिव टू लव एनजीओ और वाईडीए गरशा के संयुक्त प्रयासों से आयोजित किया जा रहा है। लिव टू लव संस्था द्वारा हिमालयी क्षेत्रों में यह 13वां शिविर होगा। इस विशेष नेत्र शिविर में नेपाल के प्रसिद्ध तिलगंगा नेत्र अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टर मरीजों का उपचार करेंगे। वाईडीए गरशा के अध्यक्ष सुशील ने बताया कि उनकी टीम ने लोगों को जागरूक करने के लिए पूरे लाहौल क्षेत्र में पोस्टर और बैनर लगाकर प्रचार अभियान शुरू कर दिया है। इस शिविर में मरीजों की निशुल्क नेत्र सर्जरी की जाएगी। वाईडीए गरशा के प्रेस सचिव कुंगा बौद्ध ने बताया कि शिविर से पहले 22 जुलाई से 31 जुलाई तक लाहौल के विभिन्न पंचायतों में दो टीमों द्वारा नेत्र स्क्रीनिंग और जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान मरीजों की पहचान की जाएगी, ताकि शिविर में उनका उपचार किया जा सके। इसके बाद 5 से 7 अगस्त तक क्षेत्रीय अस्पताल केलांग में नेत्र सर्जरी की जाएगी। सर्जरी के साथ-साथ दवाइयां और चश्मे भी पूरी तरह निशुल्क दिए जाएंगे। कुंगा बौद्ध ने बताया कि शिविर को सफल बनाने के लिए वाईडीए गरशा की ओर से सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। इस शिविर से लाहौल क्षेत्र के सैकड़ों नेत्र रोगियों को लाभ मिलने की उम्मीद है।



नेत्र जांच शिविर बारे जागरूक करती हुई महिलाएं।

### स्क्रीनिंग कैंप का कार्यक्रम

- 22 जुलाई : कुठाड़, कोकसर, टेलिंग।
- 23 जुलाई: सलग्रां, सिस्सु, खंगसर।
- 24 जुलाई: मड़ग्रां, उदयपुर, बर्गुल।
- 25 जुलाई: त्रिलोकनाथ, थिरोट, गौशाल, तांदी।
- 26 जुलाई: चिमरेट, तिंगरेट, कारदंग, लपचंग।
- 27 जुलाई: चोखंग, जहालमा, क्वारिंग, गेमूर।
- 28 जुलाई: रापे, शांशा, जिस्पा, दारचा।
- 29 जुलाई: ठोलंग, मलंग, केलांग।
- 30 जुलाई : उदयपुर, शांशा।
- 31 जुलाई : क्षेत्रीय अस्पताल केलांग।

# बारिश और सड़क बंद होने से बागवानों को भारी नुकसान

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

प्रदेश में लगातार हो रही बारिश से कीरतपुर-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग 3 के बार-बार अवरुद्ध होने से स्थानीय फल उत्पादक गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। कुल्लू फलोत्पादक मंडल के प्रधान प्रेम शर्मा ने बताया कि यह स्थिति बागवानों के लिए दोहरा झटका है क्योंकि वे पहले से ही कम फसल के कारण घाटा झेल रहे हैं।



शर्मा ने बताया कि सड़कों के बार-बार बंद होने से स्थानीय मंडियों में पल्म और नाशपाती के दामों में अचानक गिरावट आ जाती है। इसका मुख्य कारण यह है कि ये फल जल्दी खराब होने वाले होते हैं यदि इन्हें समय पर आगे नहीं भेजा जाता, तो ये जल्दी सड़ जाते हैं। इससे न केवल बागवानों को नुकसान होता है, बल्कि खरीददारों को भी घाटा उठाना पड़ता है। प्रेम शर्मा के अनुसार, सड़कों के अवरुद्ध होने के भय से ही स्थानीय सब्जी मंडियों में इन फलों के दाम कम हो जाते हैं। खरीददारों को यह डर सताता है कि कहीं सड़क बंद होने से फल ट्रकों में ही न सड़ जाएं। शर्मा ने इस बात पर जोर दिया कि केवल सड़कों के अवरुद्ध होने के कारण फलों का मूल्य बागवानों को कम मिलना उचित नहीं है। शर्मा ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) से अपील की है कि राजमार्ग के बंद होने की स्थिति में उसे जल्द से जल्द खोलने के प्रयास किए जाएं। सड़क खुलने पर सबसे पहले फलों से लदे ट्रकों को निकाला जाए, क्योंकि ट्रकों में अधिक गर्मी के कारण फल तेजी से खराब होते हैं।

# अमिता ने संभाला रोटरी मनाली के अध्यक्ष का कार्यभार

## शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण व महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में करेंगी कार्य

**अनंत ज्ञान, मनाली**




रोटरी क्लब मनाली की नवनियुक्त अध्यक्ष को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित करते हुए।

रोटरी क्लब मनाली की ओर से नवनियुक्त अध्यक्ष अमिता शमशेर सिंह ठाकुर के लिए ताजपोशी समारोह आयोजित किया गया।

इसमें 3070 डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोहित ओवराय उपस्थित हुए, जबकि महिला आयोग की अध्यक्ष विद्या नेगी व पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर, तहसील मनाली अनिल राणा विशेषातिथि के रूप में उपस्थित हुए। इस दौरान गोविंद सहित विद्या नेगी, मनोज कुमार, जया ठाकुर, विमला ठाकुर सहित छह लोगों को नए सदस्यों के रूप में मनोनीत किया गया। पूर्व अध्यक्ष सीए अल्का ठाकुर की ओर से अपने कार्यकाल के दौरान किए कार्यों पर प्रकाश डाला। रोहित ओवराय ने नवनियुक्त अध्यक्ष अमिता शमशेर सिंह ठाकुर को कॉलर पहनाकर तथा उनकी टीम में शामिल मीनाक्षी को वर्ष 2025-26 के कार्यकाल के दौरान सामाजिक क्षेत्र में योगदान देने के लिए शपथ दिलाई। पूर्व अध्यक्ष अनिला दावड़ा ने मंच का संचालन निभाया। मुख्यातिथि ने रोटरी के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की आवश्यकता पर बल दिया। ओबेरॉय ने रोटरी के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज सेवा और जनहित की योजनाओं पर जोर दिया जा रहा है। रोटरी परिवार समाज के लिए समर्पित रहेगा और शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में काम करेगा। उनका लक्ष्य रोटरी को समाजोपयोगी बनाना है और वे इसके लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। उन्होंने सभी सदस्यों को मिलजुलकर काम करने की बात कही। अमिता ने क्लब के अध्यक्ष पद की शपथ लेकर सेवा, संस्कार और समर्पण की नई यात्रा का शुभारंभ किया। अमिता ने एक साथ मिलकर एक बेहतर कल के निर्माण में सहयोग देने का संकल्प लिया।

## 100 पदों के लिए इंटरव्यू 17 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली।** जिला लाहौल-स्पीति से एसआईएस इंडिया लिमिटेड आरटीए हमीरपुर के लिए 100 सिक्योरिटी गार्ड तथा सिक्योरिटी सुपरवाइजर भर्ती होंगे। रोजगार कार्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि जिला लाहौल-स्पीति से एसआईएस इंडिया लिमिटेड आरटीए हमीरपुर के लिए 100 सिक्योरिटी गार्ड तथा सिक्योरिटी सुपरवाइजर पुरुष वर्ग की भर्ती की जाएगी। इसके लिए आवेदक अपने दिए गए विकल्प में एक जिला लाहौल-स्पीति के उपरोजगार कार्यालय काजा में 17 जुलाई को साक्षात्कार होंगे। इन पदों में भर्ती के लिए शैक्षणिक योग्यता दसवीं पास निर्धारित की गई है तथा 19 से 40 वर्ष तक की आयु वाले अभ्यर्थी इस भर्ती में भाग ले सकते हैं। अभ्यर्थी की लंबाई 168 सेंटीमीटर व वजन 54 किलोग्राम से 95 किलोग्राम तक होना अनिवार्य है तथा भर्ती होने वाले उम्मीदवारों का वेतन 17500 से 22000 रुपए प्रतिमाह निर्धारित किया गया है।

# 18570 फुट ऊंचे शिखर पर महादेव के दर्शन कर सकुशल निरमंड लौटी छड़ी यात्रा

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**



**आनी।** 7 जुलाई को निरमंड के दशनामी जूना अखाड़ा से माता अंबिका व स्वामी दत्तात्रेय की 30वीं छड़ी यात्रा बड़े श्रद्धा भाव के साथ रवाना हुई। यह यात्रा 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के दिन संत दावत गिरी महाराज की अध्यक्षता में 18570 फुट की ऊंचाई पर स्थित पवित्र श्रीखंड कैलाश पहुंची।

वहां महादेव की विधिवत पूजा-अर्चना की गई और दर्शन के बाद यात्रा सकुशल लौट आई। छड़ी यात्रा समिति के अध्यक्ष टकेश्वर शर्मा ने बताया कि यह ऐतिहासिक छड़ी यात्रा 14 जुलाई की सुबह वापस जूना अखाड़ा निरमंड पहुंची, जहां सोमवार को इसके स्वागत में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। श्रीखंड महादेव यात्रा उत्तर भारत की सबसे कठिन धार्मिक यात्राओं में से एक मानी जाती है। इस वर्ष प्रशासन की देखरेख में श्रीखंड महादेव यात्रा 10 से 23 जुलाई तक आयोजित की जा रही है। श्रद्धालुओं को श्रीखंड महादेव तक पहुंचने के लिए करीब 32 किलोमीटर का पैदल सफर तय करना पड़ता है, जो रोमांच और आस्था से भरा होने के साथ-साथ जोखिम भरा भी है। यात्रा मार्ग में श्रद्धालुओं को कई संकरे और फिसलन भरे रास्तों से गुजरना पड़ता है। कई जगह बर्फ के ग्लेशियर भी पार करने पड़ते हैं, जहां संतुलन बनाए रखना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। पार्वती बाग से आगे के क्षेत्र अधिक ऊंचाई पर होने के कारण ऑक्सीजन की कमी से कई श्रद्धालुओं को सांस लेने में कठिनाई होती है यदि समय पर प्राथमिक उपचार या राहत न मिले, तो स्थिति गंभीर हो सकती है।

**आयोजित** — डीसी ने की जिला स्तर पर मंडे रिव्यू मीटिंग की तीसरी बैठक की अध्यक्षता

# गीले कूड़े से वर्मी कंपोस्ट बनाने की योजना विचाराधीन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**



मंडे रिव्यू मीटिंग की तीसरी बैठक के दौरान अधिकारियों से चर्चा करती हुईं डीसी लाहौल-स्पीति।

डीसी लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने सोमवार को जिला स्तर पर मंडे रिव्यू मीटिंग की तीसरी बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक का उद्देश्य प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ-साथ जिले में विभिन्न मुख्य विकास कार्यों में हुई प्रगति व नए कार्यों को जल्द प्रारंभ करने संबंधी दस्तावेजी प्रक्रियाओं की समीक्षा करना रहा। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के माध्यम जिले में चल रहे 11 विकास कार्यों के बारे में संबंधित विभागों से फीडबैक लिया। अधिकारियों ने बताया कि योजना के तहत जिस्पा में पर्वतीय सस्थांन में प्रस्तावित छात्रावास का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने संबधित विभाग को प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के नए विकास कार्यों को डालने के लिए भी कहा। उन्होंने इस संस्थान में गेस्ट हाउस की मरम्मत व सुधार कार्य करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में बिजली बोर्ड से प्रधानमंत्री सूर्या घर योजना के बारे में अब तक हुई प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की। विभाग ने बताया कि अभी तक 15 लोगों ने प्रधानमंत्री सूर्या घर योजना का लाभ उठाने के लिए आवेदन किया है। डीसी ने आमजनता को इस योजना के बारे में और अधिक जागरूक करने के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक लोग योजना का लाभ उठा सकें। उन्होंने खंड विकास अधिकारी को आगामी ग्राम सभा में इस योजना के बारे में लोगों को जानकारी देने के लिए कहा।

उन्होंने बताया कि केलांग व आसपास के क्षेत्रों में सूखे व प्लास्टिक कूड़े की समस्या के स्थायी समाधान के केलांग व तांदी पंचायत में सप्ताह में तीन दिन डोर टू डोर सूखा व प्लास्टिक कूड़ा एकत्रीकरण शुरू किया जा रहा है। गीले कूड़े से वर्मी कंपोस्ट बनाने की योजना भी विचाराधीन है। इसमें कृषि विभाग का सहयोग लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले के विभिन्न स्थानों पर पर्यटकों व आम जनता की सुरक्षा के लिए नदी-नालों में जाने के लिए बने संपर्क मार्गों पर चेतावनी सूचक बोर्ड स्थापित करने का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने आवारा कुत्तों की समस्या के समाधान के लिए कुत्तों की नसंबदी कार्य को जल्द प्रारंभ करने के निर्देश सबंधित विभाग को दिए। बैठक में त्रिलोकीनाथ सड़क के सुधारीकरण पर भी चर्चा की गई। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सितंबर माह तक इस सड़क का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। बैठक में खंड विकास अधिकारी द्वारा बताया गया कि पुस्ताकालय की स्थापना के लिए प्रारंभिक स्तर पर व प्रयोगात्मक तौर पर गोशाल गांव का चुनाव किया गया है। बैठक में कार्यावाहक सहायक आयुक्त एवं एकीकृत जनजातीय परियोजना अधिकारी कल्याणी गुप्ता, एसडीएम केलांग आकांक्षा शर्मा, वन मंडल अधिकारी अनिकेत वानवे, उपनिदेशक बागवानी मीनाक्षी शर्मा, जिला कल्याण अधिकारी खुशविंद्र ठाकुर, जिला कृषि अधिकारी मुंशी राम ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

## जनजातीय उत्सव के लिए आवेदन किए आमंत्रित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** राज्य स्तरीय जनजातीय उत्सव का आयोजन 14 से 16 अगस्त तक भव्य रूप में किया जा रहा है।

इस अवसर पर स्थानीय लोक संस्कृति, नृत्य, संगीत, नाट्य एवं अन्य सांस्कृतिक विधाओं की विविध प्रस्तुतियां आयोजित की जाएंगी। डीसी लाहौल-स्पीति एवं जनजातीय उत्सव मेला कमेटी की अध्यक्ष किरण भड़ाना ने बताया कि इस उत्सव का उद्देश्य जनजातीय विरासत एवं लोक कला व संगीत को प्रोत्साहित करना है। अतः सभी स्थानीय कलाकारों, सांस्कृतिक समूहों, स्कूलों, कॉलेजों, स्वयं सहायता समूहों, महिला मंडलों, युवाओं एवं सांस्कृतिक संस्थाओं से अनुरोध किया जाता है कि वे इस उत्सव में भाग लेने के लिए अपनी प्रस्तुति देने के लिए आवेदन करें। उन्होंने बताया कि इच्छुक प्रतिभागी अपना नाम, प्रस्तुति का प्रकार, टीम के सदस्यों की संख्या, संपर्क विवरण सहित अपना आवेदन 5 अगस्त सायं 5 बजे तक कल्चर कमेटी के पास स्वंय या bdokeylong@gmail.com ई-मेल पर अपना आवेदन भेज सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन के साथ अपनी परफौरमैंस की विडियो कलिप संलग्न करना सुनिश्चित बनाएं। चयनित प्रस्तुतियों को उत्सव के दौरान मंच पर प्रदर्शन का अवसर दिया जाएगा। अतः सभी इच्छुक प्रतिभागियों से अनुरोध है कि वे समय रहते आवेदन कर, इस उत्सव का हिस्सा बनें और अपनी कला के माध्यम से जनजातीय गौरव को जन-जन तक पहुंचाएं।

# सीएम राहत कोष में 60,000 का योगदान

## बाढ़ पीड़ितों की मदद को आगे आई बैडमिंटन एसोसिएशन



बैडमिंटन एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य सीएम राहत कोष में विधायक के माध्यम से चेक देते हुए।

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

सोमवार को बैडमिंटन एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष और कुल्लू जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने मनाली विधानसभा क्षेत्र के विधायक भुवनेश्वर गौड़ से उनके कटराईं स्थित निवास स्थान पर मुलाकात की।

इस अवसर पर एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए 60,000 रुपए का चेक भेंट किया। जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के प्रधान राकेश ने बताया कि मंडी और कुल्लू जिलों के ऊपरी क्षेत्रों में इस साल आई भीषण बाढ़ से हुए जान-माल के नुकसान की भरपाई करना बेहद मुश्किल है। यह छोटी सी राशि बाढ़ पीड़ितों की कुछ मदद कर पाएगी। प्रतिनिधिमंडल ने सबसे पहले विधायक भुवनेश्वर गौड़ को फूलों के बुके भेंट कर उनके 51वें जन्मदिन की हार्दिक बधाई दी। राज्य बैडमिंटन एसोसिएशन के नवनियुक्त प्रधान विजय ठाकुर और जिला महासचिव जितेंद्र ने विधायक से मनाली विधानसभा क्षेत्र में बैडमिंटन को बढ़ावा देने के लिए एक इनडोर स्टेडियम के निर्माण का भी आग्रह किया, ताकि बच्चे इसका लाभ उठा सकें। विधायक ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि इस समस्या का जल्द ही समाधान किया जाएगा। उन्होंने कुल्लसू से राज्य बैडमिंटन संघ के प्रधान चुने जाने पर विजय को बधाई भी दी। इस अवसर पर जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के महासचिव जितेंद्र ठाकुर, कोषाध्यक्ष नीरज उपाध्याय, सुशील रूढ़िंगपा, अशोक रूढ़िंगपा, सुदर्शन ठाकुर, रानू अवस्थी, पवन शर्मा और चंदकिशोर सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### हरिपुरधार में गिरी सुरक्षा दीवार, 3 गाड़ियां क्षतिग्रस्त

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिले के उपमंडल संगड़ाह के हरिपुरधार में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब जल शक्ति विभाग के रेस्ट हाउस की सुरक्षा दीवार गिर गई। लगातार हो रही बरसात के बीच हुई इस घटना में सड़क किनारे खड़ीं तीन गाड़ियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, सुबह-सुबह लैंडस्लाइड (भूस्खलन) के साथ यह दीवार गिरी और गनीमत रही कि उस समय सड़क पर कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, नहीं तो जानमाल का बड़ा नुकसान हो सकता था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सुबह के समय जब लोग अपने घरों में थे, अचानक एक जोरदार आवाज के साथ सुरक्षा दीवार ढह गई। दीवार के मलबे के साथ मिट्टी और पत्थर भी नीचे सड़क पर आ गिरे, जिनकी चपेट में वहां पार्क की गई तीन गाड़ियां आ गईं, जिससे गाड़ियों को काफी नुकसान पहुंचा है, उनकी छतें, बोनट और शीशे बुरी तरह टूट गए हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि बरसात के कारण जमीन नरम पड़ने से ऐसी घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और राहत दल मौके पर पहुंचे व मलबे को हटाने का काम तुरंत शुरू किया। वहीं, मंदिर और कुपवी जाने वाली मुख्य सड़क पर फैले मलबे को हटाकर यातायात को बहाल कर दिया गया है। इससे क्षेत्र में आवाजाही फिर से शुरू हो सकी है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से ऐसे संवेदनशील स्थानों पर पुरानी हो चुकी सुरक्षा दीवारों और ढलान वाली जगहों की बरसात के मौसम से पहले और दौरान नियमित जांच करवाने की अपील की है।

### शिव मंदिर पौड़ी वाल में शिव भक्तों का लगा तांता

**अनंत ज्ञान, नाहन।** श्रावण मास के पहले सोमवार को त्रेता युग के प्राचीन शिव मंदिर पौड़ी वाला में शिवभक्तों का तांता लगा। श्रद्धालु पंक्तिबद्ध होकर यहां स्थित शिवलिंग को दुग्ध, मिश्रित जल, बिल्वपत्र, शहद आदि शिवलिंग को अर्पित कर स्वयं को धन्य मान रहे थे। इस मंदिर में विराजमान दिव्य एवं अलौकिक शिवलिंग पर जलाभिषेक करने से श्रद्धालुओं की हर मनोकामना पूर्ण होती हैं। त्रेता युग में रावण द्वारा अपनी अमरता के लिए प्रतिष्ठित शिवलिंगों में से यह दूसरा शिवलिंग है इसलिए इसको स्वर्ग की दूसरी पौड़ी, पौड़ी वाला के नाम से जाना जाता है। आंबवाला से पूर्व में सैनिक तथा शिक्षाविद रहे नरजीत सिंह व उनकी पत्नी मधु चौहान, जो जलाभिषेक करने वाली पंक्ति में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे उन्होंने बताया कि इस शिवलिंग में साक्षात भोलेनाथ विराजते हैं। बिक्रम बाग पंचायत के पूर्व प्रधान राजीव चौहान, जो यह मंदिर की व्यवस्था संचालन में लगे हुए थे उन्होंने इस मंदिर में विराजित शिवलिंग के दर्शन को शांति प्रदान करने वाला बताया।

### ईएसआई अस्पताल में लैब टेक्नीशियन छुट्टी पर

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट के ईएसआई अस्पताल में लैब टेक्नीशियन की अनुपलब्धता के कारण मरीजों को परेशानी हो रही है। पूर्व पंचायत सदस्य और प्रभावित किसान सभा के प्रधान जगदीश शर्मा ने बताया कि अस्पताल में लैब टेक्नीशियन 22 जुलाई तक छुट्टी पर है, जिससे मरीजों के टेस्ट नहीं हो पा रहे हैं। जगदीश शर्मा ने बताया कि अस्पताल में रोजाना 50 से अधिक टेस्ट होते हैं, लेकिन लैब टेक्नीशियन की अनुपलब्धता के कारण मरीजों को भारी परेशानी हो रही है। मरीजों को अपने टेस्ट करवाने के लिए अन्य अस्पतालों में जाना पड़ रहा है, जिससे उन्हें अतिरिक्त खर्च और समय की बर्बादी हो रही है। उन्होंने सरकार और स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि अस्थायी लैब टेक्नीशियन की नियुक्ति की जाए, ताकि मरीजों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि अगर जल्द समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो मरीजों को और भी परेशानी होगी। जगदीश शर्मा ने स्थानीय विधायक पर आरोप लगाया कि वे लोगों की समस्याओं को जानबूझ कर अनदेखा कर रहे हैं। स्थानीय विधायक को जनता ने इसलिए चुना है कि वे उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे, लेकिन वे अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रहे हैं। जगदीश शर्मा ने कहा कि अगर जल्द ही समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो आगामी चुनावों में इसके परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने स्थानीय विधायक और सरकार से मांग की है कि वे जल्द ही समस्याओं का समाधान करें, ताकि मरीजों को राहत मिल सके।

### रोहित ठाकुर कल सोलन के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 16 जुलाई को सोलन जिले के प्रवास पर होंगे। रोहित 16 जुलाई को सायं 3 बजे सोलन के नौणी स्थित डॉ. वाईएस परमार बागवानी व वानिकी विश्वविद्यालय में राज्य स्तरीय कुराश प्रतियोगिता के शुभारभ समारोह में मुख्यातिथि होंगे।

### शांडिल कल दवा परीक्षण प्रयोगशाला का करेंगे दौरा

**अनंत ज्ञान, सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल 16 जुलाई को सोलन जिले के प्रवास पर होंगे। स्वास्थ्य मंत्री 16 को प्रातः 11.30 बजे सोलन के बद्दी स्थित दवा परीक्षण प्रयोगशाला का दौरा करेंगे।

### सेवादारों का तीसरा जत्था पहुंचा अमरनाथ

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** ऐतिहासिक अमरनाथ यात्रा के लिए बद्दी से सेवादारों और श्रद्धालुओं का तीसरा जत्था पहुंचा। शिव गौरी सिद्ध सेवा मंडल द्वारा यह तीसरा जत्था तरक्की लाल कौशल, एयर मनोज कौशल के नेतृत्व में पहुंचा, जबकि पहले और दूसरे जत्थे के श्रद्धालु और प्रधान रामलोक चौधरी, पहले जत्थे में गए रामलाल के नेतृत्व में सैकड़ों श्रद्धालु दर्शन करके लौट आए हैं। तरक्की लाल कौशल ने बताया कि इस बार भंडारे में व्यवस्थाओं को देखते हुए रोजाना एक हजार से अधिक श्रद्धालु तथा दो सौ से अधिक घोड़े और पालकी का काम करने वाले रोजाना लंगर का आनंद लेते हैं। इंतजाम को देखते हुए रात्रि ठहराव के लिए भी एक सौ से अधिक श्रद्धालु रोजाना रात्रि ठहराव के लिए आते हैं। सुबह चार बजे नाश्ता और चाय सेवा में लगा दी जाती है। 11 बजे भोजन शुरू हो जाता है और 3 बजे दोपहर की चाय के साथ हल्का नाश्ता भी दिया जाता है। सायं 6 बजे रात्रि भोजन शुरू हो जाता है, फिर रात्रि बारह एक बजे तक चलता रहता है। देश के कोने-कोने से लाखों श्रद्धालु शिरकत कर चुके हैं।

### पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कल्होग में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम आयोजित कर पौधरोपण किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्या डॉ. राधा कश्यप ने की। स्कूल के मोनाल इको क्लब ने समीप राम लोक मंदिर के आस पास के क्षेत्र में पौधरोपण किया। इस दौरान ईको क्लब प्रभारी हितैषी, प्रारंभिक स्कूल की सीएचटी रीता शर्मा, स्कूल के कई शिक्षकों और वन विभाग के कर्मचारियों ने इस आयोजन में सहयोग किया। कार्यक्रम में शामिल 70 विद्यार्थियों ने पड़ग, अमलूक, बजोल, देवदार और रीठा के 70 पौधे लगाए। प्रधानाचार्या ने इस दौरान बच्चों को अपने अभिभावकों का सदा आदर करने, पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए पेड़ लगाने और इनका संरक्षण करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# पेयजल किल्लत पर भाजपा का हल्ला बोल

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



सोलन में पेयजल समस्या के विरोध में धरना-प्रदर्शन करते भाजपा कार्यकर्ता।

**सोलन।** शहर में लगातार चल रही पेयजल किल्लत विकराल हो गई है। इस समस्या को लेकर सोमवार को शहरी भाजपा मंडल ने रबौन स्थित जल शक्ति विभाग कार्यालय के बाहर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और इस संकट को 'जल संकट नहीं, बल्कि व्यवस्था संकट' करार दिया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री सुक्खू, जलशक्ति मंत्री मुकेश अग्निहोत्री और स्थानीय विधायक एवं स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल के खिलाफ जमकर गुस्सा जाहिर किया और मुर्दाबाद के नारे लगाए। प्रदर्शन की अगुवाई शहरी भाजपा अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने की, जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, स्थानीय नागरिक और पूर्व सांसद वीरेंद्र कश्यप भी शामिल रहे। शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि सोलन में दो-दो पेयजल योजनाएं होने के बावजूद शहर प्यासा है। हर साल और हर मौसम में 12 महीनों तक पानी की किल्लत रहती है।

यह स्थिति सिर्फ जल संकट नहीं, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही और विभागीय विफलता का परिणाम है।

## जल शक्ति विभाग और नगर निगम आमने-सामने

**सोलन** शहर में पेयजल समस्या को लेकर राजनीति गर्माने के साथ जल शक्ति विभाग और नगर निगम भी आमने-सामने हो गए हैं। जल शक्ति विभाग सोलन के अधीक्षण अभियंता ने पानी की बिगड़ी व्यवस्था के लिए नगर निगम पर ही दोष मढ़ दिया। अधिकारी का तर्क है कि जब जल शक्ति विभाग की तरफ से हर रोज औसतन 70 लाख लीटर पानी दिया जा रहा है, जबकि नगर निगम की मांग 80 लाख है। ऐसे में यदि नगर निगम एक दिन छोड़कर भी शहर में पानी देता है, तो लोगों को पेयजल की समस्या नहीं होनी चाहिए। तर्क दिया गया कि पिछले 1 महीने के दौरान कुछ एक दो दिनों को छोड़कर जल शक्ति विभाग नियमित रूप से नगर निगम को पेयजल की लिफ्टिंग कर रहा है। वहीं, नगर निगम की आयुक्त एकता ने मीडिया में जारी पानी के आंकड़ों से स्पष्ट किया कि पिछले दिनों नगर निगम के मुख्य टैंकों में आपात स्थिति लायक पानी भी नहीं बचा था। यह आंकड़े से स्पष्ट होता है कि जल शक्ति विभाग से नगर निगम को मांग से बहुत कम पानी मिल रहा है। ऐसे में कौन सच्चा कौन झूठा इसको लेकर अब जंग छिड़ चुकी है। लिहाजा विभागीय खींचतान का खामियाजा शहरवासियों को प्यासे रहकर भुगतना पड़ रहा है।

प्रदर्शनकारियों ने राज्यपाल को जिला प्रशासन के माध्यम से ज्ञापन भेजा। इसमें मांग की गई कि जल शक्ति एवं शहरी विकास विभाग के सचिवों की संयुक्त समिति बनाकर पूरे मामले की जांच करवाई जाए। दोषी अधिकारियों पर सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई हो और यदि कोई ठोस सुधारात्मक योजना है, तो उसे जल्द अमल में लाया जाए। गुप्ता ने कहा कि जल संकट के नाम पर हर बार लीपापोती की जाती है, लेकिन अब जनता के सब्र का बांध टूट चुका है। भाजपा ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द समाधान नहीं हुआ, तो भाजपा उग्र आंदोलन करेगी और सड़कों पर उतरेगी। प्रदर्शन के दौरान स्थानीय जल शक्ति विभाग के अफसरों पर भी निष्क्रियता का आरोप लगाया गया। प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए शहरी अध्यक्ष ने कहा कि सरकार विकास नहीं, घोषणाओं में व्यस्त है और जमीनी हकीकत से उसका कोई वास्ता नहीं।

उन्होंने कहा कि सोलन जैसे प्रमुख शहर में पेयजल संकट शर्मनाक है और इसका राजनीतिक नहीं, प्रशासनिक समाधान चाहिए। करीब दो घंटे चले इस विरोध प्रदर्शन में भाजपा ने सरकार के खिलाफ खुलकर मोर्चा खोला और चेताया कि अब सोलन के प्यासे लोगों की आवाज को नजरअंदाज करना सरकार को भारी पड़ सकता है। इस मौके पर उपमहापौर मीरा आनंद, राजेश कश्यप, धर्मेंद्र ठाकुर, पार्षद सुषमा शर्मा, रजनी, रेखा साहनी, अमरदीप पांजा के अलावा सीमा, विवेक डोभाल, भरत साहनी, तरसेम भारती, अनिल आदि मौजूद रहे।

# पूर्व मुख्यमंत्री जयराम का पुतला फूंकने वालों पर करवाएंगे मामला दर्ज

**अनिल नेगी, अनंत ज्ञान**



**रिकांगपिओ।** किन्नौर भाजपा के जिलाध्यक्ष यशवंत सिंह नेगी ने रिकांगपिओ में कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने मिलकर प्रदेश के अंदर आपदाओं के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का बिना वजह पुतला फूंक कर किन्नौर जिले को शर्म सार किया है। इसकी जिले के लोग कड़ी निंदा कर रहे हैं।

नेगी ने कहा कि हाल ही में कैबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी ने मंडी में आई आपदाओं को लेकर जयराम के खिलाफ गलत बयानबाजी की थी, जिसका पूर्व मुख्यमंत्री ने केवल पलटवार किया था। उस बात से तिलमिला कर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने इस तरह की शर्मनाक घटना को अंजाम दिया व पुलिस मौके पर तमाशवीन बनी रही। नेगी ने कहा कि किन्नौर के अंदर कांग्रेस पार्टी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बन चुकी है, जो जिले के अंदर विकास कार्यों, स्वर्गीय विमल नेगी मामले को लेकर चुप्पी साधे रही और घटिया राजनीति करने को सबसे आगे आई। इसमें चंद लोग अपनी ठेकेदारी चमकाने को लेकर व जगत सिंह नेगी से शाबासी लेने के लिए किसी भी घटिया हद्द तक जा सकते हैं। नेगी ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता रिकांगपिओ चौक पर जयराम का पुतला फूंकने से पूर्व पुतले को लात घूंसे मारकर अपनी ओछी राजनीति का प्रमाण दे रहे थे, ऐसे में किन्नौर भाजपा ऐसी घटिया हरकतों व किन्नौर पुलिस की मौके पर चुप्पी को लेकर जल्द पुलिस में मामला दर्ज करवाएगी और न्यायलय में मुकदमा भी दर्ज करेंगे। वहीं, भाजपा के जिला महामंत्री चंद्र पाल नेगी ने पुतला फूंकने को शर्मनाक घटना बताने के साथ-साथ एसपी किन्नौर पर भी तंज कसते हुए निकट भविष्य में भाजपा सरकार के समय विशेष ख्याल रखने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री व किन्नौर भाजपा नेता सूरत नेगी से अपील की है।

# मांगल में विधायक ने किया 'मैं हूं मियावाकी' अभियान का शुभारंभ




मैं हूं मियावाकी अभियान का शुभारंभ करने के उपरांत पौधरोपण में विधायक व अन्य।

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

अर्की विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजय अवस्थी ने विकास खंड कार्यालय कुनिहार द्वारा आरंभ किए गए मैं हूं मियावाकी अभियान का शुभारंभ ग्राम पंचायत मांगल में किया।

इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधि, कर्मचारी, वन विभाग, स्थानीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के ईको क्लब, एनएसएस यूनिट, महिला मंडलों, स्वयं सहायता समूहों और स्थानीय जनता के सहयोग से 300 पौधे जापानी मियावाकी पद्धति पर लगाए गए। कार्यक्रम के दौरान सभी को इन पौधों की देखरेख का जिम्मा भी सौंपा गया। इस पौधरोपण के बाद विभागों द्वारा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के विषय में आम जनता को सूचित किया गया। विधायक ने कहा कि मियावाकी पद्धति से पौधरोपण करने से हमारे पर्यावरण को संरक्षित करने में मदद मिलेगी।

## डोज बॉल संघ के विवेक बने अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, नाहन।** खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने और युवाओं को नशे से दूर रखने के उद्देश्य से जिला सिरमौर डोज बॉल संघ का विधिवत गठन हुआ। राजगढ़ में संपन्न हुए संघ के चुनावों में सर्वसम्मति से राजगढ़ के विवेक शर्मा को जिला अध्यक्ष चुना गया, जबकि राजेंद्र ठाकुर को चेयरमैन पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। संघ के प्रदेश अध्यक्ष बृज लाल चौहान की अध्यक्षता में हुए इन चुनावों की जानकारी देते हुए प्रदेश महासचिव राम सिंह ने बताया कि नवगठित जिला सिरमौर डोज बॉल संघ में विक्रम ठाकुर और अजय चौहान उपाध्यक्ष की भूमिका निभाएंगे। महासचिव दिनेश आर्य होंगे। वहीं, कोषाध्यक्ष प्रदीप सूर्या व अनुज ठाकुर सहसचिव होंगे, जबकि अमन प्रकाश आयोजन सचिव के रूप में कार्य करेंगे। नितिन भारद्वाज को प्रेस सचिव और रघुवीर सिंह को विधि सलाहकार नियुक्त किया गया है।

## पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर में आईसी-3 रीजनल फोरम आयोजित

# करियर मार्गदर्शन के बदलते स्वरूप पर सार्थक संवाद

**अनंत ज्ञान, सोलन**



पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर में आईसी-3 रीजनल फोरम के आयोजन पर मौजूद प्रतिनिधि।

पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर ने आईसी-3 रीजनल फोरम की मेजबानी की, जो कि हिमाचल में आयोजित होने वाला पहला आईसी-3 रीजनल फोरम रहा।

इस कार्यक्रम में देश और विदेश से आए 50 से अधिक प्रतिष्ठित प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, इनमें स्कूल प्रमुख, शिक्षाविद और विश्वविद्यालय प्रतिनिधि शामिल थे। फोरम का उद्देश्य स्कूल परामर्श और करियर मार्गदर्शन के बदलते स्वरूप पर सार्थक संवाद को बढ़ावा देना था। फोरम की शुरुआत पाइनग्रोव के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम से हुई। इसमें नृत्य और तालवाद्य की शानदार प्रस्तुति शामिल थी। इसके बाद स्वागत सत्र में सभी गणमान्य अतिथियों का अभिनंदन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य विषय परामर्श को एक संस्कृति के रूप में अपनाना और उपविषय परामर्श को भविष्य की कार्य दुनिया के साथ रेखांकित करना, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि वैश्विक बदलावों के चलते शिक्षा व्यवस्था में करियर परामर्श को प्राथमिकता देना समय की मांग है। इस अवसर पर कैप्टन एजे सिंह, बीएसएआई अध्यक्ष एवं पाइनग्रोव स्कूल के कार्यकारी निदेशक और काउंसलर और विशेष शिक्षक, श्रिया ने सभी प्रतिभागियों का हार्दिक स्वागत किया। संजय चौहान, प्रधानाचार्य पाइनग्रोव स्कूल ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए मंच पर उपस्थित प्रमुख वक्ताओं का परिचय कराया। मुख्य भाषण में विनय पांडे ने अपने अनुभव साझा करते हुए यह बताया कि कैसे परामर्श विद्यार्थियों को बदलती करियर संभावनाओं के लिए तैयार करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। ऋतिका सिंह ने विद्यालयों में परामर्श को संस्थागत रूप देने की प्रक्रिया पर विचार साझा किए। अंतिम सत्र 'बिकम द चेंज आगे की राह' में कार्यक्रम की मुख्य बातों का संक्षेप किया गया।

## कबड्डी में कृष्णा अकादमी-ए टीम बनी विजेता

**अनंत ज्ञान, अर्की।** युवक मंडल च्यांधार की ओर से शालाघाट खेल मैदान में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसका फाइनल मुकाबला कृष्णा अकादमी बिलासपुर ए व कृष्णा अकादमी-बी के बीच खेला गया। इसमें कृष्णा अकादमी ए विजय रही।

कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि अर्की कल्याण संस्था के संयोजक सुरेंद्र ठाकुर व भीम सिंह ठाकुर विशेषातिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में लगभग 16 टीमों ने भाग लिया, कार्यक्रम में ग्राम पंचायत चमयावल के पूर्व प्रधान परविंदर ठाकुर, ग्राम पंचायत खनलग के उपप्रधान अनूप चौहान, ग्राम पंचायत कोटली से अधिवक्ता विशाल शर्मा व मनोज वर्मा, राहुल वर्मा, हरीश कुमार, राकेश शर्मा व जितेंद्र कुमार आदि लोग शामिल रहे।

# बॉडी बिल्डिंग में गोल्ड मेडल जीतने पर गौरव का स्वागत



भटोली कलां के कुंजाहल पहुंचने पर गौरव कौशल का स्वागत करते हुए ग्रामीण।

**अश्वनी शर्मा, अनंत ज्ञान**

**कसौली।** विकास खंड पट्टा की भटोली कलां पंचायत के तहत कुंजाहल गांव के गौरव कौशल ने वरिष्ठ बॉडी बिल्डिंग राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता। राज्य स्तर पर गोल्ड जीतने पर युवक ने अपने माता-पिता, पंचायत का नाम रोशन किया।

गौरव कौशल ने 12 जुलाई को शिमला के गेयटी थियेटर में आयोजित विश्व फिटनेस फेडरेशन (डब्लयूएफएफ) की ओर से आयोजित इवेंट में मिस्टर हिमाचल ओवरआल मैन फिजिक वरिष्ठ बॉडी बिल्डिंग में स्वर्ण पदक तथा वरिष्ठ मैन फिजिक में भी स्वर्ण पदक प्राप्त किया। पूर्व प्रधान अच्छर पाल कौशल ने बताया कि इससे पूर्व 5 जुलाई को विजय फिटनेस फेडरेशन कुल्लू की ओर से आयोजित मिस्टर आयरन थ्रो प्रतियोगिता में गौरव कौशल ने 4 और खिताब भी हासिल किए हैं। गौरव कौशल ने सबसे पहले झाड़माजरी पहुंचने पर शिव मंदिर व शनि मंदिर में माथा टेका, जहां मंदिर के महंत जीवन गिरी महाराज का आशीर्वाद लिया तत्पश्चात ढोल-नगाड़ों के साथ गाड़ियों के काफिले में अपने सगे-संबंधियों एवं गांव वालों के साथ अपने गांव कुंजाहल पहुंचे, जहां पर समस्त गांव वासियों ने फूल बरसाकर गौरव कौशल का स्वागत किया।

## दीपिका को मिला संस्कृत सेवा सम्मान

**अनंत ज्ञान, सराहां।** जिला सिरमौर की पच्छाद तहसील के घिन्नीघाड़ गांव की निवासी एवं माध्यमिक पाठशाला त्रिलोकपुर में संस्कृत अध्यापक के पद पर कार्यरत दीपिका शर्मा को संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार एवं शिक्षण कार्य में विशेष योगदान के लिए संस्कृत सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान हिमाचल राजकीय संस्कृत शिक्षक परिषद द्वारा आयोजित एक भव्य समारोह में प्रदान किया गया। इसमें राज्यभर से कई संस्कृत शिक्षकों ने भाग लिया। इस अवसर पर दीपिका शर्मा ने पारंपरिक वेशभूषा में मंच पर पहुंचकर पुरस्कार ग्रहण किया। दीपिका शर्मा वर्षों से विद्यालय में संस्कृत विषय को सरल, प्रभावशाली एवं रुचिकर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रही हैं। उन्होंने छात्रों के बीच श्लोक वाचन, नाट्य प्रस्तुतियां, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों से संस्कृत भाषा के प्रति रुचि उत्पन्न की है।

# सोहरा से कांगरी माहूंनाग सड़क मार्ग की खस्ता हालत

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**



उपमंडल की सेवड़ा चंडी पंचायत के सोहरा से कांगरी माहूंनाग सड़क मार्ग की खस्ता हालत के कारण लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

गांव सोहरा कनेता की यह सड़क लगभग तीन किलोमीटर के दायरे पर है और इसकी हालत इतनी दयनीय है कि लोगों को आने-जाने में बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। खासकर तब दिक्कत पेश आती है, जब कोई व्यक्ति बीमार हो। स्थानीय निवासी मीरा देवी, नेहा देवी, सरस्वती देवी, नारायण सिंह, निर्मला देवी, हरीश ठाकुर, रेखा देवी, ललित ठाकुर, दीप चंद सहित गांव के लोगों ने बताया इन दिनों सड़क काफी खराब है। बीमार अवस्था में मरीजों को इलाज के लिए दूर जाना पड़ता है। वहीं, बच्चों को स्कूल जाने में भी परेशानी होती है। गांव के लोगों ने आरोप लगाया कि सरकार और पीडब्ल्यूडी विभाग उनकी समस्याओं को नजरअंदाज कर रहे हैं। गांव के लोगों ने कई बार अपनी समस्याओं के बारे में विभाग को बताया है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। गांव के लोगों ने सरकार और पीडब्ल्यूडी विभाग से मांग की है कि उनकी समस्याओं का समाधान करें, उन्हें सड़क की मरम्मत करनी चाहिए, जिससे गांव के लोगों का जीवन आसान हो सके।

> लोक निर्माण विभाग दाड़लाघाट के सहायक अभियंता बीआर कश्यप का कहना है कि विगत दिनों ही जेसीबी सड़क कार्य के लिए भेजी गई थी। स्थानीय लोग पानी की निकासी के लिए विभाग का सहयोग करें, ताकि सड़क ठीक रह सकें व लोगों का आवागमन सरल हो सके।

# शिव मंदिर के रास्ते में बारिश का पानी आने से हो रही परेशानी

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**




सब उपमंडल ग्राम पंचायत सुधार सभा दाड़लाघाट की बैठक बाबू राम शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पंचायत दाड़लाघाट, रौडी और बरायली के लोगों ने भाग लिया। बैठक में क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई और उनके समाधान के लिए विभाग और अंबुजा सीमेंट कंपनी प्रबंधन से आग्रह किया गया। महासचिव प्रेम केशव ने बताया कि बैठक में सबसे पहले भारी वर्षा के कारण दाड़लाघाट के नाले की समस्या पर चर्चा किया गया।

इस नाले के बहाव के कारण शिव मंदिर के रास्ते को क्रास करना खतरे से खाली नहीं है, जिससे स्कूली बच्चों और आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नाले में गांव कोटला से लेकर ग्राम पंचायत रौडी के अंबुजा सीमेंट कंपनी गेट का पानी बहता है, जिससे आसपास के क्षेत्रों में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई है। बैठक में यह भी चर्चा की गई कि अंबुजा सीमेंट कंपनी के गेट से बने रास्ते के हालात खराब होने के कारण लोगों को आने-जाने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। सुधार सभा ने कंपनी के मुखिया से पक्ष रखा था और आश्वासन मिला था कि इस पैदल चलने वाले रास्ते की मरम्मत की जाएगी, लेकिन बरसाती सीजन में इसकी अनदेखी की जा रही है। इससे स्थानीय लोगों को परेशानी हो रही है और उनकी फसलें भी खराब हो रही हैं।

बैठक में विभाग और अंबुजा सीमेंट कंपनी प्रबंधन से आग्रह किया गया कि वे इस ओर सकारात्मक कार्रवाई करें और शिव मंदिर की नाली और पुली के ओवर फ्लो की समस्या का समाधान करें। सुधार सभा ने विभाग को इस समस्या से अवगत कराया है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। बैठक में तीनों पंचायतों के लोगों ने भाग लिया और इन मसलों को उजागर किया।

**समारोह** रोटरी रॉयल सोलन के प्रधान बने डॉ. कमल अटवाल

# शव वाहन सुविधा के लिए रोटरी की पहल

**अनंत ज्ञान, सोलन**



ज्वॉइंट इंस्टॉलेशन सेरेमनी कार्यक्रम में रोटरी रॉयल सोलन की नई कार्यकारिणी।

रोटरी रॉयल सोलन ने नई कार्यकारिणी का गठन किया। रोटरी नियमों के तहत ज्वॉइंट इंस्टॉलेशन सेरेमनी कार्यक्रम में एक्सचेंज ऑफ कॉलर समारोह में एक बार फिर डॉ. कमल अटवाल को प्रधान व मनीष तोमर को सचिव नियुक्त किया।

कार्यक्रम के अवसर पर शिमला लोकसभा सांसद सुरेश कश्यप वर्चुअल मीटिंग से मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए, जबकि डिस्ट्रिक्ट रीता कालरा ने विशिष्टातिथि के तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम का संचालन सेक्रेटरी मनीष तोमर ने किया। अधिष्ठापन समारोह के अवसर पर प्रोजेक्ट के चेयरमैन अरुण त्रेहन ने आए सभी अतिथियों का स्वागत किया। शिमला लोकसभा सांसद सुरेश कश्यप ने निर्वाचित अध्यक्ष को बधाई देते हुए कहा कि रोटरी क्लब निस्वार्थ भावना से समाज सेवा का कार्य कर रहा है। इसका समाज में बहुत बड़ा महत्व है। रोटरी रॉयल सोलन एक महत्वपूर्ण सामाजिक जरूरत को समझते हुए, अब एक एंबुलेंस वाहन खरीदने जा रहा है, जो विशेष रूप से शव को सोलन से बाहर ले जाने की सुविधा देगा। वर्तमान में ऐसी कोई व्यवस्था न होने के कारण किसी की मृत्यु पर परिजनों को शव को बाहरी जिले या राज्य ले जाने के लिए चंडीगढ़ या पंजाब से महंगे दामों पर वाहन मंगवाना पड़ता है। इससे न केवल उन पर आर्थिक बोझ झेलना पड़ता है, बल्कि मानसिक रूप से भी कठिनाई होती है। रोटरी रॉयल की यह एंबुलेंस सेवा किफायती दरों पर उपलब्ध करवाई जाएगी, जिससे आम लोगों को राहत मिलेगी। इस पहल की सराहना करते हुए सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि क्लब का यह कदम समाज हित में एक मिसाल है। उन्होंने आश्वासन दिया कि एंबुलेंस के लिए जितनी भी धनराशि की आवश्यकता होगी, वह व्यक्तिगत तौर पर उपलब्ध करवाएंगे। नव निर्वाचित प्रधान डॉ. कमल अटवाल ने पद ग्रहण करते हुए सभी अतिथियों का आभार जताया और बताया कि ये विश्व की अकेली ऐसी संस्था है, जिसका उद्देश्य केवल मानवता की सेवा करना है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष क्लब द्वारा कई प्रोजेक्टस किए जाएंगे, उनमें से सोलन के लिए एंबुलेंस, कफन कासक, प्रोस्टेट ऐड बैंक, बेटी है अनमोल, नशे के खिलाफ अभियान, रक्तदान शिविर, पौधरोपण, सोलन शहर के लिए रेन-बसेरा बनाना आदि प्राथमिकता रहेगी।

# सवेरा जन कल्याण समिति ने आपदा प्रभावितों को भेजी 200 राशन किट

**कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान**

**अर्की।** नया सवेरा जन कल्याण समिति व हेल्पिंग पीपल्स समिति अर्की के संयुक्त प्रयास से मंडी आपदा पीड़ितों की सहायता के लिए अर्की से लगभग 200 किट भेजी गई। हेल्पिंग पीपल्स समिति अध्यक्ष महेंद्र ठाकुर ने बताया कि 200 किट में प्रतिदिन प्रात: से सायं तक प्रयोग होने वाली सामग्री डाली गई है, जैसे खाद्य सामग्री जूते, चप्पल, तेल, साबुन आदि सामग्री के अलावा गद्दे, कंबल, तिरपाल व अन्य वस्तुएं हैं। नया सवेरा जन कल्याण समिति अध्यक्ष अधिवक्ता भीम सिंह ने बताया कि यह नया सवेरा जनकल्याण समिति व हेल्पिंग पीपल्स समिति का संयुक्त प्रयास है। भविष्य में भी किसी भी आपदा के समय दोनों समितियां इस प्रकार आपदा पीड़ितों के लिए सेवा कार्य करती रहेंगी। उन्होंने कहा कि इस पुनीत कार्य में बार एसोशिएशन अर्की व स्थानीय दानदाताओं का वह हार्दिक धन्यावाद करते हैं। भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग की कामना करते हैं।



आपदा राहत के लिए राशन किट को रवाना करते समिति के सदस्य।

## गुरुद्वारा सिंह सभा सपरून ने भेजा राशन

**अनंत ज्ञान, सोलन**

गुरुद्वारा सिंह सभा सपरून ने पीड़ित मानवता की सेवा के लिए राशन व अन्य राहत सामग्री से भरी गाड़ी मंडी गुरुद्वारा को रवाना की। पीड़ित मानवता की सेवा में सिख समुदाय सदा से पहली पंक्ति में खड़ा रहता है। कोरोना काल हो या फिर 2023 की त्रासदी या अब फिर से मंडी जिले में मानसून से हुई त्रासदी। गुरुद्वारा सिंह सभा ने खुले दिल से पीड़ित मानवता की सेवा की है। आज भी सिंह सभा सपरून ने सभी के सहयोग से गुरुद्वारा सिंह सभा सपरून से राशन का एक ट्रक मंडी जिले के लिए रवाना किया है, जो कि वहां पर उजड़े परिवारों को राशन देगा। यह ट्रक मंडी गुरुद्वारा में जाएगा, जहां से राशन पात्र लोगों को बांटा जाएगा। गुरुद्वारा सिंह सभा सपरून के अध्यक्ष अमरप्रीत सिंह ने बताया कि गुरुद्वारा सिंह सभा ने सभी के सहयोग से मंडी में पीड़ित मानवता की सेवा के लिए राशन एकत्र किया।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रशासक हर बुधवार यूटी सचिवालय में करेंगे जनसुनवाई

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** गुलाब चंद कटारिया, प्रशासक, यूटी चंडीगढ़ ने यह निर्णय लिया है कि वे प्रत्येक बुधवार को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक यू.टी. सचिवालय, सेक्टर-9, चंडीगढ़ में आम जनता से मिलेंगे। जन सुनवाई से पूर्व, प्रशासक पूर्व में हुई सुनवाई के दौरान प्राप्त जन संदर्भों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा हेतु प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ प्रातः 9:30 बजे से 10:00 बजे तक बैठक करेंगे। वे नागरिक जो प्रशासक से मिलना चाहते हैं, वे अपनी प्रतिवेदन ईमेल पते पर भेज सकते हैं। इसके अतिरिक्त, इच्छुक व्यक्ति अपने प्रतिवेदन भौतिक रूप में निम्नलिखित कार्यालयों में भी जमा कर सकते हैं।

### नूंह में बारिश से तीन मकान ढहे, बच्चे की मौत, 19 घायल

**अनंत ज्ञान, नूंह।** नूंह के गांव बिरसिका में बारिश ने जमकर कहर बरसाया। बारिश से एक ही परिवार के तीन मकान भरभरा कर ढह गए। मकान के मलबे के नीचे दबने से एक बच्चे की मौत हो गई जबकि 19 लोग घायल हो गए। मृतक बच्चे की पहचान आठ वर्षीय सिफान पुत्र तालीम के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार नूंह में क्षेत्र में बीती रात से बारिश हो रही है। बारिश के कारण रविवार रात में एक ही परिवार के तीन मकान गिर गए। मकान के मलबे के नीचे परिवार के 19 लोग दब गए औरएक आठ वर्षीय बच्चे सिफान की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुची। आस पास के लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में सिहान और मुबीना की हालत गंभीर बनी हुई है जिन्हें रोहतक पीजीआई रेफर किया गया है। तीन अन्य लोगों का इलाज शहीद हसन खान मेवाती मेडिकल कॉलेज नल्हड़ में चल रहा है।

### कपड़ा मिल मालिक के साथ 60 लाख की धोखाधड़ी

**अनंत ज्ञान, पानीपत।** पानीपत के समालखा स्थित एक कपड़ा फैक्ट्री में लाखों के घोटाले का मामला सामने आया है। जिसमें सोनीपत के महावीर जैन ने अपने पार्टनर पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। जिसकी शिकायत थाना समालखा में महावीर जैन द्वारा दर्ज कराई है। पुलिस द्वारा शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार महावीर जैन ने 2023 में समालखा के गांव गढ़ी छाज्जू में पारस जीपर नाम से एक कपड़ा फैक्ट्री शुरू की थी। उन्होंने सूरत सिंह को 33 प्रतिशत हिस्सेदारी दी थी। समझौते के मुताबिक फैक्ट्री की पूरी लागत जैन को वहन करनी थी। सूरत सिंह को फैक्ट्री के रख-रखाव की जिम्मेदारी दी गई थी। 11 जुलाई 2023 को दोनों के बीच पार्टनरशिप डीड तैयार हुई। जैन ने सूरत सिंह को त्यागी स्कूल ड्रेस के नाम पर 50 लाख रुपए नकद दिए। सूरत सिंह ने हर महीने 2 लाख रुपए लाभांश देने का वादा किया था। जैन का आरोप है कि सूरत सिंह ने आज तक कोई राशि लाभांश के रूप में नहीं दी। जबकि फैक्ट्री से स्कूल ड्रेस का माल लगातार भेजा जा रहा था। जब बैंक स्टेटमेंट की जांच की, तो फर्म के सीए ने 59 लाख 47 हजार 502 रुपए के घोटाले का खुलासा किया। जब जैन ने इस बारे में पूछताछ की, तो सूरत सिंह ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। तब महावीर जैन ने पुलिस अधीक्षक पानीपत को शिकायत दी, उनके आदेश पर समालखा डीएसपी ने जांच की।

### सभी विभागों में बनेगी 'कर्मचारी शिकायत निवारण समिति'

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने कर्मचारियों से जुड़े विवादों या शिकायतों के निपटान के लिए हर विभाग या संगठन में 'कर्मचारी शिकायत निवारण समिति' गठित करने के निर्देश दिए हैं। अब कर्मचारियों को कोर्ट में जाने से पहले विभागीय शिकायत निवारण समिति के माध्यम से समाधान करवाना अनिवार्य होगा। हर शिकायत का निपटारा अधिकतम आठ सप्ताह में करना आवश्यक होगा। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने सोमवार को सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, बोर्डों व निगमों के प्रबंध निदेशकों तथा विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों को जारी आदेश में कहा गया है कि सभी विभाग व संगठन 15 दिनों के भीतर समिति के गठन की पुष्टि करते हुए अपनी रिपोर्ट प्रशासनिक न्याय विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को भेजें। ये निर्देश प्रशासनिक न्याय विभाग ने हरियाणा स्टेट लिटिगेशन पॉलिसी, 2025 के प्रावधानों के अनुरूप जारी किए हैं। लिटिगेशन पॉलिसी के अनुसार, निर्णय प्रक्रिया में मनमानी और कर्मचारियों की शिकायतों की अनदेखी सरकारी मुकदमों की बड़ी वजह बनती है।

गन्नौर इंटरनेशनल हॉर्टिकल्चर मार्केट को लेकर सीएम सैनी ने की समीक्षा बैठक, कहा-

# किसानों को जल्द मिले परियोजना का लाभ

जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को जिला सोनीपत के गन्नौर स्थित 'इंडिया इंटरनेशनल फ्रूट एंड वेजिटेबल मार्केट' (आईआईएचएम) का दौरा कर सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने मंडी प्रशासन, निर्माण कंपनी व जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ इस महत्वाकांक्षी परियोजना की प्रगति की समीक्षा की और निर्माण कार्यों में तेजी लाने व परियोजना को तय समयावधि में पूर्ण करने के दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना न केवल हरियाणा के किसानों बल्कि देशभर के फल, सब्जी, फूल, मछली, पोल्ट्री व डेयरी उत्पादकों को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच दिलाने का सशक्त माध्यम बनेगी। यह मार्केट राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर स्थित है और इसकी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों से बेहतर कनेक्टिविटी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग 220 करोड़ रुपए की लागत से 544 एकड़ 2 कनाल भूमि अधिग्रहण कर इस परियोजना की शुरुआत की गई थी, जिसकी कुल लागत 2,595 करोड़ रुपए आंकी गई है।

अब तक निर्माण कार्य का लगभग 45 प्रतिशत हिस्सा पूरा किया जा चुका है और 689 करोड़ रुपए की राशि जारी की जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि इस अंतरराष्ट्रीय मंडी में कुल 50 लाख वर्ग फुट का कवर एरिया होगा, जिसकी क्षमता 20 लाख टन प्रतिवर्ष होगी। इसमें 14,907 कारों तथा 3,305 ट्रकों/ट्रॉलियों की पार्किंग की सुविधा होगी। साथ ही 17 मार्केटिंग एवं ट्रेडिंग शेड और 13 अन्य आधुनिक इमारतें भी तैयार की जाएंगी। उन्होंने निर्देश दिए कि संचालन समिति कार्य में तेजी लाए और किसानों को जल्द इस परियोजना से लाभ मिलना सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने मंडी में सौर ऊर्जा को लेकर आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने अवगत कराया कि परियोजना के अंतिम चरण में 28 मेगावाट सोलर ऊर्जा की व्यवस्था की गई है।

### मंडी में समय पर जल आपूर्ति हो सुनिश्चित

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि इस क्षमता को और अधिक बढ़ाया जाए ताकि मंडी ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सके। इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री ने रेनीवेल (पेयजल आपूर्ति) कार्य को शीघ्र आरंभ करने के निर्देश दिए ताकि मंडी में समय पर जल आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। उन्होंने सीवरेज व्यवस्था को दुरुस्त करने व मंडी से निकलने वाले वेस्ट वाटर का ट्रीटमेंट कर दोबारा उपयोग किए जाने के भी निर्देश दिए। श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि इस मंडी को विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त एक आदर्श बागवानी केंद्र के रूप में विकसित करने का लक्ष्य है, जो किसान हित में कार्य करे और कृषि आधारित निर्यात को बढ़ावा दे। निर्माण कंपनी को मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि वे कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता दोनों सुनिश्चित करें। यह बागवानी मंडी न केवल आधुनिक विपणन प्रणाली का प्रतीक बनेगी, बल्कि किसानों की आय को ऊंचाइयों तक ले जाएगी।

# शैक्षणिक उत्कृष्टता से एमसीएम छात्राओं के लिए बना शीर्ष विकल्प

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़



उत्तर भारत के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों में शुमार मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 की प्रवेश प्रक्रिया के पहले ही दिन अभ्यर्थियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कॉलेज परिसर में उत्साहित विद्यार्थियों की चहल-पहल देखते ही बनती थी, जो विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश पाने के लिए तत्पर थे।

अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता और महिलाओं के समग्र विकास के लिए प्रसिद्ध, एमसीएम छात्राओं के लिए शीर्ष विकल्प बना हुआ है, जो बीए के प्रथम सेमेस्टर, सभी एमए कार्यक्रमों, मास कम्युनिकेशन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडीएमसी) और कंप्यूटर एप्लीकेशन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडीसीए) में प्रवेश के लिए अभूतपूर्व संख्या में छात्राओं की उपस्थिति से स्पष्ट है। रोजगार उन्मुखता और व्यावहारिक कौशल को बढ़ावा देने वाले पाठ्यक्रम जिनमें पीजीडीएमसी, पीजीडीसीए, स्किल एनहांसमेंट कोर्सेज, बहु-विषयक और वैल्यू-एडेड कोर्सेज तथा अन्य एड-ऑन प्रोग्राम-खास तौर पर उन छात्राओं के बीच लोकप्रिय रहे जो उद्योग से जुड़ी और भविष्य की दृष्टि से उपयोगी शिक्षा प्राप्त करना चाहती हैं।

प्रवेश प्रक्रिया को लेकर उत्साहजनक प्रतिक्रिया पर अपनी विचारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए कार्यकारी प्राचार्या नीना शर्मा ने कहा कि छात्राओं और उनके अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी, एमसीएम की विश्वसनीयता और महिला शिक्षा के क्षेत्र में उसके प्रति लोगों के विश्वास का प्रमाण है। उन्होंने यह भी कहा कि कॉलेज अपने मिशन के प्रति पूर्णतः समर्पित है और युवतियों को उत्कृष्टता प्रदान करते हुए उन्हें समाज और राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक परिवर्तन के वाहक के रूप में तैयार करता रहेगा।

# सीएम के चंडीगढ़ से बाहर होने पर भी क्लीयर होंगी वित्त विभाग की फाइलें

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के चंडीगढ़ से बाहर होने पर भी वित्त विभाग से जुड़ी जरूरी फाइलें क्लीयर होंगी। मुख्यमंत्री की अनुपस्थिति में वित्त विभाग के प्रशासनिक सचिव इन फाइलों को निपटाएंगे। प्रशासनिक सचिव भी अगर बाहर हुए तो उनके लिंक अधिकारी, आयुक्त एवं सचिव या विशेष सचिव एवं संयुक्त सचिव इन फाइलों को अग्रसारित करेंगे। मुख्यमंत्री जैसे ही राजधानी लौटेंगे, संबंधित अधिकारियों को यह फाइल उन्हें दिखाकर स्वीकृति लेनी होगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को स्टैंडिंग आर्डर जारी करते हुए प्रशासनिक सचिव को अपना लिंक अधिकारी घोषित किया है। मुख्यमंत्री की गैरमौजूदगी में वित्त विभाग के प्रशासनिक सचिव को जहां जरूरी होगा, कार्य नियमों या अन्य प्रासंगिक नियमों के अनुसार अन्य विभागों से पूर्व परामर्श या अनुमोदन लेना होगा। कोई भी आदेश केवल इस आधार पर अभ्यावेदन, जांच या न्यायालय में प्रश्नगत नहीं होगा कि संबंधित फाइल को इन प्रत्यायोजन आदेशों के अंतर्गत निर्धारित प्राधिकारी का अनुमोदन प्राप्त नहीं हुआ है।

स्टैंडिंग आर्डर में स्पष्ट किया गया है कि मुख्यमंत्री के साथ ही अगर वित्त विभाग के प्रशासनिक सचिव चंडीगढ़ से बाहर हों तो प्रशासनिक सचिव लिंक अधिकारी के रूप में मामलों का निपटान कर सकते हैं। अधिकारी की अनुपस्थिति में संयुक्त सचिव मामलों का निपटान कर सकते हैं।

### प्रोफेसर अशीम घोष होंगे हरियाणा के 19वें राज्यपाल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पश्चिम बंगाल भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रो. अशीम कुमार घोष को हरियाणा का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया है। घोष प्रदेश के 19वें राज्यपाल होंगे। बंडारू दत्तात्रेय ने हिमाचल से तबादला होने के बाद 7 जुलाई 2021 को हरियाणा का कार्यभार संभाला था और वे चार साल तक हरियाणा के राज्यपाल रहे। हरियाणा के नवनियुक्त राज्यपाल अशीम 1999 से लेकर 2002 तक पश्चिम बंगाल में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। अशीम ने 2 जून 2013 को हावड़ा लोकसभा सीट से भाजपा के टिकट पर उपचुनाव लड़ा था लेकिन वे हार गए थे। अशीम ने पश्चिम बंगाल में संघ और बीजेपी की जड़े जमाने में अहम भूमिका निभाई। अभी पश्चिम बंगाल में पार्टी नीतियों को आगे बढ़ाने का काम कर रहे थे।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी : बेदी

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि धरा के संरक्षण के लिए पेड़ वरदान है। इसी प्रकार संतुलित एवं सभ्य समाज के निर्माण के लिए बेटियों का बराबर सम्मान होना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री मोदी इन महत्वपूर्ण विषयों के प्रति पूर्णतया गंभीर है और उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत कर देश वासियों से पौधारोपण में सहभागिता की अपील की।

इसी तरह बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ केंद्र सरकार की दूसरी बड़ी योजना है, जिसकी शुरूआत वर्ष 2015 में हरियाणा के पानीपत से प्रधानमंत्री श्री मोदी ने थी। इन दोनों अभियानों के प्रति जन-जन में चेतना आने वाले समय में संतुलित समाज एवं शुद्ध पर्यावरण की पौषक साबित होंगी। बेदी आज जींद जिले के गांव ढाबी टेक सिंह में पौधारोपण अभियान के तहत पौधारोपण करने उपरांत लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने गांव के विभिन्न विकास कार्यों के लिए एक करोड़ 50 लाख रुपए अनुदान देने की भी घोषणा की। बेदी ने कहा कि महिला सम्मान के लिए सरकार द्वारा निरंतर कार्यक्रम चलाए जा रहे है।

इन कार्यक्रमों की सफलता के लिए महिलाओं में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच का होना अत्यंत जरूरी है। उन्होंने ग्राम पंचायत द्वारा रखी गई सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया और कहा कि विभागीय औपचारिकताएं एवं तकनीकी नॉर्म्स पूरा होने पर सभी कार्यों का निर्माण करवा दिया जाएगा।

### शारीरिक कसरत स्वस्थ बनाने में मददगार

**बेदी** ने नरवाना बस स्टैंड के नजदीक निजी संस्था द्वारा संचालित एक जिम का रिबन काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क वास करता है। आज के भौतिकवादी युग में जहां मानव जीवन में लगातार बीमारियां बढ़ रही हैं, ऐसे में इस तरह के जिम एवं शारीरिक कसरत ही युवाओं और नागरिकों को सशक्त एवं स्वस्थ बनाने में मददगार हो रहे हैं। सरकार का प्रयास रहा है कि प्रत्येक नागरिक को स्वास्थ्य सुविधाएं और संसाधन उपलब्ध कराए जाएं। यह पहल न केवल स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक अहम कदम है, बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा और अनुशासन का संदेश भी देती है।

### अभिजात शेठ राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के अध्यक्ष



**एजेंसी, नई दिल्ली।** सरकार ने अभिजात शेठ को राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। वह डॉ. बीएन गंगाधर का स्थान लेंगे। डॉ. गंगाधर ने पिछले अक्तूबर में स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए इस्तीफा दे दिया था। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष डॉ. एमके रमेश को मेडिकल असेसमेंट बोर्ड (एमएआरबी) का अध्यक्ष भी नियुक्त किया। 11 जुलाई को जारी आदेश में कहा गया कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जिसमें निम्नलिखित व्यक्तियों को पदभार ग्रहण करने की तिथि से चार वर्ष के लिए या 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक या अगले आदेश तक नीचे उल्लिखित पदों पर नियुक्त करने का प्रस्ताव है। वर्तमान में डॉ. शेठ राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान परीक्षा बोर्ड के प्रमुख हैं। (अनंत ज्ञान)

### गुजरात में उफनते पुल में कार बही, दो लोग डूबे

**एजेंसी, अहमदाबाद।** गुजरात के बोटाद जिले के गोधावता गांव के निकट एक कार के उफनते पुल में बह जाने से एक बच्चा और एक बुजुर्ग व्यक्ति डूब गए, जबकि एक अन्य व्यक्ति लापता हो गया। अधिकारियों ने बताया कि जब कार जिले के बोचासन से सलंगपुर जा रही थी। सात यात्रियों को लेकर जा रही कार उफनते पुल से गुजर रही थीए तभी पानी का तेज बहाव होने के कारण वह बह गई। सूचना पर पुलिस और स्थानीय तालुका स्तर के अधिकारी मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों और बोटाड अग्निशमन दल ने राहत अभियान चलाया। एसडीएम ने बताया कि चार लोग तैरकर सुरक्षित निकलने में सफल रहेए जबकि दो लोगों के शव बरामद कर लिए गए और उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। (अनंत ज्ञान)

### दक्षिण कमान मुख्यालय पहुंचे सीडीएस चौहान



**एजेंसी, नई दिल्ली।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने सोमवार को दक्षिणी कमान मुख्यालय का दौरा किया। उन्होंने दक्षिणी कमान के जीओसी.इन.सी लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ के साथ परिचालन चर्चा की। इस दौरान उन्होंने मौजूदा सुरक्षा परिदृश्य, परिचालन तैयारियों और रसद एवं प्रशासन के प्रमुख पहलुओं पर एक व्यापक संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। सीडीएस ने सैन्य टुकड़ियों द्वारा प्राप्त उच्च स्तर की व्यावसायिकता और परिचालन उत्कृष्टता की सराहना की और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हासिल किए गए अंतरसेवा तालमेल की सराहना की। (अनंत ज्ञान)

### टीएमसी नेता की हत्या मामले में चार गिरफ्तार



**एजेंसी कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के भांगर में तृणमूल कांग्रेस नेता रज्जाक खान की हत्या के सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। टीएमसी नेता और कैनिंग पूर्व से विधायक सौकत मोल्ला के करीबी सहयोगी खान की वीरवार रात चल्तबेरिया इलाके में पार्टी की एक बैठक में शामिल होने के बाद घर लौटते समय गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने बताया कि खान की हत्या के सिलसिले में रविवार को तृणमूल कांग्रेस से कथित तौर पर जुड़े एक व्यक्ति मोफज्जल मोल्ला को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान उसने तीन अन्य लोगों के नाम बताएए जिनकी पहचान अजहरुद्दीन मोल्लाए जहान अली खान और राजू मोल्ला के रूप में हुई हैए जिन्हें रविवार देर रात बिजयगंज बाजार और चक मरीचा इलाकों में की गई छापेमारी में गिरफ्तार किया गया। (अनंत ज्ञान)

### यमुना में मिला दिल्ली विवि की छात्रा का शव

**एजेंसी, दिल्ली।** दिल्ली यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले 19 साल की स्नेहा देबनाथ का शव रविवार शाम को यमुना नदी से बरामद हुआ। स्नेहा मूलरूप से त्रिपुरा के सबरूम की रहने वाली थी और साउथ दिल्ली के महरौली स्थित पर्यावरण कॉम्प्लेक्स इलाके में रहती थी। वह 7 जुलाई की सुबह से लापता थी। रविवार शाम गीता कॉलोनी फ्लाईओवर के नीचे नदी में स्नेहा का शव मिला। स्नेहा के परिवार ने उसके शव की पहचान की है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। इस मामले में महरौली थाने में केस दर्ज किया गया है। साउथ दिल्ली के डीसीपी अंकित चौहान के मुताबिक, स्नेहा दिल्ली यूनिवर्सिटी के आत्मा राम सनातन धर्म कॉलेज में बी.एससी की स्टूडेंट थी। (अनंत ज्ञान)

## देश-विदेश

# देश को ऐसे लोगों की जरूरत, जो सरकार पर भी केस करें : गडकरी

एजेंसी, नागपुर



केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा, 'देश-समाज में कुछ ऐसे लोग भी होने चाहिए, जो सरकार के खिलाफ केस दाखिल कर सकें। अगर सिस्टम में अनुशासन चाहिए तो सरकार के खिलाफ अदालत का सहारा लेना जरूरी है।' उन्होंने कहा कि कई बार अदालत का आदेश ऐसे काम भी करवा देते हैं, जो सरकार नहीं करवा पातीं। समाज में कुछ लोगों को सरकार के खिलाफ अदालत में याचिकाएं दाखिल करनी चाहिए। इससे नेताओं और सिस्टम में अनुशासन आता है। गडकरी ने कहा कि ऐसा इसलिए क्योंकि जनता को लुभाने की राजनीति नेताओं-मंत्रियों के आड़े आती है और वे जनहित में कदम नहीं उठा पाते। गडकरी ने कई उदाहरण दिए, जिनमें केंद्र-राज्य सरकारों को खिलाफ याचिका दाखिल की गई थी। उन्होंने कहा कि प्रशासन में अनुशासन बनाए रखने के लिए यह जरूरी चीज है। दरअसल, 13 जुलाई को नितिन गडकरी नागपुर पहुंचे थे। वहां वहां प्रकाश देशपांडे स्मृति कुशल संगठक पुरस्कार समारोह में उन्होंने यह बात कही थी। (अनंत ज्ञान)

**कहा- नेताओं और सिस्टम में आता है अनुशासन**

### निमिषा को बचाने की उम्मीदें खत्म

**एजेंसी, नई दिल्ली।** यमन की जेल में बंद भारतीय नर्स निमिषा प्रिया को झटका लगा है। निमिषा को बचाने की हर उम्मीद खत्म होती जा रही है। सोमवार को मामले के संबंध में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सरकार ने कहा कि वह निमिषा के मामले में ज्यादा कुछ नहीं कर सकती। सरकार ने साफ किया है कि एक सीमा होती है, जहां तक जाया जा सकता है। निमिषा प्रिया का मामला बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। अब एक ही रास्ता बचा है कि यमनी नागरिक तलाल का परिवार उसकी ब्लड मनी को स्वीकार कर ले। निमिषा प्रिया को यमनी नागरिक तलाल अब्दो महदी की हत्या के मामले में 16 जुलाई को फांसी दी जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# मुंबई में आज खुलेगा एलन मस्क की टेस्ला कंपनी का पहला शोरूम

एजेंसी, मुंबई




टेस्ला कंपनी अब भारत में भी अपना शोरूम खोलने जा रही है। 15 जुलाई को मुंबई में इसकी शुरुआत होगी। एलन मस्क आज टेस्ला के सबसे बड़ा चेहरा हैं, लेकिन वह इसके फाउंडर नहीं थे। 2004 में मस्क ने टेस्ला में 65 लाख डॉलर का निवेश किया और कंपनी के चेयरमैन बने थे। आज टेस्ला दुनिया की सबसे बड़ा इलेक्ट्रिक वाहन बेचने वाली कंपनी है, लेकिन एक वक्त ऐसा भी आया था जब यह कंपनी बंद होने के कगार पर थी। साल 2008 की बात है, जब दुनियाभर की इकोनॉमी संकट में थी। लेहमन ब्रदर्स जैसे बड़े इन्वेस्टमेंट बैंक से लेकर जनरल मोटर्स जैसी कंपनियां डूब रही थीं। एलन मस्क की इलेक्ट्रिक व्हीकल कंपनी टेस्ला शुरुआती दौर में थी। मंदी के कारण हालत इतनी खराब थी कि मस्क ने पहली कार के लिए ग्राहकों से जो बुकिंग अमाउंट लिया था, उसे भी खर्च कर दिया। एम्प्लॉइज को सैलरी देने के लिए पैसे नहीं थे। अपने खर्चों को कवर करने के लिए उन्होंने निजी तौर पर रकम उधार ली थी। वे उस समय बेहद तनाव में रहने लगे थे। उनकी गर्लफ्रेंड रही तालुलाह रिले ने बताया, 'वह खुद से बात करने लगे थे, अपने हाथों को फैलाकर जोर-जोर से चिल्लाते थे। लगता था कि उन्हें कभी भी दिल का दौरा पड़ सकता है।' (अनंत ज्ञान)

# बिहार में बाढ़-बिजली गिरने से 13 की मौत

एजेंसी, पटना

बिहार में बीते 24 घंटे में बाढ़-बिजली गिरने से 13 लोगों की मौत हो गई है। बिजली गिरने से प्रदेश में 9 लोगों की जान चली गई। इनमें सबसे ज्यादा 5 मौतें बांका में हुई। वहीं, बाढ़ से गयाजी में 2, नालंदा और पटना में 1-1 व्यक्ति की मौत हुई है। राजस्थान में भी बीते 1 दिन में बारिश की घटनाओं में 7 लोगों की मौत हो गई है। भीलवाड़ा में दो चचेरे भाइयों की बरसाती नाले में और राजसमंद में तालाब में डूबने से भाई-बहन की मौत हो गई। ब्यावर में कीचड़ में गिरने से बच्चे की जान चली गई। भरतपुर में बिजली गिरने से पाली में बारिश में करंट लगने से 1-1 व्यक्ति की मौत हो गई। मध्य प्रदेश के छतरपुर, टीकमगढ़, अशोकनगर और गुना में बाढ़ के हालात हैं। छतरपुर में धसान नदी में पिकअप बहने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। (अनंत ज्ञान)

**एमपी के छतरपुर में गाड़ी बही, दो की मौत**

### ट्रंप का यूक्रेन को पैट्रियट मिसाइल भेजने का ऐलान

एजेंसी, वॉशिंगटन



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को यूक्रेन को पैट्रियट एयर डिफेंस मिसाइलें भेजने का ऐलान किया। साथ ही ट्रंप ने ऐसे संकेत दिए हैं कि वे रूस पर नए प्रतिबंध भी लगाने पर विचार कर रहे हैं। ट्रंप ने एक बार फिर रूसी नेता व्लादिमीर पुतिन के प्रति नाराजगी जाहिर की। ट्रंप ने कहा कि हम यूक्रेन को पैट्रियट मिसाइलें भेजेंगे, जिनकी उन्हें बेहद जरूरत है। अभी कितनी मिसाइलें भेजी जाएंगी, ये तय नहीं है, लेकिन इनसे उन्हें अपनी सुरक्षा में बेहद मदद मिलेगी। ट्रंप द्वारा यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति करने का एलान ऐसे समय आया है, जब रूस द्वारा यूक्रेन पर हमले तेज किए गए हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने पुतिन के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि रूसी नेता ने उन्हें निराश किया है। ट्रंप ने कहा कि 'पुतिन बातें तो अच्छी करते हैं, लेकिन फिर वे बम भी बरसाते हैं।' (अनंत ज्ञान)

**अमरनाथ यात्रा** जम्मू से 13वां जत्था बालटाल और पहलगाम के नुनवान बेस कैंप के लिए रवाना

# 11 दिन में 2 लाख श्रद्धालुओं ने किए शिवलिंग के दर्शन

एजेंसी, पहलगाम




अमरनाथ यात्रा के पहले 11 दिनों में 2 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा में हिम शिवलिंग के दर्शन किए हैं। रविवार को 20,000 तीर्थयात्री दर्शन के लिए पहुंचे। यात्रा 3 जुलाई से शुरू हुई थी। सोमवार को 6,100 यात्रियों का 13वां जत्था सोमवार को जम्मू से गांदरबल के बालटाल और पहलगाम के नुनवान बेस कैंप के लिए रवाना हुआ।

बता दें कि यात्रा के लिए अब तक 4 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। 38 दिन तक चलने वाली यात्रा पहलगाम और बालटाल दोनों रूट से जारी है। समापन 9 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन होगा। पिछले साल यात्रा 52 दिन चली थी और 5 लाख श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा के दर्शन किए थे। बाबा अमरनाथ यात्रा में दर्शन करने वाले भक्तों का आकंड़ा दो लाख पार करने के बाद जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज कुमार सिन्हा ने कहा कि बाबा अमरनाथ जी के आशीर्वाद से पवित्र तीर्थयात्रा आज 2 लाख का आंकड़ा पार कर गई है। यह जीवन भर की एक पवित्र यात्रा है और मैं सभी श्रद्धालुओं का इस दिव्यता की खोज और अनुभव के लिए स्वागत करता हूं। हर-हर महादेव। (अनंत ज्ञान)

### 9 अगस्त को समाप्त होगी यात्रा

**अमरनाथ** यात्रा 3 जुलाई को शुरू हुई थी और 38 दिन बाद 9 अगस्त को समाप्त होगी, जो श्रावण पूर्णिमा और रक्षा बंधन का दिन है। श्री अमरनाथ जी यात्रा तीर्थयात्रियों के लिए सबसे पवित्र धार्मिक तीर्थ स्थलों में से एक है, क्योंकि किंवदंती है कि भगवान शिव ने इस गुफा के अंदर माता पार्वती को शाश्वत जीवन और अमरता के रहस्यों का खुलासा किया था। तीर्थयात्रियों को अमरनाथ गुफा तक पहुंचने में चार दिन लगते हैं। दूसरी ओर, छोटे बालटाल मार्ग का उपयोग करने वालों को अमरनाथ गुफा तक पहुंचने के लिए 14 किलोमीटर पैदल चलना पड़ता है और यात्रा पूरी करने के बाद उसी दिन आधार शिविर वापस लौटना पड़ता है। सुरक्षा कारणों से इस वर्ष तीर्थयात्रियों के लिए कोई हेलीकॉप्टर सेवा उपलब्ध नहीं है।

### थोक महंगाई 20 महीने के निचले स्तर पर पहुंची



**एजेंसी, नई दिल्ली।** जून महीने के थोक महंगाई घटकर माइनस 0.13 प्रतिशत पर आ गई है। ये इसका 20 महीने का निचला स्तर है। इससे पहले अक्तूबर 2023 में ये माइनस 0.56 प्रतिशत पर थी। वहीं मई 2025 में ये 0.39 प्रतिशत और अप्रैल 2025 में 0.85 प्रतिशत पर थी। रोजाना की जरूरत के सामान और खाने-पीने की चीजों की कीमतों के घटने से महंगाई कम हुई है। थोक महंगाई के लंबे समय तक बढ़े रहने से ज्यादातर प्रोडक्टिव सेक्टर पर इसका बुरा असर पड़ता है। अगर थोक मूल्य बहुत ज्यादा समय तक ऊंचे स्तर पर रहता है तो प्रोड्यूसर इसका बोझ कंज्यूमर्स पर डाल देते हैं। सरकार केवल टैक्स के जरिए WPI को कंट्रोल कर सकती है। जैसे कच्चे तेल में तेज बढ़ोतरी की स्थिति में सरकार ने ईंधन पर एक्साइज ड्यूटी कटौती की थी। हालांकि सरकार टैक्स कटौती एक सीमा में ही कम कर सकती है। WPI में ज्यादा वेटेज मेटल, केमिकल, प्लास्टिक, रबर जैसे फैक्ट्री से जुड़े सामानों का होता है। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### साइना नेहवाल ने पति पारुपल्ली कश्यप से लिया तलाक



**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन स्टार साइना नेहवाल और उनके पति पारुपल्ली कश्यप ने आपसी सहमति से अलग होने के फैसले की घोषणा की है। रविवार को इंस्टाग्राम पर साइना ने एक निजी अपडेट साझा किया जिसने खेल जगत को हैरान कर दिया है। राष्ट्रमंडल खेलों में दो बार की चैंपियन साइना ने लिखा, ''जिंदगी हमें कभी-कभी अलग दिशाओं में ले जाती है। बहुत सोच-विचार के बाद कश्यप पारुपल्ली और मैंने अलग होने का फैसला किया है। हम अपने और एक-दूसरे के लिए शांति, विकास और उपचार का विकल्प चुन रहे हैं। '' उन्होंने लिखा, ''मैं उन यादों के लिए आभारी हूं और आगे के लिए शुभकामनाएं देती हूं। इस दौरान हमारी निजता को समझने और उसका सम्मान करने के लिए धन्यवाद। '' साइना और पूर्व शटलर कश्यप ने दिसंबर 2018 में शादी की थी। (अनंत ज्ञान)

### अंडर-15 और 19 की राष्ट्रीय कोर्फबॉल प्रतियोगिता चेन्नई में होगी

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** सब जूनियर (अंडर-15) व जूनियर (अंडर-19) राष्ट्रीय कोर्फबॉल प्रतियोगिता 24 से 27 जुलाई को तमिलनाडू के चेन्नई में होगी। इसके हिमाचल प्रदेश की दोनों टीमें भाग लेगी। हिमाचल प्रदेश कोर्फबॉल संघ ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों का चयन कर लिया है।



हिमाचल प्रदेश कोर्फबॉल संघ के महासचिव बीआर सुमन ने बताया कि हमीरपुर और बिलासपुर जिला कोर्फबॉल संघ की सहमति से चयनित खिलाड़ियों का कोचिंग कैंप मंगलवार से शुरू होगा। इसके लिए संघ ने बालकृष्ण शर्मा को दधोल, व प्रवीण शर्मा को भरेडी कोचिंग कैंप का प्रभारी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि दोनों प्रतियोगिताओं के लिए 28 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। सब जूनियर (अंडर-15) टीम में अंशुल ठाकुर, सूर्यांश चौहान, अभिषेक कुमार, अनिरूद्ध जसवाल, मोहित ठाकुर, आदित्य ठाकुर, अदकाश, आस्था शर्मा, अंजलि, दृष्टा, अवनी शर्मा, कनिका, अंजलि व ऐंजल को हिमाचल प्रदेश की टीम में शामिल किया गया है। इनका कोचिंग कैंप 20 जुलाई तक राजकीय वरिरूठ माध्यमिक पाठषाला दधोल जिला बिलासपुर में लगेगा। जूनियर (अंडर-19) टीम में दिव्यांश ठाकुर, लक्ष्य, उत्कृष्ट शर्मा, अंशुल शर्मा, परीक्षित भारद्वाज, सूजल वर्मा, आशीष, प्रीति, सिमरन शर्मा, पल्लवी, प्रियांशी राजपूत, नितिका ठाकुर, प्रियांश ठाकुर व कल्पना को टीम में शामिल किया गया है। इन खिलाड़ियों को कोचिंग कैंप पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरेडी में 20 जुलाई तक चलेगा।(अनंत ज्ञान)

### डोना वेकिच का खूबसूरत अंदाज

**डोना** वेकिच क्रोएशियाई खिलाड़ी, सबसे खूबसूरत खिलाड़ियों में से एक हैं। उनके सुनहरे बाल खेल को और भी निखारते हैं। आईटीएफ सर्किट में, उनके नाम पांच एकल और एक युगल खिताब हैं। वह 2023 ऑस्ट्रेलियन ओपन, 2019 यूएस ओपन और 2024 विंबलडन चैंपियनशिप के प्रमुख टूर्नामेंटों में पहुंच चुकी हैं।



### यूरोपीय दौरे पर गई इंडिया ए पुरुष हॉकी टीम ने चार में से तीन मुकाबले जीते

**एजेंसी, नई दिल्ली।** यूरोपीय दौरे पर गई इंडिया ए पुरुष हॉकी टीम ने शानदार शुरुआत करते हुए अब तक खेले गए चार में से तीन मुकाबले जीत लिए हैं। कप्तान संजय की अगुवाई में टीम ने आक्रामकता और अनुशासन का बेहतरीन मिश्रण दिखाया है। अब टीम की नजर दौरे के अगले चरण में इंग्लैंड, बेल्जियम और नीदरलैंड्स जैसी मजबूत टीमों के खिलाफ निरंतरता बनाए रखने पर है। टीम ने आयरलैंड और फ्रांस के खिलाफ बेहतरीन जीत दर्ज की और अब आने वाले कड़े मुकाबलों के लिए पूरी तरह तैयार है। टीम के प्रदर्शन पर कोच शिवेंद्र सिंह ने कहा, यूरोपीय दौरे की शुरुआत बेहतरीन रही है। खिलाड़ियों ने जोश और समझदारी के साथ प्रदर्शन किया है। अभी तक नीदरलैंड्स में खेलने का अनुभव सकारात्मक रहा है और हम पर्दे के पीछे कड़ी मेहनत कर रहे हैं ताकि यही प्रदर्शन जारी रहे। उन्होंने कहा, हमारी ट्रेनिंग योजनाएं और प्लेयर कॉम्बिनेशन मैदान पर काम कर रहे हैं, जिससे टीम को आत्मविश्वास मिला है। खिलाड़ी रणनीति को अच्छी तरह लागू कर रहे हैं और परिपव्क्ता दिखा रहे हैं। उम्मीद है कि आने वाले मुकाबलों में भी वे यही तीव्रता बनाए रखेंगे। कप्तान संजय ने भी टीम की तैयारी पर विश्वास जताते हुए कहा, हम इस दौरे में अच्छा कर रहे हैं और हर मैच को एक सीख के रूप में ले रहे हैं। हमारा फोकस एक-एक मैच पर है और हम हर बार अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहते हैं। उन्होंने आगे कहा,अब तक के नतीजे सकारात्मक रहे हैं, लेकिन उससे भी जरूरी यह है कि हम अपनी रणनीति को लागू कर पाए हैं और आक्रामक हॉकी खेली है। चुनौतीपूर्ण मुकाबले हैं, ऐसे में निरंतरता बनाए रखना सबसे अहम होगा।(अनंत ज्ञान)

## भारत-इंग्लैंड तीसरा टेस्ट जडेजा ने खेली आकर्षक पारी, बनाई हाफ सेंचुरी

# लॉर्ड्स में भारत-इंग्लैंड में रोचक रहा मुकाबला

**एजेंसी, लंदन**

भारत और इंग्लैंड के बीच लॉर्ड्स स्टेडियम में खेले गए एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट मैच में 5वें दिन का खेल बेहद रोमांचक रहा। कभी इंग्लैंड का पलड़ा भारी रहा तो कभी भारत जीत के करीब नजर आया। इंग्लैंड के गेंदबाजों ने भारत के बल्लेबाजों को काफी परेशान किया और जल्दी-जल्दी विकेट लेकर भारत पर मनोवैज्ञानिक रूप से दबाव बनाए रखा।

पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में पहला टेस्ट इंग्लैंड ने जीता था, तो दूसरा भारत ने जिससे भारत इंग्लैंड के मुकाबले बराबरी पर आ गया था। चौथे टेस्ट में जहां इंग्लैंड की टीम घरेलू मैदान होने का फायदा उठाना चाहेगी तो वहीं भारत एक बार फिर जीत की तलाश में होगा। इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट में 193 रन का टारगेट चेज कर रही भारतीय टीम ने खबर लिखे जाने तक 163 रन पर 9 विकेट गंवा दिए थे।

रवींद्र जडेजा ने 56 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया। वहीं, अंतिम विकेट में उनके साथ बैटिंग करने उतरे मोहम्मद सिराज महज 2 रन पर खेल रहे थे। टी ब्रेक तक दोनों टीमें जीत की जद्दोजहद में जुटी हुई थी। जसप्रीत बुमराह ने भी रवींद्र जडेजा का भरपूर साथ दिया और 54 बॉल पर महज 5 रन बनाकर आउट हो गए। बुमराह छक्का मारने के चक्कर में आउट हुए। उन्हें बेन स्टोक्स ने सब्सिट्यूट प्लेयर सैम कुक के हाथों कैच कराया। वहीं, नीतीश कुमार रेड्डी 13, वॉशिंगटन सुंदर शून्य, केएल राहुल 39 और ऋषभ पंत महज 9 रन बनाकर पवेलियन लौट गए थे। सोमवार को मुकाबले के आखिरी भारत ने 58/4 के स्कोर से खेलना शुरू किया था। एक दिन पहले इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 192 रन बनाते हुए भारत को 193 रन का टारगेट दिया था।



शॉट लगाने के बाद नीतीश कुमार और रवींद्र जडेजा।



जसप्रीत बुमराह शॉट खेलते हुए।

# शुभमन गिल इंग्लैंड की धरती पर बने नंबर वन बल्लेबाज

**एजेंसी, दिल्ली**

भारत के नए टेस्ट कप्तान और विराट कोहली के टेस्ट में संन्यास के बाद नंबर चार बल्लेबाज शुभमन गिल ने इंग्लैंड की धरती पर इतिहास रच दिया है।

गिल ने एक साथ सुनील गावस्कर, राहुल द्रविड़ और विराट कोहली के रिकॉर्ड्स तौड़ दिए। इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट में भले ही गिल ने 16 और 6 रन की पारियां खेली लेकिन इन 22 रन की बदौलत गिल ने इस सीरीज में 607 रन पूरे किए जिससे उन्होंने एक और ऐतिहासिक कारनामा अपने नाम किया। अब गिल 607 रन के साथ इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों में नंबर एक बल्लेबाज बन गए है।

पहले यह रिकॉर्ड राहुल द्रविड़ के नाम था जिन्होने 2002 में एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा 602 रन बनाए थे। लेकिन अब गिल के नाम इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड है।

इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर विराट कोहली है जिन्होने 2018 में इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज में 593 रन बनाए थे। चोथे नंबर पर सुनील गावस्कर है जिन्होंने 1979 में इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज में 542 रन बनाए। (अनंत ज्ञान)

### इंग्लैंड में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज

1. शुभमन गिल (2025)-607 रन
2. राहुल द्रविड़ (2002)- 602 रन
3. विराट कोहली (2018)-593 रन
4. सुनील गावस्कर (1979)-542 रन
5. राहुल द्रविड़ (2011) 461 रन
6. सचिन तेंदुलकर (1996)-428 रन



### टेस्ट सीरीज में गिल के तीन शतक

**गौर** है कि इंग्लैंड की धरती पर टेस्ट सीरीज में शुभमन गिल ने अब तक तीन शतक लगाए है जिसमें एक डबल सेंचुरी भी शामिल है। एक टेस्ट सीरीज में सबसे अधिक रन बनाने के रिकॉर्ड में दूसरे नंबर पर मौजूद राहुल द्रविड़ ने 2002 में तीन शतक, विराट कोहली ने 2018 में दो शतक, सुनील गावस्कर ने 1979 में एक डबल सेंचुरी और चार अर्धशतक लगाए है। इंग्लैंड की पिचों पर सफलता पाने में उनकी निरंतरता और तकनीक ने बड़ी भूमिका निभाई है।

# भारतीय गोल्फर अदिति 28वें पायदान पर, ग्रेस ने जीता खिताब

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय गोल्फर अदिति अशोक अदिति अशोक अंतिम दौर में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई और दो ओवर 73 का स्कोर बनाकर यहां अमुंडी एवियन चैंपियनशिप में संयुक्त 28वें स्थान पर रहीं। अदिति का कुल स्कोर अंडर 279 रहा।

वह शीर्ष 10 खिलाड़ियों में जगह नहीं बना सकी लेकिन इस प्रतियोगिता में उन्होंने अपना दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया गया है। वह एक साल पहले इस प्रतियोगिता में संयुक्त 17वें स्थान पर रही थीं।(अनंत ज्ञान)



### अदिति ने की बेहतर शुरुआत

**अदिति** ने लगातार 9 पार के साथ शुरुआत की और फिर लगातार चार बोगी कीं, जिससे शीर्ष 10 में जगह बनाने की उनकी उम्मीदें धूमिल हो गई। उन्होंने 17वें और 18वें होल पर बर्डी लगाकर वापसी की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

### दीक्षा डागर कट में नहीं

**इस** प्रतियोगिता में भाग लेने वाली दूसरी भारतीय खिलाड़ी दीक्षा डागर कट में जगह नहीं बना पाई थी। ऑस्ट्रेलिया की ग्रेस किम ने एवियन रिसोर्ट गोल्फ क्लब में प्लेऑफ में विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी जीनो थिटिकुल को हराकर अपना पहला मेजर खिताब जीता।

# एशिया कोर्फबॉल में भारतीय खिलाड़ी देंगे टक्कर

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

पांच दिवसीय एशिया कोर्फबॉल चैंपियशिप प्रतियोगिता आज मंगलवार को (लेशान) चीन में शुरू होगी, जिसमें भारतीय टीम में 12 खिलाड़ी अपने खेल का प्रर्दशन करके भारत का नाम रोशन करेंगे, इसमें पहली बार हिमाचल प्रदेश के 6 खिलाड़ी भी शामिल है। वहीं हिमाचल प्रदेश के विनोद ठाकुर को भारतीय टीम का कोच नियुक्त किया है।

कोच विनोद ठाकुर ने बताया कि भारतीय टीम के 12 खिलाड़ियों को लवली विश्वविद्यालय फगवाड़ा में 6 से 12 जुलाई तक कोचिंग कैंप में प्रशिक्षित किया गया है।

हिमाचल प्रदेश से पहली बार 6 खिलाड़ी कनिष्का ठाकुर, हर्ष राणा, राधिमा जसवाल व साक्षी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल जिला बिलासपुर के छात्र हैं। जबकि मिली शूलिनी विश्वविद्यालय सोलन की छात्र है तथा नव्या शिमला से है। उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ियों को पूरी तरह से कोर्फबॉल खेल के नियमों से परिपक्का बनाया गया है। उन्होंने बताया कि भारतीय टीम को रविवार शाम अखिल भारतीय कोर्फबॉल संघ के अध्यक्ष हिमांशू मिश्रा, अशोक कुमार, देवभलारा व अन्य पदाधिकारियों ने आशीर्वाद देकर दिल्ली से रवाना किया। एशिया कोर्फबॉल चैंपियनशिप प्रतियोगिता 15 से 20 जुलाई तक खेली जाएगी और भारतीय टीम 21 जुलाई को स्वदेश लौटेगी।(अनंत ज्ञान)



चीन के लेशान में होने वानी स्पर्धा में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ी हिमांशू मिश्रा के साथ।

# एमआई न्यूयॉर्क ने जीता मेजर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट

**एजेंसी, डलास**

सीजन की शुरुआत में अपने पहले 7 में से 6 मैच हारने वाली एमआई न्यूयॉर्क ने कमाल की वापसी करते हुए 2025 मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) का खिताब जीत लिया। ग्रैंड प्रेरी स्टेडियम डलास में खेले गए फाइनल में एमआई न्यूयॉर्क ने वॉशिंगटन फ्रीडम को 5 रन से हराकर खिताब अपने नाम किया। रुशिल उगारकर को उनके 2 विकेट के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। आखिरी ओवर में 12 रन नहीं बनाने दिए वॉशिंगटन को जीत के लिए आखिरी ओवर में 12 रन चाहिए थे।

क्रीज पर ग्लेन मैक्सवेल और ग्लेन फिलिप्स जैसे अनुभवी बल्लेबाज थे। लेकिन 22 वर्षीय गेंदबाज रुशिल उगारकर ने बेहतरीन गेंदबाजी की। उन्होंने अपनी पहली और दूसरी बॉल पर सिर्फ एक-एक रन दिए। तीसरी बॉल पर रुशिल ने मैक्सवेल को बीट कर दिया।

चौथी बॉल पर मैक्सवेल लॉन्ग ऑन पर ब्रेसवेल के हाथों कैच आउट हुए। पांचवीं बॉल पर नए बल्लेबाज ओबस पीनार चूक गए। इसके बाद आखिरी बॉल पर 10 रन चाहिए थे। इस बॉल पर पीनार ने चौका लगा दिया। इस तरह मीनी ने मुकाबला 5 रन से जीत लिया। मेजर लीग क्रिकेट अमेरिका में होने वाला टूर्नामेंट हैं।



एमआई न्यूयॉर्क खिताब जीतने के बाद सेलिब्रेट करती हुई।(अनंत ज्ञान)

### रन चेज में वॉशिंगटन की शुरुआत खराब

**वॉशिंगटन** फ्रीडम ने 181 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बेहद खराब शुरुआत की। पहले ही ओवर में ट्रेंट बोल्ट ने मिचेल ओवेन और एंड्रिस गाउस को आउट कर दिया।

### बीएफआई चुनाव समय पर कराने का दिया आश्वासन

**एजेंसी, दिल्ली।** बीएफआई के कार्यकारी निदेशक और अंतरिम समिति के सदस्य कर्नल अरुण मलिक (सेवानिवृत्त) ने कहा, विश्व मुक्केबाजी ने स्पष्ट रूप से आदेश दिया है कि बीएफआई के चुनाव 31 अगस्त से पहले करा लिए जाएं और अंतरिम समिति के रूप में, हम उस समय-सीमा के भीतर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। भारत में मुक्केबाजी प्रशासन की देखरेख करने वाली अंतरिम समिति ने विश्व मुक्केबाजी के निर्देशों का पालन करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है और यह सुनिश्चित किया है कि राष्ट्रीय महासंघ के चुनाव 31 अगस्त की निर्धारित समय-सीमा के भीतर हों।

विश्व संस्था ने, लुसाने में भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के अध्यक्ष के साथ हुई चर्चाओं और रोडमैप की समीक्षा के बाद, हाल ही में अंतरिम समिति का कार्यकाल बढ़ा दिया है। यह निर्णय समिति के प्रभावी कामकाज और भारत के मुक्केबाजी प्रशासन में पारदर्शिता और स्थिरता बहाल करने में इसकी महत्वपूर्ण प्रगति की सराहना करते हुए एक औपचारिक नोट के साथ आया है।(अनंत ज्ञान)

# मोहम्मद सिराज पर आईसीसी की गिरी गाज, लगाया भारी जुर्माना

**एजेंसी, लंदन**

जब विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गज खिलाड़ियों ने संन्यास लिया तो यह माना जा रहा था कि इंग्लैंड दौरे पर जाने वाली भारतीय टीम के पास अनुभव की कमी होगी और उन्हें 'बजबॉल' (इंग्लैंड का आक्रामक टेस्ट खेलने का तरीका) के सामने संघर्ष करना पड़ेगा, लेकिन एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी के लगभग एक महीने बाद शुभमन गिल और उनकी टीम ने अपने सभी आलोचकों को गलत साबित कर दिया है।

हालांकि, इस दौरान मैदान पर कई ऐसी हरकतें हुईं, जो सुर्खियों में आ गईं। यही वजह है कि आईसीसी ने भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज पर 15 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना लगाया है, जबकि एक डिमेरिट प्वाइंट भी दिया है। दरअसल, मैच के दौरान मैदान पर लगातार स्लेजिंग, विपक्षी खिलाड़ियों के साथ तकरार, माइंड गेम्स जैसे शब्दों का इस्तेमाल भी देखने को मिल रहा है। यह टीम कब इतनी 'बदमाश' बन गई, यह एक दिलचस्प सवाल है। अगर शुभमन गिल ने तीसरे दिन के खेल के अंत में माहौल गरमा दिया तो मोहम्मद सिराज ने चौथे दिन इसे जारी रखा। सिराज अपने स्वाभाविक रूप से ही काफी एक्सप्रेसिव और थोड़े अति उत्साही खिलाड़ी हैं। लेकिन, उनके मानकों के हिसाब से भी रविवार को भारतीय तेज गेंदबाज ने एक ऐसी हरकत की, जिसकी वजह से जुर्माना लगा है। (अनंत ज्ञान)



### मोहम्मद सिराज का बेन डकेट को 'फायरिंग सेंडऑफ'

**बेन** डकेट को आउट करने के बाद मोहम्मद सिराज ने जिस तरह से 'फायरिंग सेंडऑफ' दिया, वह इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। उन्होंने डकेट से कंधे से कंधा मिला दिया, जिसके बाद अंपायर तुरंत हरकत में आए और बड़ी घटना टल गई। हालांकि, पूर्व इंग्लिश कप्तान एलिस्टर कुक का मानना था कि सिराज ने अपने इस व्यवहार से सीमा लांघी है। कुक का कहना है कि सिराज को ऐसा व्यवहार करने की कोई जरूरत नहीं थी, खासकर तब जब उन्होंने पहले ही बल्लेबाज को आउट कर दिया था। कुक ने बीबीसी टेस्ट मैच स्पेशल पर कहा- यह अस्वीकार्य है, लेकिन अब किसे दोषी ठहराया जाए? क्या डकेट जानबूझकर उसके रास्ते में आ गया और उसे पता था कि वह क्या कर रहा है। फिर भी, आपको किसी के चेहरे पर इस तरह चिल्लाना नहीं चाहिए। मैं पूरी तरह से कहता हूं कि यह गलत था। कोई शारीरिक संपर्क नहीं होना चाहिए। हां, विकेट का जश्न ऐसे मनाएं जैसे आप चाहते हैं।

## खिताब पीएसजी को 3-0 से हराया, कोल पाल्मर ने दो गोल किए

# चेल्सी ने दूसरी बार फीफा क्लब वर्ल्ड कप जीता

**एजेंसी, ईस्ट रदरफोर्ड**

चेल्सी ने दूसरी बार फीफा क्लब वर्ल्ड कप का खिताब जीत लिया है। टीम ने 13 जुलाई को न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में खेले गए फाइनल में फ्रेंच क्लब पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को 3-0 से हराया।

इससे पहले चेल्सी ने 2021 में भी खिताब अपने नाम किया था। इस बार यह टूर्नामेंट अलग फॉर्मेट में खेला गया। इसमें 32 टीमों ने हिस्सा लिया और इसकी शुरुआत 14 जून को हुई थी। 2000 में शुरू हुए इस टूर्नामेंट में पिछले साल तक 8 टीमें ही हिस्सा लेती थी। (अनंत ज्ञान)



### कोल पाल्मर ने दो गोल किए

चेल्सी के लिए कोल पाल्मर ने दो गोल किए। 22वें मिनट में पाल्मर ने पहला गोल दागा। इसके 8 मिनट बाद उन्होंने टीम की तरफ से दूसरा गोल कर दिया। 30वें मिनट तक चेल्सी की बढ़त 2-0 की हो गई थी। पहले हाफ के अंत में चेल्सी ने तीसरा गोल भी कर दिया। जोआओ पेड्रो ने 43वें मिनट में तीसरा गोल दागा।

### पाल्मर को गोल्डन बॉल

**कोल** पाल्मर को गोल्डन बॉल दिया गया है। यह अवॉर्ड टूर्नामेंट के बेस्ट प्लेयर को दिया जाता है। इस टूर्नामेंट में पाल्मर ने तीन गोल और दो असिस्ट भी किए। चेल्सी के गोलकीपर रॉबर्ट सांचेज को गोल्डन ग्लव पुरस्कार मिला।

### 2000 में हुई फीफा क्लब वर्ल्ड कप की शुरुआत

**फीफा** क्लब वर्ल्ड कप एक इंटरनेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट है, जिसे फीफा आयोजित करता है। इसमें दुनियाभर की क्लब फुटबॉल टीमें हिस्सा लेती हैं। हर साल आयोजित होता है। इसका उद्देश्य यह होता है कि दुनिया की सबसे बेहतरीन क्लब टीम कौन सी है। फीफा क्लब वर्ल्ड कप की शुरुआत 2000 में हुई थी।

### पीएसजी ट्रेबल जीतने वाली पहली फ्रेंच टीम

**पीएसजी** ने इस सीजन चैंपियंस लीग खिताब के साथ ट्रेबल भी जीता था। टीम ने इस सीजन चैंपियंस लीग के अलावा लीग 1 और फ्रेंच कप जीता है। जो टीमें एक सीजन में अपनी लीग, कप और चैंपियंस लीग मिलाकर तीन मेजर ट्रॉफी जीतती हैं उससे ट्रेबल कहते हैं।

# भारतीय अंपायर नितिन से भिड़े ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस

**एजेंसी, दिल्ली**



वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस को भारतीय अंपायर नितिन मेनन पर भड़कते हुए देखा गया है। वेस्टइंडीज बनाम ऑस्ट्रेलिया पांच टेस्ट मैचों की सीरीज का तीसरा मुकाबला जमैका में खेला जा रहा है।

इस मुकाबले के दौरान अंपायर और खिलाड़ियों के बीच बहस का एक और मामला सामने आया है और इस बार ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने गुस्सा दिखाया है। पहले टेस्ट में तीसरे अंपायर एड्रियन होल्डस्टॉक को घरेलू टीम के खिलाफ गलतियां करने के लिए आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। वहीं तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन पैट कमिंस मैदानी अंपायर के फैसले से नाखुश नजर आए और उन्होंने अंपायर से तीखी बहस की।

पैट कमिंस मैदानी अंपायर से नाखुश यह घटना वेस्टइंडीज की पहली पारी के दौरान हुई जब जॉन कैंपबेल 15 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। बल्लेबाज ने मिड-ऑन पर कमिंस की तरफ शॉट खेला, जो थ्रो से स्टंप पर जा लगा। हालांकि ऑस्ट्रेलियाई टीम की ओर से हल्की सी अपील हुई, लेकिन कमिंस मैदानी अंपायर नितिन मेनन से नाखुश थे, क्योंकि उन्होंने फैसला ऊपर रेफर नहीं किया। रीप्ले में दिखा कि कैंपबेल का बल्ला क्रीज में पहुंचने के बाद उछल गया था और गेंद स्टंप्स से टकरा गई थी। इसके अगली गेंद के बाद कमिंस को गुस्से में अंपायर से पूछते सुना गया कि मैंने अपील की थी। इसे चेक करो। आप इसे चेक क्यों नहीं करते? (अनंत ज्ञान)